स्वतंत्रता की पहली किरण का साक्षी
लखनऊ एवं कानपुर से प्रकाशित

# स्वतंत्र भारत

लखनऊ, मंगलवार
26 मई, 2026
ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष 11
सं. 2083 वि.
वर्ष 79, अंक - 274 पृष्ठ 16
संस्करण : नगर
मूल्य : 4 रुपये

epaper : epaper.swatantrabharat.net



राजस्थान रॉयल्स को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ एलिमिनेटर में आक्रामक होना होगा: संगकारा

## पद्म पुरस्कार 2026 : धर्मेंद्र को मरणोपरांत पद्म विभूषण



एन राजम (कला) पद्म विभूषण | पीयूष पांडे (मरणोपरांत) पद्म भूषण | हरमनप्रीत कौर (खेल) पद्मश्री | कैलाश चंद्र पंत (प्रचार-प्रसार) पद्मश्री | धर्मेंद्र सिंह देओल, मरणोपरांत (कला) पद्म विभूषण

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति भवन में सोमवार को आयोजित भव्य समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने वर्ष 2026 के पद्म पुरस्कार प्रदान किए। इस दौरान कला, खेल, चिकित्सा, शिक्षा और समाज सेवा सहित विभिन्न क्षेत्रों की 66 हस्तियों को सम्मानित किया गया। इस वर्ष कुल 131 पद्म पुरस्कारों की घोषणा की गई थी, जिनमें 5 पद्म विभूषण, 13 पद्म भूषण और 113 पद्मश्री शामिल हैं। समारोह की शुरुआत हिंदी सिनेमा के दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र सिंह देओल को मरणोपरांत पद्म विभूषण दिए जाने से हुई। यह सम्मान उनकी पत्नी और अभिनेत्री हेमा मालिनी ने ग्रहण किया। इस दौरान परिवार के सदस्य भावुक नजर आए। मौके पर एन राजम को कला क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए पद्मविभूषण, पीयूष पांडे को मरणोपरांत पद्मभूषण, वही कैलाश चद्र पंत को प्रचार प्रसार के लिए पद्मश्री प्रदान किया गया। खेल जगत में भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर को पद्मश्री से सम्मानित किया गया। उनकी कप्तानी में भारतीय टीम ने इस वर्ष वनडे विश्व कप जीतकर ऐतिहासिक सफलता हासिल की। रक्षा विनिर्माण क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए सोलर ग्रुप के चेयरमैन सत्यनारायण नुवाल को पद्मश्री प्रदान किया गया। वहीं पुदुचेरी के पारंपरिक मार्शल आर्ट खिलाड़ी के. पजनीवेल को सिलंबम कला के संरक्षण और प्रचार-प्रसार के लिए सम्मानित किया गया। समारोह में उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पैर छूकर आशीर्वाद लिया।

## दिल्ली ब्लास्ट के लिए यूट्यूब-चैटजीटीपी का इस्तेमाल

- रॉकेट कैसे बनाएं, मिक्सचर रेश्यो जैसे सवाल पूछे
- 7500 पेज की एनआईए चार्जशीट में खुलासा

**नई दिल्ली।** दिल्ली के लाल किला के पास कार ब्लास्ट मामले की एनआईए जांच में बड़ा खुलासा हुआ है। एजेंसी की चार्जशीट के मुताबिक, अल-कायदा से जुड़े आतंकियों ने टेरर इंजीनियरिंग के लिए चैटजीटीपी और यूट्यूब जैसे डिजिटल प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल किया था। आतंकियों ने 'रॉकेट कैसे बनाएं और मिक्सचर किस रेश्यो में होना चाहिए' जैसे सवाल सर्च किए। जांच में रॉकेट ड्रोन और विस्फोटक तैयार करने की साजिश का भी खुलासा हुआ है। एनआईए ने 14 मई को स्पेशल कोर्ट में 7500 पन्नों की चार्जशीट दाखिल की। इससे जुड़ी जानकारियों में बताया गया है कि 10 नवंबर 2025 को दिल्ली में कार ब्लास्ट के पीछे एक्यूआईएस से जुड़े मॉड्यूल का हाथ था। धमाके में 11 लोगों की मौत हुई थी और कई घायल हुए थे। एनआईए की चार्जशीट में हमले के मुख्य आरोपी पुलवामा निवासी डॉ. उमर-उन-नबी का भी नाम है, जिसकी कार ब्लास्ट में मौत हुई थी। वह हरियाणा के फरीदाबाद स्थित अल-फलाह यूनिवर्सिटी में असिस्टेंट प्रोफेसर रह चुका था।

# पेट्रोल-डीजल के चौथी बार बढ़े दाम

**नई दिल्ली।** देश में पेट्रोल एवं डीजल की कीमतों में सोमवार को 2.61 से 2.71 रुपये प्रति लीटर तक की बढ़ोतरी की गई। यह पिछले दो हफ्तों से भी कम समय में चौथी वृद्धि है। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियां अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों का असर उपभोक्ताओं तक पहुंचा रही हैं। इस ताजा बढ़ोतरी के बाद, लंबे समय तक कीमतों में स्थिरता रहने के बाद 15 मई से शुरू हुए संशोधन के तहत पेट्रोल और डीजल के दामों में कुल मिलाकर करीब 7.5 रुपये प्रति लीटर की वृद्धि हो चुकी है। इससे अर्थव्यवस्था में मुद्रास्फीति के दबाव और परिवहन लागत बढ़ने की आशंकाएं तेज हो गई हैं। उद्योग सूत्रों के अनुसार, कीमतों में हुए इस ताजा संशोधन में पेट्रोल 2.61 रुपये प्रति लीटर और डीजल 2.71 रुपये प्रति लीटर महंगा हुआ है। इसके बाद दिल्ली में पेट्रोल की कीमत 99.51 रुपये से बढ़कर 102.12 रुपये प्रति लीटर और डीजल 92.49 रुपये से बढ़कर 95.20 रुपये प्रति लीटर हो गई है। ईंधन की कीमतों में यह लगातार वृद्धि वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की ऊंची कीमतों, रिफाइनिंग मार्जिन में कमी और रुपये के कमजोर होने के कारण हुई है, जिससे आयात लागत में भारी बढ़ोतरी हुई है। इससे पहले, 15 मई को पेट्रोल और डीजल में तीन-तीन रुपये प्रति लीटर, 19 मई को 90 पैसे प्रति लीटर तथा 23 मई को पेट्रोल में 87 पैसे और डीजल में 91 पैसे प्रति लीटर की बढ़ोतरी की गई थी। इस ताजा बढ़ोतरी के बाद मुंबई में पेट्रोल 111.21 रुपये और डीजल 97.83 रुपये प्रति लीटर, कोलकाता में 113.51 रुपये और 99.82 रुपये प्रति लीटर, जबकि चेन्नई में 107.77 रुपये और 99.55 रुपये प्रति लीटर हो गया है। विशेषज्ञों के अनुसार, फरवरी के अंत से अब तक वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में 50 प्रतिशत से अधिक की बढ़ोतरी हुई है। इसका कारण पश्चिम एशिया में तनाव और होर्मुज जलडमरूमध्य से आपूर्ति बाधित होने की आशंका है। संघर्ष के शुरुआती ढाई महीनों में तेल कंपनियों ने लागत बढ़ने के बावजूद खुदरा कीमतों को स्थिर रखा था। सरकार ने इसे उपभोक्ताओं को महंगाई से बचाने का कदम बताया था, जबकि विपक्षी दलों ने सरकार पर प्रमुख राज्य विधानसभा चुनावों के कारण कीमतों में बढ़ोतरी टालने का आरोप लगाया था। यह मूल्य वृद्धि 15 मई को तब शुरू हुई, जब सत्तारूढ़ भाजपा ने पश्चिम बंगाल सहित पांच राज्यों/केंद्र शासित प्रदेश के चुनावों में से तीन में जीत दर्ज की। सार्वजनिक कंपनियों द्वारा कीमतें बढ़ाए जाने के तुरंत बाद नायरा एनर्जी जैसी निजी तेल कंपनियों ने भी इसी अनुपात में दाम बढ़ा दिए।

| शहर | नई दर (प्रति लीटर) | मूल्य वृद्धि |
|---|---|---|
| दिल्ली | 102.1 रुपए | +2.61 |
| कोलकाता | 113 .51 रुपए | +2.87 |
| मुंबई | 111.21 रुपए | +2.72 |
| चेन्नई | 107.77 रुपए | +2.46 |
| लखनऊ | 101.89 रुपए | +3.44 |
| बनारस | 99.89 रुपए | +1.33 |

| तारीख | पेट्रोल वृद्धि | डीजल वृद्धि |
|---|---|---|
| 15 मई | 3.00 रुपए | 3.00 रुपए |
| 19 मई | 90 पैसे | 90 पैसे |
| 23 मई | 87 पैसे | 91 पैसे |
| 25 मई | 2.61 रुपए | 2.71 रुपए |
| कुल वृद्धि | 7.38 रुपए | 7.52 रुपए |

## अमेरिका की धमकियों से नहीं डरते : ईरान

**तेहरान।** ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ईस्माइल बघाई ने कहा कि उनका देश अमेरिका की धमकियों की परवाह नहीं करता। उन्होंने कहा कि इस बात की कोई गारंटी नहीं है कि अमेरिका किसी संभावित समझौते का पूरी तरह पालन करेगा। बघाई ने कहा कि इजराइल अमेरिका और ईरान के बीच चल रही बातचीत को कमजोर करने की कोशिश कर सकता है। उन्होंने कहा कि इजराइली शासन पूरी कोशिश कर रहा है कि यह समझौता न हो सके। हमें उम्मीद है कि वह बातचीत को प्रभावित करने की कोशिश करेगा। उन्होंने यह भी कहा कि कुछ देश लगातार युद्ध और टकराव की बात कर रहे हैं, जिसका असर अमेरिकी अधिकारियों पर भी पड़ सकता है।

# यूपी पर अब नौतपा की गर्मी का कहर

- इटावा सबसे गर्म, प्रयागराज समेत 14 शहरों में बांदा जैसा तापमान

**नई दिल्ली/लखनऊ।** देश में इस बार गर्मी ने नया रिकॉर्ड बना दिया है। खासतौर से यूपी में सूरज आग उगल रहा है। मौसम पर नजर रखने वाली वेबसाइट AQI.in द्वारा सोमवार को जारी दुनिया के 50 सबसे गर्म शहरों की सूची में यूपी के 23 शहर शामिल हैं। यह स्थिति देश में पड़ रही भीषण गर्मी और हीटवेव की गंभीरता को दर्शाती है। सूची में किसी भी दूसरे देश का कोई शहर शामिल नहीं था। सोमवार सुबह AQI.in के आंकड़ों के अनुसार यूपी का इटावा दुनिया का सबसे गर्म शहर रहा। जहां तापमान 48 डिग्री है। यूपी का प्रयागराज 47 डिग्री के साथ चौथे नंबर पर हैं। उत्तर प्रदेश के 14 शहर ऐसे हैं, जहां तापमान 47 डिग्री है। जिसमें बांदा, शाहजहांपुर, संभल, मुरादाबाद, सीतापुर, वाराणसी, अलीगढ़, बदायूं भी शामिल हैं। वहीं दुनिया के 50 सबसे गर्म शहरों में यूपी के 23 शहर शामिल हैं। इससे पहले बांदा भी दुनिया का सबसे गर्म शहर रह चुका है। लेकिन सोमवार को इटावा गर्मी के मामले में टॉप पर पहुंच गया है। मौसम विभाग (आईएमडी) ने चेतावनी दी है कि उत्तर-पश्चिम और मध्य भारत में अगले कुछ दिनों तक भीषण लू जारी रह सकती है।






अपना केवाईसी अपडेट रखें
ताकि आप बिना किसी रुकावट के बैंकिंग सेवाओं का लाभ उठा सकें

यदि आपके केवाईसी संबंधी विवरण में कोई बदलाव नहीं हुआ है,
तो आप अपने पुन:केवाईसी के लिए एक स्व-घोषणा पत्र जमा करें - जिसे आप पत्र/ऑनलाइन बैंकिंग/मोबाइल बैंकिंग/एटीएम/बैंक में पंजीकृत अपने मोबाइल नंबर/ईमेल या कारोबार प्रतिनिधि (बीसी) के माध्यम से जमा करवा सकते हैं।

यदि आपके केवाईसी संबंधी विवरण बदल गए हैं,
तो अपडेटेड विवरणों वाले किसी एक दस्तावेज़ की प्रति प्रदान करें: आधार/मतदाता पहचान पत्र/NREGA जॉब कार्ड/ड्राइविंग लाइसेंस/पासपोर्ट/राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर द्वारा जारी पत्र।




आप अपनी नज़दीकी बैंक शाखा में जाकर भी अपना केवाईसी अपडेट करवा सकते हैं।

अधिक जानकारी के लिए, https://rbikehtahai.rbi.org.in/KYC पर जाएँ
आधिकारिक व्हाट्सएप नंबर: 99990 41935/99309 91935

जनहित में जारी
भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
www.rbi.org.in


## निवर्तमान प्रधान अब प्रशासक के रूप में संभालेंगे जिम्मेदारी

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** प्रदेश में वर्ष 2021 में गठित ग्राम पंचायतों का कार्यकाल 26 मई 2026 को समाप्त हो रहा है। इसके बाद ग्राम पंचायतों में प्रशासनिक कार्यों के संचालन के लिए राज्य सरकार ने निवर्तमान ग्राम प्रधानों को प्रशासक नियुक्त करने का निर्णय लिया है। प्रदेश के प्रमुख सचिव पंचायती राज अनिल कुमार ने बताया कि उत्तर प्रदेश पंचायत राज अधिनियम, 1947 के प्रावधानों के तहत ग्राम पंचायतों का कार्यकाल उनकी पहली बैठक से पांच वर्ष तक निर्धारित है। नई ग्राम पंचायतों के गठन और पहली बैठक होने तक प्रशासनिक व्यवस्था बनाए रखने के लिए यह निर्णय लिया गया है। सरकार ने स्पष्ट किया है कि 27 मई 2026 से संबंधित जिलों के जिलाधिकारी निवर्तमान ग्राम प्रधानों को ग्राम पंचायतों में प्रशासक के रूप में नामित करेंगे।

## 'नीट पर पिछली गलतियों से सबक नहीं लिया'

- सुप्रीम कोर्ट का केंद्र, एनटीए और सीबीआई को नोटिस

**नई दिल्ली।** नीट यूजी पेपर लीक मामले को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) पर कड़ी टिप्पणी की। अदालत ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि एजेंसी ने पिछले साल सामने आए पेपर लीक विवाद से कोई सबक नहीं लिया। कोर्ट ने केंद्र सरकार, एनटीए और सीबीआई से इस मामले में जवाब मांगा है। जस्टिस पी.एस. नरसिम्हा और जस्टिस आलोक अराधे की पीठ ने एनटीए को निर्देश दिया कि वह 2024 में सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिए गए निर्देशों और सिफारिशों पर अब तक उठाए गए कदमों का विस्तृत हलफनामा गुरुवार तक दाखिल करे। अदालत ने कहा कि पहले भी यह मामला सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचा था, जिसके बाद एक मॉनिटरिंग कमेटी बनाई गई थी और उसकी सिफारिशों को स्वीकार भी किया गया था। यह मामला फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया मेडिकल एसोसिएशन की याचिका पर सुनवाई के दौरान सामने आया। संगठन ने मांग की है कि नीट यूजी जैसी बड़ी परीक्षा कराने के लिए मौजूदा व्यवस्था की जगह एक मजबूत और स्वायत्त संस्था बनाई जाए। याचिका में कहा गया है कि बार-बार पेपर लीक की घटनाएं 22.7 लाख से अधिक छात्रों के अधिकारों पर सीधा हमला हैं। संगठन ने यह भी मांग की कि नई संस्था बनने तक सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में एक हाई-पावर मॉनिटरिंग कमेटी गठित की जाए।

### त्विशा शर्मा केस : निष्पक्ष जांच जरूरी

सुप्रीम कोर्ट ने त्विषा शर्मा मामले का स्वतः संज्ञान लेते सोमवार को इस पर सुनवाई की। इस दौरान मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने कहा कि यह घटना दुर्भाग्यपूर्ण है और इसकी निष्पक्ष जांच जरूरी है। उन्होंने इस मामले को सनसनीखेज बनाने से बचने की भी सलाह दी। सुप्रीम कोर्ट ने त्विषा शर्मा की मौत को अप्राकृतिक मृत्यु माना है। सीजेआई सूर्यकांत ने सुनवाई के दौरान कहा कि इस मामले में दो या तीन पहलू थे। पहला दूसरे पोस्टमार्टम से जुड़ा है, जो पूरा हो चुका है। उन्होंने मीडिया से अपील करते हुए कहा कि कुछ कार्रवाइयों से हमें पीड़ा हुई है। हम अपने मीडिया मित्रों से अनुरोध करेंगे कि वे पीड़ित परिवार या दूसरे परिवार के बयान न लें। मामले को कानून और प्रक्रिया के अनुसार आगे बढ़ने दें। सीजेआई ने कहा कि सास पूर्व जिला न्यायाधीश हैं और यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि यह कहा जा रहा है कि न्यायपालिका निष्पक्ष सुनवाई नहीं होने दे रही है। उन्होंने कहा कि हमें पूरा विश्वास है कि पीड़ित और आरोपी जांच में सहयोग करेंगे।


## अमेरिकी विदेश मंत्री ने पत्नी संग किया ताज का दीदार



आगरा। अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रूबियो सोमवार को अपनी पत्नी जीनत रूबियो के साथ विश्व प्रसिद्ध ताजमहल पहुंचे। भीषण गर्मी के बीच हुए इस दौरे में उन्होंने मुगलकालीन इस ऐतिहासिक स्मारक की खूबसूरती की जमकर सराहना की और इसे दुनिया के प्रेम के अनमोल खजानों में से एक बताया। मार्को रूबियो भारत के चार दिवसीय दौरे पर हैं। सोमवार सुबह करीब 10 बजे वह विशेष विमान से आगरा के खेरिया एयरपोर्ट पहुंचे। यहां से कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच कार से ताजमहल के पूर्वी गेट के पास स्थित होटल तक पहुंचे और फिर गोल्फ कार्ट के जरिए स्मारक परिसर में दाखिल हुए। उनके साथ भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर भी मौजूद रहे। ताजमहल भ्रमण के दौरान रूबियो करीब एक घंटे तक स्मारक परिसर में रहे। उन्होंने ताजमहल की वास्तुकला, संगमरमर की बारीक नक्काशी और इसके ऐतिहासिक महत्व को करीब से देखा। विजिटर बुक में उन्होंने लिखा, दुनिया के प्रेम के सबसे खूबसूरत खजानों में से एक को देखने का अवसर देने के लिए धन्यवाद। अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने भी रूबियो दंपती के साथ यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल पर तस्वीर खिंचवाई।

## असम विधानसभा में यूसीसी बिल पेश

**गुवाहाटी।** असम विधानसभा में यूनिफॉर्म सिविल कोड (यूसीसी) बिल सोमवार को पेश किया गया। इसे पटल पर मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा की ओर से राज्य के संसदीय कार्य मंत्री अतुल बोरा ने रखा। इस बिल को दो हफ्ते पहले कैबिनेट से मंजूरी मिली थी।इस बिल पर 27 मई को चर्चा होगी। यदि यह बिल पारित हो जाता है, तो असम देश का तीसरा ऐसा राज्य बन जाएगा। इससे पहले उत्तराखंड और गुजरात ऐसा कर चुके हैं। सीएम सरमा के मुताबिक अनुसूचित जनजातियां (पहाड़ी) और अनुसूचित जनजातियां (मैदानी) यूसीसी के दायरे से बाहर रहेंगी। साथ ही पारंपरिक धार्मिक रीति-रिवाजों, प्रथाओं और अनुष्ठानों को भी इससे छूट दी जाएगी।





# बाढ़ सुरक्षा परियोजनाएं 15 जून तक हर हाल में हों पूर्ण : स्वतंत्र देव सिंह

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो,लखनऊ ।** प्रदेश में आगामी मानसून संभावित बाढ़ को देखते हुए प्रदेश के जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने सोमवार को उदयगंज स्थित सिंचाई विभाग मुख्यालय के सभागार में बाढ़ नियंत्रण एवं बचाव कार्यों की व्यापक समीक्षा की।



### -लाइव मॉनिटरिंग के जरिए परखी परियोजनाओं की प्रगति

### -अधिकारियों को दिए समयबद्ध गुणवत्तापूर्ण कार्य के निर्देश

उच्चस्तरीय बैठक में प्रदेशभर में संचालित बाढ़ सुरक्षा परियोजनाओं, तटबंधों की स्थिति, संवेदनशील क्षेत्रों में तैयारियों, राहत एवं बचाव व्यवस्थाओं अन्तर्विभागीय समन्वय की गहन समीक्षा की गई। बैठक में विभागीय वरिष्ठ अधिकारियों के साथ जनपद स्तरीय अधिकारियों ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सहभागिता की।

बैठक की विशेषता यह रही कि जलशक्ति मंत्री ने 5 करोड़ रुपये से अधिक लागत वाली बाढ़ सुरक्षा परियोजनाओं की प्रगति का लाइव व्यू कैमरों के माध्यम से सीधे कार्यस्थलों का निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर मौजूद अभियंताओं,अधिकारियों से सीधा संवाद स्थापित कर कार्यों की गुणवत्ता, प्रगति और समयसीमा की जानकारी प्राप्त की। जलशक्ति मंत्री ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि बाढ़ सुरक्षा से जुड़ी सभी परियोजनाएं हर हाल में 15 जून तक पूर्ण कर ली जाएं । किसी भी स्तर पर लापरवाही या शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि जनता की सुरक्षा से जुड़े कार्यों में किसी प्रकार की अनदेखी पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों कार्यदायी संस्थाओं के खिलाफ कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## 'गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं' : जलशक्ति मंत्री

जलशक्ति मंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी परियोजनाओं के कार्य निर्धारित मानकों उच्च गुणवत्ता के अनुरूप कराए जाएं। उन्होंने बाढ़ से पूर्व आवश्यक ड्रेनों की सफाई अभियान को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कराने के निर्देश दिए। साथ ही तटबंधों पर बने रेट होल, शाही होल एवं रेन कट्स को तत्काल भरवाकर लिया जाए, ताकि बाढ़ के दौरान आवागमन बाधित न हो और राहत एवं बचाव कार्यों में तेजी लाई जा सके। उन्होंने अति संवेदनशील स्थलों पर पर्याप्त मात्रा में रिजर्व स्टॉक की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा बाढ़ अवधि के दौरान आवश्यक संसाधनों को पूर्व से तैयार रखने पर भी विशेष जोर दिया।

**31 मई तक सभी नियंत्रण कक्ष स्थापित हों 15 जून से क्रियाशील हों**

बैठक में स्वतंत्र देव सिंह ने निर्देश दिए कि आगामी 31 मई तक प्रदेश के सभी नियंत्रण कक्ष स्थापित कर 15 जून से पूर्ण रूप से सक्रिय कर दिए जाएं। उन्होंने कहा कि बाढ़ अवधि में प्रत्येक अधिकारी अपने क्षेत्र की सतत निगरानी बनाए रखे तथा किसी भी आकस्मिक स्थिति में त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करे। उन्होंने यह भी कहा कि शासन एवं विभाग के उच्चाधिकारियों द्वारा नियमित निरीक्षण एवं अनुश्रवण से परियोजनाओं में गति आएगी और कार्य गुणवत्ता के साथ समयबद्ध रूप से पूर्ण होंगे।

बाढ़ पूर्व तैयारियों की समीक्षा करते हुए मंत्री ने निर्देश दिए कि स्टीयरिंग ग्रुप द्वारा समन्वित कार्यवाही सुनिश्चित की जाए तथा जिला प्रशासन द्वारा बाढ़ चौकियों की स्थापना शीघ्र की जाए। उन्होंने तटबंधों के संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील स्थलों को चिन्हित कर वहां आवश्यक सुरक्षा कार्य कराने और पर्याप्त रिजर्व स्टॉक उपलब्ध रखने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त जनपदों में बाढ़ सुरक्षा समितियों के गठन को भी अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करने को कहा गया। बैठक में अन्तर्विभागीय समन्वय को और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से मण्डलीय नोडल अधिकारी, जनपद स्तरीय बाढ़ समन्वय अधिकारी तथा अंतर्राज्यीय एवं अंतरराष्ट्रीय बाढ़ समस्याओं हेतु विशेष नोडल अधिकारियों की नियुक्ति के निर्देश दिए गए। जलशक्ति मंत्री ने मुख्यालय स्तर से गठित टीमों द्वारा बाढ़ पूर्व तैयारियों का भौतिक सत्यापन कराने तथा आकस्मिक परिस्थितियों से निपटने के लिए क्विक रिस्पॉन्स टीमों के गठन पर विशेष बल दिया। उन्होंने निर्देशित किया कि संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील क्षेत्रों तक आपातकालीन स्थिति में त्वरित पहुंच सुनिश्चित करने के लिए वैकल्पिक मार्गों का विस्तृत रोडमैप भी तैयार किया जाए। बैठक में सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के प्रमुख सचिव अनिल गर्ग, प्रमुख अभियंता एवं विभागाध्यक्ष संदीप कुमार, प्रमुख अभियंता परियोजना अशोक कुमार सहित विभाग के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। वहीं जनपद स्तरीय अधिकारियों ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में सहभागिता कर बाढ़ पूर्व तैयारियों की जानकारी साझा की।

# लोक निर्माण विभाग के खिलाफ स्थानीय लोगों ने किया प्रदर्शन

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो,लखनऊ ।** सड़क निर्माण में लगातार हो रही देरी को लेकर सोमवार को स्थानीय लोगों का आक्रोश फूट पड़ा। लखनऊ चिनहट इस्माइल गंज द्वितीय वार्ड में पूर्व पार्षद रुद्र प्रताप सिंह के साथ लोगों ने लोक निर्माण विभाग के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। लोगों ने लोक निर्माण विभाग मुर्दाबाद और भ्रष्टाचारी होश में आओ का नारा लगाते हुए जमकर नारेबाजी की है।

### -सड़क निर्माण में हो रही देरी को लेकर की नारेबाजी

लोगों ने बताया कि एक महीने पहले स्थानीय विधायक ओपी श्रीवास्तव ने नारियल फोड़कर विधिवत पूजा की थी, लेकिन काम अभी तक नहीं शुरू हुआ। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि अगर सड़क निर्माण कार्य जल्दी शुरु नहीं हुआ तो प्रदर्शन और तेज करेंगे।

**ई-टेंडर जारी होने के बाद भी नहीं बन रही सड़क**

प्रदर्शनकारी किशोरी लाल चौराहा से चौहान प्लाजा और फैजाबाद रोड से रजत डिग्री कॉलेज तक सड़क निर्माण कार्य जल्द शुरू कराने की मांग कर रहे थे। स्थानीय लोगों का आरोप है कि नवंबर 2025 में दोनों सड़कों के निर्माण के लिए करीब 32-32 लाख रुपए के ई-टेंडर जारी किए गए थे, लेकिन छह महीने बीतने के बाद भी काम शुरू नहीं हुआ। क्षेत्रवासियों ने बताया कि ये दोनों सड़कें अंदरूनी लगभग दो दर्जन मोहल्लों को जोड़ने वाले मुख्य मार्ग हैं, जहां प्रतिदिन हजारों लोगों का आवागमन रहता है। सड़क पर जगह-जगह बड़े गड्ढे होने से आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं।बोले सुनवाई नहीं हुई तो आंदोलन तेज होगा प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द सड़क निर्माण कार्य शुरू नहीं कराया गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। प्रदर्शन में कल्याणी बिहार विकास समिति के अध्यक्ष पप्पू सिंह, करमजीत पाठक, मोहित मिश्रा, हरिशंकर राजभर, राजकुमार निगम, अरुण सिंह, पप्पू तिवारी, पंकज सोनी, पुष्पा सिंह, भालचंद्र चौहान, सुरेंद्र वर्मा, सुभाष, दिनेश कुमार मिश्रा, गयादीन समेत करीब 50 स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

## खबर एक नज़र

### उत्तर प्रदेश धानुक विकास समिति का अधिवेशन सम्पन्न, नए पदाधिकारियों का हुआ चयन

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो,लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश धानुक विकास समिति लखनऊ का अधिवेशन एवं चुनाव-2026 रविवार को लालबाग स्थित सुदर्शन वाटिका में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम संरक्षक मंडल के मार्गदर्शन एवं समाज के गणमान्य लोगों की उपस्थिति में आयोजित किया गया। अधिवेशन में सर्वसम्मति से श्याम लाल धानुक को अध्यक्ष, धीरज चौधरी को कार्यवाहक अध्यक्ष, तुलेन्द्र पाल को वरिष्ठ महामंत्री, राजन राही को महामंत्री, सुदेश कुमार चौधरी को कोषाध्यक्ष तथा मनीष कुमार को सलाहकार चुना गया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्याम लाल धानुक ने सभी उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त करते हुए समाज को संगठित कर विकास कार्यों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम की आधिकारिक घोषणा संरक्षक राम कुमार धानुक द्वारा की गई।

### जनगणना ड्यूटी से मुक्ति की मांग, मार्ग प्रकाश विभाग के कर्मचारियों ने उठाई आवाज

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो,लखनऊ ।** लखनऊ नगर निगम श्रमिक संघ के बैनरतले मार्ग प्रकाश विभाग के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी लाइटर, पोर्टर, हेल्पर कर्मचारियों को जनगणना ड्यूटी में लगाए जाने का मामला अब तूल पकड़ने लगा है। कर्मचारी संघ ने विभागीय अधिकारियों को पत्र भेजकर इन कर्मचारियों को जनगणना कार्य से मुक्त किए जाने की मांग की है। संघ का कहना है कि अधिकांश कर्मचारी अल्पशिक्षित हैं तथा कई कर्मचारी केवल 5वीं और 8वीं तक ही पढ़े हैं। उन्हें कम्प्यूटर और मोबाइल एप आधारित जनगणना कार्य का पर्याप्त ज्ञान नहीं है। ऐसे में कर्मचारियों को डिजिटल माध्यम से होने वाली जनगणना प्रक्रिया को सफलतापूर्वक पूरा करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। संघ ने मांग की है कि कर्मचारियों की शैक्षणिक योग्यता और तकनीकी दक्षता को ध्यान में रखते हुए उन्हें इस कार्य से मुक्त किया जाए, ताकि विभागीय कार्य भी प्रभावित न हों और जनगणना कार्य में भी त्रुटियां न आएं।

### लखनऊ मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर चलाया गया जागरूकता अभियान

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो,लखनऊ ।** उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के तहत सोमवार को वाराणसी जंक्शन, अयोध्या कैंट, अयोध्या धाम, आलमनगर,बाराबंकी रेलवे स्टेशनों पर व्यापक जागरूकता अभियान व रैलियों का आयोजन किया गया। यह अभियान 15 मई से 05 जून तक चलाए जा रहे विशेष पर्यावरण संरक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित किया जा रहा है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य यात्रियों, कैटरिंग कर्मचारियों एवं सफाई मित्रों को सिंगल यूज़ प्लास्टिक के उपयोग से पर्यावरण को होने वाले दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना सतत व स्वच्छ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था। अभियान के दौरान यात्रियों एवं संबंधित कर्मचारियों को सूखे एवं गीले कचरे को अलग-अलग रखने के महत्व के बारे में जानकारी दी गई तथा रेलवे परिसरों को स्वच्छ बनाए रखने हेतु सहयोग की अपील की गई। भीषण गर्मी को ध्यान में रखते हुए अनावश्यक विद्युत एवं जल के उपयोग से बचने के लिए भी जागरूक किया गया। साथ ही यात्रियों से अनुरोध किया गया कि वे अपने साथ पानी की बोतल लेकर यात्रा करें तथा प्लास्टिक की बोतलों एवं सिंगल यूज़ प्लास्टिक का न्यूनतम प्रयोग करें, जिससे पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिल सके। इस अवसर पर रेलवे अधिकारियों, कर्मचारियों, कैटरिंग स्टाफ एवं सफाई मित्रों ने सक्रिय सहभागिता करते हुए पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।

### पशु चिकित्सा विज्ञान के छात्रों का इंटर्नशिप भत्ता तीन गुना बढ़ा, अब मिलेंगे 12 हजार रुपये प्रतिमाह

**स्वतंत्र भारत,लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने पशु चिकित्सा शिक्षा एवं पशुधन स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में बड़ा निर्णय लिया है। प्रदेश के पशु चिकित्सा विज्ञान के छात्रों का इंटर्नशिप भत्ता 4 हजार रुपये प्रतिमाह से बढ़ाकर 12 हजार रुपये प्रतिमाह किए जाने के आदेश जारी कर दिए गए हैं।यह बढ़ा हुआ भत्ता प्रदेश के उ0प्र0 पं. दीनदयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय एवं गो अनुसंधान संस्थान, आचार्य नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय तथा सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय में अध्ययनरत पशु चिकित्सा विज्ञान के छात्रों को दिया जाएगा। इस संबंध में पशुधन विभाग के अपर मुख्य सचिव मुकेश कुमार मेश्राम द्वारा आवश्यक आदेश जारी कर दिए गए हैं।पशु चिकित्सा विज्ञान के छात्र इंटर्नशिप के दौरान पशु चिकित्सालयों, पॉलीक्लीनिक, रोग निदान प्रयोगशालाओं, राज्य चिड़ियाघरों तथा अन्य बाहरी प्रशिक्षण स्थलों पर उपचार, टीकाकरण, रोग निगरानी और कृत्रिम गर्भाधान जैसे कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाते हैं। इसके साथ ही वे रात्रिकालीन ड्यूटी और आपातकालीन परिस्थितियों में भी सेवाएं देते हैं।संक्रामक पशु रोगों के प्रसार के समय ये छात्र संक्रमित क्षेत्रों की पहचान कर संबंधित गांवों को अपनाते हुए शिविर लगाकर पशुओं का उपचार भी करते हैं। सरकार का मानना है कि इंटर्नशिप भत्ता बढ़ाए जाने से छात्रों का मनोबल बढ़ेगा और वे अधिक उत्साह के साथ कार्य करेंगे।सरकार के इस निर्णय से प्रदेश में पशुधन स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक प्रभावी तथा मजबूत बनाने में मदद मिलेगी।

# मुख्यमंत्री आवास योजना-ग्रामीण से जरूरतमंदों को मिला सुरक्षित आशियाना

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** मुख्यमंत्री आवास योजना-ग्रामीण प्रदेश के गरीब, वंचित एवं आवासहीन परिवारों के जीवन में बड़ा परिवर्तन ला रही है। यह योजना जरूरतमंद परिवारों को केवल पक्का घर ही नहीं, बल्कि सुरक्षा, सम्मान और बेहतर जीवन का आधार भी उपलब्ध करा रही है।फरवरी 2018 से संचालित मुख्यमंत्री आवास योजना-ग्रामीण पूर्णतः राज्य सरकार द्वारा वित्तपोषित योजना है। योजना का मुख्य उद्देश्य ऐसे पात्र परिवारों को आवास उपलब्ध कराना है, जो अब तक पक्के घर से वंचित रहे हैं अथवा जर्जर एवं कच्चे मकानों में रहने को मजबूर हैं। योजना के तहत प्राकृतिक आपदा, कालाजार, जेई/एईएस, कुष्ठ रोग से प्रभावित परिवारों के साथ-साथ वनटांगिया, मुसहर, नट, चेरो, सहरिया, कोल, थारू, पछइया लोहार, गढ़इया लोहार एवं बैगा जैसी जनजातियों के

## समाज के अंतिम पायदान पर खड़े जरूरतमंद परिवारों को मिल रहा सुरक्षित आवास

परिवारों को विशेष प्राथमिकता दी जा रही है। इसके अतिरिक्त प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण की स्थायी पात्रता सूची से किसी कारणवश वंचित रह गए छतविहीन गरीब परिवारों को भी योजना का लाभ प्रदान किया जा रहा है। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य की पहल पर योजना के दायरे को और विस्तारित करते हुए दिव्यांगजन, 18 से 50 वर्ष आयु वर्ग की निराश्रित विधवा महिलाओं तथा प्रदेश की सभी अनुसूचित जनजातियों को प्राथमिकता श्रेणी में शामिल किया गया है।

योजना के अंतर्गत प्रत्येक पात्र लाभार्थी को आवास निर्माण के लिए 1 लाख 20 हजार रुपये की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाती है। निर्धारित आवास का क्षेत्रफल 25 वर्गमीटर रखा गया है। इसके अतिरिक्त स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत शौचालय निर्माण के लिए 12 हजार रुपये की सहायता अलग से प्रदान की जाती है। लाभार्थियों को मनरेगा के माध्यम से 90 मानव दिवस का रोजगार उपलब्ध कराने की भी व्यवस्था की गई है।

मुख्यमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के तहत वर्ष 2018-19 से अब तक 4.72 लाख आवासों का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसके सापेक्ष लगभग 4.47 लाख आवास पूर्ण कराए जा चुके हैं, जबकि शेष आवासों का निर्माण कार्य प्रगति पर है। आयुक्त ग्राम्य विकास विभाग गौरी शंकर प्रियदर्शी ने बताया कि योजना के माध्यम से अब तक लगभग 1.30 लाख दिव्यांगजन, 72 हजार निराश्रित विधवा महिलाएं तथा 93 हजार दैवीय आपदाओं से प्रभावित परिवारों को आवास उपलब्ध कराए जा चुके हैं। इसके अतिरिक्त बड़ी संख्या में अनुसूचित जनजाति के पात्र परिवार भी योजना से लाभान्वित हुए हैं।

उन्होंने बताया कि वर्तमान में उत्तर प्रदेश में निवास करने वाली सभी जनजातियों को मुख्यमंत्री आवास योजना-ग्रामीण की प्राथमिकता सूची में शामिल कर लिया गया है पात्र परिवारों को आवास आवंटित किए जाने की प्रक्रिया जारी है।

मुख्यमंत्री आवास योजना-ग्रामीण आज प्रदेश के लाखों जरूरतमंद परिवारों के लिए आशा का आधार बन चुकी है। यह योजना गरीब एवं वंचित वर्गों को सुरक्षित आवास उपलब्ध कराकर उनके जीवन में स्थायित्व, आत्मसम्मान और सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित कर रही है।

### गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वे के लिए 43.25 करोड़ रुपये जारी

**स्वतंत्र भारत लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वे के निर्माण कार्य को गति प्रदान करने के उद्देश्य से वित्तीय वर्ष 2026-27 में परियोजना के निर्माण कार्य के लिए वित्तीय संस्थाओं से लिए गए ऋण पर देय ब्याज भुगतान हेतु 4325.21 लाख रुपये की धनराशि अवमुक्त कर दी है।यह धनराशि परियोजना के सुचारु वित्तीय प्रबंधन और निर्माण कार्यों की निरंतरता बनाए रखने के लिए जारी की गई है। राज्य सरकार का उद्देश्य एक्सप्रेस-वे परियोजनाओं के माध्यम से प्रदेश में बेहतर संपर्क व्यवस्था, औद्योगिक विकास, निवेश और रोजगार के नए अवसरों को बढ़ावा देना है।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपने सरकारी आवास 5. कालिदास मार्ग लखनऊ में आयोजित जनता दर्शन में लोगों की समस्याओं को सुनते हुए

# वाराणसी में बिजली कर्मियों की जनजागरण रैली





**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के आह्वान पर सोमवार को पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम के विभिन्न जनपदों से आए सैकड़ों बिजली कर्मियों ने वाराणसी के भिखारीपुर स्थित पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम मुख्यालय पर विशाल विरोध सभा एवं जनजागरण रैली आयोजित की। सभा को संबोधित करते हुए संघर्ष समिति के नेताओं ने कहा कि प्रबंधन की मनमानी नीतियों, निजीकरण की जल्दबाजी तथा लगातार बढ़ते उत्पीड़न के कारण प्रदेश की बिजली व्यवस्था गंभीर संकट की ओर बढ़ रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि उपभोक्ताओं के हितों की वास्तविक चिंता है, तो बिजली कर्मियों पर की गई सभी उत्पीड़नात्मक कार्रवाइयों को तत्काल वापस लेकर कर्मचारियों को विश्वास में लेते हुए भीषण गर्मी में निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने की ठोस कार्ययोजना तत्काल बनाई जाए। संघर्ष समिति के केंद्रीय पदाधिकारियों ने स्पष्ट कहा कि पूर्वांचल एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगमों के निजीकरण, ओबरा एवं अनपरा तापीय परियोजनाओं को ज्वाइंट वेंचर के माध्यम से निजी हाथों में सौंपने, तथा ट्रांसमिशन क्षेत्र में टैरिफ बेस्ड कॉम्पिटेटिव बिडिंग के जरिए किए जा रहे निजीकरण के प्रयास न तो बिजली व्यवस्था के हित में हैं और न ही उपभोक्ताओं के हित में हैं। उन्होंने कहा कि ग्रेटर नोएडा एवं आगरा में निजी कंपनियों के कार्यों को लेकर उपभोक्ताओं की लगातार मिल रही शिकायतें यह साबित करती हैं कि निजीकरण से उपभोक्ताओं की समस्याएं कम होने के बजाय बढ़ी हैं। संघर्ष समिति ने संबंधित निजी कंपनियों की जवाबदेही तय करने तथा करार उल्लंघनों पर प्रभावी कार्रवाई की मांग की। संघर्ष समिति ने कहा कि डाउनसाइजिंग एवं वर्टिकल रिस्ट्रक्चरिंग के नाम पर बड़ी संख्या में संविदा कर्मियों को कार्यमुक्त किया गया है, जिससे बिजली व्यवस्था प्रभावित हुई है। संघर्ष समिति ने सभी संविदा कर्मियों की पुनर्बहाली, दूरस्थ स्थानांतरणों की वापसी तथा बहाली के बाद भी जारी अनुशासनात्मक कार्रवाइयों को समाप्त करने की मांग की। साथ ही आंदोलन से जुड़े सभी एफआईआर वापस लेने, स्टेट विजिलेंस जांच समाप्त करने तथा पदाधिकारियों को लक्षित कर की जा रही कार्रवाई रोकने की भी मांग उठाई गई।

### -विश्वास में लेकर निर्बाध विद्युत आपूर्ति की कार्ययोजना बनाने की मांग

# यूपी में तीन दिन बाद झमाझम बारिश और ओले गिरने के आसार

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में रिकॉर्ड तोड़ गर्मी और लू का सामना कर रही सूबे की जनता को तीन दिन बाद गर्मी से राहत मिलने के आसार नजर आ रहे हैं। दरअसल राज्य के एक बड़े हिस्से में मौसम करवट बदलने वाला है। इस दौरान गरज-चमक और तेज हवाओं के साथ झमाझम बारिश होने के जबरदस्त आसार बने हुए हैं। साथ ही कई इलाकों में बारिश के साथ ओले गिरेंगे। अमौसी स्थित आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र के मुताबिक मौसम विभाग ने अपने ताजा पूर्वानुमान में बताया है कि 29 मई को प्रदेश में कई स्थानों पर झमाझम बारिश के साथ ओलावृष्टि की संभावना है। इसके चलते आग भरे लू के चल रहे थपेड़ों से राज्य की जनता को इस भीषण गर्मी से राहत मिलने की उम्मीद है। इसके चलते मोसम विभाग ने उन इलाकों को चिन्हित करते हुए अलर्ट जारी किया है।

## गर्मी से जूझ रही जनता को मिलेगी राहत



मौसम विभाग द्वारा जारी की गई आधिकारिक सूची के मुताबिक उत्तर प्रदेश के कई जिले और उनके आस-पास के क्षेत्रों में ओले गिरने की आशंका सबसे ज्यादा है, उनमें कौशाम्बी, फतेहपुर, प्रतापगढ़, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, हरदोई, फर्रुखाबाद, कन्नौज, कानपुर देहात, कानपुर नगर, उन्नाव, लखनऊ, बाराबंकी, रायबरेली, अमेठी, सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बागपत, मेरठ, गाजियाबाद, हापुड़, गौतमबुद्ध नगर, बुलंदशहर, अलीगढ़, मथुरा, हाथरस, कासगंज, एटा, आगरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, औरैया, बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, संभल, बदायूं एवं आस पास के क्षेत्र शामिल हैं।

**तापमान में आएगी भारी गिरावट, मिलेगी राहत**

पिछले कई दिनों से प्रदेश का तापमान 45 डिग्री सेल्सियस के पार चल रहा है, जिससे आम जनजीवन अस्त-व्यस्त हो चुका है। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि 29 मई को होने वाली इस बारिश और ओलावृष्टि के चलते तापमान में भारी गिरावट दर्ज की जाएगी, जिससे लोगों को झुलसाने वाली गर्मी से सीधी राहत मिलेगी। हालांकि, किसानों को इस दौरान फसलों और आम के बागों को लेकर थोड़ी सतर्कता बरतने की सलाह दी गई है।

फिलहाल पिछले कुछ रोज से उत्तर प्रदेश में नौतपा के चलते मौसम का तापमान चरम पर होने के कारण (सूर्य के रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश के 9 दिन)भीषण गर्मी पड़ रही है। यह इंसानों के लिए भीषण लू और निर्जलीकरण का कारण बनती है और नुकसानदायक है, वहीं कृषि, मानसून और प्राकृतिक कीट नियंत्रण के लिए इसके कई महत्वपूर्ण फायदे हैं।

नौतपा के फायदे

**उत्तम मानसून संकेतः** पारंपरिक मान्यताओं के अनुसार, नौतपा में जितनी अधिक गर्मी पड़ेगी, आने वाले मानसून में उतनी ही अच्छी बारिश होने की संभावना होती है।

**प्राकृतिक कीट नियंत्रणः** तेज धूप और गर्मी से मिट्टी के हानिकारक कीड़े, टिड्डियों के अंडे और खरपतवार नष्ट हो जाते हैं, जिससे खेत प्राकृतिक रूप से साफ हो जाते हैं।

**कृषि के लिए वरदानः** गर्मी के बाद बोई जाने वाली खरीफ फसलों (जैसे मूंग, ग्वार, तिल, और मूंगफली) के लिए यह अत्यधिक अनुकूल वातावरण तैयार करता है।

नौतपा के नुकसान और स्वास्थ्य जोखिम

**लू का खतराः** भीषण गर्मी और गर्म हवाओं के कारण हीटस्ट्रोक या लू लगने की संभावना बहुत बढ़ जाती है।

**डीहाइड्रेशन और थकानः** अत्यधिक पसीना निकलने से शरीर में पानी और इलेक्ट्रोलाइट्स की कमी हो जाती है, जिससे कमजोरी और चक्कर आने की समस्या होती है।

**स्वास्थ्य समस्याएंः** तेज धूप में रहने से त्वचा में जलन, टैनिंग और पाचन संबंधी समस्याएं (जैसे दस्त या उल्टी) हो सकती हैं।

**बचाव और उपाय**

इन 9 दिनों में दोपहर के समय अनावश्यक घर से बाहर निकलने से बचें। खुद को हाइड्रेटेड रखने के लिए ज्यादा से ज्यादा पानी, नींबू पानी, और छाछ का सेवन करें। ताजे फलों और हल्के भोजन को अपनी डाइट में शामिल करें।





# विद्युत आपूर्ति सुधारने की कोशिश नाकाम

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** राजधानी समेत प्रदेश भर की बिजली व्यवस्था अभी सामान्य नहीं हो सकी है। रोजाना कई उपकेंद्रों पर गर्मी से बेहाल जनता का गुस्सा छोटे कर्मचारियों पर बरस रहा है। आलम यह है कि रविवार को देर रात कुर्सी रोड पर ट्रांसफार्मर ठीक करने गये कर्मचारी की गुस्साये लोगों ने पिटाई कर एसडीओ को बुलाने के लिए बंधक बना लिया किसी तरह वहां से वह अपनी जान बचाकर कार्यालय वापस लौटा। उधर राजधानी की बिजली आपूर्ति सुचारू करने के लिए मध्यांचल एमडी रिया केजरीवाल समेत कई अधिकारी रात में मौके पर पहुंच कर बिजली आपूर्ति का जायजा ले रहे हैं।

कुर्सी रोड पर ट्रांसफार्मर की मरम्मत करने गए संविदाकर्मियों के साथ देर रात मारपीट की घटना हुई। आरोप है कि कुछ लोगों ने संविदाकर्मियों को बंधक बनाकर अधिकारियों को मौके पर बुलाने की मांग की। हालांकि, संविदाकर्मियों के अनुसार न तो जेई, न एसडीओ और न ही अधिशासी अभियंता ने फोन उठाया। किसी तरह संविदाकर्मियों ने अपनी जान बचाकर उपकेंद्र की ओर भागकर खुद को सुरक्षित किया। पीलीभीत में हो रही बिजली कटौती के विरोध में पूरनपुर विद्युत डिवीजन परिसर में प्रदर्शन कर नारेबाजी कर बिजली आपूर्ति बहाल करने की मांग की।

इधर राजधानी के राजाजीपुरम

## बिजली कटौती से गुस्साये नागरिकों का उपकेंद्रों पर फूटा गुस्सा



अप्ट्रान विद्युत उपकेंद्र पर बिजली गुल होने पर स्थानीय नागरिकों ने कई घंटे हंगामा काटा। हालात बिगड़ते देख बिजली कर्मियों ने खुद को कार्यालय में किया बंद किया। इसी तरह टिकैत राय तालाब इलाके में घंटों बिजली संकट से लोगों में भारी नाराजगी को देखते हुए सूचना पर पुलिस पहुंची जिसने मोर्चा संभालकर स्थिति को संभाला। इसके साथ ही बिजली आपूर्ति सामान्य करने के लिए अमौसी जोन के अधिशासी अभियंता रेड असेसमेंट विद्युत चोरी रोकथाम व लाइन लॉस को कम करने हेतु पूर्व चयनित सक्सेस स्टोरी फीडरों मे विभागीय टीम / विजलेंस टीम द्वारा सघन मॉर्निंग रेड अभियान चलाया गया, जिसमें 71 संयोजनों को चेक किया गया। इसमें से 7 उपभोक्ता मीटर बाईपास कर विद्युत चोरी करते पाये गये, जिनके खिलाफ कार्रवाई करते हुए एफआईआर दर्ज कराई गई है। रेड टीम गोमती नगर द्वारा सघन चेकिंग अभियान की कार्रवाई की जा रही है, जिससे लोड को समान रखा जा सकें।

उपभोक्ताओं से अनुरोध किया गया है कि स्वीकृत भार के अन्तर्गत ही विद्युत का उपभोग करें। उ.प्र. पावर कारपोरेशन लि. के अध्यक्ष के निर्देशन में एवं ग्रीष्म ऋतु के दृष्टिगत परिवर्तक पर लगातार बढ़ते भार को नियंत्रित रखने, अवैध विद्युत उपभोग पर अंकुश लगाने एवं विद्युत तंत्र को सुरक्षित बनाये रखने हेतु वर्तमान में रेड टीम गोमती नगर द्वारा चोरी सम्भावित क्षेत्रों में रात्रि कालीन भ्रमण एवं सघन चेकिंग की कार्यवाही की जा रही है। रविवार की रात में मध्यांचल एमडी रिया केजरीवाल ने जानकीपुरम सब स्टेशन का भ्रमण कर बिजली आपूर्ति का जायजा लिया।

# अवैध कार वर्कशॉपों पर चला एलडीए का बुलडोजर

**गोमती नगर में प्रवर्तन जोन-1 की टीम ने की कार्रवाई**

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण ने सोमवार को गोमती नगर में अवैध कार वर्कशॉप के खिलाफ अभियान चलाया। इस दौरान आवासीय भू-उपयोग में अवैध रूप से संचालित 2 कार वर्कशॉप को ध्वस्त किया गया। प्रवर्तन जोन-1 के जोनल अधिकारी देवांश त्रिवेदी ने बताया कि मुजीब व अन्य द्वारा गोमती नगर के वास्तु खण्ड में भूखण्ड संख्या-3/64 पर लगभग 200 वर्गमीटर क्षेत्रफल में अवैध रूप से निर्माण कार्य कराकर गैराज/कार वर्कशॉप संचालित किया जा रहा था। इसी तरह दिग्विजय कुमार व अन्य द्वारा गोमती नगर के विकल्प खण्ड में भूखण्ड संख्या-2/417 पर लगभग 200 वर्गमीटर क्षेत्रफल में अवैध रूप से कार वर्कशॉप संचालित किया जा रहा था। एलडीए से मानचित्र स्वीकृत कराये बिना आवासीय भू-उपयोग में अवैध रूप से किये गये उक्त दोनों व्यावसायिक निर्माण के विरूद्ध विहित न्यायालय द्वारा वाद योजित करते हुए ध्वस्तीकरण के आदेश पारित किये गये थे। जिसके अनुपालन में प्रवर्तन टीम ने मौके पर कार्रवाई करते हुए दोनों कार गैराज ध्वस्त कर दिये।

# राजधानी के 500 से अधिक ट्रांसपोर्टरों के सामने नेशनल परमिट का संकट



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो,लखनऊ।** शहर के ट्रांसपोर्टरों को कॉमर्शियल वाहनों के लिए नेशनल परमिट चाहिए तो उन्हें बाहनों में नेविगेशन चिप लगाना होगा। इसके लिए उन्हें

■ **ट्रांसपोर्टरों को परमिट चिप के लिए खर्च करने होंगे 15000**

15 हजार रुपये खर्च करने होंगे। यदि वह ऐसा नहीं करते हैं तो परिवहन विभाग की तरफ से उन्हें नेशनल परमिट नहीं मिलेगा। जांच के दौरान यदि बाहन में चिप नहीं मिला तो उन पर जुर्माना लगाया जाएगा। ट्रांसपोर्टरों का कहना है कि एक तो जंग के कारण उनका व्यवसाय बुरी तरह से प्रभावित हुआ है अब चिप की अनिवार्यता न संकट बढ़ा दिया। दरअसल परिवहन विभाग ने नेशनल परमिट के लिए सभी कॉमर्शियल वाहनों पर नेविगेशन चिप लगाना अनिवार्य कर दिया है। ट्रांसपोर्टरों को चिप लगाने में कोई समस्या नहीं. उनमें इस बात को लेकर नाराजगी है कि जिस चिप लगाने के बाद उसका प्रमाण पत्र एक कंपनी लेना अनिवार्य है। कंपनी प्रमाण पत्र देने के एवज में ट्रक वालों से 8500 रुपये ले रही है। ट्रांसपोर्ट बेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष हरप्रीत सिंह भाटिया का कहना है कि नेविगेशन चिप के लिए लगभग 15000 रुपये का खर्च आ रहा है। इसमें 8500 रुपये प्रमाण पत्र का, 1200 रुपये सिम एक्टिवेशन और 5000 रुपये डिवाइस का। डिवाइस और सिम एक्टिवेशन चार्ज तो समझ में आ रहा है, लेकिन प्रमाण पत्र की बात समझ से परे है। प्रमाण पत्र परिवहन विभाग में जमा करने के बाद ही नेशनल परमिट मिलेगा। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे को लेकर ट्रांसपोर्ट संगठन जल्दी की मंडलायुक्त और परिवहन आयुक्त से मिलेगा। प्रमाण पत्र की अनिवार्यता के मुद्दे को उठाएंगा।

# सिद्धनाथ मंदिर के पास स्वीकृत मानचित्र के विपरीत अवैध निर्माण जारी

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** राजधानी में अवैध निर्माण पर कार्रवाई के बड़े-बड़े दावे किए जाते हैं, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही तस्वीर पेश कर रही है। पुराने लखनऊ के नादान महल रोड क्षेत्र में नियमों को खुली चुनौती देते हुए बहुमंजिला इमारतों का निर्माण धड़ल्ले से जारी है। गौरतलब बात है कि इन निर्माणों को रोकने वाले लखनऊ विकास प्राधिकरण के प्रवर्तन दल के अधिकारी सब कुछ देखकर भी अनजान बने हुए हैं। इसके चलते बिल्डर के हौसले बुलंद हैं और वह बिना किसी रोकटोक के धड़ल्ले से अवैध निर्माण करा रहा है।

यह सब उस इलाके में हो रहा है जहां प्रशासनिक निगरानी और एलडीए की कार्रवाई अक्सर चर्चा में रहती है। स्थानीय लोगों के मुताबिक नेहरू क्रॉस से पहले और सिद्धनाथ मंदिर के पास मानचित्र स्वीकृत के विपरीत तेजी से अवैध निर्माण कराया जा रहा है। आरोप है कि न तो सुरक्षा मानकों का पालन हो रहा है और न ही निर्माण कार्य को लेकर किसी प्रकार की प्रशासनिक रोक दिखाई दे रही है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि

## किसके संरक्षण में खड़ी हो रही अवैध इमारतें

यहां हालात ऐसे हैं मानों नियम-कानून सिर्फ आम जनता के लिए हों,जबकि कुछ निर्माणकर्ताओं को खुली छूट मिली हुई है। सूत्रों के मुताबिक एलडीए के अभियंता ऐसे निर्माणों में एक तरफ बिल्डर से सांठगांठ कर उसके निर्माण को बढ़ावा भी देते हैं और दूसरी तरफ उसे नोटिस देकर अपनी नौकरी सुरक्षित कर लेते हैं, जिसके चलते अगर उन पर कोई सवाल उठे तो वह मौका पड़ने पर यह बोल सकें कि उसे नोटिस दी जा चुकी है। इसी तरह जितने भी अवैध शहर में चल रहे हैं, उनमें सबसे पहले क्षेत्र का अवर अभियंता नोटिस देकर अपनी नौकरी सुरक्षित कर लेता है। जब कि स्वीकृत मानचित्र के विपरीत यदि कोई इंसान अपना घर भी बनाता है, तो एलडीए के सुपरवाइजर समेत अवर अभियंता उसका नोटिस काटकर धारा-27 और 28 के तहत सीलिंग और ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की जाती है। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि इतने बड़े स्तर पर चल रहे निर्माण पर अब तक कार्रवाई क्यों नहीं की जा रही है? शिकायतों के बावजूद खामोशी कई सवाल खड़े कर रही है। लोगों के बीच चर्चा है कि आखिर किसके संरक्षण में यह पूरा खेल चल रहा है? रिहायशी इलाके में खड़ी की जा रही इन बहुमंजिला इमारतों को लेकर आसपास के लोग डरे हुए हैं। उनका कहना है कि अगर भविष्य में आग लगने, भूकंप या किसी अन्य हादसे की स्थिति पैदा होती है तो बिना सुरक्षा मानकों वाली ये इमारतें बड़े खतरे का कारण बन सकती हैं।

# प्रदेश को वैश्विक पर्यटन हब बनाने की तैयारी

**लखनऊ।** प्रदेश में पर्यटन को वैश्विक पहचान दिलाने और धार्मिक-सांस्कृतिक विरासत को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए राज्य सरकार लगातार प्रयास कर रही है। इसी क्रम में पर्यटन विभाग के महानिदेशक डॉ. वेदपति मिश्रा से विशेष बातचीत में पर्यटन विकास, कनेक्टिविटी और पर्यटन सर्किटों को लेकर कई महत्वपूर्ण जानकारियां साझा की गईं।

**पांच सवाल**



**डॉ. वेदपति मिश्रा**
**महानिदेशक**
**पर्यटन विभाग**

**प्रश्न 1- उत्तर प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने क्या रणनीति अपनाई है?**

**उत्तर-** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश को 12 पर्यटन सर्किटों में विभाजित कर धार्मिक, सांस्कृतिक और विरासत पर्यटन को बढ़ावा देने की रणनीति अपनाई गई है।

**प्रश्न 2- प्रदेश में किन-किन पर्यटन सर्किटों का निर्माण किया जा रहा है?**

**उत्तर-** प्रदेश में रामायण सर्किट, कृष्ण-ब्रज सर्किट, बौद्ध सर्किट, महाभारत सर्किट, शक्तिपीठ सर्किट, आध्यात्मिक सर्किट, सूफी-कबीर सर्किट, जैन सर्किट, बुंदेलखंड सर्किट, इको टूरिज्म सर्किट, वन्यजीव एवं पर्यावरण सर्किट तथा शिल्प एवं स्वतंत्रता संग्राम सर्किट विकसित किए जा रहे हैं।

**प्रश्न 3- पर्यटन सर्किटों के निर्माण का मुख्य उद्देश्य क्या है?**

**उत्तर-** इन सर्किटों का उद्देश्य पर्यटन को बढ़ावा देना, पर्यटकों की संख्या बढ़ाना, स्थानीय रोजगार सृजित करना और प्रदेश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करना है।

**प्रश्न 4- क्या पर्यटन सर्किट किसी विशेष धर्म या समुदाय के आधार पर बनाए गए हैं?**

**उत्तर-** नहीं, इन सर्किटों का गठन किसी धर्म या जाति के आधार पर नहीं किया गया है, बल्कि सभी समुदायों और सांस्कृतिक विरासत को साथ लेकर पर्यटन विकास का प्रयास किया गया है।

**प्रश्न 5- पर्यटन स्थलों तक बेहतर कनेक्टिविटी के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं?**


**उत्तर-** उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग पर्यटन स्थलों तक पहुंच मार्गों के निर्माण और विकास के लिए समय-समय पर लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) को प्रस्ताव भेज रहा है, ताकि देशी-विदेशी पर्यटकों को सुगम यात्रा सुविधा मिल सके।

**भृगु नागर**

# प्रथम वर्ष के प्रशिक्षियों के शिविर में आरएसएस प्रमुख ने लिया हिस्सा

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने सरस्वती विद्या मंदिर, निराला नगर में चल रहे प्रथम वर्ष के प्रशिक्षियों के शिविर में लगभग 250 प्रतिभागियों के साथ दिनभर चले सत्रों में हिस्सा लिया। सोमवार को उनके दिन की शुरुआत सुबह स्वयंसेवकों के साथ शाखा से हुई। उन्होंने स्वयंसेवकों को संबोधित भी किया। भागवत शाम को भी शाखा में शामिल हुए। संघ प्रमुख गत दिवस तीन दिवसीय दौरे पर राजधानी पहुंचे थे। वे जमीनी स्तर के स्वयंसेवकों के लिए आयोजित क्षेत्रीय प्रशिक्षण शिविर 'कार्यकर्ता विकास वर्ग-प्रथम (सामान्य) में भाग लेने आए हैं। भागवत ने शिविर में शामिल प्रशिक्षुओं के लिए बौद्धिक सत्र संवाद कार्यक्रम और मार्गदर्शन सत्रों में भागीदारी की। इन कार्यक्रमों के माध्यम से आरएसएस प्रमुख ने प्रशिक्षुओं को वैचारिक स्पष्टता और संगठनात्मक दिशा देने का प्रयास किया।महत्वपूर्ण है संघ प्रमुख की यात्रा आरएसएस के पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र के अंतर्गत 'कार्यकर्ता विकास वर्ग-प्रथम (सामान्य)' का आयोजन सरस्वती विद्या मंदिर, निराला नगर में 21 मई से 11 जून तक किया जा रहा है। संघ शिक्षा वर्ग में शामिल होने आए डा. मोहन भागवत की इस यात्रा को खासा महत्वपूर्ण माना जा रहा है। यूपी में विधानसभा चुनाव की तैयारियां भी शुरू हो चुकी हैं। इस चुनाव में संघ की भूमिका भी बेहद खास रहने बाली है। मंगलवार को संघ प्रमुख की मुलाकात मुख्यमंत्री से भी हो सकती है।





# वाराणसी में भूटान सरकार बनाएगी बौद्ध मंदिर व गेस्ट हाउस

**स्वतंत्र भारत लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा भूटान की रायल गवर्नमेंट ऑफ भूटान को वाराणसी में बौद्ध मंदिर एवं गेस्ट हाउस

## 2 एकड़ भूमि उपलब्ध कराएगी यूपी सरकार

निर्माण के लिए 2 एकड़ भूमि उपलब्ध कराई जाएगी। यह भूमि वाराणसी के मौजा पिण्डरा अजईपुर कोलसला क्षेत्र में दी जाएगी। इस संबंध में उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से लीज डीड की कार्यवाही की जा रही है तथा भूमि स्थानांतरण के लिए जल्द ही समझौता ज्ञापन (एमओयू) का निष्पादन किया जाएगा।यह जानकारी प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि शासन स्तर से डीड पर हस्ताक्षर करने के लिए पर्यटन विभाग के विशेष सचिव मृदुल चौधरी को नामित किया गया है। लीज डीड पर रायल गवर्नमेंट ऑफ भूटान के प्रतिनिधि तथा पर्यटन विभाग की ओर से मृदुल चौधरी हस्ताक्षर करेंगे।मंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री की घोषणा के अनुरूप इस प्रकरण में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा कार्यवाही की जा रही है। भूटान सरकार की ओर से रायल गवर्नमेंट ऑफ भूटान दूतावास, प्रमुख बौद्ध मंदिर बोधगया तथा भूटान के केंद्रीय भिक्षु निकाय के प्रतिनिधियों को नामित किया गया है।उन्होंने कहा कि काशी में सारनाथ सहित कई विश्व प्रसिद्ध धार्मिक स्थल हैं, जहां वर्षभर देश-विदेश से श्रद्धालुओं का आगमन होता है। बौद्ध मंदिर के निर्माण से देशी और विदेशी बौद्ध अनुयायियों की संख्या में वृद्धि होगी, जिससे पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा।पर्यटन मंत्री के अनुसार, बड़ी संख्या में बौद्ध पर्यटक संकिसा और कुशीनगर आते हैं। वाराणसी में प्रस्तावित बौद्ध मंदिर के जुड़ने से प्रदेश के बौद्ध पर्यटन सर्किट को और मजबूती मिलेगी।

साथ ही, बौद्ध सर्किट के अंतर्गत आने वाले स्थलों को आधुनिक आधारभूत सुविधाओं से सुसज्जित किया जा रहा है।


## स्वतंत्र भारत वर्गीकृत

### सूचना

सूचित हो कि मैंने अपने पुत्र सोनू लोधी पुत्र चन्दर लोधी, मोनी लोधी पत्नी सोनू लोधी एवं सुमित राजपूत पुत्र चन्दर लोधी को उनके गलत आचरण के कारण अपनी समस्त चल- अचल संपत्ति से बेदखल एवं संबंध विच्छेद कर लिया है। चन्दर लोधी पुत्र देवी निवासी 168, बाजार वाली गली, पुराना शिवाला, अमराई गांव, इंदिरानगर लखनऊ।

सी.आर.-383/ L-50

### संबंध विच्छेद

मैंने अपने बड़े पुत्र अवतार सिंह को दुर्व्यवहार की वजह से अपनी चलअचल संपत्ति से बेदखलकर दिया है। मेरी किसी भी संपत्ति पर उसके किसी बारिस का कोई अधिकार नहीं होगा। 25.05.2026 से अपने कृत्यों का वह स्वयं जिम्मेदार होगा। जोगेंद्र सिंह पुत्र मंहगा सिंह, नि.मो. बजरिया,कस्बा खुटार त.पुवायां,शाहजहांपुर।

सी.आर.- 382/D-41

### सूचना

मेरे हाईस्कूल के अंकपत्र रोल नं.- 21015782038 में त्रुटिवश नाम PRIYAअंकित है। अन्य प्रमाण पत्रों KM. PRIYA अंकित है। सही नाम KM. PRIYA है। KM. PRIYA D/o उमेश कान्त सहाय, नि.-आनन्दपुरी बीबीगंज वार्ड नं.-7 मुजफ्फरपुर बिहार- 842003

सी.आर.-376/ L-30

### सूचना

मेरे पति राजेश कुमार त्रिपाठी Hav.(A/No.15676876W) के सर्विस रिकॉर्ड में मेरा नाम गल्ती से कुसुम त्रिपाठी दर्ज हो गया है, जबकि मेरा सही नाम श्रीमती कुसुमलता है, जो आधार कार्ड में एवं 10th के अंकपत्र में भी दर्ज है। कृपया इसे सुधार कर अंकित किया जाये।

सी.आर.-379/ L-34

### सूचना

मैंने हीरा देवी के नाम से एल0आई0सी0 की एक पालिसी 215164468 लिया था जबकि आधारकार्ड व बैंक में मेरा नाम रीना देवी दर्ज है दोनों नाम की एक ही महिला है। रीनादेवी पत्नी बालकराम ग्रा0-सिघंवापुर, पो0-नौबस्ता मुडिला, बलरामपुर।

सी.आर.- 380/D-29

### सूचना

मैंने नसरूद्दीन के नाम से एल0आई0सी0 की एक पालिसी 216741086 लिया था जबकि आधारकार्ड में मेरा नाम मो0 युसूफखान दर्ज है दोनो नाम का एक ही व्यक्ति है। मो0 युसूफ खान पुत्र मो0 वहाब ग्रा0-नेवादा मन्नीजोत, मिर्जापुर, बलरामपुर।

सी.आर.- 380/D-28

### सूचना

विवाह के पहले मेरा नाम माया था। विवाह के बाद मैने अपना नाम माया त्रिवेदी रख लिया है । अब मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये।
माया त्रिवेदी पत्नी प्रदीप कुमार त्रिवेदी, निवासिनी कासिमपुर, गोसाईगंज, लखनऊ।

सी.आर.- 381/L-31

### सूचना

मैं, आईसी/आर्मी नं0 15463526F, रैंक DFR/MACP NB/RIS, धीरेंद्र कुमार, निवासी ग्राम मुजार बुजुर्ग, पोस्ट अमिला (भटमिल्ला), तहसील घोसी, जनपद मऊ, वर्तमान में ए.सी. रेजिमेंट में कार्यरत, शपथपूर्वक यह घोषणा करता हूँ कि मेरे आश्रित पुत्र रक्षक गौतम (RAKSHAK GAUTAM) की जन्मतिथि अभिलेखों में 06-02-2005 अंकित है, जिसे संशोधित कर 12-08-2008 किया जाना प्रस्तावित है। धीरेंद्र कुमार आईसी/आर्मी नं0 15463526F रैंक DFR/ MACP NB/RIS
ए.सी. रेजिमेंट

सी.आर.- 377/D-50

### सूचना

मैं, एसी/आर्मी नं0 15463526F, रैंक DFR/MACP NB/RIS, धीरेंद्र कुमार, निवासी ग्राम मुजार बुजुर्ग, पोस्ट अमिला (भटमिल्ला), तहसील घोसी, जनपद मऊ, वर्तमान में ए.सी. रेजिमेंट में कार्यरत, शपथपूर्वक यह घोषणा करता हूँ कि मेरी पुत्री /आश्रित वंदना (VANDANA) की जन्मतिथि अभिलेखों में 29.05.2003 अंकित है, जिसे संशोधित कर 11.08.2003 किया जाना प्रस्तावित है। (धीरेंद्र कुमार) एसी/आर्मी नं0 15463526F रैंक DFR/ MACP NB/RIS
ए.सी. रेजिमेंट

सी.आर.- 377/D-50

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राजू थॉमस पुत्र थॉमस का स्थानांतरण प्रमाण पत्र (Migration Certificate) की मूल प्रति गुम हो गया, जिसका प्रथम सूचना रिपोर्ट 27/02/2026 को क्रमांक LR No. 3069732/2026 दर्ज है। प्रार्थी ने इलाहाबाद विश्वविद्यालय से वर्ष 1999 में बी.ए. पार्ट 3rd की परीक्षा उत्तीर्ण किया है, जिसका अनुक्रमांक 304691 तथा नामांकन संख्या (Enrollment No.) D 9621635 है।

सी.आर.- 378/D-42

### सूचना

मैं रंजनी देवी पत्नी जे.सी-678242एम एन.बी./उप/एम.टी. नाम-धीरज कुमार झा यूनिट - 504 ए.एस.सी बी.एन , सी/ओ - 56 प्रयागराज पिन -905504 निवासी - ग्राम - झखरा पुलिस-थाना-सरायरंजन पो.-झखरा तह.-समस्तीपुर जिला- समस्तीपुर पिन-848127 मेरे पति के सेवा रिकॉर्ड में मेरा नाम रंजनी कुमारी गलती से दर्ज हो गया, जबकि आधार कार्ड के अनुसार मेरा असली/सही नाम रंजनी देवी है।

सी.आर.- 378/D-50

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम अदीब खान था जो अब बदलकर मो.अदीब खान कर लिया है भविष्य मे मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाए। मो. अदिब खान पुत्र मो.असलम खान, निवासी C-307/26 जी टी बी नगर करेली प्रयागराज।

सी.आर.- 378/D-32

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम नूरी सिद्दीकी था जो अब बदलकर नूरी खान कर लिया है भविष्य मे मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाए। नूरी खान पत्नी मोहम्मद असलम खान निवासिनी C-307/26जी टी बी नगर करेली प्रयागराज।

सी.आर.- 378/D-33

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम आशा देवी कुशवाहा था जो अब बदलकर आशा कुशवाहा कर लिया है भविष्य मे मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाए। आशा कुशवाहा पत्नी राजेश कुमार कुशवाहा निवासी 40 रक्सराई सराय आकिल कौशाम्बी उत्तर प्रदेश।

सी.आर.- 378/D-36

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम मेराज खान था जो अब बदलकर वाशि उल्ला रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नये नाम से जाना व पुकारा जाए। वाशि उल्ला पुत्र मनसूर खान, पता -ग्राम शाहजी का पूरा नैनी प्रयागराज-211008

सी.आर.- 378/D-34

### सूचना

मैं, नं0 15463526F, रैंक DFR/MACP NB/RIS, धीरेंद्र कुमार, निवासी ग्राम मुजार बुजुर्ग, पोस्ट अमिला (भटमिल्ला), तहसील घोसी, जनपद मऊ, ए.सी. रेजिमेंट में कार्यरत, यह सूचित करता हूँ कि मेरी पुत्री का नाम अभिलेखों में BANDHANA अंकित है, जिसे स्पेलिंग त्रुटि के कारण संशोधित कर VANDANA किया जा रहा है। उच्चारण में कोई परिवर्तन नहीं है। धीरेंद्र कुमार नं0 15463526F रैंक DFR/MACP NB/RIS
ए.सी. रेजिमेंट

सी.आर.- 377/D-48

### सूचना

मैं, सी/आर्मी नं0 15463526F, रैंक DFR/MACP NB/RIS, धीरेंद्र कुमार, निवासी ग्राम मुजार बुजुर्ग, पोस्ट अमिला (भटमिल्ला), तहसील घोसी, जनपद मऊ, वर्तमान में ए.सी. रेजिमेंट में कार्यरत, शपथपूर्वक यह घोषणा करता हूँ कि– मेरी पत्नी/आश्रित माया देवी (MAYA DEVI) की जन्मतिथि अभिलेखों में 01.08.1978 अंकित है, जिसे संशोधित कर 01.08.1981 किया जाना प्रस्तावित है।
धीरेंद्र कुमार
सी/आर्मी नं0 15463526F
रैंक DFR/MACP NB/RIS
ए.सी. रेजिमेंट

सी.आर.- 377/D-50

अदालती सूचना ता.पेशी 07-07-2026 सम्मन तनकीह तलब (आर्डर 5 कायदा 1 व 5) न्यायालय सिविल जज जू.डि. कोर्ट सं.35 शाहजहांपुर मूल वाद संख्या 468 वर्ष 2022 श्रीमती नाजो बनाम श्रीमती सनोवर वेगम आदि बनामः-1-श्रीमती सुमेरिया पुत्री स्व.लायक अली खां 2-श्रीमती जुवैरिया पुत्री स्व.लायक अली खां 3-अमीर फैसल पुत्र स्व.लायक अली खां निवासीगण मोहल्ला 491 तारीन बहादुरगंज तह.सदर जिला शाहजहांपुर...प्रतिवादी सं 1/1, 1/2 व 2 हरगाह श्रीमती नाजो वादिनी उक्त ने आपके नाम एक नालिश वावत मृतक श्रीमती सनोवर वेगम के वारिसान कायम करने हेतु दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि वतारीख 07 माह 07 सन 2026 ई.ववक्त 10 बजे दिन के असलीन या मार्फत वकील मुकदमें की कार्यवाही से वाकिफ किया गया हाजिर हो और जवाब दाखिल करे उसी रोज जुमला दस्तावेज पेश करें आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा वगैर हाजिरी आपके मुसामत और फैसला होगा। मेरे दस्तखत व मोहर अदालत से तारीख 22-05-2026ई.में जारी किया गया। न्यायालय के आदेशानुसार मुन्सरिम सिविल जज सी.डि.शाहजहांपुर।

सी.आर.- 382/D-CN

न्यायालय-अपर जिलाधिकारी (नगर पूर्वी) / किराया प्राधिकारी, लखनऊ।
- पत्रांक-486/ रीडर / एडीएम (सी0ई0)/2026 दिनांकः-25/5/26
वाद संख्या-डी-202610460000866
धारा-21(2) उ0प्र0 नगरीय परिसर किरायेदारी विनियमन अधिनियम, 2021
अनवर सादिक
बनाम
अनीस अहमद
नियत तिथि-30 05.2026
प्रकाशन हेतु नोटिस
अनीस क्लॉथ हाउस, शकील बिरयानी की दुकान के बगल में, साबाजार मार्केट 168/9-11 नाजिराबाद अमीनाबाद रोड लखनऊ अं0 धारा-21 (2) उ0प्र0 नगरीय परिसर किरायेदारी अधिनियम संख्या-16 वर्ष 2021 के अन्तर्गत इस न्यायालय में उपरोक्त वाद विचाराधीन है। उक्त वाद में विपक्षी अनीस अहमद पुत्र स्व0 करामत हुसैन पता- अनीस क्लॉथ हाउस, शकील बिरयानी की दुकान के बगल में, साबाजार गार्केट 168/9-11 नाजिराबाद अमीनाबाद रोड लखनऊ पर नियमानुसार नोटिस तामीला न होने के कारण प्रकाशन कराया जाना है।
अस्तु विपक्षी/भवन स्वामीगण को सूचित किया जाता है कि यदि कुछ कहना है, तो नियत तिथि दिनांक 30.05.2026 को स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय / कमरा नंम्बर-47. कलेक्ट्रेट, लखनऊ में उपस्थित होकर कह सकता है।
(एम0 पी0 सिंह) अपर जिलाधिकारी, नगर (पूर्वी) /किराया प्राधिकारी, लखनऊ।
प्रतिलिपि- आवेदक अनवर सादिक पुत्र डॉ0 सुल्तान अली सादिक पता मकान नम्बर 06, कृष्णा कॉलोनी, फातिमा अस्पताल के पीछे महानगर लखनऊ को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि नियत तिथि से पूर्व नियमानुसार शुल्क जमा कर किसी राष्ट्रीय स्तर के संस्करण में प्रकाशन कराना सुनिश्चित करें।
अपर जिलाधिकारी, नगर (पूर्वी)/किराया प्राधिकारी, लखनऊ।

सी.आर.- 375/L-CN

अदालती सूचना ता.पेशी 04-07-2026 सम्मन तनकीह तलब (आर्डर 5 कायदा 1 व 5) न्यायालय सिविल जज सी.डि. शाहजहांपुर मूल वाद संख्या 365 वर्ष 2025 मंजीत सिंह पुत्र जगदीश सिंह निवासी ग्राम भांभी पर.व तह.पुवायां जनपद शाहजहांपुर...प्रार्थी/वादी बनामः- नितिन कुमार सिंह पुत्र अनिल सिंह निवासी ग्राम भांभी पर.व तह. पुवायां जिला शाहजहांपुर...प्रतिवादी। हरगाह मंजीत सिंह वादी उक्त ने आपके नाम एक नालिश वावत संविदा का अनुपालन हेतु दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि वतारीख 04 माह 07 सन 2026 ई.ववक्त 10 बजे दिन के असलीन या मार्फत वकील मुकदमें की कार्यवाही से वाकिफ किया गया हाजिर हो और जवाब दाखिल करे उसी रोज जुमला दस्तावेज पेश करें आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा वगैर हाजिरी आपके मुसामत और फैसला होगा। मेरे दस्तखत व मोहर अदालत से तारीख 25-05-2026ई.में जारी किया गया। न्यायालय के आदेशानुसार मुन्सरिम सिविल जज सी.डि.शाहजहांपुर

सी.आर.- 382/D-CN

पूर्वोत्तर रेलवे
शुद्धि पत्र संख्या 1
भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए मण्डल रेल प्रबन्धक/इन्जी०/वाराणसी द्वारा खुली ई–निविदा सूचना सं० एनईआर–बीएसबी–2026–17 दिनांक 17.04.2026 के अन्तर्गत कार्य की निविदा जो दिनांक 26.05.2026 को बन्द होनी है, को दिनांक 09.06.2026 तक बढ़ाई जाती है। उपरोक्त शुद्धि पत्र भारतीय रेल के वेबसाइट www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है।
मण्डल रेल प्रबंधक/(इंजी०)
मुजाधि/डब्ल्यू–124 वाराणसी
ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

पूर्वोत्तर रेलवे
शुद्धि पत्र
ई–निविदा सूचना : ओटी–10–2026
उप मुख्य विद्युत इंजीनियर/ निर्माण, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर एवं मुजाधि विद्युत–45 के अंतर्गत प्रकाशित ई–निविदा सूचना : ओटी– 10–2026 में निविदा आमंत्रित करने वाले अधिकारी उप मुख्य विद्युत इंजीनियर/ निर्माण, पूर्वोत्तर रेलवे गोरखपुर के स्थान पर त्रुटिवश उप मुख्य विद्युत इंजीनियर/निर्माण, पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ प्रकाशित हो गया है। इसे सुधारकर उप मुख्य विद्युत इंजीनियर/निर्माण, पूर्वोत्तर रेलवे गोरखपुर पढ़ा एवं समझा जाय। शेष यथावत रहेगा।

### सूचना

मैं अशोक कुमार शुक्ला पिता दुर्गा शंकर शुक्ला निवासी खरगापुर, महरानीगंज तहसील लालगंज जिला रायबरेली की हूँ मेरी पत्नी राज दुलारी के नाम Piramal capital & Housing Finance Limited में लोन चल रहा था मेरी पत्नी की मृत्यु 13.02.2026 को हो गयी थी मेरे द्वारा पत्नी के नाम चल रहा लोन समाप्त कर दिया गया है। अब मेरी पत्नी के दस्तावेज वापस कर दिये जाय यदि किसी को आपत्ति हो तो प्रकाशन होने की तिथि से एक सप्ताह के अन्दर सम्बन्धित फाइनेन्स कम्पनी से सम्पर्क कर सकता है।

सी.आर.- 374/L

क्षेत्रीय कार्यालय सहायक रजिस्ट्रार, फर्म्स, सोसाइटीज तथा चिट्स 193-ए, सिविल लाइन्स बरेली मण्डल बरेली
सार्वजनिक सूचना
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि संस्था गुरुद्वारा संत सुखदेव सिंह जी वेलफेयर सोसायटी, ग्राम धीमरपुर पो0 बंडा तह0 पुवायाँ जिला शाहजहाँपुर के पंजीकरण हेतु सोसा0 रजि0 अधि0 1860 के अन्तर्गत ऑनलाईन आवेदन प्राप्त है। उक्त संस्था के स्मृति पत्र में निम्नलिखित पदाधिकारी व सदस्य दर्शाये गये है जिसमें सदस्य का नाम, पिता का नाम और पद नाम इस प्रकार है-1.भगवंत सिंह पुत्र श्री सग्गर सिंह **अध्यक्ष** 2.हरदयाल सिंह पुत्र श्री राम सिंह **उपाध्यक्ष** 3.गुरदीप सिंह पुत्र श्री चंद सिंह **प्रबन्धक** 4. महेन्द्र सिंह चहल पुत्र श्री जरनैल सिंह चहल **उपप्रबन्धक** 5. जिन्दर पाल सिंह पुत्र श्री प्यारा सिंह **कोषाध्यक्ष** 6. अमन दीप सिंह पुत्र श्री हरी सिंह **सदस्य** 7. कुलविन्दर सिंह पुत्र श्री मेजर सिंह **सदस्य** 8. कुलदीप सिंह पुत्र श्री संत सिंह **सदस्य** 9. बलविंदर सिंह पुत्र श्री गुरूमेल सिंह **सदस्य**। उपरोक्त संस्था के पंजीकरण किये जाने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 15 दिन के अन्दर इस कार्यालय का दस्तावेजी साक्ष्यों एवं फोटो युक्त नोटरी शपथ पत्र सहित आपत्ति पत्र प्रस्तुत किया जा सकता है। उपरोक्त सार्वजनिक सूचना/नोटिस सोसा0रजि0 अधि0 की धारा (1) के परन्तुक के अन्तर्गत जारी की जा रही है।
सहायक रजिस्ट्रार, बरेली

सी.आर.- 382/D


# मातृभूमि योजना से उन्नाव में खुला अत्याधुनिक कला प्रशिक्षण केंद्र

**स्वतंत्र भारत लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी मातृभूमि योजना के तहत जनपद उन्नाव की ग्राम पंचायत कमालपुर में अत्याधुनिक कला प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन किया गया। केंद्र का लोकार्पण पंचायती राज मंत्री ओमप्रकाश राजभर, यूपी ट्रांसफॉर्मेशन कमीशन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी मनोज कुमार सिंह तथा मोहान विधायक बृजेश कुमार रावत ने विभागीय अधिकारियों और ग्रामीणों की उपस्थिति में किया।पंचायती राज विभाग के अनुसार यह केंद्र मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के गांवों को आत्मनिर्भर और

## ग्रामीण प्रतिभाओं को मिलेगा नया मंच

संसाधन-संपन्न बनाने के संकल्प को आगे बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। केंद्र में ग्रामीण युवाओं, महिलाओं और बच्चों को चित्रकला, हस्तशिल्प, सिलाई, वस्त्र अभिकल्पन, संगीत और नृत्य जैसी कलाओं का प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षणार्थियों को निःशुल्क कला सामग्री उपलब्ध



कराने के साथ प्रोत्साहन भत्ता भी दिया जाएगा।इस पहल के केंद्र में प्रदेश की दिव्यांग फुट पेंटर शीला शर्मा हैं, जिन्होंने दोनों हाथ न होने के बावजूद अपने पैरों की उंगलियों से चित्रकला में पहचान बनाई है। केंद्र के निर्माण में 60 प्रतिशत सहयोग राशि शीला शर्मा द्वारा दी गई, जबकि शेष 40 प्रतिशत योगदान पंचायती राज विभाग ने किया है। अब वह इसी केंद्र के माध्यम से ग्रामीण बच्चों को कला प्रशिक्षण देंगी।शीला शर्मा ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों में असाधारण प्रतिभा होती है, उन्हें केवल उचित मंच की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि मातृभूमि योजना के माध्यम से वर्षों पुराना सपना साकार हुआ है और अब गांव का कोई बच्चा अवसरों से वंचित नहीं रहेगा।इस अवसर पर पंचायती राज मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश की पंचायतों का व्यापक विकास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मातृभूमि योजना केवल विकास कार्यों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह जन-सहभागिता के माध्यम से गांवों के भविष्य को बदलने का अभियान है।


आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर/शेल, आधुनिक रेल डिब्बा कारख़ाना, रायबरेली द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिये दो पैकेट प्रणाली आधारित खुली निविदा सूचना सं. एमसीएफ/आरबीएल/टेण्डर/शेल की मास्किंग/2026–27/सी696ए दिनांकः– 19.05.2026 आईआरईपीएस के पोर्टल **www.ireps.gov.in** के माध्यम से आमंत्रित की जाती हैः–
**कार्य का नाम :** IS स्पेसिफिकेशन 11865/2006 के अनुसार, लीक टेस्टिंग के लिए शेल्स के विभिन्न वेरिएंट्स की मास्किंग, **कार्य की अनुमानित लागत (रु.):** ₹ 89,30,258.49, **अमानत राशि (रु.):** ₹ 1,78,600.00 (एक लाख अठहत्तर हज़ार छह सौ रुपये) मात्र, **कार्य की मात्राः** शेड्यूल के अनुसार। **कार्य समापन की अवधिः** 12 माह, **निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु.):** ₹ शून्य, • **निविदा बंद होने की तिथि एवं समयः** 10.06.2026 को 11:00 बजे। • निविदा सूचना, एलीजीबिलिटी क्राइटेरिया, टर्म्स एवं कंडीशन IREPS की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर निविदा प्रपत्र में उपलब्ध हैं।
उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर/शेल

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर/शेल, आधुनिक रेल डिब्बा कारख़ाना, रायबरेली द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिये दो पैकेट प्रणाली आधारित खुली निविदा सूचना सं.– TIG वेल्डिंग और SS पार्टीशन फ्रेम का फिटमेंट/2026–27/सी695ए दिनांकः– 21.05.2026 आईआरईपीएस के पोर्टल **www.ireps.gov.in** के माध्यम से आमंत्रित की जाती हैः–
**कार्य का नाम :** कार्य के दायरे के अनुसार शैल में TIG वेल्डिंग और SS पार्टीशन फ्रेम का फिटमेंट। **कार्य की अनुमानित लागत (रु.):** ₹ 55,01,726.40, **अमानत राशि (रु.):** ₹ 1,10,000.00 (एक लाख दस हज़ार रुपये) मात्र, **कार्य की मात्राः** शेड्यूल के अनुसार। **कार्य समापन की अवधिः** 12 माह, **निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु.):** ₹ शून्य, • **निविदा बंद होने की तिथि एवं समयः** 12.06.2026 को 11:00 बजे। • निविदा सूचना, एलीजीबिलिटी क्राइटेरिया, टर्म्स एवं कंडीशन IREPS की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर निविदा प्रपत्र में उपलब्ध हैं।
उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर/शेल

**निविदा संख्या– AMC-Air-Water-Pipeline-51** **नियत तिथिः 12.06.2026**
भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य यांत्रिक अभियंता/एफडब्ल्यूपी–III, आधुनिक रेल डिब्बा कारख़ाना रायबरेली, लालगंज द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिये निविदा सूचना संख्या AMC-Air-Water-Pipeline–51, नियत तिथिः **12.06.2026** जारी की जाती है। यह खुली ई. निविदा भारतीय रेलवे पोर्टल **www.ireps.gov.in** के माध्यम से प्रतिष्ठित फ़र्मों को आमंत्रित की जाती है– यह निविदा एकल पैकेट प्रणाली पर आधारित है ।
**कार्य का नाम :** वायु एवं जल पाइपलाइन के लिए दो वर्ष का गैर–व्यापक वार्षिक रखरखाव अनुबंध और एफडब्ल्यूपी में स्थापित वाल्वों की मरम्मत एवं प्रतिस्थापन। **कार्य की अनुमानित लागत (रु.):** ₹ 6,33,219.39 (छः लाख तैंतीस हजार दो सौ उन्नीस रुपये और उनतालीस पैसे मात्र) जिसमें 18% की दर से जीएसटी शामिल है। **निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु.):** ₹ 2,000.00 (दो हज़ार रुपये) मात्र, **धरोहर राशि (रु.):** ₹ 12,700.00 (बारह हज़ार सात सौ रुपये) मात्र, • **निविदा बंद होने की अंतिम तिथि एवं समयः** 12.06.2026 को 15:30 बजे। • विस्तृत निविदा सूचना, टर्म्स एवं कंडीशन आदि की जानकारी भारतीय रेल के पोर्टल **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध हैं।
उप मुख्य यांत्रिक अभियंता/एफडब्ल्यूपी–III

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

उत्तर रेलवे

ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/सा., मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, हज़रतगंज, लखनऊ द्वारा निर्धारित प्रारूप पर निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई–निविदा आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| 1. | **ई-निविदा सूचना सं. :** 1216-वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता-उत्तर रेलवे-लखनऊ दिनांक 22.05.2026 |
| 2. | **कार्य का नाम :** लखनऊ डिवीजन के विभिन्न स्थानों पर स्थापित एच.वी.ए.सी./वी.आर.वी./डक्टेबल ए.सी. संयंत्रों के लिए 3 वर्ष की अवधि का व्यापक वार्षिक रख–रखाव अनुबंध। |
| 3. | **अनुमानित लागत :** रु. 78,53,488/- (अठहत्तर लाख तिरपन हज़ार चार सौ अठ्ठासी रूपये मात्र) |
| 4. | **बयाना राशि :** रु. 1,57,100/- (एक लाख सत्तावन हज़ार एक सौ रूपये मात्र) |
| 5. | **कार्य पूर्ण करने की अवधि :** 36 माह |
| 6. | **ई-निविदा फार्म जमा करने की अंतिम तिथि व समय तथा खोलने की तिथि :** दिनांक 15.06.2026 को 15:00 बजे तक तथा खुलने का समय उसी दिन 15:30 बजे वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/सा., उत्तर रेलवे, हज़रतगंज, लखनऊ के कार्यालय में। |
| 7. | **प्रस्ताव की वैधता :** ई–निविदा खुलने की तिथि से 60 दिन। |
| 8. | **उत्तर रेलवे की वेबसाइट :** अतिरिक्त सूचना उत्तर रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर चेक की जा सकती है। |

सं.: 1216-वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता-उत्तर रेलवे-लखनऊ दिनांकः 22.05.2026 1755/26

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

U.P. RAJKIYA NIRMAN NIGAM LTD.
(ISO 9001: 2008 Certified Company)
Visheshwaraiya Bhawan, Gomti Nagar, Lucknow
E-Tender Notice

| SI No. | CODE No. | NAME OF ZONE | NAME OF WORK | TENDER COST (Rs.) | Date of Pre-bid Meeting | Date of Technical bid Opening |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | DDN/ 12/26 | North Zone | Supply and Insullation of Furniture Equipment and other Miscl item at Sports College Behat Distt. Saharanpur. | 4,76,73,000 | 25.05.2026 | 06.06.2026 |
| 2 | E-II/ 8/26 | Electrical Zone-2 | SITC of External Electrification work in Non-Residential Building at 44 th Batalian PAC Meerut. | 1,43,90,533 | 22.05.2026 | 28.05.2026 |
| 3 | E-II/ 9/26 | -do- | Construction Installation Testing and Commissioning, & Obtaining of all required Statutory Approvals, of Temporary Shed/ Porta Cabin for office of ESIC Regional Office, Ahmedabad, at ESIC Vasana Colony, Ahmedabad, Gujarat | 13,84,75,300 | 30.05.2026 | 12.06.2026 |
| 4 | Lko-II-28/26 | -do- | Sitapur me Sidhauli Sujouliya Marg se Basantpur tak Interlocking evam nail Nirman Karya. | 74,48,000 | 15.05.2026 | 08.06.2026 |
| 5 | Lko-II-29/ 26 | -do- | District Sitapur Block Khairabad Gram Unsiya Damar Road to Gobinda Sarai Marg Tak Inter locking evam nail Nirman Karya. | 75,23,000 | 27.05.2026 | 08.06.2026 |
| 6 | Lko-II-30/ 26 | Lucknow Zone-2 | Construction of Boundary wall in Dadhichi kund at Mishrikh Distt. Sitapur | 36,70,000 | 27.05.2026 | 08.06.2026 |
| 7 | GKP-33/26 | Gora khpur Zone | Construction work of "Center of Excellence" at Govt. Girls Polytechnic, Gorakhpur in second phase with the help of Tata Technology Limited(TTL) | 5,42,31,000 | 05.06.2026 | 12.06.2026 |
| 8 | Lko-1 23/26 | Lucknow Zone-1 | Construction of Type -B 47 No. Residence at Thana Kotwali Nagar Distt. Barabanki. | 17,02,08,000 | .... | 09.06.2026 |
| 9 | Del-14/26 | Delhi Zone | Proposed Construction of Synthetic Running Track and Boundary Wall at Mahamaya Sports Stadium Distt. Ghaziabad(U.P) | 13,51,33,000 | 8.06.2026 | 16.06.2026 |

For more details visit U.P. Government e-tender portal **http://etender.up.nic.in** and UPRNNL website **www.uprnn.upsdc.gov.in**

कार्यालय जिला पूर्ति अधिकारी, लखनऊ।

पत्रांक /जि0पू0अ0/दु0अनु0/2026 दिनांक मई 2026

लाटरी सूचना

अपर जिलाधिकारी (आपूर्ति) महोदय के आदेश दिनांक 22.05.2026 के अनुपालन में जनपद लखनऊ के नगरीय क्षेत्र में 06 रिक्त उचित दर दुकानों के सापेक्ष आवेदकों के समक्ष लाटरी पद्धति द्वारा उचित दर विक्रेताओं का चयन किया जाना है। इस हेतु लाटरी का आयोजन सहकारिता भवन में स्थित पी0सी0यू0 सभागार, लखनऊ में दिनांक 27.05.2026 को अपरान्ह 02.00 बजे किया गया है।

जिला पूर्ति अधिकारी, लखनऊ।

उ0प्र0 251677 दिनांक- 25.05.2026
Website: www.upgov.nic.in

उत्तर रेलवे

ई-ऑक्शन सूचना

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन आमंत्रित किया जाता है।

| | |
|---|---|
| Admin Unit/Zone | Lucknow-NR-Division-Commercial/Northern Railway |
| Auction catalogue No./Lot no. | AuctionCatrg26 |
| Description of Work | Allotment of catering Stall at various station of Lucknow Division, Northern Railway for the period of 05 years. |
| Catalogue Published on | 15.05.2026 |
| Auction Start (All Lots) | 30.05.2026 at 11:00 hrs. |
| Auction close Date/Time | 30.05.2026 at 11:50 hrs. |
| Website particulars where complete details of auction can be seen by registered bidders | E-Auction Module of **www.ireps.gov.in** |

Details of catering stalls to be auctioned are as under:-

| SN | Station | Lot No | Stall ID | Close Date/Time | Quota | Sub Quota |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | KUNDA HARNAMGANJ | Catg-LKO-KHNM-GMU-74-24-1 | KHNM/PF-1/ 31/ADDL | 30.05.2026 at 11:30 hrs. | GMU | |
| 2 | BACHHRAWN | Catg-LKO-BCN-GMU-9-7-24-1 | BCN/PF-2/ 4/ADDL | 30.05.2026 at 11:40 hrs. | SMU | SC |
| 3 | PRAYAGRAJ SANGAM | Catg-LKO-PYGS-SMU-42-24-1 | PYGS/PF-1/ 104/NEW | 30.05.2026 at 11:50 hrs. | SMU | SC |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1761/2026


# संरक्षित पुरास्थलों की चहारदीवारी निर्माण के लिए 5.02 करोड़ रुपये जारी

**स्वतंत्र भारत लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रदेश के संरक्षित पुरास्थलों की सुरक्षा और अतिक्रमण रोकने के उद्देश्य से चार जनपदों में स्थित संरक्षित पुरास्थलों की चहारदीवारी निर्माण के लिए 907.05 लाख रुपये के सापेक्ष 502 लाख रुपये की धनराशि अवमुक्त की है। सरकार का उद्देश्य इन ऐतिहासिक स्थलों को संरक्षित रखते हुए उनकी सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करना है।यह जानकारी प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि नटवाडीह का टीला के लिए 205.61 लाख रुपये के सापेक्ष 151.29 लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई है। इसी प्रकार मनवाडीह टीला के लिए 354.32 लाख रुपये के सापेक्ष 177.16 लाख रुपये जारी किए गए हैं।इसके अलावा इटिहवा नामक प्राचीन कस्बे के अवशेष की चहारदीवारी निर्माण के लिए 226.99 लाख रुपये के सापेक्ष 113.49 लाख रुपये तथा कोट समयमाई का टीला के लिए 120.13 लाख रुपये के सापेक्ष 60.06 लाख रुपये की धनराशि अवमुक्त की गई है।पर्यटन मंत्री ने कहा कि चहारदीवारी निर्माण से संरक्षित पुरास्थलों को अतिक्रमण से बचाने के साथ उनकी ऐतिहासिक विरासत को सुरक्षित रखा जा सकेगा। कार्यदायी संस्था को 31 मार्च, 2026 तक धनराशि उपलब्ध करा दी गई है।

# मदरसा बोर्ड की टॉपर सूची में गड़बड़ी की खबर भ्रामक, परिणाम में कोई त्रुटि नहीं : रजिस्ट्रार

**स्वतंत्र भारत लखनऊ।** उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा परिषद द्वारा सीनियर सेकेंडरी (आलिम) परीक्षा की जारी जिला स्तरीय टॉपर सूची को लेकर सोशल मीडिया, डिजिटल मंचों और समाचार पत्रों में प्रसारित उन खबरों को भ्रामक बताया गया है, जिनमें कुछ परीक्षार्थियों के प्राप्तांक पूर्णांक से अधिक दर्शाए जाने का दावा किया जा रहा है।यह जानकारी उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा परिषद के रजिस्ट्रार ने दी। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह स्थिति परिषद के उप रजिस्ट्रार द्वारा बिना परीक्षण के त्रुटिपूर्ण सूची को परिषद के आधिकारिक व्हाट्सएप समूह में साझा किए जाने के कारण उत्पन्न हुई। हालांकि परिषद द्वारा घोषित परीक्षा परिणाम में किसी प्रकार की कोई त्रुटि नहीं है।रजिस्ट्रार के अनुसार, उप रजिस्ट्रार की इस लापरवाही के संबंध में उनका स्पष्टीकरण प्राप्त कर लिया गया है। परिषद ने कहा है कि परीक्षा वर्ष 2026 के परिणाम पूरी तरह सही हैं और छात्रों को भ्रमित होने की आवश्यकता नहीं है।परिषद ने सभी परीक्षार्थियों, अभिभावकों, मदरसा प्रबंधकों और प्रधानाचार्यों से अपील की है कि परीक्षा परिणाम से संबंधित किसी भी जानकारी के लिए केवल मदरसा शिक्षा परिषद के आधिकारिक पोर्टल और वेबसाइट पर ही भरोसा करें तथा अन्य मंचों पर प्रसारित अप्रमाणिक सूचनाओं पर विश्वास न करें।

# पीएम किसान सम्मान निधि योजना से यूपी के 3.12 करोड़ कृषक परिवार जुड़े

**स्वतंत्र भारत लखनऊ।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना उत्तर प्रदेश में छोटे और

## खातों में पहुंचे ९९ हजार करोड़ रुपये से अधिक

सीमांत किसानों के लिए आर्थिक संबल का बड़ा माध्यम बनकर उभरी है। केंद्र सरकार द्वारा शत-प्रतिशत वित्तपोषित इस योजना के तहत पात्र कृषक परिवारों को प्रतिवर्ष 6 हजार रुपये की सहायता तीन समान किस्तों में सीधे बैंक खातों में भेजी जाती है। प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) प्रणाली के माध्यम से संचालित यह योजना किसानों को खाद, बीज और अन्य कृषि जरूरतों के लिए समय पर सहायता उपलब्ध करा रही है।प्रदेश सरकार के अनुसार, योजना की शुरुआत से लेकर 22वीं किस्त तक उत्तर प्रदेश में कुल 3.12 करोड़ कृषक परिवारों को इससे जोड़ा जा चुका है। लाभार्थियों के खातों में अब तक 99,032.58 करोड़ रुपये की धनराशि हस्तांतरित की जा चुकी है। केवल 22वीं किस्त में ही प्रदेश के 2.18 करोड़ से अधिक किसानों को 4,364 करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई गई।वित्तीय वर्ष 2025-26 में अब तक प्रदेश के 2.34 करोड़ से अधिक पात्र किसानों के खातों में 13,721 करोड़ रुपये से अधिक की सहायता राशि भेजी जा चुकी है। लाभार्थियों में 1.91 करोड़ से अधिक पुरुष तथा 88 लाख से अधिक महिला कृषक परिवार शामिल हैं। महिला किसानों की बड़ी भागीदारी को ग्रामीण क्षेत्रों में महिला सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।राष्ट्रीय स्तर पर देश के कुल 9.7 करोड़ लाभार्थियों में लगभग 24 प्रतिशत हिस्सेदारी अकेले उत्तर प्रदेश की है। इससे योजना के क्रियान्वयन में प्रदेश की अग्रणी भूमिका सामने आई है।योजना के वर्षवार आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2018-19 में 2,238.92 करोड़ रुपये के वितरण से शुरू हुई सहायता राशि वर्ष 2019-20 में 11,006.87 करोड़ रुपये, 2020-21 में 14,432.14 करोड़ रुपये, 2021-22 में 15,775.52 करोड़ रुपये और 2022-23 में 12,454.32 करोड़ रुपये तक पहुंची। वर्ष 2023-24 में 13,808.48 करोड़ रुपये तथा 2024-25 में 15,594.74 करोड़ रुपये वितरित किए गए। वर्तमान वित्तीय वर्ष 2025-26 में अब तक 13,721.59 करोड़ रुपये किसानों के खातों में भेजे जा चुके हैं।

# मां ने बेटे को गोद में लेकर किया सुसाइड



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** एक मां ने अपने 6 साल के बेटे को गोद में लेकर गोमती में छलांग लगा दी। दोनों की डेडबॉडी 2 दिन बाद चौक इलाके में लेटे हनुमान मंदिर के पास गोमती में उतराती मिलीं। महिला के बुर्के में एक सुसाइड नोट मिला है। उस पर देवर और सास ने तंग किया है। पति की डेढ़ साल पहले मौत हो गई थी। उसके बाद से प्रताड़ित किया जा रहा है।

महिला की पहचान फैजुल्लागंज की कौसर जहां (30) और उसके बेटे अरहान (6) के रूप में हुई। कौसर के पति शादाब की डेढ़ साल पहले मौत हो चुकी है। कौसर की जहां पर लाश तैरती मिली, वहां से करीब 100 मीटर दूरी पर उसके बेटे का शव भी उतराता दिखा।

मृतका के भाई इमरान ने बताया कि वह दो दिन से लापता थी। आज लाश मिली। मृतका के भाई इमरान ने बताया कि दो दिनों से बहन लापता थी। उसकी गुमशुदगी दर्ज कराने के लिए सुबह चौक थाने पहुंचे तो पता चला कि गोमती नदी में दो शव मिले हैं। मुझे तस्वीर दिखाई गई तो दोनों मेरी बहन और भांजे थे। बहनोई शादाब की डेढ़ साल पहले सड़क हादसे में मौत हो गई थी। उसके बाद से बहन की ससुरालवालों से लड़ाई चल रही थी। तीन दिन पहले भी घरवालों के साथ बवाल हुआ था।

उसके बाद से लापता थी। चौक इंस्पेक्टर नागेश उपाध्याय के मुताबिक, महिला के शरीर पर बुर्का और हरा सलवार था। वहीं, मासूम के शरीर पर नीले रंग की जींस निकर और नीली टी-शर्ट पहन रखी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों की मदद से महिला और बच्चे के शव को भी बाहर निकलवाया। रविवार रात करीब 9 बजे पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना मिली कि लेटे हुए हनुमान मंदिर के पास गोमती नदी में एक महिला का शव उतराता दिखाई दे रहा है। मौके पर पहुंची पुलिस को महिला की डेडबॉडी से सुसाइड नोट मिला। नोट में देवर, सास और अन्य ससुराल वालों की प्रताड़ना से तंग आकर जान देने की बात कही गई।

## वॉइस प्रिंसिपल का बेटा गोमती नदी में कूदा

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** इंटर कॉलेज की वॉइस प्रिंसिपल का बेटा गोमती नदी में कूद गया। करीब साढ़े पांच घंटे बाद उसका शव मिला। घटना आज, सोमवार सुबह की है। मृतक की पहचान प्रखर आनंद पाल (26) निवासी आलमबाग के रूप में हुई। उसकी मां सुष्मलता राजकीय हुसैनाबाद इंटर कॉलेज में वॉइस प्रिंसिपल के पद पर तैनात हैं। बेटे के नदी में कूदने की जानकारी मिली तो वह घटनास्थल पहुंचीं। मां का घाट पर रो-रोकर बुरा हो गया। उन्होंने रोते हुए बताया कि कल वह क्लस्ट का पेपर देने गया था। बता रहा था कि उसका पेपर खराब हो गया है। मैंने कहा था कि कोई बात नहीं बेटा। तुम अच्छे बच्चे हो। दूसरी मीटिंग के पेपर पर ध्यान देना। इसके बाद उससे कोई बात नहीं हुई। पिता विष्णु गोपाल पाल की कुछ साल पहले मौत हो चुकी है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सुबह ट्रॉमा सेंटर मोर्चरी के पास एक स्कूटी खड़ी मिली। कुछ देर बाद लोगों ने वहां करीब 200 मीटर दूर प्रखर को गोमती नदी में छलांग लगाते देखा, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। चौक थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और गोताखोरों की टीम को बुलाकर सर्च ऑपरेशन शुरू कराया। पुलिस का कहना है कि करीब साढ़े पांच घंटे सर्च अभियान चलाया गया। युवक का शव पुल से करीब 100 मीटर की दूरी पर मिला। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया। प्रखर जहां पर नदी में कूदा, उसी के सामने हुसैनाबाद इंटर कॉलेज है। कॉलेज के पास में ही पोस्टमॉर्टम हाउस है। प्रखर की स्कूटी की डिक्की में उसके कपड़े रखे हुए हैं। इस पर उसका हेल्मेट भी लगा हुआ है।

# घर लौट रहे दो दोस्तों की सड़क हादसे में मौत





**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** सड़क हादसे में 2 दोस्तों की मौत हो गई। दोनों बाइक से घर लौट रहे थे। इसी दौरान उन्हें किसी गाड़ी की टक्कर लगी तो उनकी बाइक पोल से टकरा गई। दोनों साथ-साथ रहते थे और साथ ही दम तोड़ दिया।

दोनों मृतकों की पहचान सरोजनीनगर की हाइडिल कॉलोनी के रमेश के बेटे कमल (18) और बंथरा के लाला खेड़ा के वीरेंद्र के बेटे दीपांशु रावत (19) के रूप में हुई। घटना रविवार देररात की बंथरा थाना क्षेत्र में कानपुर रोड पर हनुमान मंदिर के पास हुई। पुलिस के अनुसार, दोनों रविवार रात 9:30 बजे बाइक पर लाला खेड़ा से सरोजनी नगर की ओर जा रहे थे। उसी दौरान हादसा हो गया। हादसे के बाद दीपांशु रावत के पिता ने बंथरा थाने में अज्ञात वाहन चालक पर ख्नढ्ढक्र दर्ज कराई है। हादसे में गंभीर रूप से घायल दोनों युवकों को राहगीरों की मदद से सरोजनी नगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

घटना की सूचना मिलते ही बंथरा पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। टक्कर मारने वाला अज्ञात वाहन सवार अपनी गाड़ी सहित मौके से फरार हो गया। पुलिस उसकी तलाश में जुटी है और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है ताकि आरोपी की पहचान की जा सके। पुलिस के मुताबिक, कमल और दीपांशु रावत आपस में दोस्त हैं। दीपांशु मां-बाप का इकलौता बेटा था, जबकि कमल के परिवार में उसके माता-पिता के अलावा एक छोटा भाई और एक बहन है। दीपांशु एक प्राइवेट इंटर कॉलेज में हाईस्कूल में पढ़ाई कर रहा था।

वहीं, कमल आठवीं ड्रॉपआउट था। वह अभी कुछ नहीं करता था। मृतक दीपांशु रावत के पिता वीरेंद्र ट्रांसपोर्टनगर में एक दुकान पर ट्रकों की डेंटिंग-पेंटिंग करते हैं। वहीं, मृतक कमल कभी-कभी कहीं मिल जाए तो मिट्टी खरीदकर उसे बेचता था। उसके पिता रमेश नैनीताल में प्लंबर हैं।

## खबर एक नजर

### 64वीं तैराकी प्रतियोगिता का शुभारम्भ

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** 35वीं वाहिनी पीएसी में 64वीं उत्तर प्रदेश पुलिस वार्षिक तैराकी एवं क्रॉस कंट्री प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न वाहिनियों के खिलाड़ियों ने फ्लैग मार्च में हिस्सा लिया। इस अवसर पर डॉ. प्रीतिन्दर सिंह ने फ्लैग मार्च की सलामी ली। प्रतियोगिता का उद्देश्य पुलिस कर्मियों में शारीरिक दक्षता, अनुशासन और खेल भावना को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम में पुलिस अधिकारियों और जवानों की मौजूदगी रही।

### अकाउंटेंट फंदे पर लटका मिला, अस्पताल में तोड़ा दम

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** मड़ियांव इलाके में 49 साल के अकाउंटेंट ने फंदा लगा लिया। उनकी पत्नी और बेटियां गंभीर हालत में उन्हें अस्पताल लेकर पहुंचीं, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मचा है। मुतक्कीपुर स्थित बालाजी इन्क्लेव निवासी हरि मोहन त्रिपाठी रविवार तड़के करीब 3:30 बजे अपने घर में फंदे से लटक गए। जानकारी होने पर परिजन उन्हें तत्काल आईआईएम रोड स्थित हिन्द हॉस्पिटल एंड मैटरनिटी सेंटर लेकर पहुंचे। यहां डॉक्टरों ने उपचार शुरू किया, लेकिन सुबह 5:59 बजे उन्होंने दम तोड़ दिया। परिजनों के मुताबिक, हरि मोहन पहले उपहार ग्रुप ऑफ कंपनी (पान मसाला) में अकाउंटेंट के पद पर कार्यरत थे। अभी वह बेरोजगार थे। परिवार में उनकी पत्नी और दो बेटियां हैं। सूचना पर मड़ियांव पुलिस मौके पर पहुंची और कानूनी कार्रवाई शुरू की। एसआई आदित्य द्विवेदी ने पंचायतनामा की कार्रवाई कर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए मोर्चरी हाउस भिजवाया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### कार की टक्कर से बाइक सवार अधेड़ की मौत

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** बिजनौर थाना क्षेत्र में रविवार देर शाम एक तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार 56 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच कर रही है। मृतक की पहचान मानक नगर थाना क्षेत्र के श्याम नगर निवासी विजय कुमार के रूप में हुई है। विजय कुमार रविवार शाम करीब 7 बजे बिजनौर के परवर पश्चिम स्थित गढ़ी गांव में अपना प्लाट देखकर बाइक से घर लौट रहे थे। बंगला बाजार - बिजनौर रोड पर गुड़ौरा के सामने मनीष गेट के पास एक तेज रफ्तार ब्रेजा कार ने उनकी बाइक में सामने से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि विजय कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तत्काल अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने वहां पहुंचने पर उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने कार चालक को पकड़ लिया और कार सहित पुलिस के हवाले कर दिया। बिजनौर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आगे की कानूनी कार्रवाई कर रही है। मृतक विजय कुमार के परिवार में उनकी पत्नी रामवती के अलावा पांच बेटियां हैं।

### मुठभेड़ में 50-50 हजार रुपये के दो इनामी बदमाश ढेर

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के जनपद अलीगढ़ थाना क्षेत्र में रविवार की देर रात को अतरौली थाना, हरदुआगंज, स्वॉट और सर्विलांस टीम ने 50-50 हजार रुपये के दो इनामी बदमाशों को मुठभेड़ में मार गिराया है। पकड़े गए बदमाश कई महिलाओं से जेवर लूटने के आरोपित थे। पुलिस को उनकी काफी दिनों से तलाश थी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नीरज जादौन ने सोमवार को घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि पिछले रविवार को मडराक थाना क्षेत्र के एक गांव में बाइक सवार दो बदमाशों ने भोर के समय खेतों पर घास काट रही 10 महिलाओं से हथियार के बल पर लूट की थी। इसके बाद 21 मई को अतरौली और छर्रा थाना क्षेत्र में छह महिलाओं से तमंचे के बल पर लूट की थी। इन मामलों में मुकदमा दर्ज कर बदमाशों की तलाश की जा रही थी। पुलिस महानिरीक्षक ने दोनों पर 50–50 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था।रविवार को सूचना मिली थी कि अतरौली थाना क्षेत्र में एक महिला से बदमाशों ने कुंडल लूट लिया। इस सूचना पर पुलिस सक्रिय हुई और आम के बाग पर घेराबंदी कर आत्मसमपर्ण के लिए कहा। इस पर बदमाशों ने फायरिंग शुरू कर दी, जिसमें दो सिपाही घायल हो गये। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में गोली चलाई जिसमें दो बदमाश घायल हो गये, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया है। एनकाउंटर में मारे गए बदमाशों की पहचान हापुड़ निवासी रजा मोहम्मद उर्फ रजुआ उर्फ और बुलंदशहर का रहने वाला मोमीन के रूप में हुई है। रजा मोहम्मद पर मेरठ, गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर, बागपत, अमरोहा और अलीगढ़ समेत कई जिलों में 40 से अधिक मुकदमा दर्ज हैं। मोमीन पर अलीगढ़, बुलंदशहर, हापुड़ जिलों के थानों में 27 मुकदमें दर्ज हैं। इनके पास से तमंचा, कारतूस,मोटर साइकिल बरामद हुई है।

# सपा विधायक रविदास मल्होत्रा के घर चोरी

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** मध्य से सपा विधायक रविदास मल्होत्रा के विधायक निवास स्थित फ्लैट से लाखों का सामान चोरी होने का मामला सामने आया है। विधायक ने सोशल मीडिया का काम देखने वाले युवक अरिहंत जैन पर आईफोन-17 और दो कंप्यूटर लेकर फरार होने का आरोप लगाया है। आरोपी युवक सीसीटीवी कैमरे तोड़ते और साथियों के साथ देर रात सामान ले जाते दिख रहा है।

विधायक निवास रायल होटल-4 में फ्लैट नंबर-31 व 32 निवासी रविदास मेहरोत्रा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि जो फ्लैट आवंटित है, उसमें उनका कार्यालय भी चलता है। कुछ समय पहले अरिहंत जैन नाम का युवक सोशल मीडिया का काम करने के लिए उनके पास आया था। उसने फेसबुक, इंस्टाग्राम, ट्विटर और व्हाट्सएप संचालन के लिए हाई क्वालिटी कंप्यूटर, लैपटॉप और आईफोन-17 की जरूरत बताई थी। रविदास मल्होत्रा ने काम के लिए अरिहंत को कंप्यूटर और आईफोन उपलब्ध कराया था। उसे फ्लैट नंबर-32 में रहने की व्यवस्था भी दी थी। आरोप है कि गुरुवार-शुक्रवार की रात अरिहंत बिना बताए कमरे की चाबी लेकर फरार हो गया। कॉल करने पर उसका मोबाइल कभी ऑन तो कभी ऑफ बता रहा था। शक होने पर विधायक ने दूसरी चाबी से फ्लैट खुलवाया तो वहां से दो कंप्यूटर और आईफोन-17 गायब मिले। इसके बाद विधायक निवास में लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच कराई गई। जांच में सामने आया कि विधायक निवास के बाहर लगा एक सीसीटीवी कैमरा तोड़ दिया गया था। कार से दो युवक उतरे और अरिहंत के साथ मिलकर कमरे से सामान गाड़ी में रखकर फरार हो गए। कार से दो युवक उतरे और अरिहंत के साथ मिलकर कमरे से सामान गाड़ी में रखकर फरार हो गए। पुलिस कर रही मामले की जांच सीसीटीवी फुटेज में रात करीब एक बजे से 1:20 के बीच एक चार पहिया वाहन विधायक निवास में दाखिल होता दिखाई दिया। गाड़ी फ्लैट नंबर-32 के बाहर रुकी, जहां से दो युवक उतरे और अरिहंत के साथ मिलकर कमरे से सामान निकालकर कार की डिग्गी में रख लिया। इसके बाद सभी लोग वाहन से फरार हो गए। फुटेज में वाहन विधायक निवास से निकलकर बार्लिंग्टन चौराहे की तरफ जाता दिखाई दिया। हालांकि कैमरा क्षतिग्रस्त होने के कारण गाड़ी का नंबर स्पष्ट नहीं हो सका।मामले में इंस्पेक्टर हुसैनगंज शिव मंगल सिंह का कहना है- पुलिस मामले की जांच कर रही है और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश में जुटी है।

## तालाब में तीन मासूमों की डूबकर मौत

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जिले मौदहा थाना क्षेत्र स्थित खण्डेह गांव में सोमवार को तालाब में नहाने गये तीन मासूम बच्चों की डूबने से मौत हो गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने तीनों को निकलवाकरअस्पताल ले गये वहां डॉक्टरों ने तीनों को मृत घोषित कर दिया उसके बाद शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।अपर पुलिस अधीक्षक एके वर्मा ने बताया कि राम जानकी मंदिर स्थित तालाब में गांव के तीन लडके नहाने गये थे उसी दौरान तीनों बच्चे गहरे पानी में चले गये और चीख पुकार सुनकर वहां आस-पास के लोगों ने उन्हें बचाने का प्रयास किया लेकिन तब तीनों की मौत हो चुकी थी। मृतकों में प्रबल 10, आदित्य 9, भोला 10 तीनों खण्डेह गांव के निवासी थे।

# मोबाइल विवाद में युवकों पर हमला

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** बिजनौर थाना क्षेत्र में मोबाइल फोन को लेकर हुए विवाद के बाद युवकों पर हमला और मारपीट का मामला सामने आया है। इस घटना में तीन युवक घायल हुए हैं। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर राहुल शर्मा, रोहित मौर्य और करीब 40 अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मलिहाबाद के रसूलपुर निवासी शिवम यादव ने बताया कि 24 मई रविवार को उसके चचेरे भाई अजय सिंह (कृष्णा नगर, खुशी विहार फेस-2 निवासी) को सरोजनी नगर के गौरी निवासी राहुल नामक युवक ने बातचीत के लिए बुलाया था। इसके बाद शिवम यादव, अजय सिंह, संदीप रावत और दिलीप रावत माती स्विमिंग पूल पहुंचे, जहां राहुल अपने साथियों के साथ मौजूद था। पीड़ितों के अनुसार, स्विमिंग पूल में नहाने के बाद बाहर आने पर अजय सिंह का मोबाइल फोन गायब मिला। जब संदीप रावत ने राहुल को फोन कर मोबाइल के बारे में पूछा, तो उसने धमकी देते हुए उन्हें वहां से चले जाने को कहा। रात करीब नौ बजे राहुल शर्मा, रोहित मौर्य और लगभग 40 अज्ञात लोग मौके पर पहुंचे। उन्होंने लाठी-डंडों और हॉकी से हमला कर दिया। इस मारपीट में शिवम यादव और अजय सिंह के सिर में गंभीर चोटें आईं, जबकि संदीप रावत के कंधे में चोट लगी है। आरोप है कि हमलावरों ने पीड़ित की गाड़ी को भी क्षतिग्रस्त कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर राहुल शर्मा, रोहित मौर्य और लगभग 40 अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। मामले की आगे की जांच जारी है।

# फंदे से लटका मिला नवविवाहिता का शव



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** नवविवाहिता की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। ठाकुरगंज की रहने वाली 29 वर्षीय श्वेता सिंह का शव सोमवार सुबह ससुराल में फंदे से लटका मिला। परिजनों ने ससुराल पक्ष पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने और हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। श्वेता की शादी 22 नवंबर 2025 को ठाकुरगंज थाना क्षेत्र के काशी विहार निवासी शिवम सिंह से हुई थी। शिवम एक लैब में काम करता है। श्वेता का मायका विश्वनगर मल्हाई टोला, ठाकुरगंज में है। पिता उमेश कुमार सिंह ने बताया कि शादी के बाद से ही दहेज को लेकर बेटी को परेशान किया जाता था। भाई आशुतोष सिंह के मुताबिक, श्वेता की मां सविता सिंह एक निजी अस्पताल में भर्ती हैं। श्वेता शनिवार रात मां को देखकर ससुराल लौट गई थी। रविवार सुबह करीब 11 बजे ससुराल से फोन आया कि श्वेता ने आत्महत्या कर ली है। परिजनों का कहना है कि जब तक वे लोग मौके पर पहुंचे, तब तक शव को नीचे उतारकर ट्रॉमा सेंटर ले जाया जा चुका था। बहन ज्योति सिंह से भी सुबह बात हुई थी और तब तक सब सामान्य था। पिता उमेश कुमार सिंह ने ठाकुरगंज थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## लेखपाल परीक्षा में अफवाह फैलाने वालों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग ने लेखपाल मुख्य परीक्षा को लेकर अफवाह फैलानों वालों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। आयोग से मिली शिकायत के आधर पर लखनऊ के विभूतिखंड थाने में मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। पुलिस उपायुक्त पूर्वी, अपर पुलिस उपायुक्त पूर्वी और सहायक पुलिस आयुक्त विभूतिखंड की निगरानी में इस मामले की जांच की जाएगी। आयोग ने शिकायत में स्पष्ट किया कि लेखपाल पद पर चयन के लिए 44 जनपदों के 861 परीक्षा केंद्रों पर पूरी निष्पक्षता, पारदर्शिता और शुचितापूर्ण तरीके से संपन्न कराई गई थी।लेकिन अराजकतत्वों ने मुख्य परीक्षा में शामिल अभ्यर्थियों को गुमराह करने के लिए सोशल मीडिया पर असत्य एवं भ्रामक पोस्ट शेयर की है । इसके जरिए सरकार की छवि धूमिल करने और सरकारी कार्य में बाधा डालने का प्रयास किया गया। इससे पहले आयोग ने अभ्यर्थियों से अपील की थी कि वह किसी भी प्रकार की अफवाह या अपुष्ट सूचनाओं पर ध्यान न दें। केवल आयोग से जारी आधिकारिक सूचनाओं पर ही भरोसा करें। आयोग ने भरोसा दिलाया है कि भर्ती प्रक्रिया में पारदर्शिता और निष्पक्षता से किसी प्रकार का कोई समझौता नहीं किया जाएगा।दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई होंगी। पुलिस नें अफवाह फैलानें वालों की तलाश तेज कर दी है।

# क्रिकेट मैच के दौरान युवक पर हमला, दबंगों ने फोड़ा सिर

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** पारा थाना क्षेत्र स्थित कांशीराम कॉलोनी में क्रिकेट मैच के दौरान एक युवक पर हमला किया गया। आरोप है कि कुछ युवकों ने गाली-गलौज के बाद ईंट और क्रिकेट बैट से वार कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया।

पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, कांशीराम कॉलोनी सदरौना निवासी शुभम अग्निहोत्री शनिवार शाम करीब 6:30 बजे कॉलोनी के पीछे अपने साथियों के साथ क्रिकेट खेल रहा था। इसी दौरान मोहित यादव अपने दो अज्ञात साथियों के साथ बुलेट मोटरसाइकिल से मौके पर पहुंचा। आरोप है कि तीनों ने आते ही शुभम के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। शुभम द्वारा विरोध करने पर आरोपियों ने उस पर हमला कर दिया। पीड़ित के मुताबिक, हमलावरों ने पहले ईंट से उसके सिर पर वार किया, जिससे उसका सिर फट गया और खून बहने लगा। इसके बाद भी हमलावर नहीं रुके और क्रिकेट बैट से लगातार उसकी पिटाई करते रहे। मारपीट के दौरान शुभम बेहोश होकर जमीन पर गिर पड़ा। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके की ओर दौड़े तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए।

घटना के बाद परिजनों और स्थानीय लोगों की मदद से घायल युवक को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसका इलाज जारी है। पीड़ित शुभम अग्निहोत्री ने थाना पारा में तहरीर देकर आरोपी मोहित यादव और उसके दो अज्ञात साथियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। थाना पारा प्रभारी निरीक्षक सुरेश सिंह के निर्देश पर पुलिस ने प्रार्थना पत्र प्राप्त कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि जांच के आधार पर उचित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# ऑपरेशन दहन : 63 हजार किलो अवैध मादक पदार्थों को कराया नष्ट

## यूपी एएनटीएफ द्वारा एनडीपीएस नियम-2022 के तहत हुई कार्रवाई





**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) द्वारा पूरे प्रदेश में अवैध मादक पदार्थों के सुरक्षित और वैज्ञानिक निस्तारण के लिए 'ऑपरेशन दहन' अभियान चलाया जा रहा है।

यह विशेष अभियान उन नशीले पदार्थों को खत्म करने के लिए शुरू किया गया है, जो वर्षों से विभिन्न थानों के मालखानों में जब्त हालत में रखे हुए थे। डीजीपी के निर्देश पर शुरू किए गए इस अभियान का उद्देश्य केवल अवैध मादक पदार्थों को नष्ट करने के साथ ही थानों के मालखानों में जगह खाली कराने और उनके दुरुपयोग की संभावना को समाप्त करना भी है। अभियान की अवधि पहले 1 मार्च 2026 से 31 मई 2026 तक तय थी, लेकिन लक्ष्यों की पूर्ण प्राप्ति के लिए इसे बढ़ाकर 30 जून 2026 तक कर दिया गया है।


निस्तारण की पूरी प्रक्रिया एनडीपीएस एक्ट और एनडीपीएस नियम-2022 के अंतर्गत जीएसआर-899(ई) के अनुसार की जा रही है। पर्यावरण सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए मादक पदार्थों को खुले में न जलाकर अत्याधुनिक इनसिनरेटर के माध्यम से वैज्ञानिक तरीके से नष्ट किया जा रहा है, जिससे प्रदूषण को नियंत्रित किया जा सके। टीम के अधिकारियों के मुताबिक जब्त किए गए मादक पदार्थों में से लगभग 1,15,430 किलोग्राम का सैंपलिंग और न्यायालय से निस्तारण की अनुमति प्राप्त हो चुकी है।

इनमें से 63,901 किलोग्राम मादक पदार्थों का सफलतापूर्वक निस्तारण किया जा चुका है। निस्तारण के मामले में आगरा कमिश्नरेट सबसे आगे रहा, जहां 9,671.98 किलोग्राम मादक पदार्थ नष्ट किया गया है। इसके अलावा इटावा, सोनभद्र, मैनपुरी, हरदोई, शामली, बरेली, कासगंज, बुलंदशहर और कौशांबी जैसे जिलों ने भी बड़े पैमाने पर जब्त ड्रग्स का निस्तारण किया है।

# घर के किचन में लगी भीषण आग



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** इंदिरानगर इलाके में सोमवार दोपहर एक मकान के किचन में आग लग गई। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और आधे घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई।महावीर नगर सुगमऊ निवासी अवधेश कुमार त्रिपाठी के मकान में आग लग गई। उन्होंने दोपहर 1:36 बजे फायर स्टेशन इंदिरानगर कंट्रोल रूम को मकान में आग लगने की सूचना दी। मुख्य अग्निशमन अधिकारी के निर्देश पर प्रभारी अग्निशमन अधिकारी के.के. सिंह के नेतृत्व में फायर स्टेशन इंदिरानगर से एक फायर टैंकर तत्काल मौके के लिए रवाना किया गया। दमकल कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर देखा कि मकान के ग्राउंड फ्लोर पर बने किचन में आग लगी थी और लपटें तेजी से फैल रही थीं। टीम ने तुरंत तीन हाज पाइप बिछाकर पंपिंग शुरू की और आधे घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग को पूरी तरह बुझा दिया। समय रहते आग पर काबू पा लेने से बड़ा हादसा टल गया। घटना में कोई जनहानि नहीं हुई है।



# जनता दर्शन में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सुनीं समस्याएं

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सोमवार को 7-कालिदास मार्ग स्थित अपने कैंप कार्यालय में आयोजित 'जनता दर्शन' कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न जनपदों से पहुंचे नागरिकों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को उनके त्वरित, प्रभावी एवं संतोषजनक निस्तारण के निर्देश दिए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पुरुषों, महिलाओं, बुजुर्गों, दिव्यांगजनों और युवाओं ने भाग लेकर अपनी समस्याएं उप मुख्यमंत्री के समक्ष रखीं।जनता दर्शन के दौरान लोगों ने भूमि विवाद, राजस्व प्रकरण, चिकित्सा सहायता, पेंशन, आवास, सड़क, बिजली-पानी, पुलिस कार्रवाई, शिक्षा एवं रोजगार से जुड़ी समस्याएं उठाईं। उप मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि जनसमस्याओं के समाधान में किसी प्रकार की लापरवाही या शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि आवश्यकतानुसार अधिकारी मौके पर जाकर निरीक्षण करें और पीड़ितों को समयबद्ध राहत उपलब्ध कराएं।उप मुख्यमंत्री ने कहा कि जनता दर्शन सरकार और आमजन के बीच सीधे संवाद का प्रभावी माध्यम है, जिससे



वास्तविक समस्याओं की जानकारी मिलती है और उनका शीघ्र समाधान संभव हो पाता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार जनहित और सुशासन के संकल्प के साथ कार्य कर रही है तथा प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं और सुविधाओं का लाभ पहुंचाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।केशव प्रसाद मौर्य ने भरोसा दिलाया कि कोई भी फरियादी निराश नहीं लौटेगा और प्रत्येक समस्या के समाधान का हरसंभव प्रयास किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों का निस्तारण केवल औपचारिकता तक सीमित न रहे, बल्कि ऐसा समाधान किया जाए जिससे पीड़ित पूरी तरह संतुष्ट हो और उसे बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें।उन्होंने विशेष रूप से महिलाओं, बुजुर्गों, दिव्यांगजनों और कमजोर वर्गों से जुड़े मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करने के निर्देश दिए। भूमि विवाद एवं अवैध कब्जों के मामलों को गंभीरता से लेते हुए उन्होंने संबंधित जिलाधिकारियों को निर्देश दिया कि राजस्व और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम मौके पर भेजकर निष्पक्ष एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि उत्पीड़न और अवैध कब्जों के मामलों में आवश्यकता पड़ने पर कठोर कार्रवाई भी की जाए।जनता दर्शन के दौरान मथुरा की राजकुमारी, जौनपुर के सुरेश चन्द्र मिश्रा तथा इटावा के सुधीर सिंह ने जमीनी विवाद से संबंधित समस्याएं रखीं। उप मुख्यमंत्री ने संबंधित जिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम बनाकर मौके पर भेजी जाए और समस्या का समाधान सुनिश्चित कराया जाए।शाहजहांपुर के नीरज ने प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत आवास दिलाने का अनुरोध किया, जबकि बहराइच की विट्टा ने चकबंदी से संबंधित मामले के निस्तारण की मांग की। लखनऊ के राम बहादुर अग्निहोत्री ने कैंसर से पीड़ित अपनी पुत्री के इलाज के लिए मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से आर्थिक सहायता दिलाने का अनुरोध किया।इसके अलावा मैनपुरी के अरविंद कुमार, संभल की रोनवती, चंदौली के शिवाजी मौर्य, हापुड़ के आनंद सैनी, औरैया के कृष्णदेव तथा कानपुर देहात के गंगाराम ने भी अपनी समस्याएं उप मुख्यमंत्री के समक्ष रखीं।जनता दर्शन के दौरान उप मुख्यमंत्री स्वयं फरियादियों के बीच पहुंचे और उनसे सीधे संवाद कर समस्याएं सुनीं। उन्होंने मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के समाधान के निर्देश दिए। कार्यक्रम में दो दर्जन से अधिक श्रेणियों से जुड़े कई सौ लोगों ने अपनी समस्याएं प्रस्तुत कीं।उप मुख्यमंत्री ने कहा कि जनसमस्याओं का समाधान समयबद्ध, पारदर्शी और जवाबदेही के साथ होना चाहिए, ताकि शासन-प्रशासन के प्रति आमजन का विश्वास और अधिक मजबूत हो सके। उन्होंने कई जिलों के जिलाधिकारियों और वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों से दूरभाष पर वार्ता कर मामलों के त्वरित निस्तारण के निर्देश भी दिए।

# औद्योगिक विकास को नई रफ्तार देने की तैयारी

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में औद्योगिक पारिस्थितिकी तंत्र को जिला स्तर पर और मजबूत बनाने के उद्देश्य से इन्वेस्ट यूपी ने सोमवार से भारतीय प्रबंधन संस्थान लखनऊ में जिला उद्योग केंद्र (डीआईसी) अधिकारियों, संयुक्त आयुक्त उद्योग, क्षेत्रीय प्रबंधकों और औद्योगिक विकास प्राधिकरणों के नोडल अधिकारियों के लिए पांच दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यशाला शुरू की।कार्यक्रम का उद्घाटन उत्तर प्रदेश सरकार के अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त दीपक कुमार ने किया। इस अवसर पर इन्वेस्ट यूपी की अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी प्रेरणा शर्मा भी मौजूद रहीं। दीपक कुमार ने अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सर्वोत्तम प्रदेश के विजन और विकसित भारत-2047 के लक्ष्य को हासिल करने में उत्तर प्रदेश की बड़ी भूमिका है। उन्होंने कहा कि बेहतर कानून व्यवस्था, पारदर्शी शासन और निवेशकों को सक्रिय सहयोग ने प्रदेश को औद्योगिक निवेश का मजबूत केंद्र बनाया है। उन्होंने डीआईसी अधिकारियों को नीति निर्माण और जमीनी क्रियान्वयन के बीच महत्वपूर्ण कड़ी बताते हुए उद्यमियों के मार्गदर्शन, एक जिला एक उत्पाद (ओडीओपी) योजना को मजबूत करने और वैश्विक औद्योगिक प्रथाओं को अपनाने पर जोर दिया। 'लर्निंग जर्नी ऑफ डीआईसी' थीम पर आधारित इस राज्य स्तरीय कार्यक्रम के तहत अब तक लगभग 122 अधिकारियों को प्रशिक्षित किया जा चुका है। यह इस प्रशिक्षण श्रृंखला का तीसरा और अंतिम बैच है। कार्यक्रम का उद्देश्य जमीनी स्तर पर संस्थागत क्षमता बढ़ाना, ईज ऑफ डूइंग बिजनेस व्यवस्था को मजबूत करना और प्रदेश की ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था के विजन को गति देना है।अगले पांच दिनों में प्रतिभागियों को व्यवहारिक नेतृत्व, वित्त एवं निवेश प्रशासन, स्टार्टअप इकोसिस्टम, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन, संचार रणनीतियों और उभरते औद्योगिक रुझानों पर गहन प्रशिक्षण दिया जाएगा। अधिकारियों को निवेशक सुविधा और औद्योगिक विकास को अधिक प्रभावी बनाने के लिए आधुनिक प्रशासनिक दृष्टिकोण और व्यावहारिक कौशल से भी सशक्त किया जाएगा।

# स्टांप पंजीयन मंत्री ने किया उप निबन्धक कार्यालय सरोजनी नगर का शिलान्यास

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ ।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल मार्गदर्शन में

**-नये भवन के निर्माण से रजिस्ट्री कार्यों में जनता को मिलेगी बड़ी सुगमता**

**-स्थानीय विधायक राजेश्वर सिंह रहे मौजूद**

सोमवार को लखनऊ के सरोजनी नगर में 'कार्यालय उप निबन्धक सरोजनी नगर प्रथम व द्वितीय' के नवनिर्मित होने वाले भवन का भूमि पूजन एवं शिलान्यास कार्यक्रम भव्य



रूप से संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम का शिलान्यास मुख्य अतिथि राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), स्टाम्प न्यायालय शुल्क एवं पंजीयन विभाग रवीन्द्र जायसवाल ने किया। इस अवसर पर राज्य मंत्री रवीन्द्र जायसवाल ने कहा कि नये कार्यालय भवन के निर्माण से क्षेत्र की जनता को रजिस्ट्री एवं अन्य विभागीय कार्यों में काफी सुगमता होगी। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार की प्राथमिकता पारदर्शी और सुलभ व्यवस्था प्रदान करना है, जिससे नागरिकों को आधुनिक सुविधाओं से युक्त वातावरण में विभागीय सेवाएँ प्राप्त हो सकें। सरोजनी नगर के विधायक राजेश्वर सिंह ने इस विकास कार्य के लिए मुख्यमंत्री और विभागीय मंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह नया कार्यालय क्षेत्र की जनता के लिए एक बड़ी सौगात है, जिससे स्थानीय स्तर पर ही समस्याओं का निराकरण हो सकेगा। नवनिर्मित होने वाले इस आधुनिक कार्यालय भवन का कुल क्षेत्रफल 1500 वर्ग मीटर है। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा इस अत्याधुनिक और सर्वसुविधायुक्त परिसर के निर्माण के लिए 327.95 लाख रुपए की कुल लागत स्वीकृत की गई है। जनहित के इस महत्वपूर्ण कार्य को पूरी गुणवत्ता के साथ पूरा करने के लिए 6 माह की समय सीमा निर्धारित की गई है, जिससे स्थानीय नागरिकों को जल्द से जल्द इस नई व्यवस्था का लाभ मिल सके।

इस दौरान अपर महानिरीक्षक निबंधन निरंजन कुमार, उप महानिरीक्षक निबंधन देवीपाटन मण्डल महेश मिश्रा, सहायक महानिरीक्षक निबंधन लखनऊ रमेश चन्द्र,राजेश तिवारी, उप निबंधक सरोजनीनगर संतोष सिंह, तथाप्रीती विक्रम सिंह, बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक और अन्य प्रशासनिक विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।



अखिलेश के भाई प्रतीक यादव को पुष्पांजलि अर्पित करते हुए सीएम योगी

# संविधान की रक्षा के लिए अंतिम सांस तक लड़ेंगे : अजय राय

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी की ओर से रविवार को नेहरू भवन स्थित प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में 'लोकतंत्र के प्रहरी' व्याख्यान श्रृंखला भाग-2 के अंतर्गत सामाजिक अन्याय और राजनीतिक उदासीनता विषय पर संगोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय शामिल हुए, जबकि मुख्य वक्ता के तौर पर प्रो रूपरेखा वर्मा ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन आमिर रज़ा और संयोजन नीलम सिंह वैश्य ने किया।संगोष्ठी को संबोधित करते हुए प्रो. रूपरेखा वर्मा ने कहा कि सामाजिक न्याय भारतीय संविधान की प्रस्तावना में निहित है और लोकतंत्र मानव सभ्यता के विकास की सबसे महत्वपूर्ण सामाजिक व्यवस्था है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र ऐसी व्यवस्था है जिसमें जाति, धर्म, भाषा, क्षेत्र और समुदाय के आधार पर भेदभाव किए बिना सभी को बराबरी का अधिकार मिलता है। उन्होंने कहा कि आजाद भारत में लोकतांत्रिक और सामाजिक मूल्यों को लगातार मजबूत किया गया, लेकिन वर्ष 2014 के बाद केंद्र की सरकार ने इन मूल्यों को कमजोर करने का काम शुरू किया। उन्होंने लोकतांत्रिक संस्थाओं और सामाजिक न्याय की रक्षा के लिए समाज को सजग रहने का आह्वान किया।प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि देश में आम लोगों की स्थिति लगातार खराब होती जा रही है। उन्होंने महोबा की एक दलित छात्रा के साथ हुई घटना का उल्लेख करते हुए कहा कि यह बेहद दर्दनाक और अमानवीय घटना है। प्रदेश अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि जो भी व्यक्ति व्यवस्था के खिलाफ सच बोलता है, सरकार उसके खिलाफ अपनी मशीनरी का दुरुपयोग कर उसकी आवाज दबाने की कोशिश करती है। उन्होंने कहा कि उनके खिलाफ भी प्राथमिकी दर्ज कर उन्हें रोकने का प्रयास किया जा रहा है, लेकिन कांग्रेस कार्यकर्ता संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए अंतिम सांस तक संघर्ष करते रहेंगे। उन्होंने ने कहा कि कांग्रेस पार्टी लोकतांत्रिक मूल्यों की पुनर्स्थापना के लिए इस प्रकार की संगोष्ठियों का आयोजन मंडल, जिला और ब्लॉक स्तर तक करेगी। उन्होंने कहा कि इन कार्यक्रमों के माध्यम से आम लोगों को जागरूक किया जाएगा और लोकतंत्र को मजबूत करने का अभियान चलाया जाएगा।

# न्यू एज स्किल्स से युवाओं को मिलेगा रोजगार : कपिल देव

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने कहा है कि प्रदेश सरकार युवाओं को आधुनिक तकनीकी प्रशिक्षण देकर आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में तेजी से काम कर रही है। सोमवार को विधानसभा स्थित कार्यालय में प्रशिक्षण एवं सेवायोजन स्थायी समिति की बैठक में उन्होंने बताया कि रोबोटिक्स, सीएनसी मशीनिंग, इलेक्ट्रिक व्हीकल और कंप्यूटर जैसे न्यू एज स्किल्स पर विशेष फोकस किया जा रहा है।उन्होंने बताया कि टाटा टेक्नोलॉजीज के सहयोग से प्रदेश के 150 आईटीआई संस्थानों का आधुनिकीकरण किया जा रहा है। इन संस्थानों में अत्याधुनिक मशीनें और तकनीकी संसाधन उपलब्ध कराए जाएंगे, जिससे युवाओं को उद्योगों की जरूरत के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण मिल सके। वर्तमान में सरकारी आईटीआई में लगभग 1.29 लाख और निजी आईटीआई में 2.77 लाख युवाओं का प्रवेश हुआ है। मंत्री ने कहा कि प्रोजेक्ट प्रवीण के माध्यम से इंटर कॉलेज स्तर के विद्यार्थियों को सामान्य शिक्षा के साथ तकनीकी दक्षता से जोड़ा जा रहा है। वहीं, प्रदेश में पांच सेंटर ऑफ इनोवेशन, इंटीग्रेशन एंड इनोवेशन भी स्थापित किए जा रहे हैं, जिन्हें आगे चलकर सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के रूप में विकसित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि स्टेट स्किल डेवलपमेंट फंड (स्स्ष्ठस्न) के लिए 1000 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। रोजगार मेलों के जरिए प्रशिक्षित युवाओं को उद्योगों से जोड़ने की प्रक्रिया को भी मजबूत किया जा रहा है। साथ ही जिला स्तर पर स्किल मैपिंग एवं सर्वेक्षण कर स्थानीय उद्योगों की जरूरत के अनुसार प्रशिक्षण कार्यक्रम तैयार किए जाएंगे।

# महापौर ने फतेहगंज, गुदड़ी बाजार चौराहा तक निकाली स्वच्छता पदयात्रा

**स्वतंत्र भारत लखनऊ।** सोमवार को महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी ने पदयात्रा निकालकर लोगों का आह्वान किया कि आगामी 31 मई को सुबह 7.00 बजे घर से निकलें और महज आधा घंटा सफाई कर सामूहिक स्वच्छता का इतिहास रच दें। वह फतेहगंज चौराहा से अकब बजाजा, चौक होते हुए गुदड़ी बाजार चौराहे तक निकली पदयात्रा के दौरान लोगों से संपर्क कर रहे थे। इस दौरान जगह-जगह स्टिकर लगाकर आमजन को आगामी 31 मई को सुबह सात बजे नगर निगम क्षेत्र में चलाए जाने वाले स्वच्छता के महाअभियान एक रविवार, हर परिवार, करे गंदगी पर वार में सहभागिता का संदेश दिया गया। पदयात्रा के दौरान महापौर ने लोगों के घरों पर दस्तक दी और सफाई के मामले में नगर को देश के टॉप टेन महानगरों में लाने में जन-जन से भागीदारी सुनिश्चित करने की अपेक्षा की। पदयात्रा में शामिल नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार ने लोगों से कहा कि 31 मई को अपने घरों के आसपास महज आधा घंटा सफाई करने से नगर को साफ-सुथरा बनाने की प्रेरणा भी मिलेगी। नगर निगम के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश पांडेय ने बताया कि एक घंटे




चली पदयात्रा में ध्वनि विस्तारक वाहनों से सूचना भी प्रसारित की और अभियान में शामिल होने के लिए फॉर्म भरने की भी जानकारी दी गई। इस यात्रा में अपर नगर आयुक्त डॉ. नागेंद्र नाथ, भारत भार्गव के अलावा वरिष्ठ पार्षद अनिल सिंह, हरिश्चंद्र अग्रहरि, दीप कुमार, अनीता द्विवेदी, पूर्व सभापति राजेश गौड़, अजय पांडेय, ज्ञान केसरवानी, सामाजिक कार्यकर्ता विजय सिंह बंटी, भाजपा के मंडल अध्यक्ष रवि सोनकर, हेमंत जायसवाल, पूर्व मंडल अध्यक्ष आलोक द्विवेदी, अमरेंद्र सिंह कर्फ्यू, नीलकमल अग्रवाल, सुबोध चतुर्वेदी, सतीश पांडे, प्रेमप्रकाश मिश्र, दीपांशु साहू, संजय साहू, पुर्णेन्द त्रिपाठी, आशीष कौर, रीना सिंह, रुचिरा सिंह, आलोक सिंह राना, श्रीनिवास शास्त्री आदि शामिल थे।

# जिला उद्योग अफसरों को इन्वेस्ट यूपी दिला रहा आईआईएम में बिजनेस ट्रेनिंग

## पांच दिवसीय कार्यक्रम में नेतृत्व, निवेशक सुविधा, एआई औद्योगिक पर विशेष फोकस

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो,लखनऊ ।** प्रदेश में जिला स्तर पर औद्योगिक पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, इन्वेस्ट यूपी ने सोमवार को भारतीय प्रबंधन संस्थान,लखनऊ में जिला उद्योग केंद्र अधिकारियों, संयुक्त आयुक्त उद्योग, क्षेत्रीय प्रबंधकों तथा औद्योगिक विकास प्राधिकरणों के नोडल अधिकारियों के लिए पांच दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यशाला का शुभारंभ किया। कार्यक्रम का उद्घाटन उत्तर प्रदेश सरकार के अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त दीपक कुमार ने किया। इस अवसर पर इन्वेस्ट यूपी की अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी प्रेरणा शर्मा भी उपस्थित रहीं। प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए दीपक कुमार ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के उत्तर प्रदेश को 'सर्वोत्तम प्रदेश' बनाने के विजन और विकसित भारत 2047 के राष्ट्रीय लक्ष्य में प्रदेश की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि पारदर्शी शासन, सुदृढ़ कानून व्यवस्था और निवेशकों को सक्रिय सहयोग आज उत्तर प्रदेश के औद्योगिक परिवर्तन के प्रमुख आधार बन चुके हैं।

उन्होंने डीआईसी अधिकारियों की भूमिका को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि वे नीति निर्माण और जमीनी क्रियान्वयन के बीच एक अहम कड़ी हैं। उन्होंने अधिकारियों से उद्यमियों का मार्गदर्शन करने, एक जिला एक उत्पाद (ओडीओपी) पहल को और मजबूत बनाने तथा वैश्विक प्रथाओं को अपनाकर प्रदेश में समावेशी औद्योगिक विकास को गति देने का आह्वान किया।

यह कार्यशाला तीसरे और अंतिम बैच की शुरुआत है।'लर्निंग जर्नी ऑफ डीआईसी' थीम पर आधारित इस राज्य स्तरीय कार्यक्रम के अंतर्गत लगभग 122 अधिकारियों को प्रशिक्षित किया गया है। इस पहल का उद्देश्य जमीनी स्तर पर संस्थागत क्षमता को सुदृढ़ करना, ईज ऑफ डूइंग बिजनेस व्यवस्था को और मजबूत बनाना तथा प्रदेश के ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था विजन को आगे बढ़ाना है।

अगले पांच दिनों के दौरान प्रतिभागी अधिकारियों को व्यवहारिक नेतृत्व, वित्त एवं निवेश प्रशासन, स्टार्टअप इकोसिस्टम, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन, संचार रणनीतियों और उभरते औद्योगिक रुझानों पर गहन प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह कार्यक्रम जिला स्तर के अधिकारियों को निवेशक सुविधा, नीति क्रियान्वयन और औद्योगिक विकास को अधिक प्रभावी बनाने के लिए आधुनिक प्रशासनिक दृष्टिकोण और व्यावहारिक कौशल से सशक्त करेगा।

**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

मुख्य कारखाना प्रबंधक, सवारी एवं माल डिब्बा कारखाना, आलमबाग, लखनऊ निम्न कार्य के लिए ई–निविदा आमंत्रित करते हैं।

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम | कन्वर्शन ऑफ बी0जी0 कोचेज इनटू ए0आर0टी0/ए0आर0एम0ई0। |
| कार्य स्थल | सवारी डिब्बा कारखाना, आलमबाग, लखनऊ |
| अनुमानित लागत | रु.3,42,29,126/– मात्र |
| निविदा प्रपत्र का मूल्य | शून्य। |
| बिड सिक्युरिटी | रु.6,84,600/– मात्र |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 18 माह |
| निविदा जमा करने की तिथि एवं समय | दिनांक 15.06.2026 समय 15:00 बजे तक। |
| प्रमाणपत्र | फर्म के सभी Members द्वारा ANNEXURE-A (यदि Company /Proprietorship फर्म है) के साथ Annexure-A(a) (यदि Partnership/HUF/JV/LLP फर्म है) के अनुरूप प्रमाणपत्र अवश्य अपलोड किया जाना चाहिए। |
| खुलने का समय | निविदा फार्म जमा होने के पश्चात निविदा को किसी भी समय खोला जायेगा। निविदाकर्ताओं को निविदा खुलने के दौरान उपस्थित रहने की आवश्यकता नहीं है। |
| कार्यालय जहां से निविदा प्रपत्र क्रय किया जा सकता है। / वेबसाइट विवरण जहां निविदा का पूरा विवरण आदि देखा जा सकता है | निविदा सूचना एवं प्रपत्र का पूर्ण विवरण नियम व शर्तो सहित वेबसाइट www.ireps.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है। |

निविदा सूचना सं. 2026–ए.एम.वी.–सी एंड डब्लू ई निविदा–20
दिनांक : 23.05.2026 1757/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड**

अधीक्षण अभियन्ता, तकनीकी, जानकीपुरम क्षेत्र, लखनऊ

**अल्पकालीन ई–निविदा सूचना :** वि०आ०सं०–1260 दिनांक 25.05.2026

1.22/S.E.(TECH)/J.Z./2026–27,बिजनेस प्लान वर्ष 2026–27 के अन्तर्गत 33/11 के०वी० विद्युत उपकेन्द्र दाउदनगर से 33/11 के०वी० विद्युत उपकेन्द्र फैजुल्लागंज तक एक अतिरिक्त नयी (इंटरलिकिंग) 33 के०वी० विद्युत लाइन बनाये जाने का कार्य। प्रपत्र शुल्क–रू0 3540, धरोहर धनराशि रू0 49200।

2.23/S.E.(TECH)/J.Z./2026–27,बिजनेस प्लान वर्ष 2026–27 के अन्तर्गत 220 के०वी० बी०के०टी० से 33/11 के०वी० विद्युत उपकेन्द्र मामपुर बाना तक एक अतिरिक्त नयी (इंटरलिकिंग) 33 के०वी० विद्युत लाइन बनाये जाने का कार्य। प्रपत्र शुल्क–रू0 3540, धरोहर धनराशि रू0 37500।

3.24/S.E.(TECH)/J.Z./2026–27, बिजनेस प्लान वर्ष 2026–27 के अन्तर्गत 33/11 के०वी० उपकेन्द्र मामपुरवाना पर एक नग अतिरिक्त 5 एमवीए पावर परिवर्तक की स्थापना का कार्य। प्रपत्र शुल्क–रू0 3540, धरोहर धनराशि रू0 11600।

4.25/S.E.(TECH)/J.Z./2026–27, बिजनेस प्लान वर्ष 2026–27 के अन्तर्गत 33/11 के0वी0 उपकेन्द्र साढ़ामऊ पर एक नग अतिरिक्त 5 एमवीए पावर परिवर्तक की स्थापना का कार्य। प्रपत्र शुल्क–रू0 3540, धरोहर धनराशि रू0 11700।

5.26/S.E.(TECH)/J.Z./2026–27, बिजनेस प्लान वर्ष 2026–27 के अन्तर्गत 33/11 के0वी0 विद्युत उपकेन्द्र अहिवरनपुर हेतु मारूति शोरूम से केबिल एक्सपोजर तक अण्डरग्राउण्ड क्षतिग्रस्त सिंगल सर्किट केबिल को बदलने का कार्य। प्रपत्र शुल्क–रू0 3540, धरोहर धनराशि रू0 19500 ।

6.27/S.E.(TECH)/J.Z./2026–27, बिजनेस प्लान वर्ष 2026–27 के अन्तर्गत 33/11 के०वी० विद्युत उपकेन्द्र बौरूमऊ, कम्हरावाँ, इटौंजा एवं गोयल चौराहा की क्षतिग्रस्त 33 के०वी० वी०सी०बी० बदलने एवं 33/11 के0वी0 उपकेन्द्र कम्हरावॉ एवं गोयल चौराहा की क्षतिग्रस्त 11 के०वी० वी०सी०बी० बदलने तथा 33/11 के०वी० उपकेन्द्र बीकेटी, जीपीआरए, एन०सी०एल०यू०, सृष्टि अपार्टमेण्ट, सुभाष पार्क एवं फैजुल्लागंज पर क्षतिग्रस्त एवं नयी 33 के०वी०, वी०, पी०टी०, बैटरी चार्जर एवं आइसोलेटर लगाने का कार्य। प्रपत्र शुल्क–रू0 1180, धरोहर धनराशि रू0 7200।

ई–निविदा की अन्तिम तिथि : 09 जून 2026, 14.00 बजे

विस्तृत जानकारी एवं प्रपत्र वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। अग्रेतर समस्त सूचानाएं वेबसाइट पर ही प्रदर्शित की जायेगी।

# सड़क हादसों में पिता-पुत्र समेत चार की मौत

## कार ने बाइक में मारी टक्कर, पिता-पुत्र की मौत

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के वाराणसी जनपद के फूलपुर थाना क्षेत्र के पिंडरा स्थित मीराशाह के समीप सोमवार सुबह करीब 10 बजे के बाद तेज रफ्तार पिकअप ने बाइक सवार दो युवकों को टक्कर मार दी हादसे में दोनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने मृतकों की पहचान कराने का प्रयास कराया लेकिन पहचान नहीं हो सकी इससे मृतकों की फोटो सोशल मीडिया पर वायरल कर पहचान करने की अपील की है। वहीं दूसरा हादसा सुल्तानपुर जिले के बंधुवा कला थाना क्षेत्र के अलीगंज चौकी अंतर्गत सोमवार को तेज रफ्तार कार सवार ने मोटर साईकिल सवार पिता-पुत्र को टक्कर मार दी। इस हादसे में दोनों की मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने पुलिस को बताया कि दोनों युवक मोटरसाइकिल से जा रहे थे, तभी पीछे से आ रही तेज रफ्तार पिकअप ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और दोनों युवक सड़क पर दूर जा गिरे। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को जानकारी दी। फूलपुर थाना पुलिस ने दोनों घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतकों की पहचान कराने का काफी प्रयास किया, लेकिन उनकी शिनाख्त नहीं हो सकी थी। पुलिस ने दोनों युवकों की तस्वीरें सोशल मीडिया पर जारी कर आमजन से पहचान कराने की अपील की है। थाना प्रभारी ने बताया कि शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। दुर्घटना में शामिल पिकअप वाहन की तलाश की जा रही है तथा मामले की जांच जारी है।

### कार ने बाइक सवार पिता-पुत्र को मारी टक्कर, मौत

उत्तर प्रदेश के सुलतानपुर जिले के बंधुआ कला थाना क्षेत्र के कुड़वार थाना इलाके के बहमरपुर निवासी राजाराम प्रजापति (50) व उनके पुत्र सिकंदर प्रजापति(25) दोनों अपने रिश्तेदार के यहां से सोमवार की सुबह दोनों घर लौट रहे थे। जैसे ही वह हकुआ मोड़ के पास पहुंचे उसी दौरान सामने से आ रही तेज रफ्तार कार ने उनकी मोटर साइकिल में टक्कर मार दी। हादसे में दोनों घायल हो गये स्थानीय नागरिकों ने मुसाफिरखाना स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां हालत बिगड़ते देख डॉक्टरों ने मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया जहां दोनों की मौत हो गई। मृतक राजाराम प्रजापति राजगीर का काम करते थे, उनकी तबीयत खराब होने से घर पर ही रहते थे। वहीं बेटा सिकंदर सूरत में प्राइवेट नौकरी करता था। एक माह पहले वह छुट्टी लेकर घर आया था। थाना प्रभारी प्रमोद ने बताया कि सड़क हादसे में पिता पुत्र की मौत हो गई है। घटना करने वाली कार को कब्जे में लेकर थाने लाकर चालक की तलाश करने के साथ ही विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# प्रेमिका से मिलने पहुंचे दोस्त बने कातिल, मुठभेड़ में गिरफ्तार



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** मीरजापुर जनपद की पड़री पुलिस ने हत्या के एक सनसनीखेज मामले का खुलासा करते हुए मुख्य अभियुक्त को पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान घायल अवस्था में गिरफ्तार किया है। अभियुक्त के कब्जे से 315 बोर का कट्टा, एक जिंदा कारतूस, एक खोखा कारतूस तथा हत्या की घटना में प्रयुक्त गमछा बरामद किया है। पुलिस अधीक्षक (नगर) नितेश सिंह ने बताया कि 24 मई की रात सूचना मिली कि थाना पड़री में दर्ज हत्या के मुकदमे में नामजद अभियुक्त मोटरसाइकिल से ग्राम गौराराज की ओर जा रहा है। सूचना पर सक्रिय पुलिस टीम ने बौड़री पहाड़ी के पास घेराबंदी कर अभियुक्त को रोकने का प्रयास किया। इस दौरान खुद को घिरता देख अभियुक्त ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग शुरू कर दी।पुलिस ने आत्मरक्षा में की गई जवाबी फायरिंग में अभियुक्त के पैर में गोली लग गई, जिसके बाद उसे पकड़ लिया गया। पूछताछ में उसने अपना नाम अजय बिंद निवासी सुखनई थाना मड़िहान जनपद मीरजापुर बताया। तलाशी के दौरान उसके पास से घटना में प्रयुक्त अवैध तमंचा, कारतूस और गमछा बरामद हुआ।पुलिस पूछताछ में अभियुक्त ने बताया कि उसके दोस्त राजन उर्फ साजन का मृतका से पहले से संबंध था। दोनों मृतका से मिलने गए थे, जहां राजन शारीरिक संबंध बना रहा था। इसी दौरान अजय ने भी उससे संबंध बनाने का प्रयास किया, जिसका मृतका ने विरोध किया और शोर मचाने लगी।

आरोप है कि इसके बाद अजय ने मृतका के सीने पर पत्थर से हमला किया तथा दोनों ने मिलकर गमछे से उसका मुंह और गला दबाकर हत्या कर दी। बाद में शव को खेत में फेंककर फरार हो गए।घटना के बाद मृतका के परिजन ने मुकदमा दर्ज कराए जाने पर आरोपित गिरफ्तारी से बचने के लिए भाग रहा था। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर अग्रिम विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। वहीं, मौके से बरामद मोटरसाइकिल को धारा 207 एमवी एक्ट के तहत सीज कर दिया गया है। इस कार्रवाई में थाना पड़री के प्रभारी निरीक्षक उप निरीक्षक प्रदीप कुमार सिंह एवं उनकी पुलिस टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# आलोक सिंह ने संभाला पीएसी और एसएसएफ डीजी का कार्यभार

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** आलोक सिंह, आईपीएस द्वारा पुलिस महानिदेशक, पीएसी पद का कार्यभार ग्रहण किया गया। इस अवसर पर डॉ. रामकृष्ण स्वर्णकार, पूर्व अपर पुलिस महानिदेशक पीएसी,

### निर्माणाधीन मुख्यालय का किया निरीक्षण

डॉश प्रीतिन्दर सिंह, पुलिस महानिरीक्षक मध्य जोन, डीआईजी अनीस अहमद अंसारी व सुनीता सिंह, अमित कुमार सेनानायक 35वीं वाहिनी पीएसी सहित पीएसी मुख्यालय के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे ।

तदोपरांत आलोक सिंह, आईपीएस द्वारा पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश विशेष सुरक्षा बल पद का भी कार्यभार ग्रहण किया गया। इस दौरान उनके द्वारा 32वीं वाहिनी पीएसी लखनऊ परिसर स्थित उत्तर प्रदेश विशेष सुरक्षा बल मुख्यालय में उपस्थित विभिन्न कार्यालयों का भ्रमण एवं निरीक्षण किया गया ।




इसके उपरांत दरोगा खेड़ा, लखनऊ में उत्तर प्रदेश विशेष सुरक्षा बल के निर्माणाधीन मुख्यालय भवन एवं महिला वाहिनी का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण एवं शीघ्रतापूर्वक कार्य पूर्ण किये जाने के लिए निर्देश प्रदान किए गए। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश विशेष सुरक्षा बल एवं 32वीं वाहिनी पीएसी लखनऊ के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# बाइक टकराने के दौरान पिता-पुत्र का हत्यारोपित मुठभेड़ में गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** कानपुर के नौबस्ता थाना क्षेत्र स्थित विराट नगर में देर रात बाइक टकराने के बाद हुए खूनी विवाद में पिता और पुत्र की हत्या करने वाले मुख्य आरोपित समेत तीन लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। सोमवार सुबह पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ हुई, जिसमें मुख्य आरोपित करन वर्मा के पैर में गोली लगी। पुलिस ने घायल को कांशीराम अस्पताल में भर्ती कराया है।







पुलिस के मुताबिक चकेरी थाना क्षेत्र की कांशीराम कॉलोनी निवासी शिवनारायण तिवारी (57) अपने बेटों शिवम तिवारी (25) और सत्यम तिवारी के साथ देर रात काम खत्म कर घर लौट रहे थे। तीनों किदवई नगर स्थित कनक मार्बल शॉप में काम करते हैं। यशोदा नगर इलाके में रास्ते में दूसरी बाइक से टक्कर होने के बाद विवाद शुरू हो गया। आरोप है कि बाइक सवार करन वर्मा, उज्ज्वल अवस्थी और शिवा वर्मा ने पहले गाली-गलौज और मारपीट की, फिर चाकू और ईंट से हमला कर दिया।

हमले में शिवनारायण तिवारी (और उनके बेटे शिवम तिवारी की मौत हो गई, जबकि सत्यम गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने एक आरोपित शिवा वर्मा को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया था, जबकि दो फरार हो गए थे। वारदात के बाद करन वर्मा अपने साथियों के साथ बंबा स्थित स्कोमिया अकादमी के पास खाली प्लॉट में छिपा हुआ था।

सोमवार सुबह सूचना मिलने पर पुलिस ने घेराबंदी की। खुद को घिरता देख आरोपितों ने भागने की कोशिश की।

इसी दौरान करन ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में उसके पैर में गोली लग गई, जबकि अन्य दोनों आरोपितों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

बाइक टकराने के बाद मामूली विवाद ने हिंसक रूप लेकर आरोपितों ने हमला कर बाप-बेटे की जान चली गई उसके बाद फरार आरोपितों की तलाश में पुलिस लगी थी उसी दौरान सोमवार सुबह सूचना मिलने पर टीम ने घेराबंदी कर आरोपित करन वर्मा को सरेंडर करने को कहा गया उसी दौरान पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी जिसके जवाबी कार्रवाई में वह घायल हो गया उसके अन्य दोनों आरोपियों को भी गिरफ्तार किया गया है।

**रघुबीर लाल पुलिस आयुक्त कानपुर**

# मत्स्य पालन से बदल रही ग्रामीण अर्थव्यवस्था, सरकारी योजनाओं से महिला उद्यमियों को मिल रही नई पहचान

**स्वतंत्र भारत लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में कृषि और उससे जुड़े क्षेत्रों में नवाचार के माध्यम से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में मत्स्य पालन तेजी से उभरता हुआ लाभकारी क्षेत्र बन गया है। प्रदेश सरकार की विभिन्न योजनाओं और अनुदान आधारित पहलों के चलते मछली पालन अब पारंपरिक व्यवसाय की सीमाओं से निकलकर आधुनिक और अधिक मुनाफे वाले उद्योग का रूप ले रहा है। इससे किसानों, महिलाओं और युवाओं के लिए स्वरोजगार के नए अवसर सृजित हो रहे हैं।प्रदेश सरकार का मत्स्य पालन विभाग ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार बढ़ाने और मत्स्य पालकों को आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने के लिए अनेक योजनाएं संचालित कर रहा है। इन योजनाओं का उद्देश्य आधुनिक तकनीक उपलब्ध कराना, बुनियादी ढांचे को मजबूत करना और वित्तीय सहायता के माध्यम से जोखिम को कम करना है। लाभार्थियों को 40 से 60 प्रतिशत तक अनुदान दिया जा रहा है, जिससे आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग भी इस व्यवसाय से जुड़ रहे हैं।केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना इस दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। योजना के तहत नए तालाबों के निर्माण के साथ री-सर्कुलेटरी एक्वाकल्चर सिस्टम और बायोफ्लो जैसी आधुनिक तकनीकों को बढ़ावा दिया जा रहा है। सामान्य वर्ग को 40 प्रतिशत तथा महिलाओं एवं अनुसूचित जाति-जनजाति वर्ग के लाभार्थियों को 60 प्रतिशत तक अनुदान प्रदान किया जा रहा है।जौनपुर की महिला उद्यमी मीरा सिंह की सफलता इस योजना का प्रमुख उदाहरण बनकर सामने आई है। सीमित संसाधनों और तकनीकी जानकारी के अभाव के बावजूद उन्होंने मत्स्य विभाग के मार्गदर्शन और सरकारी सहायता से मत्स्य पालन शुरू किया। वर्ष 2021-22 में प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना के अंतर्गत बीज हैचरी के लिए उन्हें 15 लाख रुपये का अनुदान मिला, जिसके बाद उन्होंने अपने व्यवसाय का विस्तार किया।वैज्ञानिक पद्धति अपनाते हुए मीरा सिंह ने पंगेशियस प्रजाति की मछली का उत्पादन किया और वर्ष 2024-25 में लगभग 1250 कुंतल मछली उत्पादन कर करीब 125 लाख रुपये का कारोबार खड़ा किया।

वर्तमान में वे लगभग 25 एकड़ क्षेत्र में मत्स्य उत्पादन कर रही हैं। उनकी सफलता से प्रेरित होकर आसपास के ग्रामीणों और किसानों ने भी मत्स्य पालन को आजीविका के रूप में अपनाना शुरू किया है।

# पुलिस कमिश्नर कार्यालय घेरने वाले आईटीबीपी जवानों पर हो कार्रवाई

## पुलिस महानिदेशक को लिखा पत्र, 2 अस्पतालों के खिलाफ एफआईआर

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** कानपुर में आईटीबीपी जवान की मां का हाथ काटने के मामले में सोमवार को मेडिकल जांच कमेटी की रिपोर्ट सामने आ गई है। रिपोर्ट में कृष्णा हॉस्पिटल और पारस हॉस्पिटल दोनों को दोषी पाया गया है। वहीं पुलिस कमिश्नर रघुवीर लाल ने दोनों अस्पतालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के आदेश दिए।

उन्होंने बताया कि 23 मई को बड़ी संख्या में आईटीबीपी जवानों ने पुलिस कमिश्नर कार्यालय घेराव किया था इससे आहत हो पुलिस कमिश्नर ने नाराजगी जताई हुए उन्होंने पुलिस महानिदेशक को पत्र लिखकर जवानों के इस व्यवहार पर उनके विरूद्ध कार्रवाई की मांग करते हुए उन्होंने कहा कि फॉर्मेशन बनाकर खड़े होना अनुशासनहीनता के साथ ही इससे समाज में गलत संदेश गया है।पुलिस आयुक्त रघुवीर लाल ने बताया कि आईटीबीपी कांस्टेबल विकास सिंह की मां निर्मला देवी के गलत उपचार होने के साथ ही हाथ काटे जाने के मामले में सीएमओ की ओर से गठित जांच कमेटी ने अपनी रिपोर्ट सौंप दी है। पहले दी गई रिपोर्ट में स्पष्ट दोष तय नहीं होने से दोबारा जांच कराई गई और नई जांच रिपोर्ट में पारस अस्पताल (बिठूर) और कृष्णा हॉस्पिटल (टाटमिल चौराहा) पर इलाज में लापरवाही समेत देरी के आरोप सिद्ध हुए हैं। जिसके चलते मरीज का हाथ काटना पड़ा रिपोर्ट के आधार पर दोनों अस्पतालों के खिलाफ संबंधित धाराओं में एफआईआर दर्ज करने के आदेश दिए गए हैं। उनका कहना है कि मामले में आईटीबीपी और पुलिस के बीच किसी तरह का मतभेद नहीं है और जांच प्रक्रिया पूरी तरह समन्वित तरीके से की गई है।

वहीं पीड़ित विकास सिंह मूलरूप से फतेहपुर जिले के खागा हथगाम के निवासी हैं। उनकी तैनाती महाराजपुर स्थित 32वीं बटालियन में होने के साथ ही वह वर्तमान में आईटीबीपी के कमांड ऑफिस है। उनका कहना है कि उनकी 56 वर्षीय मां निर्मला देवी को सांस की दिक्कत होने के साथ ही उन्हें कब्ज और कमजोरी की शिकायत थी। टाटमिल स्थित कृष्णा हॉस्पिटल ले गए। इस स्टेज पर उन्हें रेफर किया गया था कि मां के हाथ में संक्रमण फैल चुका था इस वजह से डॉक्टरों को उनका हाथ काटना पड़ गया। जांच में शामिल रहे अधिकारी सीएमओ द्वारा गठित नई जांच टीम में एसीएमओ रमित रस्तोगी सहित चार डॉक्टर, आईटीबीपी प्रतिनिधि, एमबीबीएस डॉक्टर डॉ. विपिन ताडा और प्रशिक्षु आईपीएस सुमेध मिलिंद जाधव शामिल थे। टीम ने दोनों अस्पतालों का निरीक्षण किया और डॉक्टरों के बयान दर्ज किए। जांच में सामने आया कि मरीज को हृदय संबंधी समस्या भी थी, इलाज के दौरान नसों में थक्के बनने से हाथ तक रक्त संचार बाधित होने से संक्रमण बढ़ गया था वहीं जांच में कांस्टेबल विकास के आरोप सही पाए गए।

कमांडेंट और जवानों के व्यवहार पर नाराजगी जताते हुए कहा कि जवानों का पुलिस कमिश्नर कार्यालय पहुंचना और फॉर्मेशन बनाकर खड़े होना अनुशासनहीनता के संकेत के साथ ही गलत संदेश गया इससे आहत हो उन्होंने पुलिस महानिदेशक को पत्र लिखकर संबंधित जवानों और उनके व्यवहार के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है उन्होंने तत्काल आपत्ति जताई उसके बाद जवानों को मौके से हटाया गया और घटना पर खेद व्यक्त किया गया।

**रघुबीर लाल पुलिस आयुक्त कानपुर**


**मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लि0**

**अधीक्षण अभियन्ता (तकनीकी), जानकीपुरम क्षेत्र, लखनऊ**

**ई–निविदा सूचना वि0आ0सं0 1262 दिनांक 25.05.2026**

**निविदा सं0 एवं कार्य का संक्षिप्त विवरण**

1.28/SE/TECH/JZ/2026-27 बिजनेस प्लान वर्ष 2026–27 के अन्तर्गत स्वीकृति की प्रत्याशा में 11 के0वी0 एवं एल0टी0 महानगर के उपकेन्द्र पुरनिया से पोषित 11 के0वी0 निराला नगर फीडर के विभक्तिकरण का कार्य, ई–निविदा प्रपत्र शुल्क रू0 1180.00 धरोहर राशि रू0 9640.00

2.29/SE/TECH/JZ/2026-27 बिजनेस प्लान वर्ष 2026–27 के अन्तर्गत स्वीकृति की प्रत्याशा में 11 के0वी0 एवं एल0टी0 महानगर के उपकेन्द्र फैजुल्लागंज से पोषित 11 के0वी0 फैजुल्लागंज फीडर के विभक्तिकरण का कार्य, ई–निविदा प्रपत्र शुल्क रू0 3540.00 धरोहर राशि रू0 17980.00

3.30/SE/TECH/JZ/2026-27 बिजनेस प्लान वर्ष 2026–27 के अन्तर्गत स्वीकृति की प्रत्याशा में 11 के0वी0 एवं एल0टी0 महानगर के उपकेन्द्र, जी0एस0आई0 एवं प्रियदर्शिनी के क्षेत्रान्तर्गत विभिन्न स्थानो पर 100 के0वी0ए0 क्षमता के 09 अदद नये परिवर्तकों की स्थापना का कार्य, ई–निविदा प्रपत्र शुल्क रू0 3540.00 धरोहर राशि रू0 11510.00

4.31/SE/TECH/JZ/2026-27 बिजनेस प्लान वर्ष 2026–27 के अन्तर्गत स्वीकृति की प्रत्याशा में 11 के0वी0 एवं एल0टी0 महानगर के उपकेन्द्र, दाउद नगर व फैजुल्लागंज के क्षेत्रान्तर्गत विभिन्न स्थानों पर 100 के0वी0ए0 क्षमता के 15 अदद नये वितरण परितर्वकों की स्थापना का कार्य, ई–निविदा प्रपत्र शुल्क रू0 3540.00 धरोहर राशि रू0 30400.00

5.32/SE/TECH/JZ/2026-27 बिजनेस प्लान वर्ष 2026–27 के अन्तर्गत स्वीकृति की प्रत्याशा में 11 के0वी0 एवं एल0टी0 महानगर के उपकेन्द्र, इक्का स्टैण्ड, यूनिवर्सिटी व भीखमपुर के क्षेत्रान्तर्गत विभिन्न क्षमता के 17 अदद नये वितरण परितर्वकों की स्थापना का कार्य, ई–निविदा प्रपत्र शुल्क रू0 3540.00 धरोहर राशि रू0 30080.00

6.33/SE/TECH/JZ/2026-27 बिजनेस प्लान वर्ष 2026–27 के अन्तर्गत स्वीकृति की प्रत्याशा में 11 के0वी0 एवं एल0टी0 महानगर के उपकेन्द्र, आई0टी0आई0, निरालानगर व कपूरथला के क्षेत्रान्तर्गत विभिन्न क्षमता के 08 अदद नये वितरण परितर्वकों की स्थापना का कार्य, ई–निविदा प्रपत्र शुल्क रू0 3540.00 धरोहर राशि रू0 26790.00

7.34/SE/TECH/JZ/2026-27 बिजनेस प्लान वर्ष 2026–27 के अन्तर्गत स्वीकृति की प्रत्याशा में 11 के0वी0 एवं एल0टी0 महानगर के उपकेन्द्र, सुभाष पार्क के क्षेत्रान्तर्गत विभिन्न क्षमता के 14 अदद नये वितरण परितर्वकों की स्थापना का कार्य, ई–निविदा प्रपत्र शुल्क रू0 3540.00 धरोहर राशि रू0 46510.00

8.35/SE/TECH/JZ/2026-27 बिजनेस प्लान वर्ष 2026–27 के अन्तर्गत स्वीकृति की प्रत्याशा में 11 के0वी0 एवं एल0टी0 महानगर के उपकेन्द्र, विकासनगर के क्षेत्रान्तर्गत विभिन्न क्षमता के 09 अदद नये वितरण परितर्वकों की स्थापना का कार्य, ई–निविदा प्रपत्र शुल्क रू0 3540.00 धरोहर राशि रू0 19920.00

9.36/SE/TECH/JZ/2026-27 बिजनेस प्लान वर्ष 2026–27 के अन्तर्गत स्वीकृति की प्रत्याशा में 11 के0वी0 एवं एल0टी0 महानगर के उपकेन्द्र, अहिबरनपुर के क्षेत्रान्तर्गत विभिन्न स्थानों पर 100 के0वी0ए0 क्षमता के 09 अदद नये वितरण परितर्वकों की स्थापना का कार्य, ई–निविदा प्रपत्र शुल्क रू0 3540.00 धरोहर राशि रू0 13950.00

10.37/SE/TECH/JZ/2026-27 बिजनेस प्लान वर्ष 2026–27 के अन्तर्गत स्वीकृति की प्रत्याशा में 11 के0वी0 एवं एल0टी0 महानगर के उपकेन्द्र, अहिबरनपुर के क्षेत्रान्तर्गत विभिन्न स्थानों पर 100 के0वी0ए0 क्षमता के 10 अदद नये वितरण परितर्वकों की स्थापना का कार्य, ई–निविदा प्रपत्र शुल्क रू0 3540.00 धरोहर राशि रू0 15580.00

11.38/SE/TECH/JZ/2026-27 बिजनेस प्लान वर्ष 2026–27 के अन्तर्गत स्वीकृति की प्रत्याशा में 11 के0वी0 एवं एल0टी0 महानगर के उपकेन्द्र, अहिबरनपुर के क्षेत्रान्तर्गत विभिन्न स्थानों पर 250 के0वी0ए0 क्षमता के 09 अदद नये वितरण परितर्वकों की स्थापना का कार्य, ई–निविदा प्रपत्र शुल्क रू0 3540.00 धरोहर राशि रू0 55120.00

**ई–निविदा की अन्तिम तिथि : 11 जून 2026, 14:00 बजे**

विस्तृत जानकारी एवं प्रपत्र वेबसाइट "https://etender.up.nic.in" पर उपलब्ध है। अग्रेतर समस्त सूचनायें वेबसाइट पर प्रदर्शित की जायेगी


# एसआईटी व एसटीएफ ने एक लाख के इनामी को मुठभेड़ किया ढ़ेर

## दूल्हा आजाद बिंद का हत्यारोपित रवि यादव बीते 25 दिनों से फरार चल रहा था

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के जौनपुर में सरायख्वजा थाना क्षेत्र में बीते एक मई को दूल्हे आजाद बिंद हत्याकांड में फरार चल रहे एक लाख रुपये के इनामी आरोपित रवि यादव को एसआईटी और एसटीएफ की संयुक्त टीम ने सोमवार तड़के मुठभेड़ में मार गिराया। वह घटनाकारित कर बीते 25 दिन बाद कार्रवाई को अंजाम दिया। पुलिस के मुताबिक आजाद बिंद हत्याकांड में नामजद तीनों फरार आरोपितों की तलाश की जा रही थी। इनमें आजमगढ़ निवासी प्रदीप बिंद, खेतासराय निवासी रवि यादव तथा सराय ख्वाजा निवासी भोले राजभर शामिल थे। सोमवार तड़के संयुक्त टीम ने घेराबंदी कर मुठभेड़ में रवि यादव घायल हो गया उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। रवि यादव पर पुलिस ने एक लाख रुपये का इनाम घोषित कर रखा था। सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के बड़उर गांव निवासी आजाद बिंद (24)की शादी खेतासराय थाना क्षेत्र के बीबीपुर (जमदहां) निवासी सोनी बिंद से तय हुई थी एक मई की रात आजाद बिंद बारात लेकर जा रहे थे उसी दौरान बादशाही बाजार के पास बाइक सवार नकाबपोश बदमाशों ने उनकी कार रोककर गोली मार दी थी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई थी। मृतक के पिता राम लखन बिंद की तहरीर पर पुलिस ने तीनों नामजद आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। इस मामले में पुलिस अब तक 13 लोगों को शरण देने और सहयोग करने के आरोप में गिरफ्तार कर चुकी है वही थानाध्यक्ष केके सिंह ने बताया कि बीती रात मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपी रवि यादव हाइवे से कही भागने की फिराक में है। इस पर घेरा बंदी करते हुए पकड़ने का प्रयास किया तो उसने फायरिंग शुरू कर दिया। इस पर पुलिस की तरफ से की गई फायरिंग में वह घायल हो गया जबकि उसका एक साथी फरारा हो गया। घायल अवस्था में उसे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर ले जाया गया जहां से उसे बेहतर उपचार के लिय जिला अस्पताल लाया गया वहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।



# बीबीएयू में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2026 के तहत विशेष योग सत्र शुरू

**स्वतंत्र भारत लखनऊ।** बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय (बीबीएयू) में 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2026 के उपलक्ष्य में ÷योग= स्वास्थ्य, ज्ञान और विश्व शांति के लिए÷ विषय पर विशेष ऑफलाइन एवं ऑनलाइन योगाभ्यास सत्र आयोजित किए जा रहे हैं। विश्वविद्यालय में कुलपति प्रो. राज कुमार मित्तल के संरक्षण में योग विभाग द्वारा संचालित यह कार्यक्रम भारत और अमेरिका के मध्य शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक सहयोग को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है।विश्वविद्यालय प्रशासन के अनुसार यह कार्यक्रम बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय, लखनऊ और अमेरिका के वॉशिंगटन स्थित द एवरग्रीन स्टेट कॉलेज के मध्य शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक सहयोग के अंतर्गत आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम के तहत अमेरिका के 50 विद्यार्थियों को योग के विभिन्न आयामों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।योग विभाग द्वारा संचालित इन विशेष सत्रों में विद्यार्थियों को कॉमन योग प्रोटोकॉल (सीवाईपी), सूक्ष्म व्यायाम, श्वसन अभ्यास, ध्यान तथा विश्राम तकनीकों का प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्देश्य योग के वैज्ञानिक, व्यावहारिक और जीवनोपयोगी स्वरूप को वैश्विक स्तर पर प्रस्तुत करना तथा अंतरराष्ट्रीय समुदाय तक इसकी उपयोगिता को पहुंचाना है।कुलपति प्रो. राज कुमार मित्तल ने अपने संदेश में कहा कि योग भारत की प्राचीन ज्ञान परंपरा का अमूल्य उपहार है, जो आज संपूर्ण विश्व को स्वास्थ्य, संतुलन और शांति का मार्ग दिखा रहा है। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि 'वसुधैव कुटुम्बकम्' की भावना को साकार करने का माध्यम है।

# स्वतंत्र भारत

**यदा यदाहि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत।
अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्।।**

## रक्षा में निजी क्षेत्र

पिछले लगभग एक दशक के दौरान भारत ने रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता का महत्वपूर्ण मुकाम तय किया है। पहले वह हथियारों का आयातक था लेकिन अब उनका निर्माता ही नहीं बल्कि निर्यातक भी बन गया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का कहना है कि कोई भी शक्ति भारत को अगले पच्चीस-तीस वर्षों में हथियारों का सबसे बड़ा निर्यातक बनने से नहीं रोक सकती। उनका कहना है कि जो राष्ट्र अपने हथियार स्वयं बनाता है, वह अपना भविष्य स्वयं लिखता है। उन्होंने कहा है कि इस क्षेत्र में निजी कंपनियों की भूमिका नगण्य थी जो अब तीस प्रतिशत तक है। सरकार ने इसे बढ़ाकर पचास प्रतिशत करने का लक्ष्य रखा है। निजी क्षेत्र की भागीदारी रक्षा क्षेत्र में केवल नट-बोल्ट के आपूर्तिकर्ता की ही नहीं है बल्कि यह अत्याधुनिक हथियार प्रणालियों का निर्माता भी है। उन्होंने कहा कि रक्षा उद्योग देश में गहराई से जुड़ा हुआ है लेकिन स्वतंत्रता के बाद देश की पुरानी क्षमताओं और आधुनिक आवश्यकताओं के बीच कोई संतुलन नहीं रहा। इसके पीछे मुख्य कारण यह था कि निजी क्षेत्र के प्रतिभागियों को अवसर नहीं मिले और यह क्षेत्र रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों और आयुध कारखानों तक ही सीमित रहा। निजी सहभागिता के महत्व को श्री सिंह की यह बात स्पष्ट करती है कि जब सरकार की दूरदृष्टि और निजी क्षेत्र का नवाचार एक साथ मिलते हैं, तभी देश नई ऊंचाइयों तक पहुंचता है। रक्षा मंत्री की बात को इसलिए हल्के में नहीं लिया जा सकता क्योंकि वर्तमान वैश्विक परिदृश्य तमाम तरह के तनावों से होकर गुजर रहा है। पश्चिम एशिया और यूक्रेन-रूस युद्ध पूरी दुनिया को एकाधिक रूप से प्रभावित कर रहे हैं। हमारे पड़ोस के कुछ देश भी व्यर्थ की महत्वाकांक्षाएं पाले बैठे हैं और उनको हकीकत बनाने के सपने देखते रहते हैं। तब भारत के लिए जरूरी है कि अन्य क्षेत्रों में वैश्विक रूप से अग्रणी स्थान बनाने के साथ रक्षा क्षेत्र में भी एक प्रबल शक्ति बनकर उभरे जिसके साथ टकराने का दुस्साहस कोई न करने पाए। हथियारों के निर्माण से देश की शक्ति बढ़ेगी तो रक्षा निर्यात से रक्षा राजस्व में अभूतपूर्व बढ़ोतरी होगी। इसलिए रक्षा क्षेत्र में निजी सहभागिता को भरपूर बढ़ावा देने की सरकार कुछ नीति पूरी तरह सही है। आने वाले समय में रक्षा क्षेत्र ही देश के विभिन्न निर्णयों का मुख्य आधार होगा।

## बाल विवाह

बाल विवाह समाज में प्रचलित उन तमाम कुप्रथाओं में एक है जिसके विरोध में बातें तो बढ़ चढ़कर की जाती हैं लेकिन सदियों बाद आज भी उन्हें खत्म नहीं किया जा सका है। राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ जैसे राज्यों में तो यह चल ही रहा है, उत्तर प्रदेश के अनेक भागों में भी यह अभी तक प्रचलन में है। सवाल यह है कि जिस सामाजिक बुराई को खत्म करने के लिए तमाम अभियान चलाए जाते रहे हैं, जागरूकता का प्रचार-प्रसार किया जाता है और यहां तक कि सख्त कानूनी व्यवस्थाओं का प्रावधान तक किया गया है, तब भी क्या वजह है जो इसके प्रचलन पर अंकुश नहीं लगाया जा सका। इसका जवाब इलाहाबाद हाईकोर्ट के कथन में मिलता है जिसमें कहा गया है कि उप्र में बाल विवाह बढ़ रहे हैं क्योंकि यूपी पुलिस इन गैर कानूनी विवाहों के दूल्हों और मदद करने वालों पर बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 के तहत केस दर्ज करने में नाकाम रही है। कोर्ट की बहुत महत्वपूर्ण टिप्पणी यह भी है कि अब तक एक भी मामला ऐसा नहीं आया है जिसमें पुलिस ने 2006 के अधिनियम के तहत किसी नाबालिग लड़की से शादी करने वाले आरोपी या ऐसे गैर कानूनी विवाह को संपन्न कराने के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की हो। दरअसल, कुछ तो रूढ़ियों के कारण और कुछ अपनी आर्थिक मजबूरियों के कारण लोग बच्चों की शादी करा कर जिम्मेदारी से मुक्त होना चाहते हैं लेकिन वे यह नहीं समझते कि ऐसा करके वे 'दूल्हा-दुल्हन' के भविष्य के साथ किस तरह का खिलवाड़ कर रहे हैं। बचपन जिम्मेदारियों और तनावों से मुक्त रहने का समय है क्योंकि तभी उसका स्वाभाविक विकास होता है। लेकिन इसी दौर में घर-परिवार का दायित्व उठाने की मनःस्थिति उसके भावी जीवन को कुंठित कर देती है। कोर्ट का यह कहना भी सही है कि बाल विवाह का उन्मूलन संवैधानिक अनिवार्यता भी है।

## काँव-काँव

♦♦♦

**इबोला वैश्विक आपातकाल-विश्व स्वास्थ्य संगठन**
लोग कोरोना वैक्सीन से किसी तरह जिंदा बचे!
**रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता जरूरी है -एयर चीफ**
रूस से मिसाइल डिफेंस,फ्रांस से राफेल अटैक!
**असम में अब गाय की कुर्बानी पर पाबंदी -हेमंता**
कुर्बानी देनी है तो गाय को मिथुन बताना सीखें!
**ईरान का अमेरिका को यूरेनियम सौंपने से इन्कार**
यही जवाबी कव्वाली सुनते कान पक गये हैं!
**भीषण गर्मी में निर्बाध बिजली आपूर्ति हो -योगी**
विद्युत उपकरण खरीद के घोटालेबाज मस्त हैं!
**भारत खरीदेगा हजारों अरब का अमेरिकी सामान**
स्वदेशी अभियान की आत्मा को शांति मिलेगी!

♦♦♦

# संकट को अवसर में बदल सकता है भारत



**- अभिजीत मुखोपाध्याय**

होर्मुज जलडमरूमध्य में गतिरोध का भारी असर वैश्विक अर्थव्यवस्था झेल रही है. इसका असर सबसे अधिक तेल और ऊर्जा क्षेत्र में महसूस किया जा रहा है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में कम ईंधन उपयोग करने, कम सोना खरीदने, विदेशी यात्राएं टालने और संभव हो, तो घर से काम करने जैसी सलाह दी थी. मौजूदा परिस्थितियों को देखते हुए ये सुझाव विवेकपूर्ण हैं. हालांकि इन सुझावों ने अनिश्चितता का वातावरण भी पैदा कर दिया. भारत इस परिस्थिति को संभाल सकता है और अच्छी बात यह है कि उसके पास पहले से कई नीतिगत साधन मौजूद हैं, जो विकास की गति बनाये रखते हुए इस झटके को कम कर सकते हैं।
सही तरीका घबराना नहीं, बल्कि ऊर्जा प्रबंधन, लक्षित राहत, सप्लाई-साइड उपायों और विश्वसनीय व्यापक आर्थिक संकेतों का संतुलित मिश्रण अपनाना है. भारत पहले भी बाहरी झटकों का सामना कर चुका है और वर्तमान नीतिगत ढांचा पहले की तुलना में अधिक सक्षम है, जो अस्थिरता को संभालते हुए परिवारों और व्यवसायों की रक्षा कर सकता है.
तत्काल समस्या एक पारंपरिक आयातित लागत झटका है. कच्चे तेल की बढ़ती कीमतें, कठिन शिपिंग परिस्थितियां और घरेलू ईंधन मूल्यों में वृद्धि परिवहन, लॉजिस्टिक्स और अंततः खुदरा महंगाई पर असर डालती हैं. सकारात्मक पक्ष यह है कि भारत कमजोर आर्थिक आधार पर खड़ा नहीं है. हाल की सरकारी परियोजनाओं और नीतिगत बयानों में मजबूत विकास, राजकोषीय संतुलन और सप्लाई-साइड परिस्थितियों में सुधार पर जोर दिया गया है, जबकि रिजर्व बैंक ने बदलती परिस्थितियों के अनुसार हाल ही में महंगाई और विकास के अनुमानों में संशोधन किया है यानी प्राथमिक नीतिगत लक्ष्य संकट को नियंत्रित करना है, बचाव अभियान चलाना नहीं. पहली प्राथमिकता यह सुनिश्चित करना है कि अस्थायी लागत झटका व्यापक महंगाई के चक्र में न बदल जाए. सरकार यह काम ईंधन मूल्य समायोजन को व्यवस्थित रखते हुए, अचानक मूल्य वृद्धि से बचते हुए तथा यथासंभव तेल विपणन प्रणाली का उपयोग कर अस्थिरता को नियंत्रित करके कर सकती है।
दूसरा कदम सबसे कमजोर परिवारों की सुरक्षा का होना चाहिए, न कि कीमतों को अंधाधुंध नियंत्रित करने का प्रयास. मध्यम अवधि में महंगाई को नियंत्रित करने का सबसे मजबूत उपाय सप्लाई-साइड विस्तार है. सरकार संवेदनशील और आवश्यक खाद्य वस्तुओं की आपूर्ति और खरीद प्रबंधन को तेज कर सकती है, बफर स्टॉक संचालन में सुधार कर सकती है और आंतरिक लॉजिस्टिक्स को सुचारु रख सकती है, ताकि खाद्य महंगाई ईंधन झटके को और न बढ़ाए. परिवहन और वितरण में रुकावटों को कम करना भी जरूरी है. यदि माल ढुलाई लागत तेजी से बढ़ती है, तो इसका असर जल्द ही ईंधन से खाद्य पदार्थों, विनिर्मित वस्तुओं और सेवाओं तक पहुंच जाता है. बेहतर लॉजिस्टिक्स समन्वय, राजमार्गों पर सुचारु आवागमन और आवश्यक वस्तुओं की समय पर आपूर्ति इस प्रभाव को कम कर सकती है. ऊर्जा सुरक्षा ही इस समस्या का मूल रणनीतिक समाधान है। भारत पहले ही कच्चे तेल की खरीद में विविधता ला चुका है. इस विविधता को और बढ़ाया जाना चाहिए. रणनीतिक पेट्रोलियम भंडार भी महत्वपूर्ण हैं. भारत ने भंडारण क्षमता विकसित की है और इसके विस्तार की संभावनाओं का आकलन जारी रखा है. साथ ही, मांग प्रबंधन को ऊर्जा नीति का स्पष्ट हिस्सा बनाया जाना चाहिए. ऊर्जा दक्षता मानक, सार्वजनिक परिवहन का उपयोग, औद्योगिक ऊर्जा ऑडिट और मांग-पक्ष प्रबंधन आयातित तेल झटकों के प्रति अर्थव्यवस्था की संवेदनशीलता को कम कर सकते हैं. यह इसलिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह संकट केवल कीमतों से जुड़ा नहीं है, लचीलापन भी इसका हिस्सा है. अर्थव्यवस्था जितनी कम तेल-निर्भर होगी, बाहरी झटकों का प्रभाव उतना ही कम होगा. वृहद आर्थिक स्तर पर, रिजर्व बैंक और सरकार को सतर्क रहना चाहिए. यदि संकट मुख्य रूप से सप्लाई-साइड आधारित रहता है, तो मौद्रिक नीति को अनावश्यक रूप से विकास को बाधित करने से बचना चाहिए। साथ ही महंगाई की अपेक्षाओं को भी नियंत्रित रखना चाहिए. रिजर्व बैंक की टिप्पणियों से संकेत मिलता है कि महंगाई का मूल परिदृश्य संभालने योग्य है, पर वैश्विक तेल कीमतों व भू-राजनीतिक जोखिमों पर निगरानी जरूरी है. राजकोषीय नीति को अनुशासित, पर लचीला बनाए रखना चाहिए. सरकार लगातार राजकोषीय संतुलन की दिशा में आगे बढ़ रही है, और यह विश्वसनीयता कठिन समय में एक महत्वपूर्ण संपत्ति है. सही राजकोषीय दृष्टिकोण यह होगा कि लक्षित हस्तक्षेपों के लिए पर्याप्त गुंजाइश बची रहे. इसका अर्थ है पूंजीगत व्यय की रक्षा करना, क्योंकि यह रोजगार और उत्पादकता को बढ़ावा देता है, जबकि आवश्यकता पड़ने पर सावधानीपूर्वक तैयार अस्थायी उपायों का उपयोग किया जाये। भारत को इस समय को व्यापार और सप्लाई चेन विविधीकरण को तेज करने के अवसर के रूप में भी देखना चाहिए. निर्यात की मजबूती तब बढ़ती है, जब कंपनियां सीमित मार्गों पर निर्भर न रहकर विभिन्न बाजारों और उत्पादन नेटवर्क से जुड़ती हैं. वैकल्पिक व्यापार मार्गों को मजबूत करना, साझेदारियां गहरी करना और मजबूत लॉजिस्टिक्स नेटवर्क विकसित करना किसी एक भू-राजनीतिक बाधा पर निर्भरता को कम कर सकता है. यह तेल-निर्भर क्षेत्रों जैसे उर्वरक, रसायन और परिवहन उपकरणों में घरेलू विनिर्माण को मजबूत करने का भी अच्छा समय है. व्यापक उद्देश्य यह होना चाहिए कि समय के साथ भारत आयातित महंगाई के प्रति कम संवेदनशील बने। नीति-निर्माताओं के लिए सबसे रचनात्मक संदेश यह है कि भारत के पास विकल्प मौजूद हैं, ऊर्जा विविधीकरण, राजकोषीय अनुशासन, सप्लाई-साइड प्रबंधन और लक्षित कल्याणकारी सहायता मिलकर काम कर सकते हैं. ऐसा रोडमैप नीतिगत परिपक्वता दर्शाएगा. इसलिए वर्तमान संकट को भारत की




क्षमता की परीक्षा के रूप में देखा जाना चाहिए, न कि उसके भविष्य पर तत्काल निर्णय के रूप में. यदि इसे अनुशासन के साथ संभाला गया, तो यह स्थिति तेज ऊर्जा परिवर्तन, बेहतर लॉजिस्टिक्स और अधिक सुरक्षित सप्लाई चेन को बढ़ावा देकर अर्थव्यवस्था को और मजबूत बना सकती है. भारत की नीतिगत चुनौती विकास को स्थिर बनाए रखते हुए कमजोर वर्गों की सुरक्षा करना है, और इस दिशा में उपलब्ध साधन व्यापक तथा व्यावहारिक हैं।

## ।। यथार्थ गीता ।।



**स्वामी अड़गड़ानंद**

### अथैकादशोऽध्यायः

**(गतांक से आगे**

द्यावापृथिव्योरिदमन्तरं हि व्याप्तं त्वयैकेन दिशश्च सर्वाः।
दृष्ट्वाद्भुतं रूपमुग्रं तवेदं लोकत्रयं प्रव्यथितं महात्मन् ।।20।।

हे महात्मन् ! अन्तरिक्ष और पृथ्वी के बीच का सम्पूर्ण आकाश तथा सब दिशाएँ एकमात्र आपसे ही परिपूर्ण हैं। आपके इस अलौकिक, भयंकर रूप को देखकर तीनों लोक अत्यन्त व्यथित हो रहे हैं।

अमी हि त्वां सुरसङ्घा विशन्ति कमल केचिद्भीताः प्राञ्जलयो गृणन्ति । स्वस्तीत्युक्त्वा महर्षिसिद्धसङ्घाः स्तुवन्ति त्वां स्तुतिभिः पुष्कलाभिः ।।21।।

वे देवताओं के समूह आपमें ही प्रवेश कर रहे हैं और कई एक भयभीत होकर हाथ जोडे हए आपके गुणों का गान कर रहे हैं। महर्षि और सिद्धों के समुदाय स्वस्तिवाचन अर्थात् 'कल्याण हो', ऐसा कहते हुए सम्पूर्ण स्तोत्रों द्वारा आपकी स्तुति कर रहे हैं।

रुद्रादित्या वसवो ये च साध्या विश्वेऽश्विनौ मरुतश्चोष्मपाश्च। गन्धर्वयक्षासुरसिद्धसङ्घा वीक्षन्ते त्वां विस्मिताश्चैव सर्वे ।। 22 ।।

रुद्र, आदित्य, वसु, साध्य, विश्वेदेव, अश्विनीकुमार, वायुदेव और 'उष्मपाः' - ईश्वरीय ऊष्मा ग्रहण करनेवाले तथा गन्धर्व, यक्ष, राक्षस और सिद्धों के समुदाय सभी आश्चर्य से आपको देख रहे हैं अर्थात् देखते हुए भी समझ नहीं पा रहे हैं; क्योंकि उनके पास वह दृष्टि ही नहीं है। श्रीकृष्ण ने पीछे बताया कि आसुरी स्वभाववाले मुझे तुच्छ कहकर सम्बोधित करते हैं, सामान्य मनुष्य-जैसा मानते हैं जबकि मैं परमभाव में, परमेश्वर रूप में स्थित हूँ। यद्यपि हूँ मनुष्य-शरीर के आधारवाला। उसी का विस्तार यहाँ है कि वे आश्चर्य से देख रहे हैं, यथार्थतः समझ नहीं पा रहे हैं- नहीं देखते हैं।

**क्रमशः...**

## ।। चाणक्य नीति ।।

♦♦♦

**देहाभिमाने गलिये ज्ञानेन परमात्मनि।
यत्र यत्र मनो याति तत्र तत्र समाधयः।।**

परमात्म का ज्ञान प्राप्त कर लेने पर जब मनुष्य का देहाभिमान छूट जाता है, तो वह अपने को शरीर न मानकर उससे भिन्न मानने लगता है। तब उसका मन जहां भी जाता है, उसे वहीं समाधि की अनुभूति होने लगती है, अर्थात् वह जागृतावस्था में ही स्थिति में पहुंच जाता है।

♦♦♦

# दहेज देने और उत्पीड़न के ठोस साक्ष्य से ही सख्त सजा संभव

**- सीमा जोशी**

ग्रेटर नोएडा और भोपाल की हालिया दहेज मृत्यु घटनाएं दोहरा रही हैं कि देश के दहेज-विरोधी कानून कागज पर कितने भी कड़े क्यों न हों, जमीनी स्तर पर उनका निवारक असर दुर्लभ और अस्थायी लगता है. दोनों मामलों में नवविवाहिताएं विवाह के कुछ ही महीनों के भीतर संदिग्ध परिस्थितियों में मरीं, और दहेज-उत्पीड़न के गंभीर आरोप मृत्यु के बाद सामने आए. इसका अर्थ यह नहीं कि कानून नहीं हैं, बल्कि अर्थ यह है कि कानून के पाठ और न्यायालय की प्रक्रिया के बीच गहरी खाई बनी हुई है, जिसके कारण दहेज हत्या अक्सर ऐसी घटना बनकर रह जाती है, जहां सख्त सजा मिलती तो है, पर दहेज हत्याओं को रोका नहीं जा पा रहा।
दहेज-मृत्यु के लिए अब बीएनएस में धारा 80 बन गयी, जिसके तहत विवाह के लगभग सात वर्ष के भीतर दहेज-आधारित उत्पीड़न के कारण हुई मृत्यु पर न्यूनतम सात वर्ष एवं अधिकतम आजीवन कारावास का प्रावधान है. साथ ही, बीएनएस के तहत धारा 85 दहेज-आधारित क्रूरता व उत्पीड़न को दंडनीय बनाती है, जबकि दहेज निषेध अधिनियम, 1961 दहेज देने और लेने पर प्रतिबंध लगाता है. न्यायालय कई बार स्पष्ट कर चुके हैं कि दहेज मृत्यु के लिए अभियोजन को उत्पीड़न और मृत्यु के बीच निकट और सजीव संबंध साबित करना होता है।
इस संदर्भ में सतबीर सिंह बनाम राज्य विंध्य (हरियाणा, 2021) में सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि 'मृत्यु से कुछ समय पहले का' आशय समय-संबंधित, स्पष्ट और लगातार उत्पीड़न से है. इस निर्णय ने उन मामलों को कमजोर बनाया, जहां शिकायत देर से आयी या दस्तावेज उपलब्ध नहीं थे और अभियोजन केवल मृत्यु के बाद के बयानों पर निर्भर था. इसी तर्ज पर कंस राज बनाम स्टेट ऑफ पंजाब (2000) में सुप्रीम कोर्ट ने दहेज-मृत्यु में सामान्य आरोप से बचने की जरूरत बतायी और कहा कि उत्पीड़न का साक्ष्य विशिष्ट, तारीख-वाला और ठोस होना चाहिए, न कि केवल भावनात्मक वर्णन पर आधारित। फुलेल सिंह बनाम स्टेट ऑफ हरियाणा (2023) में सर्वोच्च न्यायालय ने स्पष्ट किया कि जब मृत्युकालीन बयान की विश्वसनीयता संदिग्ध हो और दहेज-उत्पीड़न के अन्य स्वतंत्र सबूत न हों, तब न्यायालय सख्त सजा की राय व्यक्त करते हुए भी, साक्ष्य-अभाव के चलते आरोपियों को बरी करने में संकोच नहीं करेंगे. यही बात निवारक प्रभाव को कमजोर करती है, क्योंकि दहेज-आधारित हिंसा तब तक रहेगी, जब तक उसके खिलाफ समय-संबंधित और दस्तावेजीकृत साक्ष्य नहीं होंगे. दहेज निषेध अधिनियम दहेज देने और लेने, दोनों को दंडनीय बनाता है, पर व्यवहार में अभियोजन अक्सर पति एवं उसके परिवार को निशाना बनाता है, जबकि देने वाले पक्ष को पीड़ित या निर्दोष मान लिया जाता है। इससे दहेज-प्रथा के सामाजिक-आर्थिक चक्र पर प्रहार नहीं हो पाता-केवल दंड पक्ष पर होता है. इस पृष्ठभूमि में अर्णेश कुमार बनाम स्टेट ऑफ बिहार जैसे निर्णय ने अहम भूमिका निभायी।
सुप्रीम कोर्ट ने दोषारोपण और गिरफ्तारी के दुरुपयोग के खतरे को दिखाते हुए 498ए जैसे प्रावधानों के प्रयोग पर रोक लगायी और संतुलित जांच और आरक्षण-प्राधिकार के प्रयोग पर सख्त दिशा-निर्देश दिये. इससे जहां गलत या बदला-लेने की नीयत से दर्ज की गयी शिकायतों पर अंकुश लगा, वहीं पुलिस और अधिकारी दहेज-मामलों में इतने सावधान हो गये कि शीघ्र हस्तक्षेप और प्रारंभिक साक्ष्य संरक्षण भी दुर्लभ हो गया।
साक्ष्य अधिनियम की धारा 113बी और बीएनएस की धारा 80 के तहत



दहेज-उत्पीड़न के आरोप में आरोपी पर उल्टा बोझ लगता है कि वह खुद अपनी निर्दोषता साबित करे, पर सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि यह उल्टा बोझ केवल तभी लागू होता है, जब प्रथम-व्यक्ति अभियोजन ने उत्पीड़न और मृत्यु के बीच एक प्राथमिक और विश्वसनीय जुड़ाव साबित कर दिया हो. इसी का अनुभव 2026 में एक दहेज-मृत्यु मामले (बहु-आरोपी) में हुआ, जहां सुप्रीम कोर्ट ने पति के परिवार वाले की दोषसिद्धि हटाते हुए कहा कि सामान्य आरोप और अस्पष्ट दावे से धारा 113बी के अनुमान को जोड़ना यथार्थ के अनुरूप नहीं. कोर्ट ने दोहराया कि उसे उत्पीड़न का निकट-समय और ठोस चित्र चाहिए, ऐसा चित्र, जो मैसेज-क्लिप, बैंक-लेनदेन या चिकित्सा-रिकॉर्ड जैसे स्वतंत्र दस्तावेजों से मिलकर बनता हो।यह निर्णय स्पष्ट संकेत है ~ जब तक दहेज लेन-देन और उत्पीड़न का आर्थिक-डिजिटल नक्शा नहीं बनेगा, तब तक निवारक प्रभाव दुर्लभ रहेगा, भले ही सजा की भाषा कितनी भी कड़ी हो।
ग्रेटर नोएडा और भोपाल की घटनाएं अकेले दर्द भरे समाचार-शीर्षक नहीं, ये एक चेतावनी हैं कि जब तक दहेज-लेन-देन को दर्ज, मॉनिटर और जवाबदेही-क्षेत्र में नहीं लाया जाएगा, तब तक कानूनी-सख्ती भ्रम-मात्र बनी रहेगी. इसीलिए आगे का रास्ता यह है कि राष्ट्रीय और राज्य-स्तर पर ऐसे निवारण-केंद्रित अधिनियम बनें, जो दहेज लेन- देन को दस्तावेजीकृत करें, शीघ्र हस्तक्षेप की प्रक्रिया तय करें, और दुरुपयोग-रोधी उपाय भी शामिल रखें. तभी दहेज-कड़ाई कागजी-भ्रम से निकलकर वास्तविक-निवारक तंत्र बनेगी।

## प्रेरक प्रसंग

### ज्ञान का दीपक

रात का अंधकार वातावरण को अपने आवरण में छुपाने लगा था, शाम के प्रार्थना के पश्चात गुरु ने अपने एक प्रमुख शिष्य को पुस्तक देते हुए कहा कि इसे आश्रम के भीतर प्रकोष्ट में रख आये।
शिष्य पुस्तक लेकर भीतर गया किन्तु तुरंत ही लौट आया और घबराये हुए स्वर में बोला गुरुदेव, भीतर सांप है।
गुरुदेव बोले कोई बात नहीं, मै तुम्हे सांप भगाने का एक मन्त्र देता हूँ, तुम अंदर जाकर इसका उच्चारण करो। जिससे सांप खुद ब खुद भाग जायेगा।
शिष्य ने वैसा ही किया।। वह थोड़ी देर बाद वापस आया और बोला गुरुदेव, सांप तो अपनी जगह से हिला भी नहीं।
गुरुदेव बोले कोई बात नहीं, शायद तुमने मन्त्र का उच्चारण श्रद्धा पूर्ण नहीं किया है। ऐसा करों एक बार फिर जाओ और पुरे मन से मन्त्र का जाप दोबारा करो। जैसी आज्ञा गुरुदेव, कहकर शिष्य अंदर चला गया। फिर वापस आकर बोला, गुरुदेव सांप तो वैसे का वैसे ही पड़ा है। भगने का नाम ही नहीं ले रहा।
ओह, गुरुदेव ने कहा तुम दीपक अंदर लेकर जाओ वह सांप खुद ब खुद भाग जायेगा।
शिष्य दीपक लेकर अंदर गया। थोड़ी देर बाद वापस आकर बोला अंदर तो साप था ही नहीं गुरुदेव, वह तो केवल एक रस्सी थी, जो अँधेरे में मुझे एक सांप के सामान प्रतीत हो रही थी।
गुरुजी बोले शिष्य, इसी प्रकार पुरे संसार पर भ्रम छाया हुआ है, जिसे ज्ञान रूपी दीपक और शिक्षा से ही दूर किया जा सकता है। भ्रम का तात्पर्य होता है। सत्य पर असत्य का आवरण, यह भ्रम तब तक दूर नहीं हो सकता, जब तक ज्ञान रूपी आवरण हमारे पास ना हो।

## आपका पत्र मिला

### प्रतिष्ठित परिवारों की बहुओं में बढ़ते - आत्महत्या के मामले

मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल बीते कुछ दिनों से एक ऐसे मामले को लेकर देशभर में चर्चा का केंद्र बनी हुई है, जिसने समाज, कानून और संवेदनाओं तीनों को झकझोर कर रख दिया है। न्याय जगत से जुड़े एक प्रतिष्ठित परिवार की बहू त्विषा शर्मा की संदिग्ध मृत्यु ने न केवल कई सवाल खड़े किए हैं, बल्कि आधुनिक समाज के उस कड़वे सच को भी उजागर किया है, जिसे अक्सर रसूख और प्रतिष्ठा की चमक के पीछे छिपा दिया जाता है। त्विषा शर्मा की मौत आत्महत्या है या हत्या इसका अंतिम निर्णय जांच एजेंसियां और न्यायालय करेंगे। मध्य प्रदेश सरकार द्वारा मामले की जांच सीबीआई को सौंपना और दोबारा पोस्टमार्टम कराना इस घटना की गंभीरता को दर्शाता है। लेकिन इस पूरे घटनाक्रम के बीच सबसे बड़ा प्रश्न यही है कि आखिर वह कौन सी पीड़ा होती है, जो एक शिक्षित, संपन्न और प्रतिष्ठित परिवार की बहू को जीवन समाप्त करने जैसे भयावह कदम तक पहुँचा देती है? देश में प्रतिदिन अनेक विवाहित महिलाओं की आत्महत्या और हत्या के मामले सामने आते हैं। इनमें से अधिकांश घटनाएं घरेलू हिंसा, मानसिक प्रताड़ना और दहेज की मांग से जुड़ी होती हैं। दुर्भाग्य यह है कि गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों की बेटियों की आवाज़ अक्सर थानों की चौखट पर ही दम तोड़ देती है। उनके पास न प्रभाव होता है, न संसाधन और न ही लंबी कानूनी लड़ाई लड़ने की ताकत। ऐसे मामलों को कभी घरेलू विवाद, कभी अवैध संबंध तो कभी सामान्य आत्महत्या बताकर फाइलों में दफना दिया जाता है। त्विषा शर्मा का मामला इसलिए राष्ट्रीय चर्चा बना क्योंकि उसके परिवार ने हार नहीं मानी। उन्होंने न्याय के लिए आवाज उठाई और मामला सर्वोच्च स्तर तक पहुँचा। लेकिन सवाल यह है कि देश की उन हजारों बेटियों का क्या, जिनकी मौतें बिना शोर, बिना सुर्खियों और बिना न्याय के दफना दी जाती हैं?

**अरविंद रावल**
**वाया ई-मेल**

**इस पेज पर प्रकाशित लेखकों के विचार निजी हैं। समाचार पत्र से इनका कोई लेना-देना नहीं है।**
आपके विचार व सुझाव भी आमंत्रित हैं।

**संपादक,**
**स्वतंत्र भारत**
**1, जॉपलिंग रोड,**
**लखनऊ-226001**
*E-mail : swatantrabharat77@gmail.com*




# मंगल भवन अमंगल हारी





## चौथा बड़ा मंगल आज : ऐसे करें भगवान हनुमान की पूजा




ज्येष्ठ का महीना कई मायनों में महत्वपूर्ण माना जाता है। यह हिंदू नव वर्ष का तीसरा महीना है। इस दौरान आने वाले सभी मंगलवार को बड़ा मंगल के नाम से जाना जाता है। यह पारंपरिक रूप से भगवान हनुमान को समर्पित है। इस अवसर पर लोग भगवान हनुमान की पूजा करते हैं। इस पर्व को बुढ़वा मंगल के नाम से भी जाना जाता है। आज चौथा बड़ा मंगल मनाया जा रहा है। हिंदू पंचांग के अनुसार, इस दिन कई शुभ योग का निर्माण हो रहा है, तो चलिए इस दिन की पूजा विधि और शुभ योग के बारे में जानते हैं - करते हुए एक दीपक जलाएं। बूंदी के लड्डुओं का भोग लगाएं। तुलसी और गुलाब के फूलों की माला अर्पित करें। उनके किसी मंदिर जाएं और उनका आशीर्वाद लें। इस दिन भगवान हनुमान को चमेली का तेल, सिंदूर और चोला चढ़ाना बेहद शुभ माना जाता है। 11 बार हनुमान चालीसा का पाठ करें। भाव के साथ हनुमान जी की आरती करें। सभी समस्याओं को दूर करने के लिए हं हनुमते नमः का 108 बार जाप करें। भक्त पूजा में हुई गलतियों के लिए क्षमा याचना करें। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार घर की छत पर लाल या भगवा रंग का हनुमान ध्वज लगाने से घर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। लाल रंग को शक्ति, साहस और उत्साह का प्रतीक माना गया है। मान्यता है कि जहां हनुमान जी का ध्वज लहराता है, वहां नकारात्मक शक्तियां और बुरी नजर अपना प्रभाव नहीं दिखा पातीं। पौराणिक दृष्टि से हनुमान जी भगवान श्रीराम के परम भक्त हैं, इसलिए उनके ध्वज को घर पर लगाने से श्रीराम और हनुमान दोनों की कृपा प्राप्त होने की मान्यता है। विशेष रूप से मंगलवार और शनिवार के दिन ध्वज लगाना अत्यंत शुभ माना गया है।

### करें इन चीजों का दान

बड़े मंगल पर हनुमान जी की पूजा पूरे नियमों के साथ व शक्तिशाली मंत्रों से की जाती है। साथ ही बजरंगबली को प्रसन्न करने के लिए हनुमान चालीसा का पाठ भी किया जाता है। इस दौरान उन्हें बूंदी या लड्डुओं का भोग लगाने से उनकी विशेष कृपा बनी रहती है। बड़े मंगल के दिन दान करने से रुके हुए कार्यों को गति मिलती है और करियर में भी सफलता के योग बनते हैं। **बड़ा मंगल पर करें इन चीजों का दान :** धार्मिक मान्यताओं के अनुसार बड़े मंगल पर जरूरतमंदों को दूध का दान करना चाहिए। माना जाता है कि इससे बीमारियों से छुटकारा मिलता है। साथ ही व्यक्ति को निरोग स्वास्थ्य का आशीर्वाद प्राप्त होता है। हनुमानजी की विशेष कृपा पाने के लिए बड़े मंगल पर दान-पुण्य के कार्य जरूर करने चाहिए। दान करने से जीवन की तमाम समस्याओं से निकला जा सकता है। इस शुभ दिन पर आप हनुमानजी को चोला अर्पित करें और जरूरतमंदों लोगों को लाल कपड़े का दान करना चाहिए। इससे बजरंगबली का आशीर्वाद मिलता है। गुड़ का दान करने से सुख-सौभाग्य की प्राप्ति और मंगल की स्थिति मजबूत होती है। यदि आप हनुमानजी का आशीर्वाद पाना चाहते हैं, तो बड़े मंगल पर मंदिर या जरूरतमंद लोगों को गुण का दान करें। इससे जातक की कुंडली में अशुभ ग्रहों का प्रभाव समाप्त होता। घी का दान बेहद शुभ माना जाता है। हिंदू धर्म में घी के बिना पूजा पूर्ण नहीं माना जाती है, इसे शुभता का प्रतीक माना जाता है। यदि आप बड़े मंगल के शुभ अवसर पर घी का दान करते हैं तो जीवन उन्नति की ओर अग्रसर होता है। साथ ही कष्टों में कमी आ सकती है।

## बजरंगबली के प्रिय होते हैं मूलांक 9 के जातक



अंकशास्त्र के अनुसार, राशि की तरह जन्म तारीख पर हमारे जीवन में बेहद मायने रखती है। इससे हम किसी की पसंद, नापसंद, आदतों के बारे में काफी हद तक जान सकते हैं। आपको बता दें कि अपना मूलांक निकालने के लिए आप अपनी जन्म तिथि, महीने और वर्ष को इकाई अंक तक जोड़ें और तब जो संख्या आएगी, वही आपका भाग्यांक होगा। इसी के साथ चलिए आज हम आपको मूलांक 9 के लोगों के स्वभाव के बारे में बताएंगे। जानकरी के लिए बता दें जिन लोगों का जन्म किसी भी महीने की 9, 18 और 27 तारीख को हुआ है, उनका मूलांक 9 होता है। तो अब चलिए जानते हैं इनका स्वभाव -

**हनुमान जी के बेहद होते हैं प्रिय**
हनुमान जी की उपासना करने से सभी समस्या शीघ्र ही समाप्त हो जायेगी। घर में यदि क्लेश है तो मंगलवार और शनिवार को सुंदरकांड का पाठ करे सब ठीक हो जाएगा। नियमित हनुमान चालीसा का पाठ करने से आर्थिक समृद्धि, मान सम्मान तथा यश की प्राप्ति होगी।

**बोलने में माहिरता :** मूलांक 9 वालों का जीवन संघर्षों से भरा होता है। ये लोग स्वाभिमानी होते हैं। इन्हें अपनी तारीफ सुनना अच्छा लगता है। ये लोग शरीर से मजबूत और ऊर्जावान होते हैं। ये साहसी और निडर होते हैं। ये हर विपरीत परिस्थिति का बहादुरी के साथ सामना करते हैं। ऐसे लोगों की आवाज थोड़ी ऊंची व तीखी होती हैं। कहा जाता है कि मूलांक 9 वाले बोलने में माहिर होते हैं। ऐसे में इनकी बात को कोई नजरअंदाज नहीं कर पाता है।

**बुद्धिमान होते हैं :** हंसना-हंसाना ही इनकी प्रवृत्ति होती है। लेकिन लोगों को मुस्कान देने वाले ये लोग किसी से अपना दर्द नहीं बांटते हैं। ये तीव्र बुद्धि को होते हैं। यदि इनके सम्बंधों की बात की जाय तो सामान्यतयः मूलांक 9 वाले अपने संबंधियों को खूब लाभ पहुंचाते हैं। लेकिन भाई-बहनों से मनमुटाव होने की भी स्थितियां बनती रहती है। गुस्से, स्वाभिमान या अभिमान के कारण भी इनके प्रेम संबंधों को टूटते हुए देखा गया है।

**बेहद साहसी भी होते हैं :** ये इंजीनियर, डॉक्टर, आग या बिजली से सम्बंधित काम करते हैं। इसके अलावा ये राजनीति, होटल सम्बंधी काम, टूरिज्म, घुड़सवारी या सर्कस से जुड़े काम करने में भी माहिर होते हैं।

## हिंदू धर्म में सर्वश्रेष्ठ है ब्रह्म विवाह



हिंदू धर्म में 16 संस्कारों में से विवाह को पवित्र संस्कार माना गया है। विवाह चौदहवां संस्कार है। विवाह महत्वपूर्ण अनुष्ठानों में शामिल होने की वजह से वैदिक मंत्रों और रीती-रिवाजों के द्वारा पूर्ण किया जाता है। हिंदू धर्म में 8 प्रकार के विवाह बताए गए हैं, जिनका विशेष महत्व है। इन विवाह में सर्वश्रेष्ठ ब्रह्म विवाह को और सबसे निम्न कोटि का स्थान पैशाची विवाह को दिया गया है। आइए विस्तार से जानते हैं इन 8 प्रकार के विवाह के बारे में।

8 प्रकार के होते हैं विवाह

1. **ब्रह्म विवाह**– दूल्हा और दुल्हन की सहमति से होने वाला विवाह ब्रह्मा विवाह कहलाता है। इस विवाह में नियम और रीति-रिवाज का पालन किया जाता है।
2. **देव विवाह** – दूसरे नंबर पर देव विवाह आता है। इस विवाह को किसी उद्देश्य के लिए कन्या का विवाह उसकी सहमति से करवाया जाता है।
3. **आर्ष विवाह**– शास्त्रों की मानें तो आर्ष विवाह का संबंध ऋषियों से है। इस विवाह में कन्या के पिता को बैल और गाय को दान में देकर संपन्न किया जाता है।
4. **प्रजापत्य विवाह**– चौथे नंबर पर प्रजापत्य विवाह आता है। इस विवाह में वधू के पिता दूल्हा और दुल्हन को आदेश देते हैं कि विवाह के पश्चात वह गृहस्थ धर्म का पालन कर जीवन यापन करेंगे।
5. **असुर विवाह**– इस विवाह में वर पक्ष कन्या के परिजनों को कुछ पैसे देकर कन्या को खरीद लेता है। इस विवाह में कन्या की सहमति अवश्य होनी चाहिए।
6. **गांधर्व विवाह**– इस विवाह को वर और वधु की इच्छा से किया जाता है। गांधर्व विवाह प्रेम विवाह की तरह है।
7. **राक्षस विवाह**– इस विवाह को निम्न कोटि का विवाह माना गया है। जब किसी से कन्या का अपहरण कर विवाह किया जाए, तो ऐसे विवाह को राक्षस विवाह कहा जाता है।
8. **पैशाच विवाह**– इस विवाह को बेहोशी की हालात, कन्या की बिना सहमति और अपहरण कर शारीरिक संबंध बनाकर शादी करने को पैशाच विवाह कहा जाता है।

## घर में रखा मोरपंख दिलाएगा हर अड़चन से छुटकारा

घर में परेशानी, कलह-कलेश का मुख्य कारण कुछ और नहीं बल्कि घर में मौजूद वास्तु दोष हो सकता है। वास्तु दोष के कारण जीवन में परेशानियां आने लगती हैं। इसके अलावा परिवार के सदस्यों के बीच भी कलह-कलेश रहता है। वास्तु शास्त्र में घर के कलह-कलेश को दूर करने के लिए कई सारे वास्तु उपाय बताए गए हैं, जिसमें से एक घर पे मोर पंख रखना भी एक है -

घर में बुरी नजर लगने के कारण भी यहां नेगेटिविटी रहती है। ऐसे में इसे दूर करने के लिए आप ईशान कोरण में भगवान श्रीकृष्ण का चित्र और मोरपंख लगाएं। इससे वास्तु दोष भी दूर होगा और घर में सुख-शांति भी बनी रहेगी। यदि आपके शत्रुओं ने आपको परेशानी किया है तो आप शनिवार और मंगलवार को हनुमान जी के माथे से सिंदूर लेकर मोरपंख पर लगाएं। इसके बाद इस मोरपंख को बहते हुए पानी में बहा दें। मान्यताओं के अनुसार, इससे आपको शत्रुओं से निजात मिलेगी। मोरपंख में सारे देवी-देवताओं और नव ग्रहों का वास होता है।

## वास्तु के अनुसार घर में लगाएं ये पौधे



घर की सजावट आदि के लिए कई पेड़-पौधे लगाए जाते हैं। वास्तु शास्त्र में ऐसे कई पौधे बताए गए हैं, जिन्हें घर में रखने से सुख-शांति का माहौल बना रहता है। साथ ही इन पेड़-पौधों को घर में रखने से साधक पर मां लक्ष्मी की भी कृपा बनी रहती है। चलिए जानते हैं वह पेड़-पौधे कौन-से हैं। तुलसी का पौधा हिंदू धर्म में विशेष महत्व रखता है। माना जाता है कि तुलसी का पौधा घर में रखने और नियमित रूप से उसकी पूजा करने से मां लक्ष्मी की कृपा पूरे परिवार पर बनी रहती है। इसके साथ ही वास्तु में भी इस पौधे को विशेष महत्व दिया गया है। वास्तु नियमों के अनुसार, तुलसी को घर की उत्तर या फिर उत्तर-पूर्व दिशा में लगाना चाहिए। बैम्बू प्लांट को भी शुभ पौधों में से एक माना जाता है। वास्तु शास्त्र के अनुसार, इस पौधे को घर के लॉन या बरामदे में लगाना ज्यादा शुभ माना जाता है। इसके साथ ही बांस को आप पूर्व दिशा में भी लगा सकते हैं। ऐसा माना जाता है कि जैसे-जैसे यह पौधा बढ़ता है, उसी प्रकार व्यक्ति के जीवन में भी तरक्की आती रहती है। सफेद पलाश का पौधा भी बहुत ही शुभ माना जाता है। **बांस का पौधा** – वास्तु के अनुसार, बांस आपके घर में खुशी, सौभाग्य, प्रसिद्धि, शांति व धन लाता है। इसे घर या ऑफिस के डेस्क पर रखा जा सकता है और इसे उपहार में दिया जाने वाला एक शुभ पौधा भी माना जाता है। **मनी प्लांट** –वास्तु शास्त्र के अनुसार, मनी प्लांट को घर के सामने वाले कमरे के दक्षिण-पूर्व कोने में रखने पर घर में सौभाग्य आता है। मनी प्लांट को अपने घर के गलियारे में लगाना भी फायदेमंद हो सकता है। **लैवेंडर का पौधा** –लैवेंडर की खुशबू बेहद आकर्षक होती है तथा यह तनाव को कम करने में मदद करता है। यह मन को शांति प्रदान करना है और तनाव को दूर करने में सहायता करता है। यह वास्तु पौधा सकारात्मकता लाता है और दिमाग को शांत करता है। **पीस लिली** –पीस लिली का पौधा प्रेम व सद्भाव का प्रतीक है। इसे बेडरूम में रखने से नींद अच्छी आती है और बुरे सपने दूर होते हैं। यदि आप अनिद्रा से परेशान हैं, तो अपने कमरे में लिली का पौधा रखना बहुत उपयोगी हो सकता है।

## भगवान श्री राम का जीवन, आदर्श लीडरशिप का शाश्वत मॉडल



– राजीव आचार्य
ज्योतिषाचार्य एवं वास्तुशास्त्री

भगवान श्री राम भारतीय संस्कृति में केवल एक धार्मिक या पौराणिक चरित्र नहीं हैं, बल्कि वे आदर्श नेतृत्व (लीडरशिप) के सर्वोच्च उदाहरण माने जाते हैं। उनके जीवन के विभिन्न प्रसंग हमें बताते हैं कि एक सफल नेतृत्व कैसा होता है, वह संकट में कैसे निर्णय लेता है, अपने अनुयायियों के साथ कैसा व्यवहार करता है और समाज के प्रति उसकी जिम्मेदारियां क्या होती हैं। श्री राम का नेतृत्व केवल नेतृत्व तक ही सीमित नहीं था, बल्कि उसमें नैतिकता, संवेदनशीलता, त्याग, समर्पण और दूरदृष्टि का अद्भुत समन्वय दिखाई देता है। तुलसीदास कृत रामचरितमानस में भगवान श्री राम का जीवन एक आदर्श नेतृत्व का पूर्ण उदाहरण प्रस्तुत करती है। भगवान श्री राम का जीवन नेतृत्व के उन आदर्शों को प्रस्तुत करता है, जो आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं जितने प्राचीन काल में थे। आज के दौर में, चाहे वह राजनीति हो, व्यवसाय हो या सामाजिक जीवन हर क्षेत्र में श्री राम के नेतृत्व गुणों को अपनाकर हम एक बेहतर और संतुलित समाज का निर्माण कर सकते हैं।

**1. कर्तव्यनिष्ठा और निर्णय क्षमता**– प्रभु श्री राम के जीवन का सबसे प्रमुख नेतृत्व गुण उनका कर्तव्यनिष्ठ होना है। जब उनके राज्याभिषेक की तैयारी चल रही थी, तभी उन्हें वनवास का आदेश मिला। एक आदर्श पुत्र की भांति उन्होंने व्यक्तिगत सुख को त्यागकर अपने पिता की आज्ञा और वचन की मर्यादा को प्राथमिकता दी। यह निर्णय आसान नहीं था, लेकिन उन्होंने बिना किसी विरोध के इसे स्वीकार किया। यह प्रसंग सिखाता है कि एक प्रभावी व्यक्ति वह होता है जो कठिन परिस्थितियों में भी अपने मूल्यों और कर्तव्यों से समझौता नहीं करता। अयोध्याकांड में तुलसीदास जी कहते है कि - पितु बचन मानि रघुपति चलि गयउ बन पंथ।
सोक न कछु मन महुँ, धरम रह्यो उर कंथ।।
अर्थात पिता के वचन मानकर रघुनाथजी वन के रास्ते चल दिए। उनके मन में कुछ भी शोक नहीं था, धर्म (कर्तव्य) उनके हृदय में कंठ तक भरा था ।

**2. टीम निर्माण और विश्वास**– श्री राम ने अपने वनवास के दौरान एक मजबूत और विविधतापूर्ण टीम बनाई। इसमें हनुमान, सुग्रीव, जामवंत, अंगद जैसे विभिन्न क्षमताओं वाले सहयोगी शामिल थे। उन्होंने हर व्यक्ति की योग्यता को पहचाना और उसे उचित जिम्मेदारी दी। हनुमान को सीता की खोज का कार्य सौंपना उनकी नेतृत्व क्षमता का उत्कृष्ट उदाहरण है। उन्होंने अपने सहयोगियों पर पूर्ण विश्वास जताया, जिससे टीम में आत्मविश्वास और समर्पण की भावना विकसित हुई।

**3. संवाद कौशल और संवेदनशीलता**– ी राम का व्यवहार हमेशा विनम्र और संवादपूर्ण रहा। चाहे वह वन जाते समय निषादराज गुह से मिलना हो या शबरी के आश्रम में जाना। ये प्रसंग सामाजिक समानता और समावेशी नेतृत्व के प्रतीक हैं। उन्होंने हर व्यक्ति के साथ समान भाव से संवाद किया। उन्होंने कभी भी पद या स्थिति के आधार पर भेदभाव नहीं किया। एक नेतृत्व के लिए यह आवश्यक है कि वह अपने आसपास के लोगों की भावनाओं को समझे और उनसे जुड़ाव बनाए रखे। रामचरितमानस में तुलसीदास जी कहते है कि – प्रभुहि बिलोकि गुह अति हरषा। मिलि परेउ प्रेम न हृदयँ समरसा॥ अर्थात भगवान श्रीराम को वन में देखकर निषादराज गुह बहुत हर्षित हुआ। वह प्रेमातुर होकर उनके चरणों में गिर पड़ा, प्रेम उसके हृदय में समा नहीं रहा था।



-ज्योतिषाचार्य-पंडित आशीष शुक्ल

### दैनिक पंचांग लखनऊ मंगलवार, 26 मई 2026

श्री शुभ सम्वत् 2083 शके 1948 श्री सूर्य उत्तर अयने पृथ्वी उत्तर गोलगते ग्रीष्म ऋतौ प्रथम ज्येष्ठ मासोत्तमे शुक्ल पक्षे, एकादशी तिथौ मंगल वासरे 29/12/ हस्त नक्षत्रे 29/12/ सिद्ध योग 27/11/ वणिज करणे 17/44/ कन्या राशिगत चन्द्रमा घं. मि. पर।

**व्रत एवं त्यौहार**– भद्रा प्रारंभ घं.17 मि.44से।

**मेष :** अधिकारी से विरोध होगा। कार्य क्षेत्र की स्थिति तनावपूर्ण होगी। कार्य की आलोचना संभव है। पारिवारिक व्यय बढ़ेगा।

**वृष :** दैनिक कार्यों में व्यस्त रहेगे। आर्थिक कमी के चलते पारिवारिक तनाव धैर्य से विपरीत परिस्थितियों में सुधार होगा।

**मिथुन :** किसी शुभ सूचना से स्थिति में सुधार होगा। आमोद प्रमोद में रुचि लेंगे। संतान की ओर से प्रसन्नता रहेगी।

**कर्क :** विरोधी शिथिल होंगे। किसी पड़ोसी के विषय में कानूनी उलझन कष्ट देंगी। बिना सोचे कार्य में पछतावा होगा।

**सिंह :** अधूरे काम पूरे होंगे। महत्वपूर्ण चर्चाएं होंगी। अपने विचारों के अनुरूप वातावरण का निर्माण करना चाहेंगे।

**कन्या :** कार्य व्यापार में सामान्य प्रगति। पुरानी समस्याओं का समाधान। आर्थिक योजना में पूंजी निवेश कर सकते हैं।

**तुला :** व्यापार में सावधानी से कदम उठाएं। हानि संभावित है। कार्यक्षेत्र में अधिकारी से व्यवहार में सावधानी रखें। मतभेद की संभावना है।

**वृश्चिक :** घरेलू निर्णय के विषय में किसी सूचना से विचलित होंगे। वातावरण में सुधार होगा। असंतोष दूर होगा। जीवनसाथी के व्यवहार से परेशान होंगे

**धनु :** अधीनस्थों से उपेक्षा मिलेगी। संभव है कुछ खोना पड़े। महत्वपूर्ण परिचय तथा आर्थिक आश्वासन का लाभ उठा सकते हैं। अधूरे काम पूरे होंगे।

**मकर :** पारिवारिक जीवन में सुख सहयोग विशेष रहेगा। विरोधी के व्यवहार में सुधार आएगा। शुभ मांगलिक कार्यों में सम्मिलित होने से प्रसंन्नता भी बढ़ेगी।

**कुंभ :** स्वास्थ्य नरम होगा। काम में स्थिरता रहेगी। निकट के मित्रों से मेलजोल होगा। शत्रु सक्रिय होंगे। शत्रुओं से निपटना पड़ सकता है।

**मीन :** संचित धन में कमी होगी लेकिन लाभ अन्य वस्तु के रूप में प्राप्त होगा। एकाएक बनते हुए कार्यों में व्यवधान पैदा होंगे। मेहनत से आय होगी।

# कड़ी सुरक्षा के बीच श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक



**स्वतंत्रभारत, रामनगर बाराबंकी।** लोधेश्वर महादेवा मे पुरुषोत्तम माह के दूसरे सोमवार को कड़ी सुरक्षा के बीच भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक कर भगवान शिव की आराधना की अर्धरात्रि के बाद भूत भावन भोलेनाथ के पूजन अर्चन एवं जलाभिषेक शुरु हुआ सिलसिला सोमवार की देश शाम तक चलता रहा।दण्डवत परिक्रमा कर पहुंचने शिवभक्तों की संख्या भी पहले सोमवार से अधिक रही हैं।मालूम हो कि लोधेश्वर महादेवा मे भूत भावन भोलेनाथ को प्रिय पुरुषोत्तम माह का महोत्सव चल रहा है।दूसरे सोमवार को बड़ी संख्या मे शिवभक्त नर नारी बच्चे भोलेनाथ सच्चे सभी एक संग मे बैरीकेटिंग के मध्य लालायित मन से बम बम भोले हर हर महादेव के जयकारों के उद्घोष से समूचा मंदिर परिसर गुंजायमान बनाये हुते थे।कड़े सुरक्षा प्रबन्धो के मध्य आदि देव अवढर दानी के पूजन अर्चन एंव जलाभिषेक का सिलसिला अनवरत रुप से चल रहा था।उपजिलाधिकारी आनन्द कुमार तिवारी सी ओ गरिमा पंत खंड विकास अधिकारी जितेंद्र कुमार तहसीलदार विपुल कुमार सिंह नायब तहसीलदार विजय प्रकाश तिवारी कोतवाल अरुण प्रताप सिंह ए डी ओ पंचायत अभय शुक्ला चौकी इंचार्ज रजनीश पांडेय सहित बड़ी संख्या मे सुरक्षा बल और राजस्व कर्मी अपनी अपनी जिम्मेदारियों के प्रति मुस्तैद रहे।

# जैविक फंफूदी नाशक ट्राइकोडर्मा के इस्तेमाल की दी गई जानकारी

**स्वतंत्र भारत हैदरगढ़ बाराबंकी** । आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कुमारगंज अयोध्या द्वारा संचालित, कृषि विज्ञान केंद्र हैदरगढ़ बाराबंकी की कीट वैज्ञानिक डॉ0 रिंकी कुमारी चौहान ने किसानों को जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ट्राईकोडर्मा एक जैविक फफूंदीनाशक है इसका इस्तेमाल फसलों में मृदा जनित रोग जैसे कि तना सड़न, जड़ सड़न , झुलसा, भूरा धब्बा, उकठा आदि रोगों से बचाव हेतु किया जाता है। ट्राइकोडर्मा का इस्तेमाल हम भूमिशोधन एवं बीज शोधन के लिए भी कर सकते है। भूमि शोधन हेतु ट्राईकोडर्मा विरिडी 1 प्रतिशत डब्ल्यू पी अथवा ट्राईकोडर्मा हर्ज़ियानम 2 प्रतिशत डब्ल्यू पी की 2.5 कि.ग्रा.प्रति हेक्टेयर मात्रा 65-75 कि.ग्रा. सड़ी हुई गोबर की खाद में मिलाकर हल्के पानी का छींटा देकर 8-10 दिन तक छाया में रखने के बाद बुवाई से पूर्व आखिरी जुताई पर किया जा सकता है। बताया कि बुवाई से पहले भूमि में मिला देने से शीथ ब्लाइट वगैरह रोगों से भूमि को बचाया जा सकता है।यही नहीं बीज शोधन के लिए ट्राईकोडर्मा को 4/ग्राम प्रति कि.ग्राम बीज दर से इस्तेमाल किया जाता हैं। इसके लिए आवश्यक मात्रा में ट्राइकोडर्मा विरिडे 1.0प्रश डब्ल्यूपी को न्यूनतम मात्रा में पानी के साथ घोलकर बीजों पर समान रूप से लगाएं। बोने से ठीक पहले बीजों को छाया में सुखा लें।ट्राईकोडर्मा का इस्तेमाल हम धान,गेहूं , टमाटर, मिर्च ,बैंगन, उड़द , मूंग , चना, अरहर , तिल , वगैरह में कर सकते है ।धान की फसल को शीथ ब्लाइट से बचाव हेतु 5-10 ग्राम /लीटर पानी की दर से परणीय छिड़काव कर सकते है। टमाटर और बैंगन की फसल को उकठा रोग से बचाव हेतु ट्राईकोडर्मा विरिडी 1प्रतिशत डब्ल्यू पी को 20 ग्राम /कि.ग्राम बीज की दर से और नर्सरी बेड को 50ग्राम/स्क्वायर फिट की दर से उपचारित किया जाता है।

# क्षेत्र में लगातार हो रही बिजली कटौती से उपभोक्ता परेशान



**स्वतंत्रभारत, जैदपुर बाराबंकी।** क्षेत्र में लगातार हो रही बिजली कटौती और अनियमित विद्युत आपूर्ति की समस्या को लेकर आज भारतीय किसान क्रांति यूनियन के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उपखंड अधिकारी से मुलाकात कर अपनी समस्याएं रखीं। मसौली ब्लॉक अध्यक्ष राहुल गुप्ता महिला अध्यक्ष गुड़िया रावत , ब्लॉक प्रभारी मोहम्मद शमीम ने विद्युत आपूर्ति मे होनी दिक्कतो से अवगत कराया।किसान क्रांति यूनियन के सदस्यों ने विद्युत उपखंड अधिकारी शोएब जमाल को बताया कि क्षेत्र में लगातार बिजली कटौती और अनियमित रोस्टिंग के कारण किसानों और आम जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। विशेष रूप से सिंचाई कार्य प्रभावित होने से किसानों की चिंता बढ़ गई है। उपखंड अधिकारी शोएब जमाल ने किसानों को आश्वस्त करते हुए कहा कि बिजली रोस्टिंग से जुड़ी समस्याओं का शीघ्र समाधान कराया जाएगा। साथ ही अनावश्यक बिजली कटौती पर रोक लगाकर समय से विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए जाएंगे।इस अवसर पर भारतीय किसान क्रांति यूनियन मसौली के कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। इनमें सलाउद्दीन अंसारी, ब्लॉक महामंत्री धर्मेंद्र सिंह यादव, उपाध्यक्ष मुकेश यादव, उपाध्यक्ष अतीक अहमद, ब्लॉक सचिव राज नारायण, ब्लॉक मंत्री सलमान, ब्लॉक सचिव कफील, मीडिया प्रभारी विशाल गुप्ता, मीडिया प्रभारी रहमान अली खान सहित किसान कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## खबर एक नजर

### हमले में युवक घायल

**स्वतंत्र भारत हैदरगढ़ बाराबंकी ।** कोतवाली हैदरगढ़ अंतर्गत ढकिया मजरे बहुता गांव में घूर के विवाद में पट्टीदारों के बीच मारपीट हो गयी। जिसमें एक पक्ष के रामपाल गंभीर रूप से घायल हो गये। गांव निवासी रमेसर व उनके भाई रामनरेश अगल-बगल बने घरों में रहते हैं। रामेसर के दामाद रामपाल पुत्र हीरालाल निवासी कुंभी थाना शिवगढ़ जिला रायबरेली भी यहीं रहकर खेती-बाड़ी की देखभाल करते हैं। पत्नी रामवती ने बताया कि उनके चाचा रामनरेश ने कई दिन पूर्व दरवाजे पर लगे घूर गड्ढे की पास अपनी बताकर भर ले गए थे। इसी विवाद को खत्म करने के लिए सोमवार दोपहर बाद लगभग तीन बजे रामपाल ने अपने हिस्से का घूर अलग करने की कोशिश की। महिला ने बताया कि तभी उनके चाचा रामनरेश ने अपने पुत्र गोविंदा पुत्री सोमवती के साथ उनके पति व उनपर लाठी व फरसों से सिर व चेहरे पर हमला कर दिया। जिससे उनके पति गम्भीर रूप से घायल हो गये।

### बाइकों की भिड़ंत में बालिका समेत चार घायल

**स्वतंत्र भारत हैदरगढ़ बाराबंकी।** सुबेहा थाना क्षेत्र अंतर्गत पलिया पशु बाजार के निकट सोमवार सुबह हैदरगढ़-शुकुलबाजार मार्ग पर दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में बालिका समेत चार लोग घायल हो गए। दुर्घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई।स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को एंबुलेंस के जरिए सीएचसी हैदरगढ़ भेजा गया। जहां मौजूद चिकित्सकों ने गंभीर हालत को देखते हुए एक युवक व दो किशोर समेत तीन लोगों को ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया। वहीं घायल बालिका का प्राथमिक उपचार करने के बाद छुट्टी दे दी गई।घायलों की पहचान मंजीत पुत्र अजय उम्र 12 वर्ष, अंशु यादव पुत्र गया प्रसाद 15 वर्ष निवासी नटवीरन थाना सुबेहा, अमित सिंह पुत्र मुन्ना सिंह उम्र 26 वर्ष तथा पूजा सिंह पुत्री कप्तान सिंह उम्र 14 वर्ष निवासी लाही बॉर्डर कोतवाली हैदरगढ़ के रूप में हुई है।

### ग्राम तिलहा में अवैध पेड़ कटान पर वन विभाग की बड़ी कार्रवाई

**स्वतंत्र भारत हैदरगढ़ बाराबंकी**।थाना सुबेहा क्षेत्र के ग्राम तिलहा में अवैध रूप से पेड़ों की कटाई का मामला सामने आया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार आज दिनांक 25 मई 2025 को वन दरोगा अनुज कुमार सिंह को सूचना मिली कि गांव में ठेकेदार द्वारा हरे पेड़ों का अवैध कटान कराया जा रहा है।सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल की। जांच के दौरान तीन हरे अर्जुन के पेड़ों का कटान पाया गया। जांच में सामने आया कि उक्त पेड़ों की कटाई ठेकेदार अनूप कुमार सिंह द्वारा कराई गई थी।मामले को गंभीरता से लेते हुए वन विभाग ने संबंधित ठेकेदार के खिलाफ जुर्माने की कार्रवाई की गई वन दरोगा अनुज सिंह ने बताया कि विना परमिट प्रतिबंधित पेड़ की कटान करने वाले ठेकेदार के खिलाफ जुर्माना की कार्यवाही की गई । उन्होंने चेतावनी दी है कि अवैध कटान करने वालों के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। वन विभाग की इस कार्यवाही से वन माफियाओं में हड़कंप मच गया है।

### अंबेडकर नगर से लखनऊ ले जाए जा रहे सांस रोगी की मौत

**स्वतंत्र भारत हैदरगढ़ बाराबंकी** ।अंबेडकर नगर स्थित निजी अस्पताल से गंभीर अवस्था में डॉक्टर राम मनोहर लोहिया अस्पताल के लिए रेफर किए गए एक 63 वर्षीय सांस रोगी की मौत हो गई। देर शाम हैदरगढ़ सीएचसी लाये गये रोगी को इमरजेंसी ड्यूटी पर तैनात डॉ फरहत अली ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया गया। परिजनों ने बताया कि अंबेडकर नगर जनपद के थाना व कस्बा हसवर निवासी राम दुलारे पुत्र बद्री प्रसाद 63 वर्ष सांस की बीमारी से पीड़ित थे जिनका इलाज अंबेडकर नगर में एक निजी अस्पताल मे चल रहा था । सोमवार की सुबह हालत खराब होने पर उन्हें डॉक्टरों द्वारा राम मनोहर लोहिया अस्पताल लखनऊ के लिए रेफर कर दिया गया एंबुलेंस से लखनऊ ले जाए जा रहे रामदुलारे की हालत गंभीर होने पर एंबुलेंस चालक व परिजनों द्वारा उन्हें सीएचसी हैदरगढ़ लाया गया जहां पर उन्हें मृत घोषित कर दिया

### बुखार से युवक की आकस्मिक मौत---

**स्वतंत्र भारत हैदरगढ़ बाराबंकी।** कोतवाली क्षेत्र के बहुता गांव निवासी कुलदीप शुक्ला 35 वर्ष की बुखार से सोमवार की दोपहर मौत हो गई।युवक की मौत से परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। कुलदीप कोतवाली क्षेत्र में रायबरेली मार्ग पर केल्हनुआ गांव के समीप स्थित जियो पेट्रोल पंप पर मैनेजर था।बताते हैं कि एक सप्ताह पहले बुखार आने के बाद औसानेश्वर मार्ग पर बीएसनल आफिस के समीप स्थित एक निजी चिकित्सक से दवा ली।हालत बिगड़ने पर दो दिन पहले इसी निजी अस्पताल ने भर्ती कर इलाज जारी रखा।सोमवार की दोपहर निजी चिकित्सालय के डाक्टर द्वारा अलग दिखा लेने की सलाह दी गई।परिजन बेटे को लेकर यहां से मात्र एक किमी दूर स्थित सीएचसी पहुंचे।यहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।युवक की आकस्मिक मौत की सूचना पाकर कोतवाली पुलिस ने निजी चिकित्सालय में छानबीन की।पता चला कि परिजनों ने किसी के विरुद्ध शिकायत नहीं की है।

### मेरा युवा भारत द्वारा आयोजित हुआ अनुभवात्मक प्रशिक्षण

**स्वतंत्रभारत बाराबंकी।** 'अनुभवात्मक प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत वृद्धाश्रमों में वरिष्ठ नागरिकों के प्रति युवाओं में संवेदनशीलता एवं सेवा भावना का विकास' आयोजित प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य आज के आधुनिक युग में युवाओं के अंदर खत्म हो रही संवेदनशीलता ,सेवा भाव, आदि के विषयों पर जानकारी तथा अनुभव प्राप्त करने के लिए मेरा युवा भारत बाराबंकी की टीम मातृ पितृ सदन सफेदाबाद गई जहां बुजुर्गों के साथ घंटों समय बिताया साथ ही कई गतिविधियां गीत संगीत मनोरंजक खेलों के माध्यम से बुजुर्गों का दिन खुशहाल बनाने की कोशिश की इसी क्रम में जिला युवा अधिकारी श्रीमती रश्मीशबनम गुप्ता अन्य गणमान्य उपस्थित रहें।

# डीएम ने सड़क चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण परियोजनाओं का किया निरीक्षण



**स्वतंत्रभारत, बाराबंकी।** जनपद में संचालित विकास एवं आधारभूत संरचना से जुड़े कार्यों के स्थलीय निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी श्री ईशान प्रताप सिंह ने विभिन्न सड़क चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण परियोजनाओं का मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्यों की प्रगति, गुणवत्ता, रोड सेफ्टी मानकों एवं कार्यदायी संस्थाओं की कार्यशैली की गहन समीक्षा करते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि जनहित से जुड़े सभी कार्यों को निर्धारित मानकों के अनुरूप समयबद्ध ढंग से पूर्ण कराया जाए। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही अथवा अनावश्यक विलम्ब स्वीकार नहीं किया जाएगा।जिलाधिकारी ने सर्वप्रथम लखनऊ -कुर्सी-महमूदाबाद मार्ग के किमी 19 से 51 तक दो लेन पेव्ड शोल्डर एवं आबादी भाग में चार लेन चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य की प्रगति का अवलोकन किया। लगभग 33 किलोमीटर लंबी इस परियोजना में अब तक हुई प्रगति की समीक्षा करते हुए उन्होंने नाले एवं नहरों पर निर्माणाधीन सेतु के कार्यों को शीघ्रता के साथ पूर्ण कराने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने निर्देशित किया कि शेष बचे कार्यों को गुणवत्तापूर्ण ढंग से समयान्तर्गत पूर्ण करने हेतु विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर प्रस्तुत की जाए।जिलाधिकारी ने मौके पर कार्य कर रहे श्रमिकों की संख्या का भी सत्यापन कराया तथा कार्यों में और तेजी लाने हेतु श्रमिकों की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने शेष बचे विद्युत पोल शिफ्टिंग, वृक्षों के पातन एवं मिट्टी पटाई के कार्यों की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि सभी कार्य तीव्र गति से पूर्ण कराए जाएं, जिससे परियोजना में किसी प्रकार की अनावश्यक देरी न हो।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता की भी गहन जांच की। उन्होंने रोड के आरओडब्ल्यू (राइट ऑफ वे) के अंतर्गत बीच-बीच में छोटे-छोटे कार्य अधूरे छोड़े जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देश दिए कि कार्यों को चरणबद्ध एवं समग्र रूप से एक साथ पूर्ण किया जाए। उन्होंने विशेष जोर देकर कहा कि निर्माण कार्यों के दौरान ही सड़क सुरक्षा मानकों को पूर्ण रूप से सुनिश्चित किया जाए तथा संभावित ब्लैक स्पॉट को चिन्हित करते हुए आवश्यक कार्यवाही समय से कर ली जाए।इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी ने विकास खण्ड निन्दूरा क्षेत्र में बद्दुपुर खिजना मोड़ से मल्लावा मार्ग के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य का भी निरीक्षण किया तथा कार्यदायी संस्था को गुणवत्ता मानकों का पूर्ण पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान पुलिया निर्माण, ड्रेनेज व्यवस्था, सड़क सुरक्षा कार्य एवं अन्य निर्माण गतिविधियों की भी समीक्षा की गई।जिलाधिकारी ने कहा कि सड़क निर्माण परियोजनाएं जनसुविधा एवं क्षेत्रीय विकास से सीधे जुड़ी होती हैं, इसलिए कार्यों में गुणवत्ता एवं पारदर्शिता सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को नियमित मॉनिटरिंग करते हुए कार्यों में आने वाली बाधाओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।इस दौरान अधिशासी अभियन्ता, पीडब्ल्यूडी निर्माण खंड-3, राजीव राय सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### पेड़ से लटके मिले प्रेमी युगल

**स्वतंत्रभारत जैदपुर बाराबंकी।** गेहेंदवर गांव में प्रेमी युगल के शव पेड़ से लटके मिलने से हड़कंप मच गया पुलिस जांच में जुटी।बताते चलें कि सतरिख थाना क्षेत्र में एक प्रेमी युगल के शव पेड़ से सोमवार करीब 10 बजे लटके मिले हैं। यह घटना गेहेंदवर गांव से लगभग 500 मीटर दूर खेत में लगे चिलवल के पेड़ पर हुई, जिससे इलाके में हड़कंप मच गया।सूचना मिलते ही सतरिख थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने ग्रामीणों की मौजूदगी में दोनों शवों को पेड़ से उतरवाया और पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।मृतक युवक की पहचान गेहेंदवर गांव निवासी रोहित के रूप में हुई है। युवती की पहचान अभी तक पूरी तरह नहीं हो पाई है, लेकिन वह लोनी कटरा थाना क्षेत्र की बताई जा रही है।ग्रामीणों के अनुसार, रोहित की शादी करीब एक साल पहले हुई थी।इस घटना के बाद दोनों परिवारों में मातम पसरा हुआ है, और पूरे क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं।

# सामूहिक रूप से पुलिस चौकी पर हमला करने वाले 22 लोगों को हुई सजा

**स्वतंत्रभारत, बाराबंकी।** 'ऑपरेशन कनविक्शन' के तहत चिन्हित अभियोग की प्रभावी पैरवी के परिणामस्वरुप न्यायालय द्वारा लोक सम्पत्ति को क्षति पहुंचाने, लूट पाट, डकैती एवं आगजनी करनें एवं सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने जैसे जघन्य अपराध की घटना से सम्बन्धित 22 अभियुक्तगणों को 07-07 वर्ष का कठोर कारावास व 61,500-61,500 रु0 के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 लखनऊ द्वारा दिये गये आदेशों के क्रम में पुलिस अधीक्षक अर्पित वियवर्गीय के निर्देशन में जघन्य अपराधों में लिप्त अपराधियों को तत्काल गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध वैज्ञानिक विधि से साक्ष्य संकलन एवं गुणवत्तापूर्ण विवेचनात्मक कार्यवाही करते हुए 'ऑपरेशन कनविक्शन' कार्ययोजना के तहत मॉनीटरिंग सेल में नियुक्त अधि0/कर्म0गण/पैरोकार द्वारा न्यायालय में प्रभावी पैरवी व साक्ष्य हेतु महत्वपूर्ण गवाहों को प्रस्तुत कराकर न्यूनतम समय में अधिकतम सजा दिलाये जाने की कार्यवाही की जा रही है । इसी क्रम में थाना देवा पर लोक सम्पत्ति को क्षति पहुंचाने, की घटना के सम्बन्ध में पंजीकृत मु0अ0सं0 300/2015 धारा 147/148/395/397/332/333/353/436/427/504/506/149 आईपीसी व 7 सीएलए एक्ट व लोक सम्पत्ति क्षति निवारण अधि0 से सम्बन्धित अभियुक्तगण धर्मेन्द्र रावत पुत्र प्यारेलाल, प्रमोद लोनिया पुत्र रामपाल उर्फ फकीरेलाल, पुतान उर्फ देशराज वर्मा पुत्र घनश्याम वर्मा, सिराज पुत्र गोगा, कबीर पुत्र स्व0 रमजान अली, कन्हैया रावत पुत्र स्व0 झगड़ू प्रसाद, कमलेश वर्मा पुत्र हृदया राम वर्मा, सर्वेश कुमार वर्मा पुत्र सुन्दरलाल निवासीगण ग्राम सरसौंदी थाना देवा जनपद बाराबंकी, मंत्री रावत, विनोद रावत, दुर्गेश रावत पुत्रगण रामचन्द्र रावत, अंगद रावत पुत्र स्व0 रामकिशोर निवासीगण मुजफ्फरमऊ थाना देवा जनपद बाराबंकी, चन्द्रिका रावत पुत्र स्व0 अशर्फी लाल, कमलेश रावत पुत्र लल्लू राम, सोनेलाल रावत पुत्र रामसनेही निवासीगण ग्राम रेंदुआ पल्हरी थाना देवा बाराबंकी, बेन्दा पुत्र चिरौंजीलाल, अजय कुमार वर्मा पुत्र स्व0 रामबहादुर निवासीगण ग्राम मुरादाबाद थाना देवा जनपद बाराबंकी, रिंकू वर्मा पत्र अमर सिंह, राकेश रावत पुत्र रघुराज, राजेश वर्मा पुत्र रामदुलारे, रामू पुत्र प्यारेलाल निवासगीण जरूवा मुरादाबाद थाना देवा बाराबंकी व रंजीत रावत पुत्र छोटे लाल नि0 श्रीनगर थाना देवा जनपद बाराबंकी को उपरोक्त धाराओं में न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश कोर्ट न-02 बाराबंकी द्वारा 07-07 वर्ष कठोर कारावास व 61,500-61,500 रु0 के अर्थदंण्ड से दंण्डित किया गया ।

# दुर्घटना में युवक की मौत

**स्वतंत्रभारत जैदपुर बाराबंकी।** सोमवार की सुबह गोंडा बहराइच राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित मसौली चौराहा पशु बाजार के निकट हुई मार्ग दुर्घटना मे 35 वर्षीय युवक की मौत हो गयी तथा बाईक पर सवार दो अन्य घायल हो गये पुलिस ने पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। टक्कर के बाद कार चालक कार को छोड़कर फरार हो गया जिसे पुलिस ने अपने कब्जे मे ले लिया है। बहराइच जिले थाना हुजूरपुर के ग्राम गडरियनपुरवा निवासी 35 वर्षीय औलाद हुसैन पुत्र असगर अली, अपने 18 वर्षीय भाई इरशाद पुत्र अतहर हुसैन और 12 वर्षीय आमिर हुसैन पुत्र अकबर हुसैन जो लखनऊ स्थित मदरसे मे पढ़ते है जिन्हे लेकर बाईक से घर लौट रहे थे कि बाईक सवार जैसे ही मसौली चौराहा के पशु बाजार के करीब पहुंचे थे कि सामने से आ रही कार ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे बाईक सवार तीनों लोग गंभीर रूप घायल हो गए। सूचना पर पहुंची मसौली पुलिस ने घायलों को सीएचसी बड़ागांव पहुंचाया जहां पर चिकित्स्को ने 35 वर्षीय औलाद हुसैन को मृत घोषित कर दिया तथा इरशाद एव आमिर हुसैन का सीएचसी बड़ागांव मे इलाज चल रहा है।

# न्याय अब जनता के द्वार : सत्येंद्र कुमार

**स्वतंत्रभारत, बाराबंकी।** जनपद में कल सोमवार को असंद्रा बाजार में आयोजित विशाल जनचौपाल के दौरान सदस्य राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग सत्येंद्र कुमार बारी 'बीनू' ने हजारों ग्रामीणों के बीच पहुंचकर एक-एक व्यक्ति की समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही त्वरित एवं प्रभावी समाधान के कड़े निर्देश दिए। जनचौपाल में लोगों की समस्याओं का तत्काल निस्तारण होते देख ग्रामीणों में विशेष उत्साह और विश्वास देखने को मिला। अपने संबोधन में सत्येंद्र कुमार बारी ने कहा कि उनका संकल्प है कि प्रदेश का कोई भी पीड़ित, वंचित और जरूरतमंद व्यक्ति न्याय के लिए दर-दर भटकने को मजबूर न हो। उन्होंने कहा कि जनता की सेवा ही उनका सर्वोच्च दायित्व है और हर व्यक्ति की समस्या का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करना उनकी प्राथमिकता है। राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग द्वारा चलाए जा रहे 'आयोग आपके द्वार' अभियान के अंतर्गत अब प्रदेश के विभिन्न जनपदों में जन सहायता केंद्र एवं जन संपर्क कार्यालय स्थापित किए जा रहे हैं, ताकि आम नागरिकों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए राजधानी या आयोग कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। इसी क्रम में बाराबंकी प्रदेश का 30वां जनपद बना, जहां असंद्रा बाजार में जन संपर्क कार्यालय की स्थापना की गई। इस कार्यालय का उद्देश्य ग्रामीण एवं पिछड़े वर्ग के लोगों को स्थानीय स्तर पर ही सहायता और न्याय उपलब्ध कराना है। जन चौपाल में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों की बड़ी भागीदारी रही। कार्यक्रम में विधायक दिनेश रावत, ब्लॉक प्रमुख आरती रावत, मंडल अध्यक्ष शशांक, उप जिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी, कई थाना अध्यक्ष, खंड विकास अधिकारी, बिजली विभाग एवं पीआरडी विभाग के अधिकारी, समाज कल्याण अधिकारी, पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, लेखपाल एवं ग्राम सचिव उपस्थित रहे।

### चलाया गया जागरूकता अभियान

**स्वतंत्रभारत, बाराबंकी।** महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन हेतु चलाये जा रहे 'मिशन शक्ति फेज- 05' द्वितीय चरण के दृष्टिगत जनपद बाराबंकी पुलिस द्वारा जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन कर जागरूक किया गया। प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलम्बन हेतु चलाये जा रहे 'मिशन शक्ति फेज- 05' द्वितीय चरण के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक बाराबंकी श्री अर्पित विजयवर्गीय के निर्देशन में बाराबंकी पुलिस के समस्त थानों में संचालित मिशन शक्ति केन्द्र की महिला अधिकारी/कर्मचारीगण द्वारा अपने- अपने क्षेत्रों में महिला सुरक्षा के संबंध में जागरूक कर उ0प्र0 शासन व उ0प्र0 पुलिस के स्तर से संचालित समस्त योजनाओं एवं प्रबन्धों की जानकारी दी गई। महिला हिंसा से सम्बन्धित तथा अन्य शिकायतों के निवारण हेतु वीमेन पावर लाइन (1090), पुलिस आपातकालीन सेवा (112), सीएम हेल्पलाइन नंबर (1076), चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर (1098), वन स्टाप सेन्टर (181), साइबर हेल्पलाइन नंबर (1930), स्वास्थ्य सेवा हेल्पलाइन नंबर (102), एम्बुलेन्स सेवा (108) व जनसुनवाई पोर्टल, स्थानीय थाने की हेल्प डेस्क, जिला संरक्षण अधिकारी, राष्ट्रीय/राज्य महिला आयोग, जनपद न्यायालय में स्थित जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सम्बन्ध में एवं साइबर अपराध के बारे में जागरूक किया गया।

# खेल शारीरिक व्यायाम का साधन है : गौरव



**स्वतंत्रभारत, जैदपुर बाराबंकी।** खेल शारीरिक व्यायाम का साधन है । खेलों से युवाओं की शारीरिक प्रतिभा में निखार होती है।साथ ही ग्रामीण अंचलों में छिपी प्रतिभाओ में निखार आता है। उक्त बातें विकास खण्ड मसौली की ग्राम करसंडा स्थित खेल मैदान मे आयोजित एक दिवसीय नाइट ग्रामीण क्रिकेट टूनामेंट का फीता काटकर उद्घाटन करते हुए सपा विधायक गौरव रावत ने कही उन्होंने कहा कि क्रिकेट पूरी दुनिया मे अंतराष्ट्रीय खेल के तौर पर खेला जाता हैं। ग्रामीण अंचलों में क्रिकेट के बेहतरीन प्रतिभाएं है जरूरत है उनमें निखार लाने की जिसके लिए सरकार को चाहिए कि गांव की इन प्रतिभाओ को संसाधन उपलब्ध कराकर अवसर देना चाहिए उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते हुए कहा कि खेल को खेल की भावना से ही खेलना चाहिए। नाईट क्रिकेट टूनामेट मैच मे क्षेत्र की आठ टीमों ने भाग लिया टूनामेंट पूरी रात्रि चला जहा दर्शकों की भारी भीड़ रही । इस मौक़े पर आयोजक मो0 शादाब, प्रधान मित्तल कुमार, बीडीसी शाहिद अली, सभाषचंद्र वर्मा, मोहित वर्मा उजहुल, तौफीक, परवेज, शाहरुख आदि लोग मौजूद रहें।

# ज्ञान भारतम मिशन के अंतर्गत राष्ट्रीय पाण्डुलिपि सर्वेक्षण अभियान जारी

**स्वतंत्रभारत, बाराबंकी।** 'ज्ञान भारतम मिशन' के अंतर्गत राष्ट्रीय पाण्डुलिपि सर्वेक्षण अभियान के तहत जनपद में संरक्षित प्राचीन पाण्डुलिपियों के चिन्हांकन एवं सर्वेक्षण का कार्य चल रहा है। अभियान के सफल संचालन हेतु गठित जनपद स्तरीय समिति के निर्देशन में विभिन्न स्थलों पर सर्वेक्षण कार्य कराया जा रहा है।अभियान के अंतर्गत निजी एवं सरकारी पुस्तकालयों, संग्रहालयों, संस्कृत पाठशालाओं, शोध संस्थानों, मंदिरों, मठों, आश्रमों तथा गुरुकुलों में सुरक्षित पाण्डुलिपियों का विवरण संकलित किया जा रहा है। साथ ही निजी संग्रहकर्ताओं, पुरोहितों, धर्माचार्यों एवं संस्कृत तथा प्राचीन भाषाओं के विद्वानों के पास उपलब्ध पाण्डुलिपियों का भी चिन्हांकन किया जा रहा है।जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह ने बताया कि अभियान का उद्देश्य देश की प्राचीन ज्ञान परंपरा एवं सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित एवं डिजिटाइज करना है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सर्वेक्षण कार्य गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध ढंग से पूर्ण कराया जाए तथा अधिक से अधिक जनसहभागिता सुनिश्चित की जाए।

### केबिल पर झप्पर गिरने से घर में लगी

**स्वतंत्रभारत जैदपुर बाराबंकी।** सफदरगंज थाना क्षेत्र स्थित झलिहा गांव में देर रात एक घर में विजली के केबल पर झप्पर गिरने से आग लग गई। इस घटना में लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया।परिजनों ने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक आग ने विकराल रूप ले लिया था। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने समर्सिबल पंप चलाकर आग पर काबू पाया। हालांकि, तब तक घर का सारा सामान जल चुका था।पीड़ित ने सोमवार सुबह करीब 11 बजे बताया कि आग में घर में रखा बेड, अन्य सामान और लगभग बीस हजार रुपये नकद जल गए हैं।

## खबर एक नजर

### युवक ने फांसी लगा कर दी जान

**डलमऊ रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र के चक मलिक भीटी डंगरी गांव में एक 38 वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर जान दे दी मिली। जानकारी के अनुसार बीते रविवार को समय लगभग 4.00 बजे श्याम लाल के घर में कोई नहीं था घर में मौजूद श्याम लाल के पुत्र अनिल ने घर के बरामंदे में छत की सरिया से रस्सी बांधकर फांसी लगा ली। जिससे उसकी मौत हो गई। परिजनों का कहना है कि मृतक शराब का आदी था और नशे की हालत में उसने आत्महत्या की। वहीं कोतवाली प्रभारी राघवन सिंह ने बताया सबको कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया मामले की जांच की जा रही है।

### अज्ञात कारणों से लगी भीषण आग

**बछरावां, रायबरेली।** क्षेत्र के बगाही गांव में स्थित एक प्लाईबोर्ड फैक्ट्री में आज सुबह तड़के अज्ञात कारणों से भीषण आग लग गई। आग इतनी भयावह थी कि उसने देखते ही देखते पूरी फैक्ट्री को अपनी चपेट में ले लिया। प्लाईबोर्ड और सूखी लकड़ी की भारी मात्रा होने के कारण लपटें तेजी से फैलीं, जिससे फैक्ट्री का टिन शेड ढह गया और अंदर रखी मशीनें व कीमती माल पूरी तरह जलकर खाक हो गया। इस हादसे में फैक्ट्री मालिक को लाखों रुपये का भारी नुकसान होने का अनुमान है। मिली जानकारी के मुताबिक यह घटना सुबह करीब 3रू30 बजे की है, जब अचानक फैक्ट्री से आग की लपटें उठती देख बगाही गांव और आसपास के इलाके में हड़कंप मच गया। आग लगने के सही कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है। घटना की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की गाड़ियां तुरंत मौके पर पहुँचीं। फायर फाइटर्स ने जान जोखिम में डालकर घंटों तक भारी मशक्कत की और आखिरकार सुबह जाकर आग पर पूरी तरह से काबू पाया। फिलहाल स्थानीय पुलिस और प्रशासन की जमंउ मौके पर मौजूद है और नुकसान के सटीक आकलन के साथ-साथ आग लगने के कारणों की जांच में जुटी है।

### डीएम की अध्यक्षता में जनपद में सुचारू विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित कराने हेतु बैठक सम्पन्न

**रायबरेली।** जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद में सुचारू एवं निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से बैठक आयोजित की गई। बैठक में विद्युत विभाग के अधिकारियों द्वारा आंधी-तूफान के कारण क्षतिग्रस्त हुई विद्युत लाइनों को रिस्टोर कर विद्युत आपूर्ति बहाल किए जाने की प्रगति की तहसीलवार समीक्षा प्रस्तुत की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि जिन क्षेत्रों में आंधी-तूफान के कारण विद्युत लाइनें क्षतिग्रस्त हुई हैं, वहां मरम्मत कार्य में तेजी लाई जाए तथा अतिरिक्त मैनपावर लगाकर विद्युत आपूर्ति की शीघ्र बहाली सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए विद्युत विभाग पूरी तत्परता एवं संवेदनशीलता के साथ कार्य करे। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि विद्युत आपूर्ति बहाली के कार्यों की सतत निगरानी की जाए तथा जहां भी ट्रांसफार्मर, पोल अथवा तार क्षतिग्रस्त हुए हैं, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर ठीक कराया जाए। साथ हीए ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति की स्थिति पर लगातार नजर रखते हुए शिकायतों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। बैठक में विभिन्न तहसीलों में विद्युत आपूर्ति की वर्तमान स्थिति, मरम्मत कार्यों की प्रगति एवं आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन सिद्धार्थ, अधीक्षण अभियंता अविनाश पटेल, अखिलेश कुमार सहित विद्युत विभाग के अधिशाषी अभियंता उपस्थित रहे।

### न्यू स्टैण्डर्ड पब्लिक स्कूल त्रिपुला में आयोजित हुई अभिभावक-शिक्षक बैठक

**रायबरेली।** न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेंडरी स्कूल त्रिपुला में विद्यार्थियों के शैक्षिक विकास, अनुशासन, सर्वांगीण प्रगति एवं विद्यालय और अभिभावकों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने के उद्देश्य से अभिभावक.शिक्षक बैठक पीटीएम का आयोजन किया गया। बोर्ड कक्षाओं के विद्यार्थियों के अभिभावकों एवं शिक्षकों के मध्य आयोजित बैठक में अभिभावकों ने सहभागिता करते हुए अपने बच्चों के पीरियाडिक एग्जाम.1 के परिणाम, शैक्षिक प्रदर्शन एवं प्रगति पर शिक्षकों से विस्तार से चर्चा की। शिक्षकों ने विद्यार्थियों की पढ़ाई को और प्रभावी बनाने, नियमित अभ्यास तथा बेहतर परीक्षा तैयारी के लिए आवश्यक सुझाव एवं मार्गदर्शन भी प्रदान किया। प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति ने कहा कि स्वच्छों के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव तभी रखी जा सकती है, जब अभिभावक और शिक्षक एक समान उद्देश्य एवं सकारात्मक सोच के साथ मिलकर कार्य करें। विद्यालय और परिवार के बीच बेहतर तालमेल विद्यार्थियों को सफलता की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों की नियमित पढ़ाई, अनुशासन एवं मानसिक विकास पर विशेष ध्यान देने का आग्रह किया। इस अवसर पर फैजान खान, शिवकरन पाल, संचिता त्रिवेदी, प्रशांत पांडेय, शुभी सिंह, शाहीन खान, अजय सिंह, गिरीश श्रीवास्तव सहित शिक्षक-शिक्षिकाएँ अभिभावक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

### जलस्त्रोतों के आसपास विशेष सतर्कता बरतना अत्यंत आवश्यक-एडीएम

**रायबरेली।** अपर जिलाधिकारी ;वित्त एवं राजस्वद्ध सहदेव मिश्र बताया है कि जनपद में प्रवाहित होने वाली विभिन्न नदियाँ नहरें, तालाब, पोखरे, झीलें एवं अन्य जलस्त्रोत बड़ी संख्या में स्थित हैं, जिनमें प्रायः बच्चे किशोर एवं युवा वर्ग स्नान, जलक्रीड़ा अथवा अन्य गतिविधियों हेतु जाते हैं। कई बार असावधानीवश गहरे पानी में चले जाने, तेज बहाव, फिसलन अथवा तैराकी न जानने के कारण डूबने जैसी दुःखद घटनाएँ घटित हो जाती हैं, जिससे जनहानि होने की संभावना बनी रहती है। उन्होंने वर्तमान ग्रीष्मकाल एवं आगामी वर्षा ऋतु के दृष्टिगत जलस्त्रोतों के आसपास विशेष सतर्कता बरतना अत्यंत आवश्यक है। अपर जिलाधिकारी वि0रा0 ने जनपद के समस्त अभिभावकों एवं नागरिकों से अपील की है कि बच्चों को अकेले नदी, तालाब, नहर अथवा अन्य जलस्त्रोतों के पास न जाने दें। बच्चों एवं युवाओं को गहरे पानी में स्नान एवं जलक्रीड़ा करने से रोकें। बरसात के समय जलभराव अथवा तेज बहाव वाले क्षेत्रों से दूर रहें। असुरक्षित घाटों एवं प्रतिबंधित स्थलों पर स्नान न करें। किसी भी आपात स्थिति में तत्काल स्थानीय प्रशासन, पुलिस अथवा आपदा प्रबंधन विभाग को सूचना दें।

### सम्राट पृथ्वीराज चौहान जन्मजयंती कार्यक्रम को लेकर प्रेस वार्ता का आयोजन

**रायबरेली।** सोमवार को शहर के सुपरमार्केट स्थित पायल होटल में सम्राट पृथ्वीराज चौहान सेवा समिति उत्तर प्रदेश रायबरेली अध्यक्ष जीसी सिंह चौहान की अध्यक्षता में एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। जिसमें दिनांक 28 मई दिन बृहस्पतिवार को जनपद के जिला पंचायत सभागार परिसर में सम्राट पृथ्वीराज चौहान की जन्मजयंती को लेकर योजना बनाई। जिसमें सभी पदाधिकारियों द्वारा इस जयंती को हर्षोल्लास के साथ मनाये जाने की बात रखी गई।

आगे उन्होंने बताया कि उपरोक्त कार्यक्रम मुख्य अतिथि के रूप में मध्य प्रदेश रीवा जनपद के वीर, वरिष्ठ सेनानी संजय सिंह बघेल, राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व सैनिक शहीद सेवा समिति तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में एमएलसी सीतापुर पवन सिंह चौहान एवं अति विशिष्ट अतिथि राज बहादुर सिंह भदौरिया पूर्व जिला जज का आना सुनिश्चित हुआ है। आगे उन्होंने यह भी जानकारी दी कि जन्मजयंती के एक दिन पहले 27 मई 2026 के शाम 6 बजे शहीद चौक पर कार्यक्रम होगा और 28 मई को जिला पंचायत सभागार में मनाया जाएगा। इस प्रेस वार्ता में समिति के उपाध्यक्ष एसपी सिंह चौहान, महासचिव नरेंद्र सिंह फौजी, संगठन मंत्री डॉ रवि सिंह, कोषाध्यक्ष विपिन सिंह आदि मौजूद रहे।

# अघोषित बिजली कटौती व पेयजल की समस्या को लेकर कांग्रेसियों ने पैदल मार्च निकाल कर डीएम को सौंपा 9 सूत्री ज्ञापन



**स्वतंत्र भारत संवाददाता, रायबरेली।** अघोषित बिजली कटौती व पेयजल की समस्या के चलते जिला कांग्रेस कमेटी के द्वारा जिलाध्यक्ष पंकज तिवारी के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यालय तिलक भवन से कलेक्ट्रेट तक पैदल मार्च निकाल कर राज्यपाल को सम्बोधित 9 सूत्री ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। मौके पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष पंकज तिवारी ने कहा कि भीषण गर्मी के इस दौर में जनपद में अघोषित बिजली कटौती के चलते किसान, छात्र, व्यापारी व आम जनों की मुश्किले बढ़ गई है और जन-जीवन, अस्त-व्यस्त हो चुका है, प्रदेश में व्याप्त भ्रष्टाचार की वजह से सम्बन्धित विभाग कुछ सुनने को तैयार नहीं है, उत्तर प्रदेश सरकार विद्युत व्यवस्था की बढ़ती मांग को संभालने में सक्षम नहीं है, ऐसे समय में लगातार कटौती व बिजली की आवाजाही से जनता परेशान है, और भाजपा सरकार चैन की नींद सो रही है। बछरावां विधानसभा पूर्व प्रत्याशी व राष्ट्रीय सचिव सुशील पासी ने कहा कि ग्रामीण इलाकों में यदि कोई फाल्ट हो गया तो कई-कई दिनों तक पूरा इलाका अंधेरे में रहने को मजबूर है और भीषण गर्मी के चलते आम जीवन प्रभावित हो रहा है, सम्बन्धित विभागों का यह कहना की न तो मेरे पास पर्याप्त कर्मचारी है और न सामान उपलब्ध है, विभाग के ऐसे गैर जिम्मेदाराना जवाब से जनता में आक्रोश है। हरचन्दपुर विधानसभा पूर्व प्रत्याशी सुरेन्द्र विक्रम सिंह ने कहा कि सरकार को जनता की समस्याओं से कोई लेना देना नहीं है, भीषण गर्मी और बिजली, पानी की कमी से किसान परेशान है। लालगंज नगर पंचायत अध्यक्ष सरिता गुप्ता ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में ''जल-जीवन मिशन'' योजना के तहत पेयजल की आपूर्ति भ्रष्टाचार व अव्यवस्थाओं के चलते बन्द पड़ी है, की जांच हो और जलापूर्ति सुनिश्चित हो। कांग्रेस प्रवक्ता महताब आलम ने बताया कि कांग्रेस द्वारा 9 सूत्री मांग की गई जिनमें प्रमुख है- अघोषित बिजली कटौती की समस्या अविलम्ब दूर की जाए। ग्रामीण क्षेत्रों में पर्याप्त बिजली उपलब्ध कराई जाए। लो-वोल्टेज, बिजली की बार-बार ट्रिपिंग की समस्या का समाधान किया जाए। विद्युत विभाग में मानक के अनुरूप कर्मचारी, सामान व संसाधन की उपलब्धता सुनिश्चित किया जाए।

किसानों के निजी नलकूपों की फाल्ट विद्युत लाइन को अविलम्ब ठीक कराया जाय। शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के जर्जर बिजली के खम्भे व तारों को बदलवाया जाए। पूरे जनपद में निर्बाध विद्युत सप्लाई सुनिश्चित की जाय। रायबरेली जिले के ग्रामीण क्षेत्रों मे खराब पड़े इण्डिया मार्का हैण्डपम्पों का चिन्हांकन कराके उनको अविलम्ब ठीक कराया जाए प्रमुख है, जनहित में उक्त मांगो को पूर्ण करने हेतु अगर प्रभावी कदम नहीं उठाया जाता तो कांग्रेस जन सड़कों पर उतरने को बाध्य होगा। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के समस्त उपाध्यक्ष, महासचिव, सचिव, फ्रन्टल, विभाग, प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष व ब्लाक अध्यक्ष गण सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं ग्रामीण क्षेत्र के निवासी उपस्थित रहें।

### बिजली आपूर्ति ठप होने से परेशान ग्रामीण

**ऊँचाहार, रायबरेली।** दस दिन से गाँव में बिजली आपूर्ति ठप होने से परेशान ग्रामीणों ने अधिशासी अभियंता को ज्ञापन देकर बिजली व्यवस्था सुचारू रूप से बहाल कराने की मांग की है। कंदराँवां गांव के दर्जनों ग्रामीणों ने सोमवार को कस्बा स्थित विधुत उपकेंद्र पहुंचकर दिये ज्ञापन में बताया कि पिछले दस दिनों से ट्रांसफार्मर व लाइन में खराबी के कारण बिजली आपूर्ति ठप है। भीषण गर्मी के बीच लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, लोगों के घरों में पानी, खेतों में सिंचाई आदि की समस्या से ग्रामीण प्रभावित है। इस दौरान बीडीसी सदस्य श्रवण कुमार, उमेश कुमार, सुरेश सरोज, संगीता मौर्य, मुकेश जायसवाल समेत अन्य ग्रामीण मौजूद रहे। इस सम्बंध में अधिशासी अभियंता उमेश कुमार से संपर्क करने का प्रयास किया गया लेकिन उनसे संपर्क नहीं हो पाया।

## डलमऊ में अवैध खनन ओवरलोडिंग की कार्यवाही से मचा हड़कंप




**स्वतंत्र भारत संवाददाता, डलमऊ रायबरेली।** बीते रविवार को डलमऊ के नेवाजगंज रोड पर हुई सड़क दुर्घटना के बाद गुस्साए ग्रामीणों ने सड़क जाम कर धरना प्रदर्शन किया और ओवरलोड डंफर व ट्रक के खिलाफ कार्यवाही की मांग की जिसको देखते हुए डलमऊ तहसील प्रशासन व परिवहन विभाग के द्वारा बड़ी कार्यवाही को अंजाम दिया जा रहा है। जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका व पुलिस अधीक्षक रवि कुमार के निर्देश पर जिले भर में अवैध खनन व ओवरलोडिंग पर परिवहन विभाग द्वारा जगह-जगह पर कार्यवाही को अंजाम दिया जा रहा है गठित की गई टास्क फोर्स और उप जिलाधिकारी डलमऊ सत्येंद्र सिंह तथा तहसीलदार मंजरी सिंह की उपस्थिति में बीते रविवार से लेकर सोमवार तक लगातार मुराईबाग कस्बे के नेवाजगंज रोड पर सघन चेकिंग अभियान के माध्यम से फतेहपुर की तरफ से आने वाली लोड ओवरलोड ट्रक व डंफर के कागजात की चेकिंग की गई। इस दौरान 18 वाहनों के खिलाफ कार्यवाही की गई। उप जिलाधिकारी डलमऊ सत्येंद्र सिंह ने बताया कि यह कार्यवाही जिला अधिकारी के निर्देशन पर की जा रही है और आगे भी चलती रहेगी। उन्होंने कहा अवैध खनन पर भी शिकंजा कसा जाएगा। आपको बता दें कि डलमऊ क्षेत्र में ओवरलोड वाहनों की वजह से कई जानलेवा हादसे हो चुके हैं जिससे ग्रामीणों व नगर वासियों सहित राहगीरों का गुस्सा लगातार देखने को मिल रहा है। वैसे बात कार्यवाही की जाए तो उपजिलाधिकारी डलमऊ सत्येंद्र सिंह द्वारा एक माह पूर्व भी ओवरलोडिंग को लेकर ऐसी ही कार्यवाही की गई थी।

## दैविक आपदा से ऊंचाहार में चरमराई विद्युत व्यवस्था को लेकर मंत्री मनोज कुमार पाण्डेय का रूख कड़ा



**स्वतंत्र भारत संवाददाता, रायबरेली।** अभी हाल में बीते दिनों आंधी तूफान दैवीय आपदा आने के कारण यूं तो कई जनपदों में भारी नुकसान हुआ है, परन्तु सबसे अधिक हमारी विधान सभा क्षेत्र ऊंचाहार प्रभावित क्षेत्रो में रहा है, जहां लगभग 4 लोगों की मृत्यु हो गयी है एवं कई दर्जन मकान छतिग्रस्त हो गये हैं और 300 से अधिक बिजली के पोल टूट गये हैं, बड़ी संख्या में ट्रांसफार्मर भी छतिग्रस्त हो गये हैं, आज भी लगभग 40 प्रतिशत से अधिक ग्राम पंचायतों में विद्युत सप्लाई व्यवस्था चालू नहीं हो पायी है, जिसकी सूची उन्होंने अपने सरकारी कार्यालय पर एमडी पावर कार्पोरेशन मध्यांचल रिया केजरीवाल को बुलाकर उपलब्ध करायी तथा वार्ता कर राहत एवं पुनर्स्थापना कार्य युद्ध स्तर पर संचालित करने के निर्देश दिये। श्री पाण्डेय ने दैवीय आपदा के एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी विद्युत आपूर्ति पूरी तरह से बहाल न होने पर नाराजगी जताई। उन्होंनें अधिकारियों को नई टीम का गठन कर प्रभावित गांवों और क्षेत्रों में तत्काल विद्युत कार्य शुरू करने के निर्देश दिये हैं, साथ ही आगामी 48 घंटे के भीतर विद्युत व्यवस्था पूरी तरह से सुचारू रूप से ठीक करने को कहा है। उन्होने अनावश्यक रोस्टिंग और बिजली कटौती बंद किये जाने क्षेत्रवासियों को 24 घंटे निर्बाध विद्युति आपूर्ति सुनिश्चित कराने के भी निर्देश दिये। मंत्री ने स्पष्ट रूप से कहा कि राहत कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही या शिथिलता पाऐ जाने पर सम्बन्धित अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जायेगी। श्री पाण्डेय ने कहा कि दीनशाह गौरा फीडर, गदागंज फीडर, कठघर फीडर, रसूलपुर फीडर एवं जमुनापुर फीडर के कई ग्राम पंचायतों में जर्जर विद्युत तारों के कारण आये दिन दुर्घटना का भय बना रहता है जिसे अतिशीघ्र हटाकर केबिल में परिवर्तित किये जाने के निर्देश दिये।

## कैबिनेट मंत्री के क्षेत्रीय कार्यालय जाने वाली सर्विस रोड गड्ढों में तब्दील



**स्वतंत्र भारत संवाददाता, ऊँचाहार, रायबरेली।** कैबिनेट मंत्री के क्षेत्रीय कार्यालय जाने वाली सर्विस रोड गड्ढों में तब्दील हो गई है, बरसात से पहले स्थानीय लोगों द्वारा अब सड़क के मरम्मत की मांग की जा रही है। सवैया तिराहे पर लखनऊ-प्रयागराज बाईपास के किनारे बायीं ओर बनी सर्विस रोड है, जो तहसील के सामने दूसरे छोर का हिस्सा है। वर्तमान में बटोही रेस्टोरेंट से लेकर सवैया तिराहे तक इस रोड पर बड़े बड़े गड्ढे हो गये है, राहगीर जोखिम में डालकर उस सड़क से गुजरते हैं, सबसे अहम बात तो ये है कि उसी रोड पर कैबिनेट मंत्री व क्षेत्रीय विधायक डॉ मनोज कुमार पांडेय का क्षेत्रीय कार्यालय है, जिसके गेट पर सड़क पर बड़ा सा गड्ढा हो गया। जिससे हिचकोले लगाकर वाहन गुजरते हैं। सोमवार को बसपा के पूर्व जिलाध्यक्ष राजेश फौजी की अगुवाई में स्थानीय लोगों ने सड़क के मरम्मत की मांग की है। लोगों का कहना है कि लोगों आये दिन इस सड़क पर दुर्घटना का शिकार होते है और बरसात के पहले सड़क निर्माण न हुआ तो किसी दिन बड़ी घटना घटित हो सकती हैं। लोगों ने बरसात से पूर्व ही सड़क के मरम्मत की मांग की है। इस दौरान नीरज तिवारी, डॉ कादरी, सीबू तिवारी, पंकज शुक्ला, लून अग्रहरि समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## खुले नालों से उठ रही दुर्गंध और मच्छरों का प्रकोप, नगर पंचायत नसीराबाद की लापरवाही पर उठे सवाल



**स्वतंत्र भारत संवाददाता, सलोन, रायबरेली।** नगर पंचायत नसीराबाद के वार्ड नंबर 2 एवं वार्ड नंबर 14 में लगभग 20 दिन पूर्व नालों की सफाई के नाम पर खोले गए ढक्कन आज तक पूरी तरह बंद नहीं किए गए हैं। भीषण गर्मी के इस दौर में खुले पड़े नाले स्थानीय लोगों के लिए बड़ी परेशानी और खतरे का कारण बने हुए हैं। क्षेत्रवासियों का आरोप है कि सफाई कार्य तो कर दिया गया, लेकिन उसके बाद नालों को दोबारा ढकने की जिम्मेदारी संबंधित विभाग भूल गया, जिससे लोगों में भारी नाराजगी है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि खुले नालों से लगातार तेज दुर्गंध उठ रही है और मच्छरों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। इससे डेंगू, मलेरिया और अन्य संक्रामक बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। लोगों का आरोप है कि नगर पंचायत प्रशासन की लापरवाही किसी बड़ी घटना को न्योता दे रही है। गर्मी के मौसम में गंदे पानी और खुले नालों से संक्रमण फैलने की आशंका लगातार बनी हुई है, लेकिन इसके बावजूद जिम्मेदार अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। क्षेत्रवासियों ने बताया कि वार्ड नंबर 2 स्थित डेला माता मंदिर के पास हाल ही में एक कुत्ता खुले नाले में गिर गया था, जिसकी डूबने से मौत हो गई। इस घटना के बाद लोगों में और अधिक भय व्याप्त हो गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जब एक जानवर खुले नाले में गिरकर जान गंवा सकता है, तो भविष्य में कोई बच्चा, बुजुर्ग या राहगीर भी हादसे का शिकार हो सकता है। नागरिकों ने सवाल उठाते हुए कहा कि आखिर नालों की सफाई हुए लगभग 20 दिन बीत जाने के बाद भी ढक्कन क्यों नहीं लगाए गए। क्या नगर पंचायत के सफाई विभाग को किसी गंभीर बीमारी के फैलने का इंतजार है या फिर किसी बड़े हादसे के बाद ही विभाग की नींद खुलेगी? इस संबंध में स्वतंत्र भारत संवाददाता ने जब नसीराबाद ईओ राजभान शुक्ला से बात किया तो उन्होंने बताया कि नले की सफाई करवाई गई थी इस वजह से ढक्कन को हटाया गया था। 2 दिन के अंदर नाले पर पुनः ढक्कन रखवा दिया जाएगा।

लोगों का कहना है कि नगर पंचायत द्वारा समय रहते उचित कदम नहीं उठाए गए तो स्थिति और गंभीर हो सकती है। वार्ड के निवासियों ने नगर पंचायत प्रशासन से तत्काल खुले नालों को बंद करानेए नियमित सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा मच्छरों से बचाव के लिए दवा छिड़काव कराने की मांग की है। लोगों का कहना है कि नगर पंचायत की यह अनदेखी और लापरवाही सीधे तौर पर आम जनता के स्वास्थ्य और सुरक्षा से खिलवाड़ है। फिलहाल क्षेत्र के लोगों में नगर पंचायत के प्रति भारी आक्रोश देखने को मिल रहा है। अब देखना यह होगा कि प्रशासन जनता की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए कब तक आवश्यक कार्रवाई करता है।

## रहस्यमयी परिस्थितियों में जलकर राख हुई ट्रक, चोरी के बाद हाईवे किनारे मिली खड़ी गाड़ी



**स्वतंत्र भारत संवाददाता, सलोन, रायबरेली।** नसीराबाद थाना क्षेत्र में सुबह तड़के उस समय हड़कंप मच गयाए जब हाईवे किनारे खड़ी एक ट्रक अचानक आग की लपटों में घिर गई। सूचना मिलने पर पुलिस, फायर ब्रिगेड और नगर पंचायत का पानी टैंकर मौके पर पहुंचा, लेकिन तब तक ट्रक पूरी तरह जलकर राख हो चुकी थी। मामला अब कई सवाल खड़े कर रहा है और पुलिस जांच में जुट गई है। जानकारी के अनुसार ट्रक संख्या यूपी 33 एटी 1210 के मालिक प्रदीप कुमार सिंह निवासी मुबारकपुर मुखेतिया, थाना जायज, अमेठी हैं। बताया जा रहा है कि ट्रक बीती रात राजीव गांधी पेट्रोलियम के पास स्थित एक कारखाने से चोरी हो गई थी। इसके बाद नसीराबाद थाना क्षेत्र के मठिया-राजापुर रोड पर, थाने से करीब दो किलोमीटर दूरी पर यह ट्रक संदिग्ध परिस्थितियों में खड़ी मिली और रात लगभग तीन बजे उसमें आग लग गई। यूपी डायल की गश्ती टीम ने सबसे पहले जलती हुई ट्रक को देखा। पास जाकर जांच करने पर वाहन के अंदर कोई व्यक्ति मौजूद नहीं मिला। सूचना पर नसीराबाद थाना अध्यक्ष पवन कुमार सोनकर पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और तत्काल फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। नगर पंचायत का पानी टैंकर भी मौके पर पहुंचा, लेकिन आग इतनी भीषण थी कि ट्रक पूरी तरह जल चुकी थी। थाना अध्यक्ष पवन कुमार सोनकर ने बताया कि नंबर प्लेट के आधार पर वाहन स्वामी की पहचान कर उन्हें सूचना दे दी गई है। मामले की जांच की जा रही है कि ट्रक यहां तक कैसे पहुंची और आग किन परिस्थितियों में लगी। सूत्रों के मुताबिक ट्रक पर लगभग 15 हजार रुपये का ऑनलाइन चालान भी लंबित था, जबकि वाहन का लोन भी बाकी बताया जा रहा है। ऐसे में घटना को लेकर कई तरह की चर्चाएं शुरू हो गई हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि ट्रक चोरी हुई थी तो चोर उसे बेचने या उसके पुर्जे निकालने की कोशिश करते, लेकिन हाईवे छोड़कर अंदरूनी सड़क किनारे ट्रक का खड़ा होना और फिर आग लग जाना कई सवाल खड़े करता है। ग्रामीण मनोज कुमार, विकास और राकेश ने बताया कि रात में तेज धमाके जैसी आवाज सुनाई दी। जब लोग घरों से बाहर निकले तो देखा कि सड़क किनारे खड़ी ट्रक धू-धू कर जल रही थी। आग की भयावह लपटों से गांव में दहशत फैल गई। घटना को लेकर क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं हैं। लोगों का कहना है कि यदि चलते समय ट्रक में आग लगी होती तो सड़क पर टायर घिसटने या आग फैलने के निशान मिलते, जबकि ट्रक एक किनारे खड़ी अवस्था में जली मिली। ऐसे में आशंका जताई जा रही है कि आग जानबूझकर लगाई गई हो सकती है। फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है।

## डीएम की अध्यक्षता में जिला गंगा, वृक्षारोपण और पर्यावरण समितियों की समीक्षा बैठक सम्पन्न



**स्वतंत्र भारत संवाददाता, रायबरेली।** जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला गंगा समिति, वृक्षारोपण समिति और पर्यावरण समिति की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी द्वारा छोटी नदियों के पुनरोद्धार एवं कायाकल्प हेतु गठित समिति से कार्ययोजना तैयार किए जाने तथा गंगा नदी में गिर रहे 37 नालो की टैपिंग के संबंध में जिला पंचायत राज अधिकारी से समीक्षा की गई। जिला पंचायत राज अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि सभी चिन्हित नालों को गंगा नदी में प्रवाहित होने से रोकने हेतु फिल्टर चौंबर बनाए जा रहे हैं। इस पर जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि कोई भी नाला गंगा नदी में प्रवाहित न होने पाए। इसके संबंध में खंड स्तरीय अधिकारियों एवं वन विभाग के साथ समेकित समिति का गठन कर माहवार निरीक्षण किया जाए तथा निरीक्षण आख्या प्रत्येक माह के प्रथम सप्ताह में जिला गंगा समिति को अनिवार्य रूप से प्रेषित की जाए। जिलाधिकारी द्वारा जल निगम ग्रामीण से लोन नदी के जल की गुणवत्ता परीक्षण रिपोर्ट प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गयाए जिस पर मुख्य अभियंता जल निगम ग्रामीण द्वारा एक सप्ताह के भीतर रिपोर्ट प्रेषित किए जाने की बात कही गई। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में वायु गुणवत्ता की समय-समय पर जांच कराई जाए तथा उसका प्रसारण जनपद के प्रमुख चौराहों पर स्थापित डिस्प्ले बोर्डो पर कराया जाना सुनिश्चित किया जाए। साथ ही उन्होंने जनपद में ई-बस संचालन हेतु सहायक परिवहन अधिकारी को निर्देशित किया गया कि नगर पालिका परिषद के साथ समन्वय स्थापित कर बेहतर रोडमैप तैयार करें, ताकि ई-बस का संचालन शीघ्र प्रारंभ किया जा सके। बैठक में प्रभागीय निदेशक, सामाजिक वानिकी प्रभाग प्रखर मिश्रा द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में विगत वर्ष रोपित पौधों के लक्ष्य के सापेक्ष जीवितता प्रतिशत संतोषजनक नहीं है, जिससे जनपद की रैंकिंग पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। इस पर जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि सभी विभाग यह सुनिश्चित करें कि उनके द्वारा रोपित मृत पौधों के स्थान पर नवीन पौधे लगाकर उनकी क्षतिपूर्ति अनिवार्य रूप से की जाए। बैठक में उपायुक्त श्रम ;रोजगारद्ध प्रमोद सिंह, अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका परिषद स्वर्ण सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षण संजीव कुमार सिंह सहित जिला परियोजना अधिकारी जिला गंगा समिति रायबरेली क्षेत्रीय वन अधिकारी, प्रदुषण नियन्त्र बोर्ड व अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# चारधाम यात्रा : भीषण गर्मी में भी धामों में उमड़ रही बेतहाशा भीड़



**ऋषिकेश।** भीषण गर्मी के बावजूद चारधाम यात्रा में बेतहाशा भीड़ उमड़ रही है। धामों में दर्शन और हरिद्वार, ऋषिकेश में काउंटरों पर ऑफलाइन पंजीकरण के लिए मारामारी मच रही है। भीड़ प्रबंधन करना सरकार व प्रशासन के लिए

■ **पंजीकरण के लिए मारामारी, प्रबंधन बना चुनौती**

बड़ी चुनौती बनता जा रहा है। रविवार को चारों धामों व हेमकुंड साहिब में एक दिन में 98 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने दर्शन कर नया रिकॉर्ड बना दिया। वहीं, छह मार्च से अब तक 41 लाख से ज्यादा यात्रा पंजीकरण हो चुके हैं। चारधाम यात्रा में प्रदेश सरकार ने इस बार बदरीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री व यमुनोत्री धाम में श्रद्धालुओं की अधिकतम संख्या की व्यवस्था को समाप्त कर दिया था पर यात्रा के लिए पंजीकरण अनिवार्य कर दिया था। इसके लिए ऑनलाइन व ऑफलाइन पंजीकरण की सुविधा दी है। चारधाम यात्रा इस समय चरम है। धामों में दर्शन करने के लिए ऑनलाइन पंजीकरण के स्लॉट आसानी उपलब्ध नहीं हैं। वहीं, हरिद्वार व ऋषिकेश में ऑफलाइन पंजीकरण के लिए मारामारी मची हुई है। पंजीकरण कराने के लिए तीर्थयात्रियों को घंटों इंतजार करना पड़ रहा है। भीड़ के चलते व्यवस्था भी चरमरा रही है। रविवार को हरिद्वार, ऋषिकेश गुरुद्वारा, नया गांव, हरबर्टपुर, ऋषिकेश ट्रांजिट कैंप में 17 हजार से अधिक तीर्थयात्रियों ने ऑफलाइन यात्रा पंजीकरण कराया। वहीं, धामों में दर्शन के लिए लंबी लाइन लग रही है। अकेले रविवार को ही चारधाम व हेमकुंड साहिब में रिकॉर्ड 98 हजार तीर्थयात्रियों ने दर्शन किए। 19 अप्रैल से 24 मई तक चारों धामों व हेमकुंड साहिब में 21.82 लाख श्रद्धालुओं ने दर्शन किए हैं। दो दिन में हेमकुंड साहिब में 9559 तीर्थयात्रियों ने दर्शन किए।

# ध्वज पूजन के साथ शिप्रा तीर्थ परिक्रमा की शुरुआत



**उज्जैन।** उज्जैन में शिप्रा तीर्थ परिक्रमा की शुरुआत सोमवार को रामघाट से हुई। ध्वज पूजन के साथ इस यात्रा का शुभारंभ किया गया। दो दिन तक चलने वाली इस परिक्रमा में शिप्रा नदी के किनारे स्थित विभिन्न मंदिरों और महत्वपूर्ण स्थानों का भ्रमण किया जाएगा। शिप्रा तीर्थ परिक्रमा हर साल उज्जैन में निकाली जाती है। इस वर्ष इसकी शुरुआत रामघाट पर ध्वज पूजन के साथ हुई। रामघाट पर शिप्रा तीर्थ परिक्रमा के कार्यकारी अध्यक्ष महंत रामेश्वरदास महाराज और राज्यसभा सदस्य उमेशनाथ महाराज मौजूद रहे। प्रभारी मंत्री गौतम टेटवाल, नगर निगम सभापति कलावती यादव, महापौर मुकेश टटवाल और विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा भी शामिल हुए। यात्रा शुरू होने से पहले रामघाट पर पंडितों ने ध्वज पूजन किया। इसके बाद अतिथियों का स्वागत किया गया और यात्रा प्रारंभ हुई। इस यात्रा में पुरातत्ववेत्ता, इतिहासकार, वैज्ञानिक और साधु-संतों ने भाग लिया। यात्रा के पहले दिन यह रामघाट से शुरू हुई। यात्रा नरसिंह घाट, कर्कराज मंदिर, जगदीश मंदिर, जंतर-मंतर वेधशाला, नानाखेड़ा, महामृत्युंजय द्वार, प्रशांति धाम, साईं मंदिर और त्रिवेणी शनि मंदिर से होते हुए गुरुकुल स्कूल पहुंची। गुरुकुल स्कूल में विश्राम और भोजन की व्यवस्था की गई। इसके बाद यात्रा सिकंदरी, गोठड़ा, दाऊदखेड़ी, चिंतामण से होते हुए भूखी माता, गुरुनानक घाट और दत्त अखाड़ा घाट पहुंची। शाम को रामघाट पर भजन संध्या का आयोजन हुआ। यात्रा के दूसरे दिन, यानी 26 मई को सुबह 9 बजे दत्त अखाड़ा घाट से ध्वज पूजन के साथ यात्रा शुरू होगी। इसके बाद यह रणजीत हनुमान, भैरवगढ़, मंगलनाथ, अंगारेश्वर मंदिर, सांदीपनि आश्रम, काल भैरव, ऋणमुक्तेश्वर मंदिर, वाल्मीकि धाम, गोपाल मंदिर और पटनी बाजार-ढाबा रोड से होते हुए शाम 5 बजे रामघाट पहुंचेगी।

## एक नजर

### जयपुर में अमेरिकी विदेश मंत्री का शाही स्वागत

**आमेर से सिटी पैलेस तक हाई अलर्ट**

**जयपुर।** अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो सोमवार दोपहर परिवार के साथ जयपुर पहुंच गए। आगरा में ताजमहल का दीदार करने के बाद वे विशेष विमान से करीब डेढ़ बजे जयपुर अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पहुंचे, जहां राजस्थान की उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने उनकी अगवानी की। एयरपोर्ट से उनका काफिला सीधे आमेर महल के लिए रवाना हुआ। रूबियो के स्वागत को लेकर आमेर महल में खास तैयारियां की गई हैं। जलेब चौक में उनका पारंपरिक राजस्थानी अंदाज में स्वागत किया जाएगा। लोक कलाकार घूमर, कालबेलिया और कच्ची घोड़ी नृत्य की प्रस्तुतियां देंगे, जबकि कठपुतली कलाकार राजस्थान की लोक कला की झलक दिखाएंगे। अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल को राजस्थानी संस्कृति और शाही विरासत से रूबरू कराने के लिए विशेष आयोजन किए गए हैं।

### हिमाचल के राज्यपाल से मिले भाजपा नेता

**शिमला।** सोमवार को भारतीय जनता पार्टी का एक प्रतिनिधिमंडल भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल के नेतृत्व में लोक भवन में महामहिम राज्यपाल कविंद्र गुप्ता से मिला और प्रदेश में पंचायतीराज एवं नगर निकाय चुनावों के दौरान लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं में कथित हस्तक्षेप, नियमों में बदलाव तथा जनादेश को प्रभावित करने के प्रयासों को लेकर गंभीर चिंता व्यक्त की। प्रतिनिधिमंडल में नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। भाजपा नेताओं ने राज्यपाल को ज्ञापन सौंपते हुए आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार चुनावी प्रक्रिया को प्रभावित करने के लिए प्रशासनिक एवं राजनीतिक दबाव का सहारा ले रही है। राज्यपाल से मुलाकात के बाद मीडिया को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए जनता की आवाज बनकर खड़ी है। उन्होंने कहा कि पंचायतीराज एवं नगर निकाय चुनाव लोकतंत्र की बुनियादी इकाई हैं और हिमाचल प्रदेश में ये चुनाव पारंपरिक रूप से किसी राजनीतिक दल के चुनाव चिन्ह पर नहीं लड़े जाते, लेकिन इसके बावजूद कांग्रेस सरकार चुनाव प्रक्रिया में अनावश्यक हस्तक्षेप कर रही है। डॉ. बिंदल ने आरोप लगाया कि चुनाव प्रक्रिया शुरू होने के बाद नियमों और अधिनियमों में संशोधन करना लोकतांत्रिक परंपराओं के खिलाफ है।

### प्रधान के लिए मिड-डे मील वर्कर ने किया नामांकन

**अब होगी कार्रवाई**

**स्वारघाट (बिलासपुर)।** ग्राम पंचायत टाली में पंचायत चुनाव के दौरान प्रधान पद के उम्मीदवारों को लेकर गंभीर शिकायत सामने आई। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि प्रधान पद के लिए नामांकन भरने वाले पांच प्रत्याशी सरकारी नौकरी में कार्यरत हैं और नियमों के अनुसार वे पंचायत चुनाव लड़ने के पात्र नहीं हैं। शिकायत सामने आते ही मतदान प्रक्रिया को लेकर संशय की स्थिति पैदा हो गई और चुनाव ड्यूटी में तैनात कर्मचारियों को कुछ समय के लिए चुनावी प्रक्रिया रोकनी पड़ी। मामले की सूचना मिलते ही प्रशासन हरकत में आया और पंचायत चुनाव से जुड़े अधिकारियों ने सभी नामांकन पत्रों की दोबारा जांच शुरू कर दी। शिकायत के कारण पंचायत में पूरे दिन चर्चाओं का दौर चलता रहा और चुनाव प्रक्रिया पर लोगों की नजरें टिकी रहीं। रिटर्निंग अधिकारी एवं खंड विकास अधिकारी स्वारघाट विनय कुमार शर्मा ने बताया कि ग्राम पंचायत टाली से प्रधान पद के उम्मीदवारों के खिलाफ एक व्यक्ति ने शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में कहा गया था कि नामांकन भरने वाले पांच प्रत्याशी सरकारी सेवाओं से जुड़े हैं और नियमानुसार चुनाव नहीं लड़ सकते। उम्मीदवारों के दस्तावेजों और नामांकन पत्रों की दोबारा जांच की गई। जांच के दौरान पाया गया कि चार प्रत्याशी चुनाव आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार चुनाव लड़ने के लिए पूरी तरह पात्र हैं। वहीं एक प्रत्याशी मिड-डे मील वर्कर के रूप में कार्यरत पाई गई।

### कॉमेडियन कपिल शर्मा के घर के बाहर फायरिंग की सूचना पर बढ़ी सुरक्षा

**अमृतसर।** देश के प्रख्यात कॉमेडियन कपिल शर्मा के अमृतसर स्थित होली सिटी आवास के बाहर गोलियां चलने की सूचना सामने आई है। बताया जा रहा है कि अज्ञात हमलावर फायरिंग करने के बाद मौके से फरार हो गए। हालांकि पुलिस अधिकारियों की ओर से अभी तक आधिकारिक तौर पर घटना की पुष्टि नहीं की गई है। कपिल के इस घर में उसकी बहन ओर बहनोई रहते हैं। उनके मुताबिक गोलियां चलने की आवाज आई थी, मगर कहां चलीं हैं पता नहीं है। वहीं मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस ने इलाके में सुरक्षा बढ़ा दी है। होली सिटी में मौजूद वीआईपी घरों के आसपास अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। वहीं पूरे इलाके को सील कर जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है और इलाके में आने-जाने वाले लोगों से पूछताछ की जा रही है। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है। एसीपी वेस्ट कमल जीत सिंह का कहना है कि पुलिस हर पहलू को ध्यान में रखकर जांच कर रही है और फायरिंग हुई है या नहीं इस बात का पता लगाया जा रहा है। किसी भी तरह की अफवाह में लोग न आएं। अगर किसी ने गोली चलाई है तो पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। गौर हो कि इससे पहले भी दो बार कनाडा में कपिल शर्मा के कैफे के बाहर गोलियां चलने की घटना सामने आ चुकी हैं।

### शहडोल में किन्नर महामंडलेश्वर और संतों का महासमागम


**सनातन धर्म में 6 किन्नरों की घर वापसी**

**शहडोल।** सनातन धर्म के प्रचार-प्रसार और सामाजिक समरसता के संदेश के साथ शहडोल में दो दिवसीय राष्ट्रीय किन्नर महासमागम का भव्य आयोजन किया गया। इस ऐतिहासिक आयोजन में देशभर से किन्नर महामंडलेश्वर, जगद्गुरु और संत समाज के प्रमुख प्रतिनिधि शामिल हुए। कार्यक्रम जगद्गुरु काजल ठाकुर मां (भोपाल) के सान्निध्य में संपन्न हुआ, जबकि आयोजन की मुख्य जिम्मेदारी शहडोल की सोनाली पटेल और सिवनी की सिवानी पटेल ने संभाली। महासमागम के पहले दिन विभिन्न राज्यों से पहुंचे किन्नर समाज और संतों का परिचय एवं जुड़ाव कार्यक्रम आयोजित हुआ। दूसरे दिन सोमवार को वैदिक मंत्रोच्चार और धार्मिक अनुष्ठानों के बीच पट्टाभिषेक कार्यक्रम संपन्न हुआ, जिसमें कई संतों और किन्नर प्रतिनिधियों को धार्मिक पदवियां प्रदान की गईं। कार्यक्रम के दौरान 6 किन्नरों की विधि-विधान और शुद्धिकरण के साथ सनातन धर्म में घर वापसी कराई गई।

# पर्यावरण की चिंता : लद्दाख में हरियाली की नई शुरुआत

**लेह।** लद्दाख के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने लद्दाख में बढ़ते भूमि क्षरण से निपटने के लिए स्पितुक के निकट लगभग 800 एकड़ बंजर भूमि को पुनर्जीवित करने हेतु एक महत्वाकांक्षी पारिस्थितिक पुनर्स्थापन परियोजना शुरू की है। यह पायलट

■ **800 एकड़ बंजर भूमि होगी पुनर्जीवित**



परियोजना नवीन मीठे जल पुनर्भरण तकनीकों के माध्यम से शीत मरुस्थलीय क्षेत्र को एक उत्पादक पारिस्थितिकी तंत्र में बदलने का प्रयास है। सदियों से बंजर पड़ी इस भूमि को हाल ही में पुनर्स्थापित की गई इगूंफे सिंचाई नहर के अतिरिक्त जल से पुनर्जीवित किया जाएगा। इस पहल के तहत नहर के अतिरिक्त पानी को अस्थायी चैनलों तथा ट्रैक्टरों और अन्य मशीनों की सहायता से किए गए छोटे भू-कार्य हस्तक्षेपों के माध्यम से बंजर भूमि पर फैलाया जा रहा है। अधिकारियों के अनुसार परियोजना का उद्देश्य मिट्टी में नमी बढ़ाना, भूजल पुनर्भरण करना और प्राकृतिक वनस्पति के विकास को प्रोत्साहित करना है। लद्दाख में वार्षिक वर्षा 100 मिमी से भी कम होने के कारण यह क्षेत्र मुख्य रूप से हिमनदों के पिघले जल पर निर्भर है। हालांकि शुरुआती वसंत में तेज बहाव के कारण मिट्टी का कटाव और भूजल पुनर्भरण में कमी होती है, जिससे उपजाऊ भूमि धीरे-धीरे बंजर मरुस्थल में बदल जाती है। परियोजना का मुख्य उद्देश्य मीठे पानी को भूमि में ठहरने और रिसने देना है, जिससे सूख चुके जलभंडार पुनर्भरित होंगे और पारिस्थितिक संतुलन बहाल होगा। प्रशासन का मानना है कि इससे वनस्पति विकास को बढ़ावा मिलेगा, मिट्टी का कटाव कम होगा, हानिकारक लवण बाहर निकलेंगे और भविष्य में कृषि तथा वनीकरण के लिए अनुकूल परिस्थितियां बनेंगी। अधिकारियों के अनुसार मिट्टी में नमी बढ़ने पर बंजर भूमि में मौजूद सुप्त बीज अंकुरित होने लगेंगे, जिससे पहले घास और झाड़ियां उगेंगी तथा बाद में बड़ी वनस्पतियां विकसित होंगी। यह पहल पौधों की जड़ों के माध्यम से मिट्टी को मजबूती प्रदान कर भूमि क्षरण को रोकने में भी मदद करेगी। प्रशासन ने कहा कि यह परियोजना मिट्टी की उर्वरता बहाल कर और सिंचाई के विश्वसनीय स्रोत तैयार कर कृषि तथा पशुपालन के लिए दीर्घकालिक आर्थिक लाभ प्रदान कर सकती है। इस पहल पर बोलते हुए उपराज्यपाल ने कहा कि यह परियोजना लद्दाख में टिकाऊ सिंचाई विस्तार, पारिस्थितिक पुनर्स्थापन और कृषि उत्पादकता का एक मॉडल बन सकती है। यह परियोजना 'प्रोजेक्ट हिम सरोवर' के सफल क्रियान्वयन और इगूंफे नहर की बहाली के बाद शुरू की गई है जिसे 15 मई को पुनः चालू किया गया था।

# कलेक्टर ने आम श्रद्धालु बन किए महाकाल के दर्शन

**उज्जैन।** उज्जैन कलेक्टर रोशन कुमार सिंह ने रविवार को श्री महाकालेश्वर मंदिर की दर्शन व्यवस्थाओं का औचक निरीक्षण किया। भीषण गर्मी और 41 डिग्री से अधिक तापमान के बीच उन्होंने जमीनी हकीकत परखी। इस दौरान महाकाल मंदिर समिति के अध्यक्ष प्रथम कौशिक भी मौजूद थे। कलेक्टर ने बिना किसी विशेष प्रोटोकॉल के, एक आम श्रद्धालु की तरह दर्शन व्यवस्था का अनुभव लिया। उन्होंने अपनी गाड़ी और सुरक्षा हरसिद्धि मंदिर में छोड़ी और आम श्रद्धालुओं के साथ पैदल चलकर बड़ा गणेश से मंदिर तक पहुंचे। निरीक्षण की शुरुआत जूता स्टैंड से हुई, जहां कलेक्टर ने सामान्य श्रद्धालुओं की तरह लाइन में लगकर जूते जमा किए। इसके बाद उन्होंने सुरक्षा जांच, चेकिंग प्वाइंट, पेयजल केंद्र और छायादार मार्गों का अवलोकन किया। उन्होंने स्वयं पानी पीकर देखा और विश्राम स्थलों से गुजरते हुए मंदिर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने हर व्यवस्था को बारीकी से परखा, ताकि श्रद्धालुओं को होने वाली संभावित परेशानियों को समझा जा सके। कलेक्टर ने रास्ते में उपलब्ध पेयजल की गुणवत्ता भी जांची। उन्होंने श्रद्धालुओं से सीधे बातचीत कर दर्शन में लगे समय, पानी और छाया की व्यवस्था तथा स्टाफ के व्यवहार के बारे में जानकारी ली। अधिकांश श्रद्धालुओं ने बताया कि उन्हें लगभग 20 मिनट में सहज दर्शन हो गए। निरीक्षण के दौरान एक महिला श्रद्धालु गर्मी और थकान के कारण असहज महसूस कर रही थीं। उन्हें तत्काल व्हीलचेयर उपलब्ध कराकर सहायता प्रदान की गई। श्रद्धालुओं ने व्यवस्थाओं की सराहना की और बताया कि जगह-जगह छाया, पेयजल तथा मैट की व्यवस्था से उन्हें राहत मिली है।

## तमिलनाडु : अद्रमुक के तीन बागी विधायकों ने दिया इस्तीफा टीवीके में शामिल होने की तैयारी

**चेन्नई।** तमिलनाडु में एआईएडीएमके के तीन बागी विधायकों ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। ये तीनों विधायक सी वी शनमुगम और एस पी वेलुमणि के नेतृत्व वाले बागी गुट का हिस्सा थे। सोमवार को इन्होंने तमिलनाडु विधानसभा अध्यक्ष जेसीडी प्रभाकर से मुलाकात की और उन्हें अपना इस्तीफा सौंप दिया। इस्तीफा देने वाले विधायकों में मदुरंतकम से मरगाथम कुमारवेल, धारापुरम से सत्यभामा और पेरुंदुरई से जयकुमार शामिल हैं। इन तीनों ने एआईएडीएमके के टिकट पर विधानसभा चुनाव जीता था। सचिवालय में अध्यक्ष को इस्तीफा सौंपने के तुरंत बाद ये तीनों विधायक टीवीके मंत्री आधव अर्जुना से मिलने उनके दफ्तर पहुंचे। इस बीच विधानसभा अध्यक्ष प्रभाकर ने तीनों विधायकों का इस्तीफा मंजूर कर लिया है। ऐसी संभावना है कि ये तीनों विधायक मुख्यमंत्री सी जोसेफ विजय की पार्टी तमिलगा वेत्री कड़गम (टीवीके) में शामिल हो सकते हैं। ये विधायक उन 25 सदस्यों में शामिल थे, जिन्होंने अपनी पार्टी के आदेश का पालन नहीं किया था। इन्होंने विधानसभा में फ्लोर टेस्ट के दौरान टीवीके सरकार के समर्थन में अपना वोट दिया था। अब इनके इस्तीफे के बाद राज्य की राजनीति में चर्चाएं तेज हो गई हैं। इन इस्तीफों के मंजूर होने के साथ ही राज्य की चार विधानसभा सीटों पर उपचुनाव होंगे। इनमें मदुरंतकम, धारापुरम और पेरुंदुरई के साथ त्रिची ईस्ट सीट भी शामिल है। त्रिची ईस्ट सीट मुख्यमंत्री विजय ने खाली की थी, क्योंकि उन्होंने दो सीटों पर जीत हासिल की थी। इन इस्तीफों के कारण एआईएडीएमके के विधायकों की संख्या 47 से घटकर अब 44 हो गई है।

## मां ने पांच दिन घर में रखा बेटे का शव

**विदिशा।** विदिशा के सिविल लाइन थाना क्षेत्र स्थित क्रांति चौक से दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। यहां बुजुर्ग महिला ने अपने 42 वर्षीय बेटे की मौत के

■ **सीने पर बाइबल रख जिंदा करने का टोटका**

बाद शव को करीब पांच दिन तक घर में ही रखा। मान्यता थी कि बेटे के सीने पर बाइबल रखकर प्रार्थना करने से वह दोबारा जीवित हो जाएगा। मोहल्ले में बदबू फैलने और दरवाजे पर खून जैसे निशान दिखने के बाद मामले का खुलासा हुआ। मरियम वर्गिस के घर रोजाना दूध देने वाले सचिन लोधी सोमवार सुबह पहुंचे तो दरवाजे से तेज बदबू आ रही थी। दरवाजे के पास फर्श पर खून के धब्बे भी दिखे। सचिन ने बताया कि जब उसने मरियम से पूछा तो उनका जवाब हैरान करने वाला था। मरियम ने कहा कि सबने मिलकर मेरे बेटे को मार डाला। शक होने पर सचिन ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना पर सिविल लाइन थाना पुलिस मौके पर पहुंची। घर के अंदर का नजारा देख पुलिस भी सन्न रह गई। एक कमरे में 42 वर्षीय बेटे का शव पड़ा था। शव पर बाइबल रखी हुई थी और आसपास प्रार्थना से जुड़ा सामान मिला।

पुलिस के अनुसार शव करीब पांच दिन पुराना था। बदबू पूरे इलाके में फैल चुकी थी। मोहल्ले के लोगों का कहना है कि मरियम वर्गिस की उम्र काफी हो चुकी है और वह मानसिक रूप से कमजोर हैं।

पति के निधन के बाद से वह बेटे के साथ अकेली रहती थीं। बेटे की अचानक मौत को वह स्वीकार नहीं कर पाईं। आसपास के लोगों ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से मरियम घर से बाहर नहीं निकली थीं।

घर से अजीब आवाजें भी आती थीं। सिविल लाइन थाना प्रभारी राज्यवर्धन सिंह जादौन ने बताया कि हमें सूचना मिली थी कि मरियम वर्गिस के घर से बदबू आ रही है। मौके पर जाकर जांच की तो उनके बेटे का शव मिला। प्रथम दृष्टया मामला प्राकृतिक मौत का लग रहा है। मरियम की उम्र ज्यादा है और घर में कोई अन्य सदस्य नहीं है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। साक्ष्य के आधार पर आगे जांच की जाएगी। पुलिस जांच में सामने आया कि मरियम को विश्वास था कि बाइबल रखकर लगातार प्रार्थना करने से बेटा फिर से उठ खड़ा होगा।

इसी अंधविश्वास में उन्होंने पांच दिन तक शव को घर में रखा। न किसी को बताया न अंतिम संस्कार किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मर्ग कायम किया है। घटना के बाद क्रांति चौक इलाके में सनसनी फैल गई। बड़ी संख्या में लोग मरियम के घर के बाहर जमा हो गए। पुलिस ने फिलहाल मरियम को निगरानी में रखा है और उनके रिश्तेदारों को सूचना दी है। फिलहाल पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है। मौत की असली वजह रिपोर्ट आने के बाद ही साफ होगी।

## दिलजीत दोसांझ के घर को उड़ाने की धमकी

**लुधियाना (पंजाब)।** विदेशों में बैठे अलगाववादी संगठनों की ओर से पंजाब का माहौल खराब करने की कोशिशों के बीच सोमवार को लुधियाना में धमकी भरे ईमेल ने प्रशासन और सुरक्षा एजेंसियों की चिंता बढ़ा दी। नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारियों को भेजे गए एक ईमेल में मेयर हाउस, कार्यालय और पंजाबी गायक दिलजीत दोसांझ के लुधियाना स्थित घर को बम से उड़ाने की धमकी दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस, सुरक्षा एजेंसियां और साइबर सेल तुरंत सक्रिय हो गईं और पूरे शहर में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई। जानकारी के अनुसार सोमवार सुबह नगर निगम कमिश्नर समेत अन्य सरकारी ईमेल आईडी पर यह संदेश प्राप्त हुआ। ईमेल का विषय बंब ब्लास्ट मेयर ऑफिस लुधियाना लिखा गया था। इसमें कथित तौर पर धमाके का समय भी निर्धारित किया गया था। संदेश में दोपहर 1ः11 बजे लुधियाना मेयर पर हमला करने और रात 9ः11 बजे पंजाबी गायक दिलजीत दोसांझ के घर पर विस्फोट करने की चेतावनी दी गई। ईमेल में धमकी देने वालों ने यह भी लिखा कि जो व्यक्ति दिलजीत दोसांझ की सहायता करेगा, उसे भी निशाना बनाया जाएगा। इसके साथ ही संदेश में वर्ष 1984 के सिख दंगों का जिक्र करते हुए भड़काऊ और हिंसक भाषा का इस्तेमाल किया गया। संदेश में दावा किया गया कि 6 जून तक सिलसिलेवार बम धमाकों के जरिए कई जगहों को निशाना बनाया जाएगा। ईमेल के अंत में इसे कथित तौर पर एक अलगाववादी संगठन के नाम से जोड़ा गया है। हालांकि सुरक्षा एजेंसियां अभी इसकी सत्यता की जांच कर रही हैं और किसी निष्कर्ष पर पहुंचने से बच रही हैं।

## राजोरी के जंगलों में लगी भीषण आग

**कई किलोमीटर तक फैली लपटें बड़े वन क्षेत्र को भारी नुकसान**

**श्रीनगर/राजोरी।** जम्मू-कश्मीर के राजोरी जिले के नौशेरा क्षेत्र में सोमवार को भीषण जंगल की आग लगने से बड़े पैमाने पर वन संपदा को नुकसान पहुंचा है। सूत्रों के अनुसार, सूखी झाड़ियों और मौसम की परिस्थितियों के कारण आग तेजी से फैलती चली गई। घटना की जानकारी मिलते ही वन विभाग, जम्मू-कश्मीर फायर एंड इमरजेंसी सर्विस और स्थानीय स्वयंसेवकों की टीमें मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पाने के लिए बड़े स्तर पर अभियान शुरू किया गया। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में जंगल के विशाल हिस्से को आग की लपटों में घिरा देखा जा सकता है। वीडियो में मोरों समेत कई पक्षियों की आवाजें भी सुनाई दे रही हैं, जिसने स्थानीय लोगों और पर्यावरण प्रेमियों की चिंता बढ़ा दी है। अधिकारियों ने बताया कि दुर्गम इलाके में राहत और बचाव कार्य लगातार जारी है। आग को फैलने से रोकने और पर्यावरणीय रूप से संवेदनशील क्षेत्र को बचाने के लिए टीमें लगातार प्रयास कर रही हैं।

# राजस्थान में मिला रेयर अर्थ मिनरल्स का विशाल भंडार

**बालोतरा।** बालोतरा जिला अब सिर्फ रिफाइनरी परियोजना या पेट्रो-इंडस्ट्री के लिए ही नहीं, बल्कि देश की सामरिक, तकनीकी और आर्थिक सुरक्षा के एक नए केंद्र के रूप में उभरता दिखाई दे रहा है। जिले के सिवाना क्षेत्र में मिले रेयर अर्थ मिनरल्स (दुर्लभ खनिज) ने देशभर का ध्यान अपनी ओर खींच लिया है। यह खोज भारत को रक्षा, अंतरिक्ष, परमाणु ऊर्जा और इलेक्ट्रिक वाहन निर्माण जैसे हाईटेक क्षेत्रों में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में ऐतिहासिक साबित हो सकती है। केंद्रीय खान मंत्रालय की टेक्निकल कम कॉस्ट कमेटियों की जयपुर में हुई संयुक्त बैठक में सिवाना रिंग कॉम्प्लेक्स में मौजूद दुर्लभ खनिजों के विशाल भंडार को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में यह सामने आया कि सिवाना रिंग कॉम्प्लेक्स के अलग-अलग हिस्सों में रेयर अर्थ एलिमेंट्स, हेवी रेयर अर्थ एलिमेंट्स और कई क्रिटिकल रेयर मेटल्स का बड़ा भंडार मौजूद है। इन खनिजों के तकनीकी मूल्यांकन और विस्तृत सर्वेक्षण के लिए तीन कंपनियों



को जिम्मेदारी भी सौंप दी गई है।

**750 वर्ग किलोमीटर में फैला है सिवाना रिंग कॉम्प्लेक्स**

भूवैज्ञानिक दृष्टि से सिवाना रिंग कॉम्प्लेक्स बेहद महत्वपूर्ण क्षेत्र माना जाता है। यह एक प्राचीन ज्वालामुखीय संरचना है, जो करीब 750 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैली हुई है। लंबे समय से यहां खनिज संभावनाओं को लेकर अध्ययन चल रहा था लेकिन हालिया सर्वेक्षणों में जो तथ्य सामने आए हैं, उन्होंने इस क्षेत्र को राष्ट्रीय स्तर पर चर्चा का विषय बना दिया है। सर्वेक्षण में यहां नियोबियम, जिरकोनियम और हाफनियम जैसे अत्यंत महत्वपूर्ण खनिजों की मौजूदगी सामने आई है। ये वही तत्व हैं, जिनका इस्तेमाल आधुनिक रक्षा तकनीक, एयरोस्पेस इंजीनियरिंग, न्यूक्लियर रिएक्टर, इलेक्ट्रिक वाहन, रोबोटिक्स, माइक्रो-इलेक्ट्रॉनिक्स और मेडिकल साइंस में किया जाता है। नियोबियम और हाफनियम जैसे खनिज हाई-टेम्परेचर सुपरअलॉय तैयार करने में उपयोग किए जाते हैं। इनसे रॉकेट इंजन, जेट इंजन और मिसाइल तकनीक के लिए मजबूत धातु तैयार होती है।

## दीदी की लाइब्रेरी बनेगी युवाओं के सपनों की उड़ान : धामी

**खटीमा।** खटीमा में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को खटीमा विकासखंड कार्यालय परिसर में 55 लाख रुपये की लागत से निर्मित दीदी की लाइब्रेरी, 7.50 लाख रुपये की लागत से व्यायामशाला भवन व 26.50 की लागत से विकासखंड

■ **55 लाख की योजनाओं का किया लोकार्पण**

सभागार के आधुनिकीकरण कार्यों का लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि शिक्षा किसी भी समाज की प्रगति का सबसे मजबूत आधार होती है। खटीमा में स्थापित की गई दीदी की लाइब्रेरी विद्यार्थियों और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए ज्ञान का महत्वपूर्ण केंद्र बनेगी। आधुनिक सुविधाओं से युक्त यह पुस्तकालय छात्रो-छात्राओं को शांत व अनुकूल अध्ययन वातावरण उपलब्ध कराएगा, जिससे वे अपने लक्ष्य निर्धारण के साथ बेहतर तैयारी कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि ग्रामीण व सीमांत क्षेत्रों के अनेक प्रतिभाशाली छात्र-छात्राएं संसाधनों की कमी के कारण गुणवत्तापूर्ण अध्ययन सुविधाओं से वंचित रह जाते थे। नई लाइब्रेरी ऐसे विद्यार्थियों के लिए वरदान साबित होगी। यहां उपलब्ध पुस्तकों, अध्ययन सामग्री से युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं, उच्च शिक्षा व विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए बेहतर तैयारी करने का अवसर मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार महिला सशक्तिकरण की दिशा में लगातार कार्य कर रही है, इसी क्रम में इस लाइब्रेरी का संचालन भी स्वयं सहायता समूह की महिलाओं की ओर से संचालित किया जाएगा, जिससे उनकी आय में वृद्धि होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार का प्रयास है कि प्रदेश का प्रत्येक युवा अपनी प्रतिभा और क्षमता के अनुरूप आगे बढ़ सके। इसके लिए शिक्षा के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के साथ-साथ आधुनिक अध्ययन सुविधाओं का विस्तार भी किया जा रहा है।

## बैंकिंग शेयरों में तेजी से बाजार में सुकून

# सेंसेक्स 1073 अंक चढ़ा, निफ्टी 24000 पार



**नई दिल्ली।** भारतीय शेयर बाजार में सोमवार को जोरदार उछाल दर्ज किया गया। कच्चे तेल की कीमतों में तेज गिरावट इसका मुख्य कारण रही। अमेरिकी-ईरान वार्ता से जुड़े सकारात्मक माहौल ने भी बाजार को मजबूत सहारा दिया। बेंचमार्क सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी एक फीसदी से अधिक की बढ़त के साथ बंद हुए। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 1,073.61 अंक या 1.42 फीसदी बढ़कर 76,488.96 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 1,143.72 अंक तक उछलकर 76,559.07 के उच्च स्तर पर पहुंच गया था। 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 312.40 अंक या 1.32 फीसदी की बढ़त के साथ 24,031.70 पर समाप्त हुआ। रुपया डॉलर के मुकाबले 35 पैसे बढ़कर 95.25 पर बंद हुआ। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में बजाज फाइनेंस, लार्सन एंड टुब्रो, एचडीएफसी बैंक, इटरनल, बजाज फिनसर्व और कोटक महिंद्रा बैंक प्रमुख लाभ में रहे। इसके विपरीत, इंफोसिस, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, सन फार्मा और हिंदुस्तान यूनिलीवर नुकसान में रहे। वैश्विक तेल बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड 5.52 फीसदी गिरकर 97.82 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। अमेरिका ने ईरान के साथ होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने के लिए बातचीत में महत्वपूर्ण प्रगति की है। हालांकि, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस पर सतर्क रुख बनाए रखा है और किसी खराब समझौते को स्वीकार नहीं करेंगे।

**बाजार में तेजी के प्रमुख कारण**

बाजार में आई इस जोरदार रिकवरी का नेतृत्व बैंकिंग और वित्तीय सेक्टर के शेयरों ने किया, जिनमें बजाज फाइनेंस और एचडीएफसी बैंक ने सबसे शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन-तीन प्रतिशत का उछाल दर्ज किया। विनोद नायर, शोध प्रमुख, जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड ने बाजार की मजबूत सकारात्मक गति पर टिप्पणी की। उन्होंने बताया कि यह कच्चे तेल की कीमतों में सुधार से प्रेरित थी। अमेरिका-ईरान के बीच संभावित समझौते की बढ़ती उम्मीदें भी एक बड़ा कारक रहीं। होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने की दिशा में प्रगति की रिपोर्टों से वैश्विक भावना में सुधार हुआ। हालांकि, घटनाक्रम में लगातार बदलावों को देखते हुए इसकी विश्वसनीयता अभी भी अनिश्चित बनी हुई है। निवेशकों ने इन सकारात्मक संकेतों पर भरोसा जताया और जमकर खरीदारी की।

**वैश्विक बाजारों का प्रदर्शन**

एशियाई बाजारों में भी सोमवार को सकारात्मक रुझान देखने को मिला। जापान का निक्केई 225 सूचकांक और शंघाई का एसएसई कंपोजिट सूचकांक बढ़त के साथ बंद हुए। दक्षिण कोरिया और हांगकांग में बाजार छुट्टियों के कारण बंद रहे, जिससे वहां कारोबार नहीं हुआ। यूरोपीय बाजार भी तेजी के साथ कारोबार कर रहे थे, जिससे वैश्विक निवेशकों का आत्मविश्वास बढ़ा। शुक्रवार को अमेरिकी बाजार भी सकारात्मक दायरे में बंद हुए थे, जो वैश्विक स्तर पर एक अनुकूल माहौल दर्शाता है।

**विदेशी निवेशकों और पिछले सत्र का हाल**

एक्सचेंज के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने शुक्रवार को 4,440.47 करोड़ रुपये के शेयर बेचे थे। पिछले सत्र में शुक्रवार को सेंसेक्स 231.99 अंक या 0.31 फीसदी बढ़कर 75,415.35 पर बंद हुआ था। निफ्टी 64.60 अंक या 0.27 फीसदी बढ़कर 23,719.30 पर समाप्त हुआ था। इसके बावजूद सोमवार को बाजार में जोरदार उछाल आया, जो घरेलू निवेशकों की मजबूत भागीदारी को दर्शाता है। यह दर्शाता है कि बाजार में घरेलू पूंजी का प्रवाह मजबूत बना हुआ है।

## चांदी 5,100 बढ़कर 2.71 लाख किलो हुई, सोना 740 बढ़ा, 10 ग्राम की कीमत 1.59 लाख



**नई दिल्ली।** सोने-चांदी के दाम में 25 मई को बढ़त रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (ढ्ढक्चछ्व) के अनुसार 10 ग्राम 24 कैरेट सोने के दाम 740 रुपए बढ़कर 1.59 लाख रुपए हो गया है। वहीं, 1 किलो चांदी की कीमत 5,100 रुपए बढ़कर 2.71 लाख रुपए पर पहुंच गई है।

**सोना इस साल 26 हजार और चांदी 41 हजार महंगी-** इस साल सोने-चांदी की कीमत में तेजी रही है। सोना 2026 में अब तक 26 हजार रुपए और चांदी 41 हजार रुपए महंगी हुई है। 31 दिसंबर 2025 को 10द्द सोना 1.33 लाख रुपए पर था, जो अब 1.59 लाख रुपए पर पहुंच गया है। वहीं, चांदी 2.30 लाख रुपए किलो थी, जो अब 2.71 लाख रुपए पर पहुंच गई है। इस दौरान 29 जनवरी को सोने ने 1.76 लाख रुपए और चांदी ने 3.86 लाख रुपए का ऑलटाइम हाई भी बनाया था।

**ज्वेलर्स से सोना खरीदते समय इन बातों का रखें ध्यान**

**सर्टिफाइड गोल्ड ही खरीदें-** हमेशा ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड का हॉलमार्क लगा हुआ सर्टिफाइड गोल्ड ही खरीदें। ये नंबर अल्फान्यूमेरिक यानी कुछ इस तरह से हो सकता है- 4524। हॉलमार्किंग से पता चलता है कि सोना कितने कैरेट का है।

**कीमत क्रॉस चेक करें-** सोने का सही वजन और खरीदने के दिन उसकी कीमत कई सोर्सेज (जैसे इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन की वेबसाइट) से क्रॉस चेक करें।

## उदय कोटक को बैंकिंग क्षेत्र में योगदान के लिए 2026 का पद्म भूषण सम्मान

**नई दिल्ली।** भारत के वित्तीय और बैंकिंग क्षेत्र में अपने असाधारण योगदान के लिए कोटक महिंद्रा बैंक के संस्थापक और दिग्गज बैंकर उदय कोटक को वर्ष 2026 के प्रतिष्ठित %पद्म भूषण% सम्मान से नवाजा गया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शनिवार को आयोजित एक गरिमामय समारोह में उन्हें इस नागरिक पुरस्कार से सम्मानित किया। यह सम्मान न केवल उदय कोटक की व्यक्तिगत व्यावसायिक सफलता को दर्शाता है, बल्कि देश के व्यापार और उद्योग क्षेत्र की मजबूती और अर्थव्यवस्था में बैंकिंग की भूमिका को भी सर्वोच्च स्तर पर मान्यता देता है। उनके अलावा वर्ष 2026 के लिए पद्मश्री पुरस्कार सोलर इंडस्ट्रीज के चेयरमैन पुरस्कार सत्यनारायण नुवाल, दास ऑफशोर इंजीनियरिंग के अशोक खाड़े और टीटीके ग्रुप के चेयरमैन टीटी जगन्नाथन (मरणोपरांत) को दिया गया है। **वित्तीय परिदृश्य में उच्च कोटि की सेवा-** पद्म भूषण भारत का तीसरा सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार है, जो देश के लिए की गई उच्च कोटि की विशिष्ट सेवा को मान्यता प्रदान करता है। एक सिद्ध बैंकर के रूप में, उदय कोटक को यह सम्मान विशेष रूप से भारत के वित्तीय और बैंकिंग परिदृश्य को नई दिशा देने तथा व्यापार और उद्योग के क्षेत्र में उनके अप्रतिम योगदान के लिए दिया गया है। **पद्म पुरस्कार 2026- आंकड़ों की नजर में-** इस साल जनवरी में गणतंत्र दिवस के अवसर पर देश के इन सर्वोच्च नागरिक सम्मानों की घोषणा की गई थी। वर्ष 2026 के लिए राष्ट्रपति द्वारा कुल 131 पद्म पुरस्कारों को मंजूरी दी गई है, जिनमें से 66 हस्तियों को शनिवार को सम्मानित किया गया। इस वर्ष के सम्मानों की श्रेणीवार रूपरेखा इस प्रकार है-

**पद्म विभूषण-** असाधारण सेवा के लिए कुल 5 हस्तियों को इस सम्मान से नवाजा जाएगा।

## सेबी की बड़ी कार्रवाई : 20 करोड़ रुपये की हेराफेरी से जुड़े मामले में सात लोगों पर प्रतिबंध

**नई दिल्ली।** पूंजी बाजार नियामक सेबी ने शेयर बाजार में हेरफेर के एक बड़े मामले में सात व्यक्तियों पर प्रतिबंध लगा दिया है। इन पर सोशल मीडिया मंचों के जरिए पंप-एंड-डंप योजना चलाने का आरोप है। इस योजना से 20.25 करोड़ रुपये से अधिक का अवैध लाभ कमाया गया था। सेबी ने इन सभी को प्रतिभूतियों में कारोबार करने से तुरंत रोक दिया है। सेबी ने 22 मई को जारी अपने 234 पृष्ठ के अंतरिम आदेश में यह निर्देश दिया। नियामक ने फिनफ्लुएंसर हेमंत गुप्ता और उनके बेटों रोहन गुप्ता व अनिकेत गुप्ता को अपंजीकृत शोध विश्लेषक सेवाएं देने से रोका है। उन्हें खुद को शोध विश्लेषक के रूप में पेश करने से भी मना किया गया है। सेबी के अनुसार, हेमंत, रोहन और अनिकेत ने ऑपरेटर के रूप में काम किया। उन्होंने पहले पतले कारोबार वाले एसएमई शेयरों में अपनी स्थिति बनाई।



फिर सोशल मीडिया पर तेजी की सिफारिशें प्रसारित करके कीमतें बढ़ाईं। इसके बाद उन्होंने लाभ पर अपनी होल्डिंग बेच दी। परिवार के चार अन्य सदस्य, शेरोन, लीना, रजनी और पूर्वांगी गुप्ता ने इस काम में मदद की। उन्होंने अपने ट्रेडिंग खातों का उपयोग करने दिया या ऑपरेटरों के निर्देशों पर व्यापार किया।

**कैसे हुई हेराफेरी-** जांच अवधि 1 दिसंबर 2023 से 20 जनवरी 2026 तक थी। इस दौरान 82 शेयरों में हेराफेरी की गई। रोहन और अनिकेत ने अपने एक्स हैंडल पर तेजी के अपडेट पोस्ट किए। हेमंत ने इन सिफारिशों को व्हाट्सएप और टेलीग्राम समूहों पर फैलाया। उन्होंने अक्सर स्पष्ट लक्ष्य मूल्य भी जोड़े। नियामक जांच से बचने के लिए उन्होंने ऐसी जानकारी एक्स पर नहीं डाली।

**निवेशकों को कितने रुपये का उठाना पड़ा नुकसान?**

सेबी ने पाया कि इन सात व्यक्तियों का कुल सकल कारोबार मूल्य 86 फीसदी बढ़ा। यह पूर्व-जांच अवधि के 548 करोड़ रुपये से बढ़कर 1023 करोड़ रुपये हो गया। उनका कुल लाभ 242 फीसदी बढ़कर 58.40 करोड़ रुपये हो गया। रोहन और शेरोन गुप्ता को सबसे अधिक 50.03 करोड़ रुपये का लाभ हुआ। गुप्ता परिवार ने भोले-भाले निवेशकों की जेब से 20.25 करोड़ रुपये से अधिक का गलत लाभ कमाया। ये निवेशक सोशल मीडिया पर प्रसारित स्टॉक सिफारिशों का पालन करते थे।

**सेबी ने क्या निर्देश दिया है?**

हेमंत, रोहन और अनिकेत शोध विश्लेषक के रूप में पंजीकृत नहीं थे। पंजीकरण न होने के बावजूद वे अपने ग्राहकों को सेवाएं दे रहे थे। वे उन्हें स्टॉक विश्लेषण के आधार पर प्रतिभूति बाजार में व्यापार करने के लिए गुमराह कर रहे थे।

## डर नहीं, समझदारी जरूरी : गिरते बाजार में पोर्टफोलियो बदलने का समय

**नई दिल्ली।** वैश्विक तनाव, कमजोर रुपया, विदेशी निवेशकों की बिकवाली और महंगे कच्चे तेल ने शेयर बाजार में भारी उतार-चढ़ाव पैदा कर दिया है। नए वित्त वर्ष की शुरुआत के साथ ही निवेशकों की चिंता भी बढ़ गई है।

### किन कंपनी और सेक्टर्स पर ध्यान देना चाहिए?

कई खुदरा निवेशकों का पोर्टफोलियो लाल निशान में पहुंच चुका है। बाजार सुबह तेजी से खुलता है और शाम तक गिरावट में पहुंच जाता है। ऐसे माहौल में बड़ी संख्या में लोग घबराकर अपने शेयर बेचने का मन बना रहे हैं। लेकिन विशेषज्ञों का कहना है कि यह बाजार से भागने का नहीं, बल्कि अपने निवेश को समझदारी से दोबारा संतुलित करने का समय है। **क्यों बढ़ रहा है निवेशकों में डर-** नोएडा में आईटी कंपनी में काम करने वाले सन्नी गोयल जैसे लाखों निवेशक इन दिनों बाजार की गिरावट से परेशान हैं। सेंसेक्स और निफ्टी दोनों इस साल अब तक नकारात्मक रिटर्न दे चुके हैं। सेंसेक्स में 11.73 प्रतिशत और निफ्टी में 9.66 प्रतिशत तक की गिरावट दर्ज की गई है। विदेशी निवेशकों की लगातार बिकवाली, कमजोर होता रुपया, खाड़ी क्षेत्र में तनाव और कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों ने निवेशकों का भरोसा कमजोर किया है। ऐसे माहौल में कई लोग घाटे में शेयर बेचकर बाहर निकलना चाहते हैं। हालांकि विशेषज्ञ इसे बड़ी गलती मान रहे हैं। **ऐसे समय में निवेशकों को क्या करना चाहिए-**विशेषज्ञों के मुताबिक बाजार में अनिश्चितता के समय सबसे पहले अपने पोर्टफोलियो की समीक्षा करनी चाहिए। यह देखना जरूरी है कि आपका पैसा इक्विटी, डेट, सोना और नकद के बीच सही तरीके से बंटा है या नहीं। अगर बाजार की तेजी में इक्विटी का हिस्सा बहुत ज्यादा बढ़ गया है तो कुछ मुनाफा निकालकर डेट या सोने में निवेश करना बेहतर हो सकता है। इसे रीबैलेंसिंग कहा जाता है।

## फ्यूल, फर्टिलाइजर और फॉरेक्स पर फोकस करें : वित्त-मंत्री



**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में जारी संकट के बीच केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को कहा कि मौजूदा ग्लोबल परिस्थितियों को देखते हुए हमें 3स्नह्य यानी फ्यूल, फर्टिलाइजर और फॉरेक्स (विदेशी मुद्रा भंडार) पर फोकस करने की जरूरत है। मुंबई में सिडबी (SIDBI) के 37वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते हुए वित्त मंत्री ने यह बात कही। वित्त मंत्री ने उन आलोचकों पर कड़ा निशाना साधा जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पेट्रोल-डीजल बचाने की अपील के बाद देश में निगेटिव माहौल बनाने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत डर का माहौल बनाना बर्दाश्त नहीं कर सकता है और इस समय लोगों को भरोसा देना बेहद जरूरी है।

**पेट्रोल-डीजल पर ड्यूटी घटने से 1 लाख करोड़ का घाटा-** सीतारमण ने कहा कि भारत की नीतियों को घरेलू विकास को सुरक्षित रखने के हिसाब से तैयार किया गया है। सरकार के पेट्रोल और डीजल पर एक्साइज ड्यूटी (उत्पाद शुल्क) में कटौती करने के फैसले से रेवेन्यू में 1 लाख करोड़ का घाटा होगा। उन्होंने यह भी कहा कि तमाम चुनौतियों के बावजूद घरेलू अर्थव्यवस्था मजबूत बनी हुई है।

**क्रूड और फर्टिलाइजर की कीमतें कल्पना से परे बढ़ीं-** वैश्विक चुनौतियों का जिक्र करते हुए वित्त मंत्री ने बताया कि कच्चे तेल (क्रूड) की बढ़ती कीमतों के अलावा फर्टिलाइजर की कीमतें भी ऐसे स्तर पर पहुंच गई हैं, जिसकी कल्पना नहीं की जा सकती थी। इसके साथ ही सोने (गोल्ड) की ऊंची कीमतें भी बाहरी मोर्चे पर कुछ चुनौतियां पैदा कर रही हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि पीएम मोदी ने इसी संदर्भ में देश से किफायत बरतने की अपील की थी।

**देश में निगेटिव माहौल बनाने की कोशिश करना गलत-** कुछ आलोचकों पर तंज कसते हुए सीतारमण ने कहा कि कुछ निगेटिव बातें करने वाले लोग इस स्थिति में कूद पड़े हैं और यह दावा कर रहे हैं कि सब कुछ बिखर रहा है, जो कि बिल्कुल गलत है। उन्होंने कहा कि आम लोगों द्वारा किए जा रहे सभी अच्छे कामों को भुला दिया जाता है और एक निराशावादी, संशयवादी नैरेटिव तैयार किया जाता है। हमें यह समझना होगा कि चुनौतियां बाहरी कारणों से हैं, जबकि भारत की घरेलू आर्थिक स्थिति आज भी सकारात्मक और मजबूत है।

## बच्चों के नाम पीपीएफ खाता खोलने का क्या फायदा? निवेश के समय इन नियमों का ध्यान रखना जरूरी

**नई दिल्ली।** हर माता-पिता चाहते हैं कि उनके बच्चे का भविष्य सुरक्षित हो। चाहे बात पढ़ाई की हो, विदेश में हायर एजुकेशन की या फिर शादी जैसे बड़े खर्चों की, हर परिवार समय रहते मजबूत आर्थिक तैयारी करना चाहता है। ऐसे में पब्लिक प्रोविडेंट फंड यानी पीपीएफ एक सुरक्षित और भरोसेमंद निवेश विकल्प माना जा रहा है। खास बात यह है कि पीपीएफ खाता सिर्फ बड़े ही नहीं, बल्कि नाबालिग बच्चों के नाम पर भी खुलवाया जा सकता है। लंबे समय तक निवेश और सरकारी गारंटी की वजह से यह योजना बच्चों के भविष्य के लिए मजबूत फंड तैयार करने में मददगार साबित हो सकती है।

**बच्चों के नाम पीपीएफ खाता खोलने का क्या फायदा है?**

विशेषज्ञों के मुताबिक अगर बच्चे की छोटी उम्र में पीपीएफ खाता खुलवाया जाए तो लंबे समय में बड़ा फंड तैयार किया जा सकता है। इस योजना में 15 साल का लॉक-इन होता है। उदाहरण के तौर पर अगर 3 साल की उम्र में बच्चे का खाता खोला जाता है तो उसके 18 साल का होने तक अच्छा-खासा पैसा जमा हो सकता है। पीपीएफ में चक्रवृद्धि ब्याज यानी कंपाउंडिंग का फायदा मिलता है, जिससे छोटी बचत भी समय के साथ बड़ी रकम में बदल जाती है। इसके अलावा यह निवेश पूरी तरह सुरक्षित माना जाता है क्योंकि इसमें सरकारी गारंटी होती है और बाजार के उतार-चढ़ाव का असर नहीं पड़ता।



**पीपीएफ में टैक्स छूट का क्या लाभ मिलता है?**

पीपीएफ को टैक्स बचत के लिहाज से भी काफी फायदेमंद माना जाता है। इसमें जमा की गई रकम पर आयकर की धारा 80सी के तहत टैक्स छूट मिलती है। इसके अलावा खाते में मिलने वाला ब्याज भी टैक्स फ्री होता है। सबसे बड़ी बात यह है कि 15 साल बाद मिलने वाली मैच्योरिटी राशि पर भी कोई टैक्स नहीं लगता। इसी वजह से इसे ट्रिपल टैक्स बेनिफिट वाली योजना कहा जाता है। ऐसे में यह योजना बच्चों के भविष्य के लिए सुरक्षित और टैक्स बचाने वाला मजबूत विकल्प बनती जा रही है।

**पीपीएफ खाते में निवेश करते समय किन नियमों का ध्यान रखना जरूरी है?**

पीपीएफ खाते में निवेश को लेकर कुछ अहम नियम भी हैं। सबसे जरूरी नियम 1.5 लाख रुपये की संयुक्त सीमा का है। एक वित्त वर्ष में माता-पिता अपने और बच्चे के खाते को मिलाकर कुल 1.5 लाख रुपये से ज्यादा जमा नहीं कर सकते। अगर इस सीमा से ज्यादा पैसा जमा किया जाता है तो अतिरिक्त रकम पर कोई ब्याज नहीं मिलेगा। इसके अलावा एक बच्चे के नाम पर सिर्फ एक ही पीपीएफ खाता खोला जा सकता है। माता या पिता में से कोई एक ही बच्चे का अभिभावक बन सकता है। दादा-दादी या नाना-नानी तभी खाता खोल सकते हैं, जब वे कानूनी अभिभावक हों।

**बच्चे के नाम पीपीएफ खाता कैसे खोला जा सकता है?**

पीपीएफ खाता किसी भी अधिकृत सरकारी या निजी बैंक और डाकघर में खुलवाया जा सकता है। इसके लिए बच्चे का जन्म प्रमाण पत्र, माता या पिता का पैन कार्ड, पहचान पत्र, पते का प्रमाण और दोनों की पासपोर्ट साइज फोटो की जरूरत होती है। खाता खोलने के लिए कम से कम 500 रुपये जमा करना जरूरी है। प्रक्रिया पूरी होने के बाद बच्चा बालिग होने तक अभिभावक ही खाते का संचालन करता है।

## महंगा तेल और सरकारी सख्ती से बदल रही तस्वीर देश में घट सकती है पेट्रोल-डीजल की मांग

**नई दिल्ली।** महंगे कच्चे तेल, कमजोर रुपये और सरकारी ईंधन बचत अभियान के कारण भारत में पेट्रोल-डीजल की मांग घटने की आशंका जताई गई है। ऊर्जा विश्लेषण कंपनी केप्लर ने 2026 के लिए ईंधन मांग वृद्धि के अनुमान में 39 फीसदी कटौती की है। ईरान युद्ध के कारण डिलीवरी लागत भी 19 फीसदी बढ़ गई है। विशेषज्ञों का कहना है कि इसका असर आम लोगों के खर्च और बाजार की कीमतों पर पड़ सकता है।



**आखिर क्यों घट सकती है पेट्रोल-डीजल की मांग?**

ऊर्जा विश्लेषण कंपनी केप्लर ने भारत की 2026 के लिए रिफाइंड उत्पादों की मांग वृद्धि के अनुमान में बड़ी कटौती की है। कंपनी ने मांग वृद्धि का अनुमान 39 फीसदी घटाकर करीब 78 हजार बैरल प्रतिदिन कर दिया है। पहले यह अनुमान 1.28 लाख बैरल प्रतिदिन था। रिपोर्ट के अनुसार पेट्रोल की मांग वृद्धि का अनुमान भी 63 हजार बैरल प्रतिदिन से घटाकर 38 हजार बैरल प्रतिदिन कर दिया गया है। विशेषज्ञों का मानना है कि लगातार महंगे होते ईंधन और आर्थिक दबाव के कारण लोग गैर-जरूरी यात्राएं कम कर सकते हैं।

**किन कारणों से ईंधन खपत पर असर पड़ रहा है?**

रिपोर्ट में कहा गया है कि वर्क फ्रॉम होम बढ़ने, गैर-जरूरी यात्राओं में कमी और सरकार के ईंधन बचत अभियान का सीधा असर डीजल और पेट्रोल की मांग पर पड़ेगा। डीजल की सालाना मांग में करीब 20 हजार बैरल प्रतिदिन की गिरावट आने की संभावना जताई गई है। इसके अलावा विमान ईंधन यानी एटीएफ की मांग में भी करीब 50 फीसदी तक गिरावट का अनुमान लगाया गया है। विशेषज्ञों के मुताबिक अंतरराष्ट्रीय हालात और महंगे तेल की वजह से लोग यात्रा खर्च कम करने की कोशिश कर रहे हैं।

**क्या कीमतें अभी भी लागत से कम हैं?**

विशेषज्ञों का कहना है कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चा तेल लगातार महंगा बना हुआ है। सरकार ने हाल के दिनों में तीन बार पेट्रोल-डीजल की कीमतें बढ़ाई हैं, लेकिन इसके बावजूद मौजूदा कीमतें तेल कंपनियों की अनुमानित लागत से कम बताई जा रही हैं। देश में पेट्रोल की औसत कीमत करीब 103 रुपये प्रति लीटर है, जबकि लागत संतुलन के लिए इसे करीब 125 रुपये प्रति लीटर होना चाहिए। इसी तरह डीजल की मौजूदा औसत कीमत करीब 94 रुपये प्रति लीटर है, जबकि संतुलन स्तर 115 से 120 रुपये प्रति लीटर बताया जा रहा है।

## सिर्फ गहने नहीं, अब समझदारी से करें गोल्ड में निवेश

**नई दिल्ली।** भारत में सोना सिर्फ गहना नहीं, बल्कि भरोसे और सुरक्षा का प्रतीक माना जाता है। शादी-ब्याह से लेकर मुश्किल समय तक, सोना हर परिवार की आर्थिक ताकत का हिस्सा रहा है। गांव से लेकर शहर तक लोग इसे सुरक्षित निवेश मानते हैं। लेकिन अब बदलती आर्थिक परिस्थितियों में सोने को सिर्फ परंपरा के नजरिए से नहीं देखा जा रहा। बढ़ते आयात बिल, कमजोर रुपया और महंगे कच्चे तेल के बीच सोने की खरीद देश की अर्थव्यवस्था से भी जुड़ गई है। ऐसे में विशेषज्ञों का कहना है कि सोना खरीदना गलत नहीं है, लेकिन खरीदने का तरीका बदलना जरूरी हो गया है।

**क्यों बढ़ रही है सोने की खरीद को लेकर चिंता?**

भारत दुनिया में सबसे ज्यादा सोना खरीदने वाले देशों में शामिल है। एक अनुमान के मुताबिक भारतीय परिवारों के पास करीब 34,600 टन सोना मौजूद है, जिसकी कीमत 5 लाख करोड़ डॉलर से ज्यादा आंकी गई है। लेकिन भारत अपनी जरूरत का बड़ा हिस्सा आयात करता है। इसका सीधा असर देश के चालू खाते और रुपये पर पड़ता है। जब रुपया कमजोर होता है और कच्चे तेल की कीमतें बढ़ती हैं, तब ज्यादा सोना आयात करना आर्थिक दबाव बढ़ा सकता है। यही वजह है कि हाल में प्रधानमंत्री ने लोगों से अनावश्यक सोना खरीद टालने की अपील की थी।



**गहना, निवेश और ट्रेडिंग में फर्क समझना क्यों जरूरी?**

विशेषज्ञों का कहना है कि सबसे बड़ी गलती लोग तब करते हैं, जब गहना, निवेश और ट्रेडिंग को एक जैसा मान लेते हैं। शादी या पहनने के लिए खरीदा गया गहना अलग जरूरत है, जबकि निवेश के लिए खरीदा गया सोना अलग उद्देश्य रखता है। इसके अलावा केवल मुनाफे के लिए सोने की ट्रेडिंग करना बिल्कुल अलग चीज है। पारंपरिक ज्वेलरी खरीद में मेकिंग चार्ज, जीएसटी, मार्जिन और शुद्धता जैसी कई चीजें जुड़ी होती हैं। कई बार ग्राहक यह समझ ही नहीं पाता कि वह असली सोने की कीमत दे रहा है या डिजाइन और अतिरिक्त खर्च का पैसा चुका रहा है।

**निवेश के लिए गोल्ड ईटीएफ और गोल्ड वॉल्ट क्यों बढ़ रहे?**

शहरी निवेशकों के बीच अब सोने में निवेश का तरीका बदल रहा है। लोग फिजिकल ज्वेलरी की जगह गोल्ड ईटीएफ और डिजिटल विकल्पों की तरफ बढ़ रहे हैं। साल 2025 में गोल्ड ईटीएफ में करीब 43 हजार करोड़ रुपये का निवेश आया। इसी सोच के साथ गोल्ड वॉल्ट जैसे विकल्प सामने आए हैं। इसमें निवेशक एमसीएक्स से जुड़े लाइव बाजार भाव पर सोना और चांदी खरीद सकते हैं। इसमें सुरक्षित वॉल्ट स्टोरेज की सुविधा मिलती है और जरूरत पड़ने पर फिजिकल डिलीवरी का विकल्प भी मौजूद रहता है।

# फाइनल का टिकट हासिल करने उतरेगी आरसीबी और जीटी

**नई दिल्ली।** तेज गेंदबाजों की मददगार धर्मशाला की पिच पर इंडियन प्रीमियर लीग यानी आईपीएल के इस सत्र में बल्लेबाजों ने सहजता से बड़े स्कोर बनाये हैं। मंगलवार 26 मई को यहां रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु यानी आसीबी और गुजरात टाइटंस यानी जीटी के बीच पहला क्वालीफायर मैच खेला जाएगा। इस मैच में मुख्य मुकाबला बल्लेबाजों और तेज गेंदबाजों के बीच होने की संभावना है। हिमाचल प्रदेश क्रिकेट संघ (एचपीसीए) के स्टेडियम में इस सत्र में यहां खेले गये तीनों मुकाबलों में पहली पारी का स्कोर 200 रन के आंकड़े
तक पहुंचा या उससे आगे निकला। तेज गेंदबाजों
को



यहां सीम मूवमेंट और अतिरिक्त उछाल मिलती है, लेकिन इस सत्र के आंकड़े बताते हैं कि धर्मशाला अब केवल गेंदबाजों के लिए मुफीद विकेट नहीं रह गया है। बल्लेबाज अगर पिच की समान गति और सही उछाल की शुरुआती चुनौती पार कर लें, तो उन्हें खुलकर खेलने का मौका मिलता है।
धर्मशाला की सबसे खास बात अब भी पारी के शुरुआती ओवरों में गेंद की हरकत है। समुद्र तल से लगभग 1450 मीटर की ऊंचाई पर स्थित यह मैदान भारत के उन चुनिंदा स्थलों में शामिल है, जहां तेज गेंदबाजों को नई गेंद से लगातार स्विंग और अतिरिक्त उछाल मिलती है। पहाड़ी इलाकों की ठंडी और हल्की हवा गेंदबाजों को हार्ड लेंथ पर प्रभावी गेंदबाजी करने में मदद करती है।
अन्य मैदानों के विपरीत यहां तेज गेंदबाजों को मदद मिलने का मतलब कम स्कोर वाला मैच नहीं होता। तेज



आउटफील्ड और संतुलित उछाल बल्लेबाजों को भी तेजी से रन बनाने का मौका देती है। इस सत्र के तीनों मुकाबलों में कुछ ऐसा ही देखने को मिला। पावरप्ले में गेंदबाजों ने विकेट चटकाने के साथ बल्लेबाजों को चकमा भी दिया, लेकिन गेंद पुरानी होते ही रनों की झड़ी लग गयी। पहले क्वालीफायर में काफी कुछ इस बात पर निर्भर करेगा कि कौन-सी टीम शुरुआती छह ओवरों में गेंद से बेहतर प्रदर्शन करती है। मौजूदा परिस्थितियों को देखते हुए आरसीबी को यहां मामूली बढ़त हासिल नजर आती है। भुवनेश्वर कुमार और जोश हेजलवुड की अगुवाई वाला उनका तेज आक्रमण नियंत्रण, स्विंग और सटीक हार्ड लेंथ पर आधारित है। धर्मशाला की परिस्थितियों में ये गुण हमेशा कारगर साबित हुए हैं। रोशनी में गेंद को स्विंग कराने और आखिरी ओवरों में गति में बदलाव करने वाले गेंदबाज यहां बड़े स्कोर वाले मुकाबलों में भी असरदार रहे हैं। पंजाब किंग्स के खिलाफ आरसीबी ने 222 रन का विशाल लक्ष्य इसलिए बचा लिया क्योंकि उनके तेज गेंदबाज लगातार अंतराल पर विकेट चटकाते रहे।
दूसरी ओर गुजरात टाइटंस के पास अधिक रफ्तार वाला गेंदबाजी आक्रमण है, जिसे धर्मशाला की अतिरिक्त उछाल और खतरनाक बना सकती है। स्पिन गेंदबाजों की सीमित भूमिका उनकी रणनीति को प्रभावित कर सकती है। राशिद खान आमतौर पर प्रभावी रहते हैं, लेकिन यह पिच उनकी परीक्षा ले सकती है। हाल के मुकाबलों के आंकड़े बताते हैं कि यहां अधिकांश विकेट तेज गेंदबाजों ने लिए हैं और निर्णायक चरणों में टीमों ने स्पिन का अपेक्षाकृत कम इस्तेमाल किया है। टॉस भी इस मैदान पर अहम भूमिका निभा सकता है। इस सत्र के तीन में से दो मुकाबले लक्ष्य का पीछा करने वाली टीमों ने जीते हैं। इसकी बड़ी वजह यह रही कि गेंद पुरानी होने और ओस पड़ने के बाद बल्लेबाजी आसान हो जाती है। ऐसे में मंगलवार रात भी पहले गेंदबाजी करना टीमों की प्राथमिकता हो सकती है। ऐसे में आरसीबी का संतुलित तेज गेंदबाजी आक्रमण, पावरप्ले जैसे निर्णायक चरण में परिस्थितियों का बेहतर फायदा उठाने के मामले में गुजरात टाइटंस पर मामूली बढ़त दिला सकता है।



### आरसीबी का मजबूत पक्ष

आरसीबी और गुजरात की टीमें आईपीएल 2026 की दो सबसे सफल टीमें रही। रजत पाटीदार की अगुआई में आरसीबी ने खिताब बचाने का अभियान आक्रामक तरीके से शुरू किया और उनकी बल्लेबाजी और गेंदबाजी यूनिट पिछले सीजन की तरह ही दिख रही है। आरसीबी ने मौजूदा सीजन में लगातार 200 रनों का आंकड़ा पार किया और टीम को विराट कोहली के अनुभव तथा जोश हेजलवुड और भुवनेश्वर कुमार जैसे तेज गेंदबाजों का फायदा मिल रहा है। आरसीबी ने ना सिर्फ अपने घरेलू मैदान, बल्कि विपक्षी टीम के मैदान पर भी जीत दर्ज की।

### विपक्षी टीमों पर किस तरह हावी रही गुजरात

गुजरात की टीम ने अपने शीर्ष क्रम और गेंदबाजी आक्रमण की मदद से प्लेऑफ में जगह पक्की की। कप्तान शुभमन गिस, साई सुदर्शन और विकेटकीपर बल्लेबाज जोस बटलर की तिकड़ी ने टीम को काफी सफलता दिलाई है। सीजन के दूसरे चरण में गुजरात की गेंदबाजी भी दमदार रही। मोहम्मद सिराज, कगिसो रबाडा और प्रसिद्ध कृष्णा ने लगातार नई गेंद से विपक्षी बल्लेबाजों पर शिकंजा कसा। वहीं, राशिद खान और आर साई किशोर जैसे स्पिनरों ने मध्य ओवरों में संतुलित गेंदबाजी की।

**आरसीबी:** विराट कोहली, फिल सॉल्ट/वेंकटेश अय्यर, देवदत्त पडिक्कल, रजत पाटीदार (कप्तान), जितेश शर्मा, रोमारियो शेफर्ड, टिम डेविड, क्रुणाल पांड्या, भुवनेश्वर कुमार, जैकब डफी, जोश हेजलवुड।

**गुजरात टाइटंस:** शुभमन गिल (कप्तान), साई सुदर्शन, जोस बटलर (विकेटकीपर), वाशिंगटन सुंदर, जेसन होल्डर, राहुल तेवतिया, निशांत सिद्धू, राशिद खान, अरशद खान, कगिसो रबाडा, मोहम्मद सिराज।

## एक नज़र

### श्रेयांश सोमैया ने अखिल भारतीय शतरंज मास्टर्स में जीत का सिलसिला जारी रखा

**नई दिल्ली।** शीर्ष वरीय श्रेयांश सोमैया (1973 रेटिंग अंक) ने सोमवार को यहां मुंबई फिडे रेटेड अखिल भारतीय शतरंज मास्टर्स के चौथे सत्र में निखिल जोशी (1645) पर शानदार जीत के साथ अपना अजेय अभियान जारी रखा। अन्य मुकाबलों में रेयांश वेंकट (1906) ने समर्थ पाटकर (1624) को हराकर शीर्ष खिलाड़ियों में अपनी जगह बनाए रखी। कुश अजय अग्रवाल (1835) ने सक्षम भारद्वाज (1594) के खिलाफ महत्वपूर्ण जीत दर्ज की। इस बीच एजीएम राजवीर पिंकेश नाहर (1801) ने दीपक जाधव आदित्य (1588) को हराकर प्रतियोगिता में अपनी दावेदारी बनाए रखी। जान्हवी सोनेजी (1792) और आशीष जैन त्वेशा (1576) के बीच कड़े मुकाबले में मैच ड्रॉ रहा जबकि मयूरेश पारकर (1781) ने निहाल भोसले (1580) को मात दी। ओम नीलेश देवरुखकर (1726) ने संघर्षपूर्ण मुकाबले में सोहम सुदर्शन सहमाते (1540) को हराया जबकि आर्यन सिस्टा (1658) ने प्रियांश (1475) को शिकस्त दी। मान्या बलानी (1653) ने वेद आंब्रे (1453) पर शानदार जीत के साथ सभी को प्रभावित किया। अधवन ओसवाल (1546) ने उलटफेर करते हुए आर्य अमोल बागायतकर (1773) को हराया।

### अंडर-23 एशियाई कुश्ती में अक्षय-विक्की ने जीता सोना

**नई दिल्ली।** अंडर-23 एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में भारतीय पहलवानों का शानदार प्रदर्शन जारी है। सोमवार को फ्रीस्टाइल वर्ग में भारत के युवा पहलवानों ने दमदार खेल दिखाते हुए कई पदक अपने नाम किए। 57 किलोग्राम भार वर्ग में भारत के अक्षय टी धेरे ने कजाकिस्तान के येलामन अमांगेल्दी को कड़े मुकाबले में 4-2 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। इसके बाद 97 किलोग्राम वर्ग में विक्की ने उज्बेकिस्तान के शेरजोड पोयोनोव को रोमांचक मुकाबले में 7-5 से मात देकर भारत को दूसरा गोल्ड दिलाया।

### गिल ने गोला फेंक में तूर को पछाड़ने के साथ राष्ट्रमंडल खेलों का क्वालीफाइंग मार्क हासिल किया

**नई दिल्ली।** मध्य प्रदेश के समरदीप सिंह गिल ने सोमवार को यहां राष्ट्रीय सीनियर फेडरेशन कप प्रतियोगिता के अंतिम दिन पुरुषों की शॉट पुट स्पर्धा में पंजाब के अनुभवी खिलाड़ी तजिंदरपाल सिंह तूर को पछाड़कर स्वर्ण पदक जीता। दो बार के एशियाई खेलों के चैंपियन तूर ने 20.07 मीटर के पहले थ्रो के साथ अपने अभियान की शुरुआत की, लेकिन 25 वर्षीय गिल ने चौथे प्रयास में 20.46 मीटर का थ्रो कर बढ़त हासिल कर ली, जो अंत तक कायम रही। तूर का राष्ट्रीय रिकॉर्ड 21.77 मीटर है। उन्होंने पिछड़ने के बाद वापसी की कोशिश की, लेकिन उनका अंतिम प्रयास 20.06 मीटर पर समाप्त हुआ। गिल ने भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) द्वारा निर्धारित ग्लासगो राष्ट्रमंडल खेलों के 20.36 मीटर के क्वालीफाइंग मार्क को भी पार कर लिया। कर्नाटक के यशस पी और एनसीओई त्रिवेंद्रम के संतोष कुमार टी ने पुरुषों की 400 मीटर बाधा दौड़ में राष्ट्रमंडल खेलों के क्वालीफाइंग मार्क को पार कर लिया। यशस ने 49.00 सेकंड के समय के साथ स्वर्ण पदक जीता, जबकि संतोष कुमार 49.06 सेकंड के समय के साथ दूसरे स्थान पर रहे। पुरुष भाला फेंक में स्वर्ण पदक महाराष्ट्र के प्रतिभाशाली खिलाड़ी शिवम लोहाकरे को मिला। उनका स्वर्ण पदक जीतने वाला थ्रो 81.71 मीटर रहा। पुरुष भाला फेंक में राष्ट्रमंडल खेलों का क्वालीफाइंग मार्क 82.61 मीटर था।

### 'मेरे ऑफिस तक फोन आ रहे'

**नई दिल्ली।** आईपीएल 2026 में पंजाब किंग्स के प्लेऑफ की दौड़ से बाहर होने के बाद भारतीय क्रिकेटर श्रेयस अय्यर की बहन श्रेष्टा अय्यर एक बार फिर सोशल मीडिया पर ट्रोलिंग का शिकार हो गईं। राजस्थान रॉयल्स की मुंबई इंडियंस पर जीत के साथ पंजाब का अभियान समाप्त हुआ, जिसके बाद एक पुराना वीडियो दोबारा वायरल हो गया और सोशल मीडिया पर विवाद बढ़ गया। दरअसल, श्रेष्टा अय्यर ने पहले पंजाब किंग्स और कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) को लेकर एक हल्का-फुल्का मजाकिया रील बनाया था। लेकिन पंजाब के सिर्फ एक अंक से प्लेऑफ से चूकने के बाद फैंस ने उसी वीडियो को दोबारा शेयर करना शुरू कर दिया और उन्हें निशाना बनाया। सोशल मीडिया पर बढ़ती ट्रोलिंग के बीच श्रेष्टा ने इंस्टाग्राम पर दो वीडियो शेयर कर अपनी बात रखी। उन्होंने साफ कहा कि उस रील का उद्देश्य सिर्फ मनोरंजन और मजाक था, किसी खिलाड़ी या टीम का अपमान करना नहीं। श्रेष्टा ने कहा, 'जिस वीडियो को मैंने बनाया था, उसे लोगों ने जरूरत से ज्यादा बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया। उसका मकसद सिर्फ मजाकिया बैंटर था। मैं किसी को ट्रोल नहीं कर रही थी और न ही किसी के खिलाफ नफरत फैला रही थी। मैं हर क्रिकेटर का सम्मान करती हूं क्योंकि मेरा भाई भी एक क्रिकेटर है।' उन्होंने आगे बताया कि ट्रोलिंग अब व्यक्तिगत हमलों में बदल चुकी है। लोग मेरे ऑफिस में फोन कर रहे हैं, मुझे, मेरे सहयोगियों, छात्रों और परिवार को गालियां दे रहे हैं। अजीब समय पर कॉल करके परेशान किया जा रहा है।

### कोहली से विवाद के बाद हेड की पत्नी को मिली गालियां?

**नई दिल्ली।** आईपीएल 2026 में विराट कोहली और ट्रेविस हेड के बीच मैदान पर हुई तीखी नोकझोंक अब सोशल मीडिया विवाद में बदल गई है। इस पूरे मामले के बाद ट्रेविस हेड की पत्नी जेसिका हेड ने खुलासा किया है कि उन्हें और उनके परिवार को ऑनलाइन गालियों और ट्रोलिंग का सामना करना पड़ रहा है। जेसिका ने कहा कि यह सब देखकर उन्हें 2023 वनडे विश्व कप फाइनल के बाद का समय याद आ गया, जब ट्रेविस हेड ने अहमदाबाद में भारत के खिलाफ शानदार 137 रन की मैच जिताऊ पारी खेली थी। जेसिका ने ऑस्ट्रेलियाई मीडिया आउटलेट 'द एडवरटाइजर' से कहा कि वह सुबह उठीं तो उनके सोशल मीडिया अकाउंट्स पर अभद्र संदेशों की बाढ़ आ चुकी थी। उन्होंने कहा, 'यह बिल्कुल वैसा ही लग रहा है जैसा वर्ल्ड कप के बाद हुआ था। मैं सुबह उठी तो मेरे सोशल मीडिया पर लगातार मैसेज आ रहे थे। हम ठीक हैं, लेकिन लोग मेरे दोस्तों और परिवार को भी निशाना बना रहे हैं।' जेसिका ने खेलों में मानसिक स्वास्थ्य को लेकर गंभीर चर्चा की जरूरत बताई। उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि इस समय सभी खेलों में मानसिक स्वास्थ्य, नजरिए और एक-दूसरे से बात करने के तरीके को लेकर जरूरी बातचीत होनी चाहिए।

### न्यूजीलैंड की फजीहत

**नई दिल्ली।** तीन मैचों की टी20 सीरीज में इंग्लैंड महिला टीम ने न्यूजीलैंड को 2-1 से हरा दिया है। इस सीरीज का तीसरा मैच 25 मई को होव काउंटी ग्राउंड में खेला गया। इस मैच में कीवी टीम का प्रदर्शन बेहद निराशाजनक रहा। पहले बल्लेबाजी करते हुए न्यूजीलैंड की टीम 80 रन बनाकर ऑलआउट हुई है। इंग्लैंड की टीम ने इस टारगेट को सिर्फ 13.5 ओवर में 7 विकेट रहते हासिल कर लिया। इस मुकाबले में इंग्लैंड के गेंदबाजों के आगे न्यूजीलैंड की महिला टीम ने घुटने टेक दिए। टी20 वर्ल्ड कप से पहले इस खराब प्रदर्शन से जाहिर तौर पर न्यूजीलैंड के प्लेयर्स का कॉन्फिडेंस कम हुआ होगा। न्यूजीलैंड की कप्तान अमेलिया केर ने इस मैच में टॉस जीता था लेकिन गेंदबाजी के लिए अनुकूल पिच पर उन्होंने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया, जो गलत साबित हुआ। कीवी टीम की खराब बल्लेबाजी का अंदाजा इस मैच में इसी बात से लगाया जा सकता है कि 11 में सिर्फ 3 बल्लेबाज डबल डिजिट स्कोर तक पहुंचने में कामयाब हो सके।

# जीत मिलने के बाद भी जारी रही टीम इंडिया की बैटिंग

**नई दिल्ली।** 28 मई से भारतीय महिला टीम इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैचों की टी20 सीरीज खेलेगी। इस सीरीज के ठीक बाद दोनों ही टीमें टी20 वर्ल्ड कप में खेलती हुई नजर आएगी। इंग्लैंड के खिलाफ टी20 सीरीज से पहले भारतीय महिला टीम ने वॉर्म अप मैच खेला, जहां टीम इंडिया ने एकतरफा अंदाज में जीत दर्ज की। वॉर्म अप मैच में टीम इंडिया ने शानदार खेल दिखाते हुए ECB डेवलपमेंट महिला XI को 7 विकेट से हरा दिया। चेल्म्सफोर्ड के एम्बेसडर क्रूज लाइन ग्राउंड पर खेले गए इस मैच में सबसे खास बात ये रही कि टीम इंडिया ने टारगेट को अचीव करने के बाद भी अपनी बल्लेबाजी जारी रखी और जो लक्ष्य मिला था उससे 45 रन ज्यादा बना दिए। इस वॉर्म-अप मैच में पहले बैटिंग करते हुए ECB डेवलपमेंट टीम ने निर्धारित 20 ओवरों में 6 विकेट खोकर 154 रन का स्कोर बनाया। उनकी टीम की तरफ से फ्लोरेंस मिलर ने सबसे ज्यादा 48 रन, इस दौरान उन्होंने 41 गेंदों का सामना किया। जबकि जोआन गार्डनर ने 27 बॉल पर 36 रनों की पारी खेली। टीम की कप्तान सोफिया स्मेल 27 रन बनाकर नाबाद लौटीं। भारत की तरफ से अरुंधति रेड्डी सबसे सफल गेंदबाज रही, इस मैच में शानदार प्रदर्शन करते हुए उन्होंने 3 विकेट अपने नाम किए। उनके अलावा दीप्ति शर्मा और श्रेयांका पाटिल के खाते में भी 1-1 विकेट आया। 155 रन के टारगेट को हासिल करने उतरी टीम इंडिया की शुरुआत काफी अच्छी रही। सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने 10 बॉल पर 210 की स्ट्राइक रेट से 21 रन बनाए, जिसमें 3 चौके और एक छक्का शामिल रहा। वहीं नंबर 3 पर बल्लेबाजी करने उतरी यास्तिका भटिया ने 35 बॉल पर 47 रन का योगदान दिया। इसके बाद भारती फूलमाली 29 गेंदों में 5 चौके और दो छक्के की मदद से 48 रन की पारी खेलकर आउट हुई। इस मैच में टीम इंडिया के लिए शेफाली वर्मा ने बेहतरीन पारी खेली, उन्होंने 25 गेंदों पर 9 चौके और 1 छक्के की मदद से 50 रन बनाए। इस पारी में उनका स्ट्राइक रेट 200 का रहा।

**टारगेट हासिल करने के बाद भी क्यों बैटिंग करती रही टीम इंडिया?**

इस मैच में टीम इंडिया ने 155 रन के टारगेट को 16.2 ओवर में 3 विकेट के नुकसान पर टारगेट हासिल कर लिया। लेकिन टारगेट हासिल करने के बाद भी भारतीय टीम बैटिंग करती रही। टीम इंडिया ने पूरे 20 ओवर बल्लेबाजी की और स्कोरबोर्ड पर 200 रन लगा दिए। ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि ये एक वॉर्म-अप मैच था, ऐसे में भारतीय टीम के प्लेयर्स ने अपनी तैयारियों को मजबूत करने के लिए 20 ओवर तक बैटिंग की। इसी वजह से टीम इंडिया ने इस मैच में टारगेट से 45 रन ज्यादा बना दिए।

### जसप्रीत बुमराह का ये क्या हाल हुआ?

**नई दिल्ली।** जसप्रीत बुमराह की गिनती दुनिया के बेहतरीन गेंदबाजों में होती है। उनके सामने बल्लेबाज हमेशा बैकफुट पर रहते हैं और सिर्फ अपना विकेट बचाने की कोशिश में रहते हैं। लेकिन क्रिकेट अनिश्चितताओं का खेल है और यहां कभी भी कुछ भी हो सकता है। इस साल टी20 वर्ल्ड कप में जसप्रीत बुमराह ने बेहतरीन गेंदबाजी करते हुए टीम इंडिया को चैंपियन बनाने में अहम भूमिका निभाई थी। लेकिन वह अपने उस प्रदर्शन को आईपीएल 2026 में जारी नहीं रख पाए। इस आईपीएल में उनका प्रदर्शन इतना खराब रहा कि अब बुमराह के नाम टी20 इतिहास का एक अनचाहा और खराब रिकॉर्ड जुड़ गया है, जिसे वह कभी याद नहीं रखना चाहेंगे। आईपीएल 2026 में जसप्रीत बुमराह ने कुल 13 मैच खेले। उन्हें राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ आखिरी लीग मैच में आराम दिया गया था। इन 13 मैचों में बुमराह सिर्फ 4 विकेट लेने में ही कामयाब हो सके। सबसे हैरान करने वाली बात यह रही कि उन्होंने हर एक विकेट के लिए औसतन 102.5 रन खर्च किए। बुमराह ने इस सीजन में 49 ओवर गेंदबाजी, इस दौरान उन्होंने 294 गेंदें फेंके और 410 रन खर्च किए। किसी भी टी20 टूर्नामेंट में 40 या उससे ज्यादा ओवर फेंकने वाले गेंदबाजों में बुमराह का यह बॉलिंग एवरेज (102.5) अब तक का सबसे खराब गेंदबाजी औसत है। वह पहले ऐसे गेंदबाज बने हैं जिन्होंने टी20 टूर्नामेंट में 40 ओवर गेंदबाजी करने के बाद विकेट लेने के लिए 100 से अधिक रन खर्च किए हों। जसप्रीत बुमराह को आईपीएल 2026 के पहले पांच मैचों में कोई विकेट नहीं मिला। राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ आखिरी लीग मैच से पहले स्र्क्ष् के हेड कोच महेला जयवर्धने ने बुमराह को लेकर एक बड़ा खुलासा किया। उन्होंने बताया कि इस पूरे आईपीएल सीजन में बुमराह हल्की चोट के साथ खेले थे। इसी वजह से उनके स्पीड में भी कमी आई थी। जयवर्धने ने कहा कि वर्ल्ड कप के बाद मुंबई इंडियंस ने उन्हें आराम दिया। आईपीएल के शुरुआती 4-5 मैचों में वे उस चोट से उबर रहे थे, जिसकी वजह से उनकी रफ्तार भी गिर गई थी।

# बड़े स्कोर वाले आईपीएल में गेंदबाजी की मुश्किलें बढ़ी : पाटीदार

**नई दिल्ली।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के कप्तान रजत पाटीदार ने सोमवार को माना कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में लगातार 200 से अधिक रन बनने के दौर में गेंदबाजों के लिए प्रभावी बने रहना बेहद मुश्किल होता जा रहा है। उन्होंने इसके साथ ही आईपीएल फाइनल को बेंगलुरु से अहमदाबाद स्थानांतरित किए जाने के विवाद पर सीधी टिप्पणी करने से परहेज किया। पाटीदार ने मंगलवार को गुजरात टाइटंस के खिलाफ होने वाले पहले क्वालीफायर मुकाबले की पूर्व संध्या पर मीडिया से बातचीत में कहा कि अब 220 से 250 रन का स्कोर भी सुरक्षित नहीं माना जा सकता और यह स्थिति खासकर तेज गेंदबाजों के लिए चिंता का विषय बन गई है। उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि गेंदबाजों के लिए चुनौती लगातार बढ़ती जा रही है। विकेट बल्लेबाजी के अनुकूल हैं, मैदानों की बाउंड्री छोटी हैं और ओस भी बड़ी भूमिका निभाती है। खासकर तेज गेंदबाजों के लिए छोटी सी गलती भी छह रन में बदल जाती है।' उन्होंने कहा, 'हमें हालांकि जैसी भी पिच और परिस्थितियां मिलें, हम उसी में अपना सर्वश्रेष्ठ देने की कोशिश करते हैं। विकेट कैसे होने चाहिए, यह तय करना मेरे हाथ में नहीं है।' आईपीएल फाइनल को बेंगलुरु से अहमदाबाद स्थानांतरित किए जाने के सवाल पर पाटीदार ने संतुलित जवाब दिया। उन्होंने कहा, 'यह मेरे नियंत्रण में नहीं है। यह एक ऐतिहासिक स्थल है, इसलिए फाइनल जहां भी होगा, वहीं खेला जाएगा। फिलहाल हमारा पूरा ध्यान फाइनल में पहुंचने पर है।' भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने परिचालन संबंधी कारणों, स्थानीय राजनीतिक परिस्थितियों, टिकटों की अत्यधिक मांग और भीड़ प्रबंधन की चिंताओं को देखते हुए खिताबी मुकाबला अहमदाबाद में कराने का फैसला किया है। लीग चरण में समान अंक हासिल करने वाली रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और गुजरात टाइटंस अब फाइनल में सीधे प्रवेश के लिए भिड़ेंगी। पाटीदार ने इसे दो संतुलित टीमों के बीच मुकाबला करार दिया। उन्होंने कहा, 'दोनों टीमों ने पूरे सत्र में शानदार प्रदर्शन किया है। मैच वाले दिन जो टीम अपनी योजनाओं को बेहतर तरीके से लागू करेगी और दबाव में धैर्य तथा एकाग्रता बनाये रखेगी, वही जीत दर्ज करेगी।' पाटीदार ने साफ किया कि टूर्नामेंट में लगातार बड़े स्कोर बनने के बावजूद आरसीबी अपनी आक्रामक रणनीति नहीं बदलेगी। उन्होंने कहा, 'हमारी सबसे बड़ी ताकत हमारी गेंदबाजी है। पावरप्ले में जिस तरह हम गेंदबाजी करेंगे, वह बेहद अहम होगा। टीम का हर खिलाड़ी जानता है कि हम यहां सिर्फ बचाव करने नहीं, बल्कि आक्रमण करने की मानसिकता के साथ आए हैं।'

## श्रीलंका ने एक दौरे के लिए किया 3 टीमों का ऐलान, बदल गया कप्तान

**नई दिल्ली।** श्रीलंका क्रिकेट टीम जून में वेस्टइंडीज का दौरा करने वाली है। इस दौरान दोनों टीमों के बीच ऑल फॉर्मेट सीरीज यानी कि टी20, वनडे और टेस्ट सीरीज खेली जाएगी। इस दौरे के लिए श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड के सेलेक्टर्स ने 25 मई को तीन टीमों का ऐलान कर दिया। बोर्ड ने तीनों फॉर्मेट के लिए अलग-अलग टीमों का चयन किया है। इस दौरे की शुरुआत वनडे सीरीज से होने वाली है। वनडे सीरीज का पहला मैच 3 जून को खेला जाएगा। वेस्टइंडीज दौरे के लिए स्र्ष्ट के सेलेक्टर्स ने एक बड़ा फैसला लिया है और उन्होंने व्हाइट बॉल फॉर्मेट के लिए नया कप्तान नियुक्त किया है। वेस्टइंडीज के पूरे दौरे के लिए कुसल मेंडिस को एक दिवसीय और टी20 टीम का नया कप्तान बनाया है। वहीं धनंजय डी सिल्वा टेस्ट मैचों में टीम की कप्तानी जारी रखेंगे। चरित असलंका को हटाकर अब मेंडिस को टीम की कप्तानी मिली है। बता दें कि असलंका वनडे सीरीज के लिए टीम का हिस्सा जरूर हैं, लेकिन उनसे कप्तानी छीन ली गई है। वहीं तीन मैचों की इस सीरीज के लिए कामिंडू मेंडिस को उप-कप्तान बनाया गया है। टी20 फॉर्मेट के कप्तानी में भी बदलाव हुआ है। इससे पहले दसुन शनाका इस फॉर्मेट में श्रीलंका की कप्तानी करते थे। लेकिन अब यहां भी कुसल मेंडिस को ये जिम्मेदारी मिली है। शनाका ने पिछले टी20 वर्ल्ड कप में कप्तानी की थी, जहां श्रीलंका नॉकआउट स्टेज में नहीं पहुंच पाया था। शनाका टी20 टीम में अपनी जगह बचाने में कामयाब रहे, लेकिन चरित असलंका को टी20 टीम से बाहर कर दिया गया है। इसके साथ ही स्टार खिलाड़ी वानिंदु हसरंगा की वनडे और टी20 टीम में वापसी हुई है। फरवरी में टी20 वर्ल्ड कप के दौरान उन्हें हैमस्ट्रिंग इंजरी हुई थी, जिसकी वजह से वह आईपीएल भी नहीं खेल पाए थे।

## कॉमनवेल्थ गेम्स डे पर फिट इंडिया साइक्लिंग अभियान में जुटे हजारों युवा

**स्वतंत्र भारत, लखनऊ।** भारतीय खेल प्राधकरण , नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस, लखनऊ ने 24 मई 2026 को सुबह 7:00 बजे नेताजी सुभाष क्षेत्रीय केंद्र, लखनऊ में राष्ट्रीय फटनेस कायक्रम 'संडे ऑन साइकल' का सफल आयोजन कया। 'भारत द्वारा 2030 में कॉमनवेल्थ गेम्स की मेजबानी' थीम के साथ आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य फटनेस, स्वास्थ्य और सक्रिय जीवनशैली को बढ़ावा देना, भारत की खेल आकांक्षाओं के प्रति जागरूकता और उत्साह पैदा करना तथा पूरे देश में समुदाय की खेल भागीदारी का उत्सव मनाना था। कार्यक्रम में योग, जुम्बा और साइक्लिंग गतवधयाँ शामल थीं और सभी आयु वग के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लया।
नेताजी सुभाष क्षेत्रीय केंद्र लखनऊ में 250 से अधक प्रतभागयों ने भाग लया। इसके अलावा, विभिन्न छोटे और बड़े साइक्लिंग समूह और आम जनता के सदस्य अपने-अपने स्थानों से कायक्रम में शामल हुए। प्रमुख साइक्लिंग समूहों में HAL, CISF, CRPF, RPF और Paddle E Awadh शामल थे। लगभग



2,500 एथलीट और साइक्लस्ट सभी Khelo India सेंटरों से NSRC लखनऊ के तहत उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के 100 KICs से अपने-अपने स्थानों से कायक्रम में शमिल हुए, जिससे कार्यक्रम को व्यापक क्षेत्रीय पहुंच मिली। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य अतिथि, भारोत्तोलक और 2014 कॉमनवेल्थ गेम्स पदक विजेता स्वाती सिंह और तैराक एवं 2010 कॉमनवेल्थ गेम्स प्रतिभागी हमांशु तिवारी ने की। SAI NSRC के अधकारी उपिस्थत रहे और मुख्य अतिथियों का सम्मान किया। कार्यक्रम की शुरुआत ऊर्जा से भरे जुम्बा सत्र के साथ हुई, जिसने सभी प्रतिभागयों में उत्साह और उमंग पैदा की। अतिथियों का सम्मान किया गया, जिसके बाद मुख्य अतिथियों ने मनीष कुमार, सहायक निदेशक, SAI NCOE लखनऊ के साथ मलकर साइक्लिंग रैली के लए औपचारक फ्लैग-ऑफ कया। कायक्रम का माग SAI NCOE, लखनऊ परसर के भीतर कुल 6 कलोमीटर की दूरी को कवर करता था। मुख्य अतथयों और प्रतभागयों ने SAI लखनऊ के प्रयासों की सराहना की और एथलीटों को प्रे रत कया, जिससे खेल और फटनेस गतवधयों के प्रत उनकी उत्साह और बढ़ा। इस अवसर पर, आत्मा प्रकाश, क्षेत्रीय निदेशक प्रभारी, ले. कर्नल गौरव सिंह, निदेशक, और मनीष कुमार, सहायक निदेशक ने भी कार्यक्रम की सफल आयोजन की प्रशंसा की।

# अतरैला राजा के प्रधान महानारायण भारती ने पेश की विकास की मिसाल

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्ज़ापुर)।** विकास खंड लालगंज के ग्राम पंचायत अतरैलाराजा में युवा एवं

## आंबेडकर प्रतिमा, अन्नपूर्णा भवन व सैनेट्री पैड इकाई बनी प्रेरणा

---

कर्मठ प्रधान महा नारायण भारती द्वारा किया गया विकास कार्य पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। अन्नपूर्णा भवन, सैनेट्री पैड निर्माण इकाई तथा संविधान निर्माता बाबा साहब डाॅ भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा के सौंदर्यीकरण और तारबंदी कराकर उन्होंने न केवल ग्राम पंचायत के विकास को नई दिशा दी है, बल्कि जिले के अन्य ग्राम प्रधानों के सामने




भी विकास का आईना प्रस्तुत किया है। ग्राम पंचायत में सैनेट्री पैड निर्माण इकाई स्थापित होने से स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को स्वावलंबी बनने का अवसर मिलेगा। इससे महिलाओं को रोजगार के साथ आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त होगा। वहीं अन्नपूर्णा भवन के निर्माण से अब उपभोक्ताओं का खाद्यान्न सुरक्षित रहेगा और बरसात के दौरान भी अनाज भीगने की समस्या से राहत मिलेगी। इसके साथ ही बाबा साहब डा. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा का सौंदर्यीकरण एवं परिसर की आकर्षक व्यवस्था ग्राम पंचायत को माडल ग्राम के रूप में विकसित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। पंचायत परिसर और सार्वजनिक स्थलों की साफ-सफाई तथा सुव्यवस्थित निर्माण कार्य लोगों को आकर्षित कर रहे हैं। प्रधान महानारायण भारती ने अपने कार्यकाल में नेशनल हाईवे से धसड़ा राजा संपर्क मार्ग, पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय तथा अन्य सार्वजनिक स्थलों के विकास कार्यों को प्राथमिकता देकर ग्राम पंचायत में विकास की नई तस्वीर प्रस्तुत की है। ग्रामीणों का कहना है कि उनकी मिलनसार कार्यशैली और समाज सेवा की भावना के कारण ही जनता ने उन्हें ग्राम पंचायत की जिम्मेदारी सौंपी थी। प्रधान महानारायण भारती ने कहा कि जनता ने उन्हें जिस विश्वास के साथ इस पद पर आसीन किया है, उस विश्वास पर खरा उतरना उनकी पहली प्राथमिकता है। समाज सेवा और विकास कार्यों के माध्यम से लोगों को राहत पहुंचाना ही एक सच्चे जनप्रतिनिधि का दायित्व होता है।

# छह साल बाद फिर दौड़ेगी नकहा-डालीगंज पैसेंजर, बढ़नी क्षेत्र को मिलेगा बड़ा लाभ

**स्वतंत्र भारत बढ़नी/सिद्धार्थनगर।** करीब छह वर्षों के लंबे अंतराल के बाद एक बार फिर नकहा डालीगंज पैसेंजर ट्रेन के संचालन की तैयारी से क्षेत्र में उत्साह का माहौल है। रेलवे विभाग के इस निर्णय से खासकर भारत-नेपाल सीमा पर स्थित बढ़नी क्षेत्र के यात्रियों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। कोरोना काल के बाद बंद इस ट्रेन को रेलवे बोर्ड की मंजूरी मिलने के बाद दोबारा पटरी पर लाया जा रहा है। नकहा से डालीगंज 27 मई से ट्रेन संख्या 55061 नकहा जंगल (गोरखपुर) से रात 11:10 बजे प्रस्थान कर, अगले दिन सुबह 09:25 बजे डालीगंज पहुंचेगी।डालीगंज से नकहा 26 मई से ट्रेन संख्या 55062 डालीगंज से शाम 05:20 बजे रवाना होकर, अगली सुबह 04:45 बजे नकहा पहुंचेगी द्यड्ढजिसमे छोटे बड़े स्टेशनों पर रुकेगी द्य नकहा से डालीगंज के बीच चलने वाली यह पैसेंजर ट्रेन पहले सीमावर्ती इलाकों की प्रमुख यातायात सुविधा मानी जाती थी।



इसके बंद होने के बाद स्थानीय लोगों, छात्रों और व्यापारियों को आवागमन में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। अब इसके पुनः संचालन से एक बार फिर सस्ती और सुलभ यात्रा का विकल्प उपलब्ध हो सकेगा। इस ट्रेन के शुरू होने से बढ़नी रेलवे स्टेशन की अहमियत और बढ़ेगी। यात्रियों को गोरखपुर, नकहा और लखनऊ (डालीगंज) जैसे प्रमुख शहरों तक सीधा संपर्क मिलेगा। साथ ही लंबे समय से स्टेशन पर ट्रेनों के ठहराव की मांग कर रहे लोगों को भी राहत मिलेगी। ट्रेन के संचालन से क्षेत्र के छोटे व्यापारियों को अपने उत्पाद बड़े बाजारों तक पहुंचाने में सुविधा होगी। वहीं छात्र-छात्राओं और नौकरीपेशा लोगों के लिए रोजाना आवागमन आसान हो जाएगा। इससे स्थानीय स्तर पर आर्थिक गतिविधियों को भी गति मिलने की संभावना है। बढ़नी भारत-नेपाल सीमा पर स्थित होने के कारण यह ट्रेन दोनों देशों के बीच आवागमन करने वाले लोगों के लिए भी उपयोगी साबित होगी। इससे पर्यटन और सीमावर्ती व्यापार को भी बढ़ावा मिलेगा। स्थानीय नागरिकों ने रेलवे प्रशासन से मांग की है कि बढ़नी रेलवे स्टेशन पर अन्य महत्वपूर्ण ट्रेनों का भी ठहराव सुनिश्चित किया जाए, ताकि क्षेत्र का समुचित विकास हो सके।

# दो बाइको की टक्कर में बाइक सवार महिला व पुरुष गंभीर रूप से घायल

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्ज़ापुर)।** लालगंज थाना क्षेत्र के बस्तरा स्थित ज्ञान गंगा पेट्रोल पम्प के पास सोमवार की सुबह दो बाइको की आमने सामने टक्कर होने से बाइक सवार महिला व पुरुष घायल हो गए मौके पर पहुँचे एम्बुलेंस सेवा 108 के कर्मियों ने दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालगंज में भर्ती कराया है जंहा पर उपचार चल रहा है ड्रमण्डगंज थाना क्षेत्र के भटपुरवा गांव निवासी 60 वर्षीय राम बहादुर बाइक से अपने साथ गांव निवासी 40 वर्षीय शकुंतला के साथ मिर्ज़ापुर कचहरी जा रहे थे की जैसे ही लालगंज के बस्तरा ज्ञान गंगा पेट्रोल पम्प के पास पहुँचे की सामने से आ रहे सवार ने अचानक बाइक मोड़ दिया जिससे बाइक सवार की बाइक सामने वाले की बाइक से टकरा गई जिससे बाइक सवार राम बहादुर व शकुंतला दोनों घायल हो गए मौके पर पहुँचे एम्बुलेंस 102 के चालक अशोक व ईएमटी आवेश ने दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालगंज में भर्ती कराया है जंहा पर दोनों का उपचार चल रहा है।

# पुरुषोत्तम मास पर शिव वाटिका डोहर में लगा नि:शुल्क प्याऊ, श्रद्धालुओं को मिल रही राहत



**स्वतंत्र भारत हलिया, (मीरजापुर)।** पुरुषोत्तम मास के पावन अवसर पर शिव वाटिका डोहर, हलिया में श्यामधर पंचधाम ट्रस्ट की ओर से निःशुल्क प्याऊ की व्यवस्था की गई है। निःशुल्क प्याऊ - पुरुषोत्तम मास के पावन पर्व पर राहगीरों और श्रद्धालुओं के लिए ठंडे पानी की व्यवस्था की गई है। गर्मी के मौसम में पुरुषोत्तम मास के दौरान श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों को राहत देने के उद्देश्य से यह सेवा शुरू की गई है आयोजनकर्ताओं का कहना है कि प्यासे को पानी पिलाना सबसे बड़ा धर्म है, और इसी भावना से प्याऊ लगाया गया है।

स्थानीय लोगों ने ट्रस्ट की इस सेवा भावना की सराहना की है।इस दौरान बसंत लाल चौबे, नितेश चौबे, शांति, आदर्श, बृजेश यादव आदि मौजूद रहे।

# बाइक और ट्रैक्टर की आमने सामने टक्कर में बाइक सवार युवक की हुई मौत, बाइक चालक की हालत गंभीर



**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्ज़ापुर)।** ड्रमडगंज थाना क्षेत्र के हलिया ड्रमंडगज हलिया मार्ग स्थित गलरा गांव में बाइक और ट्रैक्टर की आमने सामने टक्कर में बाइक सवार युवक की अस्पताल पहुंचने से पहले रास्ते में ही मौत हो गई। वहीं बाइक चालक गंभीर रूप घायल हो गया। घटना के बाद अज्ञात ट्रैक्टर चालक मौके से ट्रैक्टर लेकर मौके से भाग निकला। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने गंभीर रूप से घायल बाइक सवारों को उपचार हेतु एंबुलेंस से अस्पताल भेजा।गलरा गांव निवासी 25 वर्षीय रविशंकर गलरा गांव के ही अपने साथी 24 वर्षीय राजू के साथ बाइक से प्रयागराज जिले के कोरांव गए थे। रात में बाइक से दोनों लोग अपने घर वापस लौट रहे थे जैसे ही गलरा गांव मोड़ के पास पहुंचे तो सामने से आ रहे ट्रैक्टर से टकराते हुए सड़क पर गिर पड़े। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंचे एसआई टीपी सिंह, अंसार अहमद व मनोज कुमार राय ने दोनों घायलों को एंबुलेंस से पीएचसी हलिया भेजा। जहां बाइक सवार राजू को देखते ही डा. विमल सिंह ने मृत घोषित कर दिया। वहीं बाइक चालक रविशंकर की हालत गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने मंडलीय चिकित्सालय रेफर कर दिया। मृतक राजू दो भाइयों में छोटा और अविवाहित था क्षेत्र के रतेह गांव स्थित पेट्रोल पंप पर अपने साथी रविशंकर के साथ सेल्समैन का कार्य करता था। घटना से परिजनों में चीख पुकार मच गई है।

# मृतक बाइक सवार के भाई ने अज्ञात ट्रैक्टर चालक के विरुद्ध दर्ज कराया मुकदमा

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्ज़ापुर)।** ओवरलोडिंग के खिलाफ प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए बालू से लदे एक ओवरलोड हाइवा को सीज कर दिया। कार्रवाई के बाद ओवरलोड वाहन चालकों में हड़कंप मच गया। लालगंज क्षेत्र के दुबार चौकी के पास लालगंज-दीपनगर मार्ग पर खनन विभाग की टीम ने सोमवार को चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान क्षमता से कई गुना अधिक बालू लाद कर जा रहे एक हाइवा को रोककर जांच की गई। साथ ही कागजात भी सही नहीं मिले।

## खनन विभाग की टीम ने ओवरलोड बालू लदा हाइवा किया सीज

---

इसके बाद टीम ने हाइवा को कब्जे में लेकर सीज कर स्थानीय पुलिस चौकी को सुपुर्द कर दिया। बताया गया कि लालगंज और आसपास के मार्गों पर लंबे समय से ओवरलोड वाहनों के संचालन की शिकायतें मिल रही थीं। शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए खनन विभाग की टीम सक्रिय हुई कार्रवाई की गई। अधिकारियों का कहना है कि ओवरलोड वाहनों के कारण सरकार को राजस्व का नुकसान होता है। वहीं सड़कों को भी भारी क्षति पहुंचती है तथा सड़क दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ जाता है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध ओवरलोडिंग किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# पुरुषोत्तम मास के सोमवार कोटार नाथ धाम में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्ज़ापुर)।** पुरुषोत्तम मास के पावन सोमवार पर अदवा नदी के मध्य टीले पर विराजमान कोटार नाथ शिव धाम में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। सुबह से ही भक्तों का आना जाना शुरू हो गया और मंदिर परिसर हर हर महादेव के जयकारों से गूंज उठा। पुरुषोत्तम मास को भगवान विष्णु का महीना माना जाता है, लेकिन सोमवार होने के कारण शिव भक्तों ने भी कोटार नाथ धाम में जलाभिषेक और पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया। मंदिर समिति और स्थानीय प्रशासन ने भीड़ को देखते हुए सुरक्षा, पार्किंग और पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित की।श्रद्धालुओं का कहना है कि पुरुषोत्तम मास में भगवान का दर्शन करने से विशेष पुण्य मिलता है। प्रशासन ने शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल तैनात किया था।सुरक्षा व्यवस्था में थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने एसआई चरण सिंह के साथ पुलिसकर्मियों की डियूटी लगाया गया है साफ सफाई व्यवस्था के लिए एडीओ पंचायत रुपेश श्रीवास्तव ने सफाईकर्मियों की तैनाती किया है।

# मड़हे और टिन शेड में लगी आग से तीन किसानों का गेहूं व भूसा जलकर राख

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्ज़ापुर)।** ड्रमण्डगंज थाना क्षेत्र के गलरा गांव में सोमवार दोपहर में अज्ञात कारणों से मड़हे व टिनशेड में आग लग गई। मड़हे में आग की लपटे उठती देख ग्रामीण सबमर्सिबल पंप की मदद से डिब्बा और बाल्टी में पानी लेकर आग बुझाने में जुट गए। लेकिन तेज हवाओं के चलने से आग ने विकराल रूप धारण कर लिया।ग्रामीणों ने आग पर काबू पाने के लिए फायर ब्रिगेड को सूचना दी। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने ग्रामीणों की मदद से एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह से काबू पा लिया।आग की चपेट में आने से तीन किसानों का गेंहू और भूसा जलकर राख हो गया।गलरा गांव निवासी बलराम तिवारी के घर पीछे स्थित मड़हे में अज्ञात कारणों से आग लग गई।आग की चपेट में आने से मड़हे के भीतर रखा गेहूं,भूसा व उपली जलकर राख हो गया। तेज हवाओं के चलने से आग बगल में स्थित गुलाब तिवारी के टिनशेड तक जा पहुंची टिनशेड के अन्दर रखा, गेंहू,गृहस्थी का सामान व भूसा जलकर राख हो गया। इसके बाद आग तेजी से बढ़ते हुए मस्तराम तिवारी के टिन शेड तक जा पहुंची।आग की चपेट में आने से मस्तराम तिवारी का टिनशेड के भीतर रखा 8 कुंतल गेहूं, भूसा व गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया।आग ने बस्ती के पुराने पीपल के पेड़ को भी अपने चपेट में ले लिया फायर ब्रिगेड कर्मी सोहनलाल फायर मैन राजेश कुमार व वेद प्रकाश ने ग्रामीणों की मदद से आग पर पूरी तरह से काबू पाया। सूचना पर पहुंचे लेखपाल प्रभात दुबे ने घटना स्थल का निरीक्षण कर पीड़ित किसानो को शासन से हर संभव मदद दिलाने का आश्वासन दिया।आग से तीनों किसानों को काफी नुकसान पहुंचा है।

# पत्नी को पड़ोस गांव के एक व्यक्ति पर भगा ले जाने का आरोप

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्ज़ापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के कुसियरा गांव निवासी एक व्यक्ति ने सोमवार को

## पत्नी आभूषण के साथ ढाई लाख रुपये का पुत्र बधू का गहना भी ले गई साथ

---

मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत में बताया है कि हमारे पत्नी को पडोस गांव निवासी एक व्यक्ति बहला फुसला कर भगा ले गया उस समय मैं बाहर कमाने गया था जाते समय पत्नी अपने गहनों के अलावा पुत्र बधू के ढाई लाख के आभूषण भी ले गयी है पीड़ित ने आभूषण वापस कराने की गुहार लगाई है। थाना क्षेत्र के कुसियरा गांव निवासी मुन्ना कोल ने बताया कि हलिया थाने व एसपी के अलावा मुख्यमंत्री पोर्टल पर सिकायत दर्ज कराई है अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई दिए गए प्रार्थना पत्र में कहा है कि पडोस गांव का एक ब्यक्ति हमेशा हमारे घर आता था मैं प्रयागराज जनपद के कौहट ग्राम बाजार मुर्गी फार्म में दो वर्ष से मजदूरी करता हूँ 20 मई 2026 की रात पडोस गांव निवासी आ कर पत्नी को बहला फुसला कर भगा ले गया साथ ही सोने, चादी का आभूषण पुत्र बधू की शादी में देने के लिये ढाई लाख रुपये का बनवाया था उसे भी उठा ले गयी है। घर पर दो पुत्र व एक पुत्री है। सूचना पर मजदूरी छोड़ कर घर पहुँचने के बाद पीड़ित ने नाम जद तहरीर दे कर कार्यवाही की मांग की है।

# दो सौ एमएम एचडीपी पाइप से बरुंधा में होगी जलापूर्ति, घर-घर पानी पहुंचाने को तेज हुआ कार्य

**स्वतंत्र भारत हलिया(मिर्ज़ापुर)।** जल जीवन मिशन योजना के तहत बरौंधा क्षेत्र में अब दो सौ एमएम की एचडीपी पाइप लाइन के माध्यम से घर-घर पेयजल आपूर्ति की जाएगी। योजना का कार्य पूर्ण होते ही बरौंधा के सभी मजरों में नियमित रूप से पेयजल आपूर्ति शुरू हो जाएगी। उल्लेखनीय है कि बरौंधा बाजार में हर घर नल योजना के तहत पानी न मिलने की समस्या को देखते हुए कार्यदायी संस्था एनसीसी के प्रोजेक्ट मैनेजर सुनील कुमार ने रविवार को स्थलीय निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए थे।उक्त निर्देश के क्रम में सोमवार को जूनियर हाईस्कूल बरौंधा से पंचायत भवन तिराहा तक दो सौ एमएम एचडीपी पाइप बिछाने के लिए जेसीबी द्वारा नाली खुदाई का कार्य शुरू करा दिया गया। पाइप लाइन बिछाने के लिए तेजी से कार्य कराया जा रहा है। एनसीसी के अवर अभियंता लवकुश प्रसाद मिश्रा ने बताया कि बरौंधा के सभी मजरों में पानी पहुंचाने के लिए युद्धस्तर पर कार्य चल रहा है। उन्होंने कहा कि एक सप्ताह के भीतर घर-घर लगाए गए नल कनेक्शन सुचारु रूप से चालू हो जाएंगे। भीषण गर्मी के दौरान लोगों को पानी के लिए भटकना न पड़े, इसके लिए दिन-रात कार्य कराया जा रहा है। गौरतलब है कि बरौंधा बाजार में जलापूर्ति बाधित रहने से ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री पोर्टल समेत जिले के उच्चाधिकारियों को प्रार्थना पत्र देकर समस्या से अवगत कराया था। वहीं भाजपा नेता सौरभ प्रजापति, मंडल महामंत्री मनीष सोनी, मुरारी केशरी, शेरू मोदनवाल तथा लक्ष्मण चौरसिया सहित अन्य ग्रामीणों ने आधी-अधूरी जलापूर्ति का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए प्रोजेक्ट मैनेजर सुनील कुमार ने रविवार को बरौंधा की विभिन्न बस्तियों का निरीक्षण कर एक सप्ताह के भीतर जलापूर्ति सुचारु कराने का निर्देश दिया था। सोमवार से पाइप लाइन बिछाने का कार्य प्रारंभ होने के बाद ग्रामीणों में उम्मीद जगी है कि जल्द ही उनके घरों तक नियमित पानी आपूर्ति शुरू हो जाएगी।

# हिंदुस्तान ओलंपियाड में मेधावियों का सम्मान

**स्वतंत्र भारत मऊ।** हिंदुस्तान ओलंपियाड 2025 द्वारा आयोजित परीक्षा में जिले के सरकारी एवं गैर सरकारी विद्यालयों के उत्कृष्ट मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में लिटिल फ्लावर स्कूल मऊ-बलिया के प्रबंधक गिरधर यादव समेत कई विद्यालयों के छात्र एवं प्रबंधक उपस्थित रहे। जिलाधिकारी मंगल सिंह, जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गुप्ता तथा पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने मेधावी छात्रों को मेडल, स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

# पंचशील डिग्री कालेज की प्रबंध समिति की बैठक स्थगित, अब एक जून को होगी

**स्वतंत्र भारत हलिया, (मिर्ज़ापुर)।** प्रबंध समिति पंचशील डिग्री कालेज, मवई कलां, हलिया की 31 मई 2026 को होने वाली बैठक को अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दिया गया है। कालेज प्रशासन द्वारा जारी सूचना के अनुसार अब यह बैठक 1 जून 2026 को आयोजित की जाएगी।

सभी समिति सदस्यों को नई तिथि पर उपस्थित होने के लिए सूचित किया गया है। प्रबंधक की ओर से जारी इस सूचना में सदस्यों से सहयोग की अपील की गई है।इस बात की जानकारी प्रबंधक लालबहादुर मौर्य ने दी है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में दुकान में लगी आग लाखों का सामान जलकर हुआ खाक



**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्ज़ापुर)।** लालगंज थाना क्षेत्र के दुबार चौकी अंतर्गत पतार कला गांव में चौराहे के समीप सोमवार को दोपहर में टीन सेट की दुकान में भीषण आग लग गई। आग की चपेट में आने से दुकान का लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। सूचना पर पहुंची दमकल टीम ने करीब घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। जानकारी के अनुसार जयकर गांव निवासी श्याम नारायण पतार कला चौराहे पर टीन सेट में किराना और जनरल स्टोर का दुकान है। गैस पर चाय बनाते समय संदिग्ध परिस्थितियों अचानक आग लग गई।

देखते ही देखते आग ने पूरे दुकान को अपनी चपेट में ले लिया। आग की लपटें उठती देख अफरा-तफरी मच गई। तत्काल फायर ब्रिगेड व पीआरबी 112 को सूचना दी गई। ग्रामीणों की मदद से काफी प्रयास के बाद आग बुझाई। लेकिन तब तक दुकान में रखा सारा सामान जल चुका था। श्यामनरायण ने बताया कि आग में दो मोटरसाइकिल, फ्रिज , पंखा और दुकान मे रखा सारा सामान जल कर खाक हो गया लगभग तीन लाख का नुकसान हो गया है । वहीं ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अरविंद यादव ने लेखपाल को इसकी सूचना दे दी है ।

# अपने सम्मान के लिए एकजुट हो ब्राह्मण समाज के लोग, प्रदीप शुक्ला

स्वतंत्र भारत मिर्जापुर। आदर्श ब्राह्मण मंच उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर जिले की मासिक बैठक रविवार को पहाड़ी विकास खंड के पैड़ापुर स्थित स्वामी गोविंदाश्रम बालिका इंटर कॉलेज के सभागार में ओंकारनाथ पांडेय के संयोजन ,अध्यक्षता में संपन्न हुई बैठक में आदर्श ब्राह्मण मंच कोर कमेटी के सदस्य प्रदीप शुक्ला ने कहा की ब्राह्मण समाज को अपने मान सम्मान के लिए अब एक जुट होना चाहिए और एक दूसरे के साथ कंधा से कंधा मिलाकर चलना चाहिए।




बैठक में प्रदीप शुक्ला ने कहा की आदर्श ब्राह्मण मंच एक दूसरे को एकजुट करने का प्रयास कर रहा है और मंच की कोशिश है की अगर कोई ब्राह्मण विपत्ति में तो उसका साथ दिया जाए। मंच के कोर कमेटी के सदस्य मुन्ना चौबे ने संगठन के विस्तार एवं गतिविधियों के सुचारू संचालन की संबंध में आपस में अपने विचार रखें। बैठक में गिरजा शंकर दुबे, चंद्रशेखर मिश्रा, राजेश कुमार तिवारी ,अशोक कुमार दुबे, बृजेश उपाध्याय, अरुण कुमार दुबे ,राकेश कुमार उपाध्याय ,अरुण तिवारी, सुशील कुमार पांडे, शैलेश्वर नाथ द्विवेदी, सुंदरम तिवारी, अजय दुबे ,सुनील कुमार तिवारी, विंध्यवासिनी शुक्ला, विकास पाठक, विजय कुमार पांडे, अभय कुमार द्विवेदी, सुनील कुमार दुबे, राजेश कुमार तिवारी, पंकज कुमार चतुर्वेदी अशोक कुमार तिवारी,सहित कोर कमेटी के राजेश मिश्रा ,उत्कर्ष मिश्रा ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस समाचारपत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जांच-पड़ताल कर लें। समाचारपत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार भी नहीं होंगे।

स्वतंत्र भारत

एग्रो फाइनेन्स एण्ड इन्वेस्टमेन्ट्स प्रा. लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक **अतुल शुक्ला** द्वारा 1, जॉपलिंग रोड, लखनऊ-226001 से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक : **के.के. श्रीवास्तव**

स्थानीय संपादक : **विष्णु मोहन***

फोन : 0522-4043151

swatantrabharat77@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु उत्तरदायी।

**समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा।**

